अंक : 65, भाग : 1, वर्ष : 2019-20
Vol. : 65, No. : 1, Year : 2019-20

ISSN:0554-9884
U.G.C. Care List Journal
PRAJÑĀ in GROUP 'B'
Multidisciplinary (21) & Indian Language (45)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

प्रज्ञा

PRAJÑĀ

● "मैं मालवीय जी से बड़ा देशभक्त किसी को नहीं मानता। मैं सदैव उनकी पूजा करता हूँ। जीवित भारतीयों में मुझे उनसे ज्यादा भारत की सेवा करने वाला कोई दिखाई नहीं देता।"

–महात्मा गांधी

● "मालवीय जी भारतीय संस्कृति के मूर्तिमान स्वरूप थे। उन्होंने देश की उन्नति के लिए विज्ञान के प्रोत्साहन के साथ देशवासियों को प्रगतिशीलता की ओर प्रेरित किया। हिन्दू आदर्शों का नवीनीकरण तथा देश की भौतिक उन्नति में उनका प्रयोग मालवीय जी के जीवन का एक बहुत बड़ा कार्य है।"

–डॉ. सर. एस. राधाकृष्णन

● "शिक्षा, राजनीति और हिन्दू धर्म तथा संस्कारों के सुधार कार्य में उनकी कोई समानता नहीं कर सकता। इस क्षेत्र में वे एक असाधारण व्यक्तित्व थे।"

–डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

प्रज्ञा

PRAJÑĀ

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

अंक 65, भाग 1

वर्ष 2019-20

Published
by
The Banaras Hindu University

PRAJÑĀ
(Journal of the Banaras Hindu University)
Vol. 65 No. 1, 2019-20
ISSN 0554-9884
U.G.C Care List Journal
PRAJÑĀ in GROUP 'B'
Multidisciplinary (21) & Indian Language (45)

© Banaras Hindu University
August, 2019

All correspondence should be addressed to
The Editor 'PRAJÑĀ'
BANARAS HINDU UNIVERSITY
VARANASI - 221 005

Printed at
B.H.U. Press
BANARAS HINDU UNIVERSITY

प्रज्ञा

मुख्य संरक्षक : प्रो. राकेश भटनागर

कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

संरक्षक मण्डल

प्रो. विजय कुमार शुक्ला
रेक्टर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रो. आर.के. जैन
निदेशक, चिकित्सा विज्ञान संस्थान

प्रो. प्रमोद कुमार जैन
निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी.एच.यू.)

प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी
निदेशक, विज्ञान संस्थान

प्रो. रमेश चन्द
निदेशक, कृषि विज्ञान संस्थान

प्रो. ए. एस. रघुबंशी
निदेशक, पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान

प्रो. सुजीत कुमार दुबे
निदेशक, प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

प्रो. विन्ध्येश्वरीप्रसाद मिश्र 'विनय'
प्रमुख, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय

प्रो. इनु मेहता
प्राचार्या, महिला महाविद्यालय

प्रो. दिप्ती प्रकाश मोहन्ती
प्रमुख, दृश्य कला संकाय

प्रो. आर.पी. पाठक
प्रमुख, सामाजिक विज्ञान संकाय

प्रो. रूद्र प्रकाश राय
प्रमुख, विधि संकाय

प्रो. राजेश शाह
प्रमुख, संगीत एवं मंच कला संकाय

प्रो. ओम प्रकाश राय
प्रमुख, वाणिज्य संकाय

सम्पादक मण्डल

प्रो. जय शंकर झा
अंग्रेजी विभाग, कला संकाय

प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी
संस्कृत विभाग, कला संकाय

प्रो. राधेश्याम राय
हिन्दी विभाग, कला संकाय

प्रो. देवेन्द्र कुमार
सिरामिक अभियांत्रिकी विभाग,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0एच0यू0)

प्रो. कमल नयन द्विवेदी
द्रव्यगुण विभाग, आयुर्वेद संकाय,
चिकित्सा विज्ञान संस्थान

प्रो. आनन्द प्रसाद मिश्र
भूगोल विभाग, विज्ञान संस्थान

प्रो. मिथिलेश कुमार पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग, कला संकाय

प्रो. सुमन जैन
महिला महाविद्यालय

डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र
पत्रकारिता एवं जनसम्प्रेषण विभाग, कला संकाय

डॉ. शत्रुघ्न त्रिपाठी
ज्योतिष विभाग, संस्कृतविद्याधर्मविज्ञानसंकाय

सम्पादक

प्रो. अशोक सिंह
प्रमुख, कला संकाय

मुख्य सम्पादक (मानद)

प्रो. श्रीनिवास पाण्डेय
इमरिटस प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

कुलगीत

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर, यह सर्वविद्या की राजधानी।
यह तीन लोकों से न्यारी काशी।
सुज्ञान धर्म और सत्यराशी॥
बसी है गंङ्गा के रम्य तट पर, यह सर्वविद्या की राजधानी। मधुर०॥
नये नहीं हैं ये ईंट पत्थर।
है विश्वकर्मा का कार्य सुन्दर॥
रचे हैं विद्या के भव्य मन्दिर, यह सर्वसृष्टी की राजधानी। मधुर०॥
यहाँ की है यह पवित्र शिक्षा।
कि सत्य पहले फिर आत्म-रक्षा॥
बिके हरिश्चन्द्र थे यहीं पर, यह सत्यशिक्षा की राजधानी। मधुर०॥
वह वेद ईश्वर की सत्यबानी।
बनें जिन्हें पढ़ के ब्रह्मज्ञानी॥
थे व्यास जी ने रचे यहीं पर, यह ब्रह्म-विद्या की राजधानी। मधुर०॥
वह मुक्तिपद को दिलानेवाले।
सुधर्मपथ पर चलाने वाले॥
यहीं फले-फूले बुद्ध शंकर, यह राज-ऋषियों की राजधानी। मधुर०॥
सुरम्य धाराएँ वरुणा अस्सी।
नहाए जिनमें कबीर तुलसी॥
भला हो कविता का क्यों न आकर, यह वागविद्या की राजधानी। मधुर०॥
विविध कला अर्थशास्त्र गायन।
गणित खनिज औषधि रसायन॥
प्रतीचि-प्राची का मेल सुन्दर, यह विश्वविद्या की राजधानी। मधुर०॥
यह मालवी की है देशभक्ति।
यह उनका साहस यह उनकी शक्ति॥
प्रकट हुई है नवीन होकर, यह कर्मवीरों की राजधानी।
मधुर मनोहर अतीव सुन्दर, यह सर्वविद्या की राजधानी॥

- डॉ. शान्ति स्वरूप भटनागर

★

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम् ।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ।।

भारतरत्न पं० मदन मोहन मालवीय जी

संस्थापक - काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

आविर्भाव : वि.सं. 1918 पौषकृष्ण 8 (25.12.1861)
तिरोभाव : वि.सं. 2003 मार्गशीर्षकृष्ण (12.11.1946)

Kul-Geet

ENGLISH TRANSLATION

SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFUL,
THIS IS THE PRESIDING CENTRE OF ALL LEARNING.

RADIANT KASHI, WONDER OF THE THREE WORLDS
TREASURE-CHEST OF JNANA, DHARMA AND SATYA
NESTLING ON GANGA'S BANK, CENTRE FOR ALL DISCIPLINES.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

NO RECENT WORK OF BRICK AND STONE
PRIMORDIAL DESIGN OF DIVINITY ALONE
MANSIONS OF VIDYA, CENTRE FOR ALL CREATION.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

CLEAR HERE IS THE DOCTRINE PURE
TRUTH FIRST, THEN ONLY ONE'S SELF
HOME OF HARISHCHANDRA, TRUTH'S TESTING GROUND.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

THE VOICE OF GOD IN VEDIC RECORD
CONSTANT INSPIRATION FOR SOUL-ACCORD
WORK-SHOP OF VEDA VYASA, CENTRE FOR BRAHMA VIDYA.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

FIND HERE THE STEPS TO FREEDOM
TREAD HERE THE PATH OF DHARMA
FLAMING TRAIL BUDDHA'S AND SHANKARA'S CENTRE FOR PHILOSOPHER KINGS.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

LIFE-GIVING WATERS OF VARUNA AND ASSI
SUSTENANCE OF KABIR AND TULSI
FOUNTAINHEAD OF ELOQUENT SPEECH AND POETRY.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

MUSIC, ECONOMICS, OTHER ARTS SO MANY
MATHS, MINING, MEDICINE AND CHEMISTRY]
FRATERNAL FORUM OF EAST AND WEST, UNIVERSITY IN TRUEST SENSE.
(SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFULY ....)

PATRIOTISM OF MALAVIYAJI
HIS INTREPIDITY AND ENERGY
ALL IN YOUTHFUL MANIFESTATION,
CENTRE FOR MEN OF ACTION

SO SWEET, SERENE, INFINITELY BEAUTIFUL,
THIS IS THE PRESIDING CENTRE OF ALL LEARNING.

Composed by the Eminent Scientist **Prof. Shanti Swarupa Bhatanagar, Deptt. of Chemistry, B.H.U.*

प्रो. राकेश भटनागर
कुलपति
Prof. Rakesh Bhatnagar Ph.D.
FNA, FASc, FNASc
Vice-Chancellor

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University
(Established by Parliament by Notification No. 225 of 1916)
Varanasi–221005 (INDIA)
Phone : 91-542-2368938, 2368339
Fax : 91-542-2369100, 2369951
E-mail : vc@bhu.ac.in
Website : www.bhu.ac.in

१७ अक्तूबर २०१९

शुभ-संदेश

भारत रत्न पूज्य महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा संस्थापित इस महान विश्वविद्यालय की प्रसिद्ध शोध पत्रिका "प्रज्ञा" के वर्तमान अंक ६५, भाग-१, वर्ष २०१९-२० के प्रकाशन के अवसर पर मैं अपनी आन्तरिक प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ। यह पत्रिका विगत ६१ वर्षों से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की वैदुष्य-परम्परा का सफल निर्वहन करती चली आ रही है। यह प्रतिष्ठित पत्रिका विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत एवं मान्यता प्राप्त है। इस पत्रिका की विशिष्टता है कि इसमें प्रसिद्ध विद्वानों एवं प्रतिष्ठित लेखकों द्वारा हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में लिखे गये शोध प्रपत्र / लेख प्रकाशित होते हैं। यह पत्रिका प्रबुद्ध पाठक वर्गों में लोकप्रिय है। इस अंक में विविध विषयों पर लिखे गये स्तरीय लेख संकलित हैं।

इस प्रज्ञा के इस अंक के संकलन, सम्पादन एवं प्रकाशन से जुड़े समस्त लोगों को बधाई देता हूँ तथा इसके सफल प्रकाशन हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

(राकेश भटनागर)

सम्पादकीय

वर्तमान परिदृश्य में भारत एक सशक्त एवं सबल राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उसमें अपने सांस्कृतिक गौरव एवं स्वाभिमान का प्रबल बोध जागृत हो रहा है। वर्तमान प्रधान मंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अखण्ड भारत का सपना साकार होने लगा है। उनके द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना और मुस्लिम समाज में व्याप्त तीन तलाक की कुरीतियों को दूर करना युगान्तकारी घटनायें हैं। जिस सांस्कृतिक गौरव एवं भारतीय आध्यात्मिक चेतना के संरक्षण एवं सम्बर्धन हेतु भारत रत्न महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय जी ने इस महान विश्वविद्यालय की स्थापना की थी, उसका उद्देश्य पूरा होता दिखायी दे रहा है। विज्ञान के क्षेत्र में भी देश आगे बढ़ रहा है, जिसका प्रतिफल चंद्रयान एवं मंगलयान के अभियान द्वारा पूरा हो रहा है। दूरदर्शी महामना ने बहुत पहले ही प्राची-प्रतिची के सुन्दर मेल से समन्वित इस विश्व प्रसिद्ध विद्या मंदिर की संस्थापना की थी। महामना के विचारों एवं संकल्पों के प्रचार-प्रसार हेतु सन् 1958 में 'प्रज्ञा' पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ और तब से लेकर आज तक यह प्रसिद्ध पत्रिका सफलतापूर्वक उनके उद्देश्यों की पूर्ति में संलग्न है। यह त्रैभाषिक पत्रिका है, जिसमें हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में लिखे गये विद्वानों के शोध-प्रपत्र/लेख प्रकाशित होते हैं।

'प्रज्ञा' के प्रस्तुत अंक (अंक-65, भाग-1, वर्ष 2019-20) में कुल 47 (सैंतालिस) शोध प्रपत्र/लेख संकलित हैं। हिंदी भाषा में 25, संस्कृत भाषा में 07 एवं अंग्रेजी भाषा में 15 लेख लिखे गये हैं। इस अंक में हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य के विविध क्षेत्रों से सम्बन्धित अनेक लेख लिखे गये हैं। इसके अतिरिक्त विधि, संगीत एवं मंच कला, आयुर्वेद, समाज विज्ञान, मनोविज्ञान, बौद्ध दर्शन, योग एवं विवेकानंद, पत्रकारिता एवं दूरदर्शन, यजुर्वेद, स्मृति एवं पुराण तथा दर्शन शास्त्र आदि के अनेक पक्षों से जुड़े हुए स्तरीय लेख संकलित हैं। आशा है कि सहृदय एवं प्रबुद्ध पाठक वर्ग ज्ञान एवं विज्ञान के विविध क्षेत्रों से सम्बन्धित इन लेखों से पर्याप्त लाभान्वित होंगे। 'प्रज्ञा' पत्रिका के अंक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.bhu.ac.in पर उपलब्ध है। पाठकों को जानकर प्रसन्नता होगी कि यह पत्रिका विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वीकृत एवं मान्यता प्राप्त है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि 'प्रज्ञा' पत्रिका यू.जी.सी. की एप्रूब्ड लिस्ट में दो वर्गों में समाहित है—भाषा वर्ग क्रमांक सं. 45 एवं मल्टी डिस्पिलनरी वर्ग क्रमांक सं. 21 ।

'प्रज्ञा' के प्रस्तुत अंक 65, भाग-1, वर्ष 2019-20 के प्रकाशन के शुभ अवसर पर मैं सर्वप्रथम विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं इस महान विश्वविद्यालय के यशस्वी एवं कर्मठ कुलपति प्रो. राकेश भटनागर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनकी ऊर्जावान प्रेरणा एवं सक्रिय मार्गदर्शन से हमें पर्याप्त शक्ति एवं सम्बल प्राप्त होता है। तद्नन्तर रेक्टर प्रो. विजय कुमार शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके आत्मीयतापूर्ण व्यवहार एवं सक्रिय जीवन से हमें पर्याप्त प्रेरणा मिलती है। इसके बाद कुलसचिव, डॉ. नीरज त्रिपाठी एवं वित्त अधिकारी, डॉ. अभय कुमार ठाकुर को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ जो पत्रिका के प्रकाशन में हमेशा सकारात्मक सहयोग देते हैं। इस अंक के विद्वान लेखकों, संरक्षण मण्डल एवं सम्पादक मण्डल के समस्त सहयोगियों के साधुवाद देता हूँ, जिनसे हमें काफी सहायता मिलती है। अन्त में मैं बी.एच.यू. प्रेस के प्रभारी प्रो. हीरालाल प्रजापति एवं उनके कर्मचारियों तथा 'प्रज्ञा' कार्यालय के समस्त सहयोगियों को भी धन्यवाद देता हूँ, जिनके सक्रिय योगदान द्वारा यह अंक पाठकों के सम्मुख उपस्थित हो सका।

(प्रो. श्रीनिवास पाण्डेय)
मुख्य सम्पादक (मानद), प्रज्ञा जर्नल
इमरिटस प्रोफेसर एवं पूर्वाध्यक्ष, हिन्दी विभाग एवं
पूर्व प्रमुख, कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

विषय-सूची

1. मुंशी प्रेमचन्द की प्रतिनिधि कहानियों में व्यक्त यथार्थ व उनकी अद्यतन प्रासंगिकता 1
शिव कुमार राय एवं प्रो. राधेश्याम राय

2. विनय पत्रिका में भक्ति का स्वरूप 6
प्रो. सुमन जैन

3. लोककवि गोस्वामी तुलसीदास विषयक रामविलास शर्मा का चिन्तन 10
डॉ. ऋतम्भरा तिवारी

4. वैश्विक शान्ति हेतु स्वामी विवेकानन्द के सार्वभौमिक धर्म की संकल्पना की उपादेयता 14
ज्योति बाला, विजेन्द्र सिंह एवं प्रो. प्रेम शंकर राम

5. आधुनिक भावबोध और अज्ञेय का काव्य 18
डॉ. सत्यपाल शर्मा

6. संस्कृत वाङ्मय में चम्पू काव्यों की परम्परा 22
निशा देवी एवं डॉ. ठाकुर शिवलोचन शाण्डिल्य

7. आहार शुद्धौ सत्वशुद्धि 25
शनि शुक्ल, अमित कुमार एवं डॉ. नरेन्द्र शंकर त्रिपाठी

8. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में पुत्री के लिए प्रयुक्त शब्दों का विवेचन 29
नेहा मिश्रा एवं प्रो. विभा रानी दुबे

9. तुलसीदास की प्रासंगिकता : वर्ण व्यवस्था और स्त्री-मुक्ति के विशेष संदर्भ में 33
प्रो. अशोक सिंह एवं दीप्ति

10. आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य और बौद्ध धर्म 38
पूजा कुमारी एवं प्रो. सुमन जैन

11. भारतीय परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की गुणवत्ता 41
सूर्य प्रकाश गोंड एवं डॉ. दीपा मेहता

12. स्वतंत्रता पूर्व भारत में 'मिशन पत्रकारिता' का विश्लेषणात्मक अध्ययन (सन् 1780 - सन् 1947) 46
मीनाक्षी पाण्डेय एवं डॉ. नेहा पाण्डेय

13. नरेश मेहता के काव्य में प्रतीक विधान 51
डॉ. प्रेम निवास सिन्हा

14. अज्ञेय के उपन्यास 'नदी के द्वीप' का समाजशास्त्रीय अध्ययन 58
श्रेयसी सिंह एवं डॉ. सत्यपाल शर्मा

15. कालिदास की कृतियों में आगमोक्त : आचार एवं व्रतोत्सव 61
डॉ. धीरज कुमार दुबे

16. यजुर्वेद में मन की गति का वर्णन 69
राकेश कुमार प्रजापति, डॉ. सुशील कुमार दूबे एवं डॉ. शंकर त्रिपाठी

17. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कविता और कवि केदारनाथ सिंह 73
प्रेमलता राय एवं डॉ. सत्यपाल शर्मा

18. साहित्यक रचनाओं के दूर-दर्शन द्वारा प्रसारण की सार्थकता पर डॉ0 माधवेन्द्र नाथ दुबे की जिज्ञासाओं पर वरिष्ठ चिन्तक विद्वानों की प्रतिक्रियाऐं 77
डॉ. माधवेन्द्र नाथ दुबे

19. सफलता का मूलमंत्र, आशावादी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण : मनोवैज्ञानिक अध्ययन 90
डॉ. माया सिंह

20. शैली वैज्ञानिक अनुशीलन में शैली तात्त्विक सौन्दर्य के आधारभूत तत्त्वों का संक्षिप्त परिचय और शब्दों (पदों) का चयन-कौशल 93
डॉ. मीनाक्षी दुबे

21. पूर्व-सोवियत और उत्तर-सोवियत समाज के पारिवारिक मूल्यों में बदलाव 96
नीरज धनकड़

22. नारी और याज्ञवल्क्यस्मृति 101
डॉ. पल्लवी त्रिवेदी

23. भारतीय समाज के पुनर्जागरण में स्वामी विवेकानन्द का योगदान 104
डॉ. धर्मजंग

24. अग्निपुराण के अनुसार रसस्वरूपविमर्श 110
वन्दना दंवी एवं प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी

25. प्राचीन एवं मध्यकालीन महत्त्वपूर्ण अवनद्ध वाद्य 114
डॉ. भीमसेन सरल

26. अलङ्कारात्मवादे साहित्यशास्त्रे ''**क्रान्तिपञ्चकम्**'' 119
प्रो. सदाशिवकुमारो द्विवेदी

27. मीमांसायां कर्मपदार्थस्य प्राधान्यम् 127
प्रो. सोमनाथ नेने

28. श्रीरामानुजदर्शनस्य रामानन्दतारिक्तदर्शनेषु प्रभाव : 133
प्रो. भगवत्शरणशुक्ल :

29. सांख्यदर्शने प्रकृतितत्त्वम् 142
डॉ. सिद्धिदात्री भारद्वाज

30. वेदेषु सप्तांगराज्ये राष्ट्रस्य स्वरूपमहत्वयों : प्रतिपादनम् 150
डॉ. सुरेशचन्द्रब्रह्मा एवं डॉ. माधवजनार्दनरटाटे

31. मानसिकरोगपरिशीलम् 153
अश्विनी पाण्डेय एवं डॉ. ब्रजभूषण ओझा

32. योगस्येतिहासः तत्सामान्यनिर्दशनञ्च 156
श्रीमणिकान्ततिवारी एवं प्रो. सुब्रहमण्यम् शर्मा

33. Breast Feeding and Weaning Practices During Early Childhood in Relation to Different Caste Group in Urban and Rural Area 162
Prof. B. B. Khare and Supriya Khare

34. Contemporary Issues of Law 170
Shambhu Sharan and Prof. B. Tripathi

35. Right to Health and Health Insurance 175
Prof. S. Tripathi and O. P. Tripathi

36. Devalued Black Womanhood: Capitalist Patriarchy and Sexism August Wilson's Ma Rainey's Black Bottom 182
P. Shushmita Vatsyayan and Prof.J. S. Jha

37. Customer Preference for Some FMCG Products (Soap, Shampoo and Detergent) in Varanasi 188
P. Khare, Prof. S. H. Ali and Prof. B. B. Khare

38. Historical and Cultural Dimensions of Mithalā Art History: an Overview 198
Dr. Vinay Kumar and Dr. U. K. Singh

39. The Historicity of Ancient Vaisali: A Literary and Archaeological Interpretation 202
Dr. Ashok Kumar Singh

40. Judicial Trend in the Implementation of the Pocso Act, 2012 207
S. Paswan and Prof. B. Tripathi

41. Youth Power: Need of Today's India 212
Dr. D. K. Singh

42. Food Processing Industry (FPI) 217
Dr. Vijay Kumar Singh

43. Bath Kund to Beget Son: Science or Belief 221
Dr. Kiran Mishra

44. Social Transformation and Agrarian Structure of India: a Sociological analysis 224
Dr. Dinesh Kuamr Singh

45. On Some Aspects of Vedāntism and Sūfism: A Study in Comparative Religion 228
Dr. Wahid Nasaru

46. Categorization of Microbes According to Tridosha Ayurveda 235
S. K. Maurya and Dr. N. S. Tripathi

47. Management of Rock Art Tourism 237
Dr. S. K. Tiwary

48. **''प्रज्ञा'': नियम एवं निर्देश** 149

आवश्यक सूचना : **''प्रज्ञा''** पत्रिका के इस अंक में छपे हुए सभी लेखों/शोध-प्रपत्रों में व्यक्त विचार लेखकों के स्वयं के विचार हैं। उनसे सम्पादक, प्रकाशक अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

मुंशी प्रेमचन्द की प्रतिनिधि कहानियों में व्यक्त यथार्थ व उनकी अद्यतन प्रासंगिकता

शिव कुमार राय एवम् प्रो. राधेश्याम राय***

उपन्यास सम्राट व हिन्दी कहानी के मेरुदण्ड, मुंशी प्रेमचन्द का नाम शायद ही कोई पाठक होगा जो न जानता होगा। मुंशी प्रेमचन्द का नाम जुबान पर आते ही पाठकों के मन में ग्रामीण सामाजिक चेतना के साथ-साथ गोबर, धनिया, भोला, होरी, घीसू, माधव, दुखी चमार, हीरा, मोती आदि पात्रों के नाम मन में आने लगते हैं। पाठको के मन में इस प्रकार ने नाम व विभिन्न ग्रामीण प्रतिबिम्बों का आना ही प्रेमचंद की कहानियों की विशेषता है। प्रेमचंद की कहानियों का मर्म बालकों से लेकर वृद्धजन तक जितने भी पाठक हैं बड़ी ही आसानी से पढ़ते व समझते हैं, इसका कारण कि प्रेमचंद अत्यंत ही सरल व सीधी भाषा का प्रयोग अपनी कहानियों में करते हैं, जिससे कि आम जन भी बड़ी आसानी से उसे समझ सकें।

मुंशी प्रेमचंद ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं, तथा उनका सम्पूर्ण जीवन गांव में ही बीता। जिसके कारण उनकी कहानियों पर भी ग्रामीण पृष्ठभूमि की छाप स्पष्ट दिखायी पड़ती है। प्रेमचंद के पूर्ववर्ती कहानिकारों की कहानियाँ, कहानी विधा की आरम्भिक कहानियाँ हैं, जिसमें कल्पना व मनोरंजन का भी समावेश है। लेकिन मुंशी प्रेमचन्द की कहानियाँ, कहानी विधा के दूसरे चरण में आती हैं। कहानी विधा में प्रेमचंद की कहानियों का आना, कहानी विधा के लिए एक स्वर्ण युग की शुरुआत है, जिसके कारण प्रेमचंद के नाम पर ही कहानियों का एक युग चल पड़ा और प्रेमचंद की परंपरा में आगे अनेक कहानीकार हुए।

प्रेमचंद आदर्शोन्मुख यथार्थवादी कहानीकार हैं। इनकी कहानियों में ग्रामीण जीवन से जुड़ी समस्याओं का यथार्थपरक वर्णन मिलता है। इनकी कहानियॉं तत्कालीन समय (20वीं सदी का आरम्भ) में ग्रामीण समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को प्रकट करती हैं। जिन मुद्दों को प्रेमचंद ने अपनी कहानियों में उठाया वह आज भी संगत है। वे मुद्दे आज भी हमें सोचने पर बाध्य करते हैं भले ही वह साम्प्रदायिक मुद्दा हो, किसानों की समस्या हो, स्त्रियों की दशा हो, निम्न वर्ग की दयनीय स्थिति हो, छुआछूत की भावना हो, इन अनेक समस्याओं को उजागर करने में प्रेमचंद का प्रखर व्यक्तित्व व उनका आदर्शवादी दृष्टिकोंण दिखायी पड़ता है।

यह अत्यंत सोचने वाली बात है कि भारत को आजाद हुए लगभग 72 साल हो गये लेकिन आज भी वे समस्याएँ हमारे समाज में स्वरूप बदलकर और भी विकृत रूप में अपना विकराल रूप लिए आम जन को निगलने के लिए मुँह बाये खड़ी हैं। हाँ! सिर्फ अब अंग्रेजों का शासन नहीं रहा लेकिन उनका प्रतिरूप लिए पूँजीपति वर्ग जरूर है जो हर पल आम आदमी को, अपनी स्वार्थपूर्ण भावना के कारण निगलने को मुँह बाये अवसर की तलाश में लगे रहते हैं।

तत्कालीन सामाजिक यथार्थ को व्यक्त करती व आज के समय में प्रासंगिकता से सम्बन्धित प्रेमचंद की प्रतिनिधि कहानियों में नशा, ईदगाह, पूस की रात, नमक का दरोगा, सवा सेर गेहूँ, बड़े घर की बेटी, रामलीला, ठाकुर का कुआँ, दो बैलों की कथा, सद्गति, पंच-परमेश्वर, परीक्षा, कफ़न हैं। ये सभी कहानियाँ, भीष्म साहनी संपादित पुस्तक 'प्रतिनिधि कहानियाँ प्रेमचंद' में संग्रहित है।

प्रेमचंद की कहानी 'नशा' आम जन के प्रति संवेदनशीलता व सहानुभूति लिए हुए हैं। यह कहानी वर्ग भेद, जमींदारी व्यवस्था व जमींदारों की आम आदमी अर्थात् गरीबों के प्रति दुहरे विचारों को प्रकट करती है तथा आम आदमी को उनके भविष्य के प्रति सचेत करती है। इस कहानी में जमींदारों की गरीबों के प्रति विचारधारा को प्रकट करने के लिए प्रेमचंद ने 'ईश्वरी' तथा शोषण को अपनी नियति (भाग्य) मानने वाले गरीबों की, जमींदारों के प्रति विचारधारा को प्रकट करने के लिए 'मैं' नाम को चुना। कहानी में प्रेमचंद ने दिखाया है कि दिन-रात जमींदारों की सेवा में लगे रहने के बावजूद नौकरों, गरीबों व आसामियों के प्रति, उनका हृदय नहीं पिघलता हर पल नौकरों को डाँट पड़ती, उनपर धाक जमाया जाता है, मशीन की तरह उनसे दिन रात काम लिया जाता है। कहानी में 'मैं' नामक पात्र के द्वारा प्रेमचंद जमींदारों की शोषणवादी नीति की सच्चाई को प्रकट करते है।- ''हम दोनों में परस्पर बहसें होती रहती थीं। मैं जमींदारों की बुराई करता, उन्हें हिंसक पशु और खून चूसने वाली जोंक और वृक्षों की चोटी पर फलनेवाला बंझा कहता।''[1]

कहानी में जमींदारों की शोषणवादी नीति, जमींदारी को बनाये रखने वाली उनकी विकृत विचारधारा तथा आसामियों को उनकी स्थिति के लिए, उनकी नियति को वे (जमींदार) जिम्मेदार मानते हैं, जिसका खुलासा कहानी में उस समय होता है जब मैं ईश्वरी के घर जाने के लिए तैयार होता तब 'ईश्वरी' अपने यहाँ लोगों के रहन-सहन उनके सोच-विचार से 'मैं' को परिचित कराकर सावधान करता है और कहता है - ''लेकिन भाई एक बात का

* शोध छात्र, हिन्दी विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** वरिष्ठ आचार्य, हिन्दी विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

खयाल रखना, वहाँ ज़मींदार की निंदा की तो मुआमिला बिगड़ जायेगा और मेरे घरवालों को बुरा लगेगा।

लोग तो आसामियों पर इसी दावे से शासन करते हैं कि ईश्वर ने आसामियों को उनकी सेवा के लिए ही पैदा किया है। आसामी भी यही समझता है। अगर उसे सुझा दिया जाये कि ज़मींदार व आसामी में कोई मौलिक भेद नहीं है तो जमींदार का कहीं पता न लगे।''[2]

लेकिन कहानी में आश्चर्य तो तब होता है जब 'मै' ईश्वरी के घर जाता है। वह हर समय जमींदारों की शोषणवादी नीति पर ईश्वरी से बहस करता है, लेकिन जब वहाँ पर (ईश्वरी के घर पर) उसे भी ईश्वरी के जैसा विलासी जीवन जीने को मिलता है, तो वह भी सभी नौकरों पर रोब जमाता, उन्हें डाँट डपट लगाता, जमींदारों को भलमानुष बताता और कहता है हमलोग (जमींदार) तो आसामियों को अपनी जमीन देने को तैयार बैठे हैं ज्यों ही स्वराज्य आया अपने सारे इलाके आसामियों के नाम हिब्बा कर देंगे। यहाँ पर प्रेमचन्द गरीबों को सचेत करते हैं, जिनके मन में इस तरह की लालसा उत्पन्न होती है। वह अपनी वास्तविकता से गुमराह हो जाता है क्योंकि उसके सर पर भी ज़मींदारों की तरह विलासी जीवन जीने का नशा चढ़ा रहता है।

यह कहानी आज के समय में भी प्रासंगिक है क्योंकि आज जमींदार तो नहीं है लेकिन उनकी जगह कुछ पूँजीपतियों ने ले रखा है जो गरीब तबके का अपनी स्वार्थी विचारधारा के चलते शोषण करते, काम के बदले उचित मजदूरी नहीं देते और उन्हीं आसामियों की तरह उन्हें भी डाँटते फटकारते है। उन्हें घृणित व अमानवीय कार्य करने को मजबूर करते हैं।

प्रेमचंद गांधीवादी आदर्शों व विचारों से प्रेरित थे तथा उनका यथार्थ पर विशेष जोर था। उनकी कहानियाँ मध्यवर्ग, निम्नवर्ग, मजदूर वर्ग व ग्रामीण कृषक समूह से निकलकर आती है। इनके सम्बन्ध में प्रो0 बलराज पाण्डेय लिखते है- ''हिन्दी साहित्य में पहली बार मध्यवर्ग व निम्नवर्ग को प्रतिनिधित्व मिला। इसका पूरा श्रेय प्रेमचंद को जाता है। हालॉकि प्रेमचंद भी गांधीवादी विचारों से प्रभावित थे और इसलिए साहित्य में उन्होंने पात्रों का हृदय परिवर्तन कराकर आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की स्थापना की।.....प्रेमचंद ने इतना जरूर किया कि साहित्य में शोषक और शोषित वर्ग का चित्रण कर शोषितों का पक्ष लिया तथा इस बात का पूरा समर्थन किया कि उन्हें भी अपना हक मिलना चाहिए। प्रेमचंद की रचनाओं में पात्र अधिकतर मजूदर वर्ग के ही रहे हैं और मजदूर वर्ग को उन्होंने पूरी सहानुभूति दी है।''[3]

मुंशी जी की कहानी 'ईदगाह' अत्यंत ही संवेदनशील व दिल को झकझोर देने वाली कहानी है। यह एक पाँच साल के छोटे से बच्चे की लेकिन गरीबों के जीवन से जुड़ी हुयी यथार्थ को प्रकट करती हुयी कहानी है। कहानी में प्रेमचंद ने दिखाया है कि गरीब परिवार में जन्म लेने वाले एक छोटे से बालक की, जिसका कोई सहारा नहीं, परिस्थितियों का मारा, उसकी कितनी आशाएँ आकांक्षाएँ होती हैं लेकिन पूरा न होने पर किसी बहाने आत्मसंतुष्ट होता है। वहीं एक दूसरा वर्ग है जिसके पास सब कुछ धन-दौलत है, लेकिन इतना संवेदनहीन है कि परिस्थितियों के मारे गरीबों की जरा भी सहायता नहीं करते। इस अमीर वर्ग का प्रतीक रूप मोहसिन, महमूद, सम्मी और नूरे हैं।

इस कहानी के माध्यम से प्रेमचंद ने इस बात को उजागर किया है कि त्यौहारों के अवसरों पर, जो खुशी का वक्त होता है, किस प्रकार गरीबों के लिए दुख व कष्टप्रद होकर ईद की जगह मुहर्रम की तरह हो जाता। कहानी में बूढ़ी दादी (अमीना) सोचती है ''रोजे बड़े बूढ़ों के लिए होंगे। इनके लिए तो ईद है। रोज ईद का नाम रटते थे। आज वह आ गयी। अब जल्दी पड़ी है कि ईदगाह क्यों नहीं चलते। इन्हें गृहस्थी की चिन्ताओं से क्या प्रयोजन? सेवैयों के लिए दूध और शक्कर घर में है या नहीं, इनकी बला से, ये तो सेवैया खाएंगे। वह क्या जाने की अब्बाजान क्यों बदहवास चौधरी कायम अली के घर दौड़े जा रहे हैं। उन्हें क्या खबर की चौधरी आज आँखें बदल ले तो यह सारी ईद मुहर्रम हो जाये।''[4]

कहानी में प्रेमचंद ने इस बात की ओर इशारा किया है कि हामिद अपने स्वाभाविक तौर पर उत्पन्न तर्कों से मोहसिन, महमूद सम्मी और नूरे जैसे विरोधियों को परास्त कर अपने आपको विजयी समझता है। हालाँकि हामिद की आत्मसंतुष्टि स्वाभाविक है फिर भी उसे खिलौने, मिठाइयों की आशा जरूर रहती है। लेकिन जब मोहसिन उसे बताता है कि चौधरी साहब जैसे लोगों के पास बहुत से जिन्नात हैं, जिनके कारण उनके पास सब कुछ है, जो चाहे सो पा सकते हैं। तब हामिद को अपनी वास्तविकता का आभास होता है। ''मोहसिन- अब यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन चौधरी साहब के काबू में बहुत से जिन्नात हैं। कोई चीज चोरी हो जाए चौधरी साहब उसका पता लगा लेंगे और चोर का नाम भी बता देगें.....अब उसकी समझ में आ गया कि चौधरी के पास क्यों इतना धन है और क्यों उनका इतना सम्मान है।''[5]

जिस प्रकार हामिद की आशाएँ आकांक्षाएँ है, उसी प्रकार समाज में गरीबों व शोषितों की भी आशाएँ व आकांक्षाएँ होती हैं। हालाँकि हामिद की आत्मसंतुष्टि स्वाभाविक थी लेकिन शोषितों व गरीबों की आत्मसंतुष्टि अपनी इच्छाओं को दबाकर उत्पन्न हुयी मजबूरी है। प्रेमचंद इस कहानी को तत्कालीन समाज के यथार्थ को उजागर करने के लिए लिखी लेकिन आज के समय में यह कहानी बेहद प्रासंगिक है क्योंकि आज हमारे समाज में, गरीब तबके के लोगों की संख्या अत्यधिक है। जिनके पास खुद का घर नहीं, पहनने के लिए कपड़े नहीं, खाने को नहीं, भीख मांगकर, यहाँ तक की कूड़े में से कुछ खाने की चीज निकालकर किसी प्रकार जीवन व्यतीत करते हैं। जीवन व्यतीत करने के लिए जरूरी भौतिक चीजों से वंचित होते हैं।

प्रेमचंद की कहानी 'पूस की रात' का नाम लेते ही मन में हल्कू, जबरा कुत्ता का नाम व आर्थिक समस्या से पीड़ित व शोषित किसान का प्रतिबिंब मन में अनायास ही आ जाता है। हालांकि प्रेमचंद की यह कहानी तत्कालीन समाज में किसानों की दयनीय दशा को प्रकट करने के लिए लिखी गयी थी, लेकिन आज के समय में किसानों की दशा उससे इतर नहीं बल्कि उस समय की दशा से भी अधिक भयावह रूप लिए हुए है।

तत्कालीन समाज में किसानों की दशा को प्रकट करते हुए मुंशी प्रेमचन्द ने इस कहानी में दिखाया है कि किस प्रकार निम्न मध्यवर्गीय किसानो का जमींदारों द्वारा शोषण किया जाता है। जमींदारों के कर्ज तले वह इस कदर दबा रहता है कि वह एक किसान से मजदूर की स्थिति में आ जाता है। हल्कू की पत्नी मुन्नी कहती है ''मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते? मर-मर कर काम करो उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए तो हमारा जनम हुआ है। पेट के लिए मजदूरी करो। ऐसे खेती से बाज आये। मैं रूपये न दूँगी-न दूँगी।''[6]

हल्कू एक गरीब किसान है जिसके पास थोड़ी सी जमीन होती है। जिससे उपजने वाली उपज से किसी प्रकार सिर्फ अपनी व पत्नी मुन्नी का पेट पालता है लेकिन एक बार सहना (गांव का एक सम्पन्न व्यक्ति) से वह कुछ पैसे उधार लेता है जिसे वह चुका नहीं पाता। खेत में साल भर दिनरात कड़कते जाड़े व गर्मी में मेहनत करता तो किसी प्रकार पेट पालता, जो बचता उधारी देने, मालगुजारी में चला जाता है। उसके पास ठण्ड से बचने को सिर्फ एक फटा कम्बल है, जाड़े में नीलगायों से खेत की रखवाली करते समय फटे कम्बल से उसकी ठण्ड न जाने पर जबरा कुत्ते को उसी फटे कम्बल में अपने शरीर से लगाकर सोता है। लेकिन इतनी कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत के बावजूद उसे मालूम होता है कि उससे अच्छी स्थिति एक सामान्य मजदूर की है। जिसे इतनी कड़े ठण्ड में खेत की रखवाली भी नहीं करनी पड़ती और दो वक्त की रोटी सुकून से उसे मिलती है।

एक रात पौष माह की कड़कड़ाती ठण्ड में जबरा के साथ हल्कू खेत की रखवाली करने जाता है और फटे कम्बल से ठण्ड न जाने पर सूखी पत्तियाँ इकट्ठा कर आग जलाता है और आग के पास ही कम्बल ओढ़कर लेटता है और उसे नींद आ जाती है, क्योंकि वह कई रात से ठीक से ठण्ड के कारण सोया नहीं रहता है। हल्कू के सो जाने पर नीलगाय उसकी सारी फसल नष्ट कर डालती हैं, लेकिन वह फिर भी सोया रहता है। मुन्नी के जगाने पर पेट दर्द का बहाना बनाता है लेकिन अन्दर से प्रसन्न होता है क्योंकि अब उसे इतनी ठण्ड में खेत की रखवाली नहीं करनी पड़ेगी। जब उसकी स्थिति से अच्छी स्थिति एक मजदूर की है तो वह भी अब मजदूरी ही करेगा। कहानी के अन्त में हल्कू जैसे किसानो के यथार्थ को प्रेमचंद ने इन पंक्तियों में दर्शाया है- ''दोनों खेत की दशा देख रहे थे। मुन्नी के मुख पर उदासी छायी थी, पर हल्कू प्रसन्न था। मुन्नी ने चिंचित होकर कहा- अब मजदूरी करके मालगुजारी भरनी पड़ेगी। हल्कू ने प्रसन्न मुख से कहा रात की ठण्ड में यहाँ सोना तो नहीं पड़ेगा।''[7]

आज के समय में भी छोटे किसानों की यही दशा है, जो महंगे बीज, खाद, जुताई आदि के कारण कर्ज तले दबा हुआ है। कर्ज लेकर किसी प्रकार जुताई बुआई करता है लेकिन जिस मात्रा में वह खेती में निवेश करता, उतना उसे लाभ नहीं मिलता। उपज के समय फसल की उचित कीमत नहीं मिलती और कर्ज तले दबता चला जाता है। हल्कू के समय मजदूरी करके किसी प्रकार पेट पाला जा सकता था लेकिन आज के समय में मजदूरी भी नहीं मिलती और न ही मजदूरी करके पेट पाला जा सकता है, अतः किसान आत्महत्या कर ले रहा है। प्रेमचन्द की यह कहानी आज के अन्नदाता किसानों की स्थिति को देखते हुए अत्यंत प्रासंगिक है।

प्रेमचंद की कहानी 'नमक का दरोगा' एक आदर्शोन्मुख यथार्थ पर आधारित कहानी है। यह कहानी 1914 में प्रकाशित हुई तब देश में अंग्रेजो का शासन था और प्रकृति प्रदत्त नमक पर सिर्फ अंग्रेजो का अधिकार था, उनके अलावा और किसी को नमक के व्यवहार पर रोक लगा दी गयी तब चोरी-छिपे नमक का व्यापार होने लगा था।

यह कहानी एक तरफ तत्कालीन समाज में फैले घूसखोरी, भ्रष्टाचार व अराजकता के वातावरण को प्रकट करती है तो दूसरी ओर उसी वातावरण में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी व प्रतिबद्धता पर आधारित एक पुलिस ऑफिसर की कहानी है। जिसे चारों तरफ व्याप्त इन अराजक तत्वों के खिलाफ खड़ा होना पड़ता है और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है लेकिन अन्त में विजय धर्मनिष्ठा की ही होती है। कहानी में पं0 अलोपीदीन एक भ्रष्ट व्यापारी है, जो चोरी छुपे नमक का व्यापार करता है। पैसों के दम पर वह सबको अपने आगे झुका देता है। लेकिन वंशीधर जैसे ईमानदार ऑफिसर को तमाम कोशिशों व पैसों की लालच देने के बावजूद नहीं झुका पाता है, लेकिन चारों तरफ फैले भ्रष्टाचार व घूसखोरी के कारण कोर्ट भी पं0 अलोपीदीन को बाइज्जत बरी कर देती है और वंशीधर को नौकरी से बेदखल कर दिया जाता है, जिसके कारण वंशीधर को समाज के साथ ही घर वालों की भी आलोचना सहनी पड़ती है लेकिन वे विचलित नहीं होते हैं। कहानी के अन्त में प्रेमचन्द ने एक आदर्शवादी सन्देश देते हुए दिखाया है कि वंशीधर की ईमानदारी से प्रभावित होकर अलोपीदीन जैसे भ्रष्ट व्यापारी भी वंशीधर के सामने नतमस्तक हो जाते हैं और वंशीधर को अपनी सारी जायदाद का मैनेजर बना देते हैं।

''अलोपीदीन ने कलमदान से कलम निकाली और उसे वंशीधर के हाथ में देकर बाले, न मुझे विद्वता की चाह है, न अनुभव की, न मर्मज्ञता की, न कार्य कुशलता की। इन गुणों के महत्व का परिचय खूब पा चुका हूँ। अब सौभाग्य और सुअवसर ने मुझे वह मोती दे दिया है जिसके सामने योग्यता व विद्वता की चमक

फीकी पड़ जाती है। यह कलम लीजिए, अधिक सोच विचार न कीजिए दस्तख़त कर दीजिए, परमात्मा से यही प्रार्थना है कि वह आपको सदैव वही नदी के किनारे वाला बेमुरौवत, उद्दंड, कठोर परन्तु धर्मनिष्ठ दरोगा बनाए रखे।''[8]

प्रेमचंद की कहानी 'सवा सेर गेहूँ' और 'सद्गति' तत्कालीन समाज में ब्राह्मणों की गरीबों के प्रति शोषणवादी नीति के साथ ही उनके संवेदनहीन, अमानवीय प्रवृत्ति तथा उनके द्वारा धर्म के नाम पर फैलाये गये छल प्रपंच, ढ़ोग व छुआछूत को प्रकट करती है।

'सवा सेर गेहूँ' कहानी में विप्र जी, शंकर नामक एक गरीब किसान के शोषण के लिए धर्म के नाम पर डराकर इस प्रकार जाल बिछाते हैं कि बेचारा शंकर, विप्र जी से लिये गये सवा सेर गेहूँ के बदले अपनी जान तक कुर्बान कर देता है लेकिन विप्र जी के अनुसार अभी भी मूलधन बचा ही रहता है। जबकि साल में वह दो बार खलिहानी विप्र जी को देता है उसका उनकी नजर में कोई मोल नहीं। जबकि शंकर ने उनका सवा सेर गेहूं खलिहानी में ही बढ़ाकर दे भी दिया रहता है। सात साल के बाद अपने सवा सेर गेहूँ के बदले सूद वगैरह लगाकर विप्र जी शंकर से पांच मन अनाज की मांग करते हैं तब शंकर कहता है- ''महाराज, नाम लेकर मैंने तो उतना आनाज नहीं दिया, पर कई बार खलिहानी में सेर-सेर दो-दो सेर दिया है। अब आप आज साढ़े पाँच मन मांगते हैं मैं कहाँ से दूंगा? विप्र- लेखा जौ-जौ बखसीस सौ-सौ, तुमने जो कुछ दिया होगा उसका कोई हिसाब नहीं, चाहे एक की जगह चार पसेरी दे दो। तुम्हारे नाम बही में साढ़े पाँच मन लिखा हुआ है, जिससे चाहो हिसाब लगवा लो। दे दो तो तुम्हारा नाम छेक दू, नहीं तो और भी बढ़ता रहेगा।''[9]

बेचारा शंकर व उसके जैसे अनेक गरीब किसान जो किसानी से सिर्फ अपना पेट ही पाल पाते हैं, इन अमानवीय संवेदनहीन ब्राह्मणों के बिछाए जाल में फँसकर अपना जीवन उनकी गुलामी में बिता देते हैं। फिर भी कर्ज न चुका पाने के कारण उनके बच्चे उनकी गुलामी करते हैं। विप्र जी, कर्ज न चुका पाने के कारण, शंकर से जीवन भर गुलामी करवाते हैं। वे कहते भी हैं- ''गुलामी समझो, चाहे मजदूरी समझो। मैं अपने रूपये भराए बिना तुमको कभी न छोड़ूगाँ। तुम भागोगे तो तुम्हारा लड़का भरेगा। हाँ! जब कोई नहीं रहेगा तब की बात दूसरी है।''[10]

इसी प्रकार की हालत सद्गति कहानी में दुखी चमार की होती है जिसमें पं0 घासीराम दुखी को बेगार में इतना काम सौंपे देते हैं कि बेचारा करते करते थक जाता है और अन्त में एक ऐसी लकड़ी की गाँठ देते है जिसे वह चीरते-चीरते उन्हीं की चौखट पर मर जाता है। और पं0 घासीराम उसके शव को हाथ तक नहीं लगाते और रस्सी में बाँधकर गाँव के बाहर कर देते हैं जहाँ उसकी लाश को गीदड़, कौवे और कुत्ते नोचते है।

यह कहानी तत्कालीन समाज में ब्राह्मणों के मन में व्याप्त छुआछूत, ढोंग उनकी शोषणवादी नीति उनके अमानवीय व असंवेदनशील हृदय के यथार्थ को प्रकट करती है। अगर हम आज के समाज की बात करें तो आज भी ज्यादातर ग्रामीण समाज में नीची समझी जाने वाली जातियों के प्रति उच्चवर्ग व ब्राह्मणवादी दृष्टिकोंण में कोई खास बदलाव नहीं दिखायी पड़ता है। कहानी में प्रेमचंद ने जिस लकड़ी की गाँठ की बात की है वह एक यथार्थ है जिसे दुखी चीरता हुआ मर जाता है। लेकिन प्रतीक रूप में वह गाँठ कोई मामूली गाँठ नहीं बल्कि उच्चवर्गीय समाज व ब्राह्मणवादियों के मन में बैठे हुए छुआछूत व शोषणवादी नीति की गाँठ है, जिसमें दुखी जैसे दीन-हीन, गरीब व निम्न वर्ग के लोगों के लाख प्रयास के बावजूद उसमें दरार नहीं पड़ती अर्थात् उनके विचारों में जरा भी संवेदनशीलता नहीं आती, लेकिन दुखी के मरने के साथ ही उस गाँठ अर्थात छुआछूत व शोषणवादी नीति में सिर्फ दो फाट होते हैं और उसका अस्तित्व वही गुण लिए विद्यमान होता है।

दुखी के तथा चिखुरी के लाख प्रयास के बावजूद जब गाँठ में दरार तक नहीं पड़ती दुखी तब सोचने लगा ''बाबा ने यह गाँठ कहाँ रख छोड़ी थी की फाड़े नहीं फटती। कहीं दरार तक नहीं पड़ती। मैं कब तक इसे चीरता रहूँगा।''[11]

'पंच-परमेश्वर' तथा 'बड़े घर की बेटी' में प्रेमचंद का दृष्टिकोण आदर्शोन्मुख रहा है। ये उपदेशपरक व सामाजिक विघटन के प्रति व्यक्ति को सचेत करती हुयी, आज के समय में भी अपनी प्रासंगिकता को लिए हुए है। पंच-परमेश्वर कहानी में प्रेमचंद ने इस बात से आगाह किया है कि निजी वैयक्तिक चेतना से प्रेरित व अपनी स्वार्थी भावना के चलते किस प्रकार दो गहरे मित्रों (जुम्मन शेख व अलगू चौधरी) में मन-मुटाव व विलगाव पैदा होता है और दोनों एक दूसरे के दोस्त से दुश्मन बन बैठते हैं, लेकिन जब दोनों को अपनी स्वार्थपूर्ण भावना से ऊपर उठकर धर्म व न्याय के मार्ग पर चलने के लिए पंच-परमेश्वर के सदस्यों के रूप में चुना जाता है, तब उन्हें अपने कर्तव्यों का आभास होता है और फिर से दोनों आपस में गले मिल जाते है। यहाँ पर प्रेमचंद ने धर्म व न्याय को वैयक्तिक स्वार्थ से ऊपर उठाकर सर्वश्रेष्ठ घोषित कर आदर्शवाद का संदेश दिया है।

इसके साथ ही इस कहानी में तत्कालीन समाज में असहाय वृद्धों की दुर्दशा को भी प्रकट किया गया है, जो आज के समय की भी सच्चाई है अन्यथा वृद्धाआश्रम की जरूरत न पड़ती। आज के समय में उपभोक्तावादी मानसिकता के चलते व्यक्ति निरन्तर संवेदनहीन व अमानवीय होता जा रहा है, जब तक माँ-बाप के पास धन-दौलत या किसी के स्वार्थ को सिद्ध करने के लिए कुछ भी है, तब तक उनकी खूब सेवा की जाती है लेकिन जब स्वार्थी व्यक्ति धन दौलत प्राप्त कर लेता या उनकी जायदाद अपने नाम कर लेता तब उसी माँ-बाप के प्रति उसकी बनावटी संवेदना, मानवता खत्म हो

जाती है और बात-बात पर उन्हें प्रताड़ित करता व उन्हें उनके भाग्य पर छोड़ देता है।

'बड़े घर की बेटी' कहानी में प्रेमचंद ने संयुक्त परिवार के टूटने के कारण व टूटने से बचाने का रास्ता सुझाकर एक संदेश दिया है और वास्तव में बड़े घर की बेटी कैसी होती है उसके गुणों की ओर इशारा किया है। यह एक आदर्श को स्थापित करती हुयी कहानी है। डॉ0 सरोज गुप्त लिखती है- ''बड़े घर की बेटी शीर्षक कहानी में संयुक्त परिवार के मध्ययुगीन ढ़ाचे के टूटने का जो चित्र प्रस्तुत किया गया है, उसके रूप में प्रेमचंद के समय का यथार्थ इस कहानी में अवश्य उभरा है, इसमें सन्देह नहीं। लेकिन अन्त में संयुक्त परिवार की दीवारों का टूटने से बच जाना व्यक्ति चेतना से प्रेरित होते हुए भी आनन्दी का भारतीय आदर्शों की शरण लेना और इस प्रकार असत् पर सत् की विजय दिखाना आदर्शवाद की ओर स्पष्ट संकेत है।''[12]

'ठाकुर का कुआँ' और 'कफ़न' तत्कालीन समाज में व्याप्त छुआछूत की चरम पराकाष्ठा से पर्दा उठाती हुयी तथा जमींदारों या उच्च वर्ग द्वारा निम्न वर्ग के शोषण पर आधारित यथार्थ को प्रकट करती कहानी है। 'ठाकुर का कुआँ' कहानी में जोखू व उसकी पत्नी गंगी जैसे लोगों को गंदे पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है, तो कफ़न कहानी में घीसू और माधव जैसे लोगों को बुधिया के कफ़न के लिए मिले पैसे से अपनी भूख मिटाने को मजबूर होना पड़ता है। हालाँकि प्रेमचंद ने तत्कालीन समाज के यथार्थ को प्रकट करने के लिए इस प्रकार की यथार्थवादी तथा 'बड़े भाई साहब', 'नमक का दरोगा', 'बड़े घर की बेटी', 'पंच-परमेश्वर' तथा 'परीक्षा' जैसी आदर्शवादी कहानियाँ लिखीं। लेकिन आज के समाज में भी घीसू, माधव, बुधिया, दुखी, हल्कू, जोखू, गंगी का मिलना आम बात है, जो शिक्षा, स्वास्थ, शुद्ध पेय जल, और तमाम जरूरत की भौतिक चीजों से वंचित हैं। उनकी स्थिति प्रेमचंद के पात्रों से भी ज्यादा दयनीय दिखायी पड़ती है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. प्रतिनिधि कहानियाँ : प्रेमचंद, संपादक-भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ0 21-22
2. वही, पृ0 22
3. कहानी आन्दोलन की भूमिका. प्रो0 बलराज पाण्डेय, हिन्दी विभाग, का0हि0वि0वि0, वाराणसी, पृ0 19
4. प्रतिनिधि कहानियाँ : प्रेमचंद, संपादक-भीष्म साहनी, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, पृ0 29
5. वही, पृ0 32
6. वही, पृ0 42
7. वही, पृ0 47
8. वही, पृ0 55
9. वही, पृ0 57
10. वही, पृ0 61
11. वही, पृ0 113
12. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी में विचार तत्व, डॉ0 सरोज गुप्ता, भारतीय कला प्रकाशन, दिल्ली, प्रथम संस्करण 1999, पृ0 102

●

विनय पत्रिका में भक्ति का स्वरूप

*प्रो. सुमन जैन**

'भक्ति' शब्द 'भज' धातु 'क्तिन' प्रत्यय लगने से बना है। संक्षिप्त 'हिन्दी शब्द सागर' में इसके अनेक अर्थ मिलते हैं- आराधना, सेवा, भजन, विश्वास, उपचार, आश्रय लेना, आश्रित होना, आराध्य देवता का नाम जपना तथा उसका बारम्बार स्मरण और ध्यान करना।''[1] कहा जा सकता है कि भक्ति व्यक्ति के अपने आराध्य के प्रति असीम स्नेह का भाव है। किन्तु सामान्यतः भक्ति शब्द का प्रयोग ईश्वर प्रेम के संदर्भ में किया जाता है। इस मनोवृत्ति से ईश्वर का दर्शन, मनन, उपासना, गुणगान, सुयश युक्त चरित्रों का गुणगान हाथों से भी हरिप्रतिमा और भी गुरू सन्तों की पूजा सेवा चरणों से परिक्रमा आदि भक्ति के कार्य व्यक्ति से जुड़े हुए हैं। भक्ति की परिभाषा ईश्वर से ही सम्बन्धित भिन्न-भिन्न रूपों से की गई है यथा-

''सा त्वास्मिन परमप्रेमस्वरूपा''।[2]

''या प्रीतिरविवेकानां विषयेष्वनपायिनी

त्वामनु स्मरतः सा मे हृदयान्माप्रार्पतु॥''[3]

''स्नेहपूर्वमनुध्यानं भक्ति रिव्युच्यते बुधैः।''[4]

''क्लेश धनी शुभदा मोक्षलघुता कृत् सुदुर्लभा

सान्दशनन्द विशेषात्मा श्रीकृष्णाकर्षिणी च सा॥''[5]

अर्थात् क्लेशों का नाश करने वाली, कल्याणदायिनी मोक्ष से भी महत्त्वपूर्ण, दुर्लभ, गाढ़े आनन्द की भूमिका से युक्त और श्रीकृष्ण को आकर्षित करने वाली वृत्ति ही भक्ति है।

भक्ति की विविध शास्त्रीय और लोक परिभाषाओं से स्पष्ट है कि भक्ति ईश्वर के प्रति सर्वतोभावेन समर्पण की संज्ञा है। वैदिक, संस्कृत, प्राकृत तथा अपभ्रंश साहित्य में भक्ति का लोक स्वरूप परिव्याप्त है। वही भक्ति भाव तुलसी की विनय पत्रिका में सम्पूर्णतः विराजमान है। भारतीय संस्कृति और शास्त्र में नवधा की चर्चा होती है। स्मरण, कीर्तन, श्रवण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन भक्ति।

गोस्वामी तुलसीदास की विनय पत्रिका भक्ति की गीता है। अमुक कृति में गोस्वामी जी ने अपना हृदय अपने आराध्य के समक्ष सम्पूर्णतः खोल कर समर्पित कर दिया है। भक्ति की अद्भुत त्रिवेणी गोस्वामीजी ने प्रवाहित किया है। गोस्वामीजी किसी भक्ति या नवधाभक्ति की चर्चा विनय पत्रिका में नहीं करते बल्कि अपने गुणों को स्पष्टतः व्यक्त करते हुए प्रभु के चरणों में अर्पित कर देते हैं-

''श्री रघुबीर की यह बानि।

नीचहूँ सों करत नेह सुप्रीति मन अनुमानि॥

परम अधम निषाद पाँवर, कौन ताकी कॉनि?

लियो सो उर लाइ सुत ज्यों प्रेम को पहिचानि॥

गीध कौन दयालु, जो बिधि रच्यो हिंसा सानि?

जनक ज्यों रघुनाथ ताकहँ दियो जल निज पानि॥

प्रकृति-मलिन कुजाति सबरी सकल अवगुन-खानि।

खात ताके दिये फल अति रूचि बखानि बखानि॥

रचनिचर अरू रिपु विभीषन सरन आयो जानि।

भरत ज्यों उठि ताहि भेंटत देह दसा भुलानि॥

कौन सुभग सुसील बानर, जिनहिं सुमिरत हानि।

किये ते सब सखा, पूजे भवन अपने आनि॥

राम सहज कृपालु कोमल दीनहित दिनदानि।

भजहि ऐसे प्रभहि तुलसी कुटिल कपट न ठानि॥''[6]

अर्थात प्रभु श्रीराम का तो यही रूप बानि है, वर्ण है, स्वभाव है कि वे मन से विशुद्ध और अनन्य प्रेम समझकर नीच से भी नेह करते है, उसे अपना लेते हैं। प्रभु राम का जीवन इन प्रमाणों से भरा हुआ है, फिर तो तुलसीदास राम के प्रेम का एक-एक प्रमाण गिनाने लगते हैं। गुह निषाद महान, नीच और पापी था, उसकी क्या इज्जत थी परन्तु भगवान ने उसका प्रेम पहचान कर उसे हृदय से लगा लिया। इसी तरह हिंसक गीध, नीच शबरी, खल विभीषण सभी को आदर सत्कार दिया। इन सभी प्रमाणों से सिद्ध है कि श्रीराम जी स्वभाव से ही कृपालु, कोमल, गरीबों का हित करने वाले हैं। इसलिए तुलसीदास ने स्वयं को भी श्रीराम के चरणों में समर्पित कर दिया है। तुलसी की भक्ति रागानुरागा भक्ति है, दास्य भक्ति है। इसलिए उनकी भक्ति प्रपत्तिस्वरूपा हो गई है। प्रपत्ति के संदर्भ में कहा गया है- भगवद्स्वरूप प्राप्य वस्तु की इच्छा करने वाले

* प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,वाराणसी

उपायहीन व्यक्ति की पर्यावसायिनी निश्चयात्मिका में वृद्धि ही प्रपत्ति का स्वरूप है।'' तथा अनन्य साध्य भगवतप्राप्ति में महाविश्वास पूर्वक भगवान को ही एकमात्र उपाय समझकर प्रार्थना करते रहना ही प्रपत्तिभाव है और यही शरणागति है।

शरणागत का अर्थ ही होता है शरण में आया हुआ। जब भक्त भगवान को ही उपेय और उपाय मानकर उनकी शरण में चला आता है फिर उसे अन्य किसी साधन की आवश्यकता नहीं होती भक्त 'मा शुचः' हो गया। उसने अपने समस्त धर्मों का परित्याग कर दिया वह चिन्तामुक्त हो गया। इसलिए भगवान राम ने समुद्र तट पर वानरों से कहा- ''जो मेरी शरण में आकर एक बार ही 'मैं आपका हूँ' ऐसा कहता है उसे अभयदान देता हूँ।'' ऐसा व्रत है-

''सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।

अभयं सर्वभूतोभ्यो ददाम्येत्द्व्रतं मम।''[7]

इन्हीं भावों के कारण भक्त उपायन्तरों का परित्याग कर एकमात्र ईश्वर के चिन्तन में अपने को तल्लीन कर लेता है। उसे न सांसारिक ईषणाओं की आकांक्षा रहती है और नहीं उसकी युक्ति की चिन्ता रहती है। उसका एकमात्र काम्य ईश्वर भक्ति प्राप्ति है। तुलसीदास ने भी इसी प्रपत्तिभाव से लिखा है-

''विस्वास एक राम-नाम को।

मानत नहिं परतीति अनत ऐसोइ सुभाव मन बाम को।।

पढ़िबो पर्‌यो न छठी छ मत रिगु जजुर अथर्वन साम को।

ब्रत तीरथ तप सुनि सहमत पचि मरै करै तन छाम को।।

करम-जाल कलिकाल कठिन आधीन सुसाधित दाम को।

ग्यान विराग जोग जप तप, भय लोभ मोह कोह काम को।।

सब दिन सब लायक भव गायक रघुनायक गुन-ग्राम को।

बैठे नाम-कामतरू-तर डर कौन घोर धन धाम को।।

को जानै को जैहै जमपुर को सुरपुर पर धाम को।

तुलसिहिं बहुत भलो लागत जग जीवन रामगुलामको।।''[8]

मुझे तो एकमात्र राम का ही विश्वास है। यह मन इतना कुटिल है कि (राम के अतिरिक्त) कही अनत नहीं लगता। छः शास्त्र न्याय, वैशेषिक, सांख्य, योग, मीमांसा वेदान्त तथा चार वेद ऋक, यजु, अथर्व, साम ये पढ़ना हमारी छठी (भाग्य) में नहीं है। व्रत, तप, तीर्थ, आदि नाम सुनकर हमारा मन डर जाता है। कौन इन साधनों में मर-मरकर, पच-पचकर अपनी काया क्षीण करे। जो राम नाम रूपी कल्पवृक्ष की छाया में बैठे हैं, उन्हें घनघोर घटा (तमोमय अंधकार) अथवा तेज धूप (विषयों की चकचौंध) का क्या डर है, तुलसीदास को तो इस संसार में रामजी का गुलाम होकर जीना नीक (सुखमय) लगता है। कहा जा सकता है कि तुलसी को संसार के समस्त वैभव से भिन्न एकमात्र रामगुलाम का गुलाम होना ही श्रेष्ठतम है। फिर उसे दैहिक, दैविक, भौतिक तापों का क्या भय जीव जैसे ही राम के शरण में आता है उसके समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। रावण के कष्ट से पीड़ित, अपमानित होकर विभीषण राम की शरण में आया, राम ने वैसे ही उसे टीककर लंकाधिपति बना दिया। द्रौपदी जैसे ही प्रभु को आर्त होकर पुकारती है प्रभु ने त्यों ही उसके कष्ट को दूर कर दिया। गजराज ने जैसे ही प्रभु को पुकारा त्यों ही वे दौड़े हुए आये। भक्ति और शरणागत में पार्थक्य है। भक्ति जहां साधनरूप है, वही प्रपत्ति साध्य या फलरूपा कहलाती है। भक्ति और प्रपत्ति दोनों में भगवद् अनुगृह प्रेम का प्रकर्ष होता है और दोनों का फल भगवान की प्राप्ति है। किन्तु भक्ति में साधन विशेष का स्वीकार्य है। प्रपत्ति में भगवत्सेवा, भगवान का जप, तप, कीर्तन आदि का निषेध नहीं परन्तु यह कार्य आवश्यक भी नहीं है। पांचरात्र के लक्ष्मी संहिता में प्रपत्ति के छः अंगों का वर्णन मिलता है। (1) अनुकूल्य का संकल्प (2) प्रतिकूल्य का वर्णन (3) रक्षिष्यतीति विश्वास (4) गोप्तृत्व वरण (5) आत्मनिक्षेप (6) कार्पण्य।

विनय पत्रिका प्रपत्ति के भाव से परिपूर्ण है। इसके सभी पदों में भक्ति का पक्ष सन्निहित है। भक्त अपने आराध्य की शरण में जाने पर आत्महितार्थ अनुकूल सत्कार्यो का संकल्प लेता है, आत्मा के प्रतिकूल वृत्ति भाव का परित्याग करता है। वह ईश्वर के चरणों में देह, गेह, नेह समर्पित कर देता है। उसके मन में रंचमात्र भी अहं नहीं होता। शरणागत का यह भाव और रूप अत्यन्त मूल्यवान है। विनय पत्रिका का रचनाकार लिखता है-

''अबलौं नसानी अब न नसैहौं।

राम-कृपा भव-निसा सिरानी, जागे फिरि न डसैहौं।।

पायेउँ नाम चारू चिंतामनि, उर कर तें न खसैहौं।

स्यामरूप सुचि रूचिर कसौटी, चित कंचनहिं कसैहौं।।

परबस जानि हँस्यो इन इन्द्रिन, निज बस ह्वै न हँसैहौ।

मन मधुकर पनकै तुलसी रघुपति-पद-कमल बसैहौं।।''[9]

तुलसीदास प्रभु की कृपा से जब स्वयं को चेता तो पाया कि अभी तक का जीवन (आयु) तो नष्ट हो गया, परन्तु अब इसे नष्ट नहीं होने दूँगा। हम अब श्रीरामचन्द्र जी कृपा से माया रूपी रात्रि से जग गया हूँ। अब जागने पर पुनः मायारूपी बिछौना नहीं बिछाऊँगा। मुझे रामनाम रूपी सुन्दर चिन्तामणि मिल गयी है। अब इसे हृदयरूपी हाथ से कभी गिरने नहीं दूँगा। जब तक मैं इन्द्रियों के वश में था तब तक इन्द्रियों ने मनमाना नाच नचाकर मेरी बड़ी हंसी उड़ाई। परन्तु अब इन्द्रियों से स्वतंत्र होने पर उनसे अब अपनी हंसी नहीं उड़वाऊँगा। अब रघुपति का चरण-कमल छोड़कर अन्यत्र नहीं जाऊँगा। कवि के मन का यह अद्‌भुत संकल्प है। प्रभुराम के चरणों का अनुराग अब उसे डिगा नहीं सकता।

''महाराज रामादरयो धन्य सोई।

गरूअ, गुनरासि, सरबग्य, सुकृति, सूर, सील-निधि साधु तेहि- सम न कोई॥

उपल, केवट, कीस, भालु, निसिचर, सबरि, गीध सम-दया-दान-हीने।

नामलिये राम किये परम पावन सकल, नर तरत तिनके गुनगान कीने।

मंदमति, कुटिल, खल तिलक तुलसी सरिस, भो न तिहूँ लोक तिहूँ काल कोउ।

नामकी कानि पहचानि पन आपनो, ग्रसित कलि-ब्याल राख्यो सरन सोऊ॥''[10]

तुलसी को अपने राम पर अगाध विश्वास है, कवि ने राम विश्वास दर्शाने के लिए पूरी विनय पत्रिका उदाहरणों प्रतीकों, बिम्बों, शब्दों, अलंकारों से पूर दिया है। तुलसी कहते हैं राम ने जिसको आदर दिया वह श्रेष्ठ हो गया। बड़े उदार है हमारे राम बड़े भारी अर्थात् महिमान्वित, गुणों का भंडार, सर्वज्ञ पुण्यवान, वीर, सुशील, साधु है। अद्वितीय है राम। उनकी करूणा सब पर सम है। अहिल्या, निषाद, वानर, रीक्ष, राक्षस, गिद्ध, शबरी ये सभी शम, दया, दम और दान से रहित थे परन्तु श्रीराम के स्मरण से प्रभु राम ने इन्हें ऐसा पवित्र बना दिया कि संसार अब इनका स्मरण कर भव सागर से पार हो जाता है। तुलसी के राम शक्ति, शील, सौन्दर्य के स्वामी हैं उनका सौन्दर्य अपरम्पार है-

''है नीको मेरो देवता कोसलपति राम।

सुभग सरोरूह लोचन, सुठि सुन्दर स्याम॥

सिय-समेत सोहत सदा छबि अमित अनंग।

भुज बिसाल सर धनु धरे, कटि चारू निषंग।

बलिपूजा चाहत नहीं, चाहत एक प्रीति।

सुमिरन ही मानै भलो, पावन सब रीति॥

x x x x x x x x

को करि कोटिक कामना, पूजै बहु देव ।

तुलससिदास तेहि सेइये, संकर जेहि सेव॥''[11]

कोसलपति रामजी सबसे नीक (अच्छे सर्वश्रेष्ठ) हैं। शब्दों का ऐसा सरलतम प्रयोग राम के सौंदर्य रूपराशि को श्रेष्ठतम बना देता है। उनके कमल के समान नेत्र हैं और शरीर परमसुन्दर श्यामवर्ण है। उनके साथ माता सीता सर्वदा शोभायमान रहती हैं। उनके रूपराशि के समक्ष करोड़ों कामदेव बलिहारी हैं उनकी भुजायें विशाल है उसमें धनुष बाण सुशोभित हैं और कटि में सुन्दर तरकश धारण किये हुए हैं। वे सिर्फ प्रेम चाहते हैं और रामजी प्रेममय हैं। देवाधिदेव महादेव उनकी अर्चना करते हैं फिर तो मैं भी स्वयं (तुलसीदास) उन्हीं भगवान राम की अर्चना करता हूँ। 'गीतावली' में कवि तुलसीदास विभीषण के द्वारा इसी प्रकार के भाव व्यक्त करवाते हैं-

''महाराज राम पहँ जाउँगो।

सुख स्वारथ परिहरि करिहो सोई ज्यो साहिबहि सुहाउँगो।

सरनागत सुनि बेगि बोलिहैं निपरिहि सकुचाउँगो।

x x x x x x x x

तुलसी पट ऊतरे ओढ़िहों उबरी जूठनि खाऊँगो।''

तुलसी ने सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह किया कि 'नाना पुराण निगमागम सम्मत' भक्ति को मानवता के श्रेष्ठ मूल्य में स्थापित किया। उनकी भक्ति कर्मकाण्ड वैयक्तिक भक्ति नहीं अपितु वह समाजनिष्ठ है। लोकमंगल की भावना सर्वोपरि है। तुलसी भक्ति समाज में घटित हो रहे सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों के बीच भारतीय अस्मिता की रक्षा एवं प्रतिष्ठा का सबसे कारगर माध्यम है। उनका राम मात्र लोक नायक ही नहीं वह वनवासी, राजाराम, लोकाराध्य, सर्वलोकवासी है। तुलसी की भक्ति समरस है। लोक वेद के प्रति, समरस भाव लिए लोक चेतना को जीवंत कर देता है। उसमें जीवटता आ जाती है। लोक, समाज, वेद का कितना भी खंडन करो वह खंडित नहीं हो सकता क्योंकि रामचरित के साथ मानस जोड़ने का यही तुलसी चिंतन है।

सम्पूर्ण विनय पत्रिका में भाव भक्ति केन्द्रित है। भाव वहीं श्रेष्ठ है जब हम सम्पूर्ण सृष्टि प्रकृति के साथ हमारा रागात्मक सम्बन्ध हो उसमें मूल्य संरक्षण हो। तुलसी ने भक्ति की बड़ी अच्छी व्याख्या की है जो अवर्चनीय है जिसका सार सम्पूर्ण विनय पत्रिका में आलोकित है-

''प्रथम भगति संतन्ह कर संगा। दूसर रति मम कथा प्रसंगा॥

गुरू पद पंकज सेवा तीसर भगति अमान।

चौथि भगति मम गुन गन करइ निरंतर गान॥

मंत्र जाप मम दृढ़ विश्वासा। पंचम भजन सो वेद प्रकासा।

छठ दम शील विरति बहु करमा। निरत निरंतर सज्जन धरमा।

आठव जठा लाभ संतोषा। सपनेहूँ नहिं देखइ पर दोषा।

नवम सरल सब सन छलहीना। मम भरोस हिय हरष न दीना॥''

तुलसी की यह नवधा भक्ति श्रेष्ठ है। यहां कोई कर्मकांड नहीं है। लेकिन विनय पत्रिका दास्य भक्ति से सराबोर है। दास्य भक्ति भक्त को कभी छोटा नहीं बनाती। स्वामी के पास माथा इसलिए झुका कि संसार में कहीं और यह मस्तक न झुके।

''रावरो कहावौं गुन गावौं राम रावरोई।

मान्यौ मैं न दूसरो, न मानत न मानिहौं।''

भक्त की यह दीनता सिर्फ भगवान के प्रति है अन्यत्र नहीं है।

संदर्भ सूची

1. हिन्दी शब्द सागर पृ0 876 पाँचवां संस्करण, 2000 वि0
2. नारद भक्ति सूत्र, संख्या-3
3. विष्णु पुराण 1/20/19
4. गीता पर रामानुज भाष्य, 6 अध्याय, श्लोक
5. श्री हरिभक्ति रसामृत, सिन्धु : प्रथम लहरी पूर्व विभाग, श्लोक 13।
6. विनय पत्रिका पद संख्या 215 पृ0 269
7. बाल्मीकि (6118133)
8. विनय पत्रिका पद संख्या 155 पृ0 200
9. विनय पत्रिका पद संख्या 105 पृ0 137
10. विनय पत्रिका पद संख्या 106 पृ0 138
11. विनय पत्रिका पद संख्या 107 पृ0 139

●

लोककवि गोस्वामी तुलसीदास विषयक रामविलास शर्मा का चिन्तन

*डॉ0 ऋतम्भरा तिवारी**

तुलसीदास डॉ0 शर्मा के अत्यन्त प्रिय और आदर्श कवि हैं। डॉ0 शर्मा अति क्रान्तिकारी मार्क्सवादी आलोचकों द्वारा तुलसी पर लगाए गए आरोपों का अपने सूक्ष्म मूल्यांकन-विश्लेषण तथा तार्किक चिन्तन से खण्डन करते हैं तथा तुलसी को सामन्त विरोधी, लोकवादी, प्रगतिशील कवि के रूप में स्थापित करते हैं। उन्होंने तुलसीदास पर कई महत्वपूर्ण लेख लिखे और अपनी मान्यताओं को उसमें प्रस्तुत किया है।

शर्माजी की मान्यता है कि तुलसीदास भारतवर्ष के अमर कवि हैं। उनकी इस मान्यता के सम्बन्ध में कुछ आलोचकों ने विरोध व्यक्त किया है। डॉ0 शर्मा के अनुसार तुलसी-साहित्य से विरोध प्रकट करने वालों में दो तरह के आलोचक हैं- पहली तरह के आलोचक वे हैं जो समझते हैं कि तुलसीदास ने 'रामचरितमानस' लिखकर इस्लाम के आक्रमण से हिन्दू धर्म की रक्षा कर ली और राम, सीता आदि के चरित्रों द्वारा हिन्दू समाज और हिन्दू संस्कृति के लिये अमर आदर्शों की प्रतिष्ठा कर दी। दूसरी तरह के आलोचक वे हैं जो समझते हैं कि तुलसीदास ने वर्णाश्रम धर्म के छिन्न-भिन्न होने के समय फिर ब्राह्मणवाद का समर्थन किया, नारी की पराधीनता को आदर्श रूप में रखी और जनता को भक्तिरूपि अफीम की घुट्टी देकर सुला दिया।''[1] रामविलास जी के अनुसार ये दोनों ही तरह के आलोचक तुलसीदास की विचारधारा को प्रगतिविरोधी सिद्ध करते हैं और ऐसा करके वे हिन्दीभाषी जनता को तुलसीदास की सांस्कृतिक विरासत से वंचित करते हैं। देश की सामाजिक प्रगति में तुलसीदास का क्या स्थान है, उन्हें प्रगति का समर्थक कवि कहा जाय या प्रतिक्रिया का, हिन्दू समाज पर जो उनके धर्म और नीति की गहरी छाप है, उससे देश का मंगल हुआ है या अमंगल आदि प्रश्नों को लेकर आलोचकों में यथेष्ट मतभेद रहा है। डॉ0 शर्मा ने अपने सुचिन्तित विवेचन द्वारा इन सभी प्रश्नों का तर्कसंगत उत्तर दिया है।

तुलसी-साहित्य के सामाजिक महत्व के विवेचन से पहले उन्होंने प्रथमतः इस प्रश्न पर विचार किया है कि महान साहित्यकार किसे कहें ? वे लिखते हैं- ''प्रत्येक कवि और महान लेखक अपने युग से प्रभावित होता है; युगसत्य उसकी रचनाओं में प्रतिबिम्बित होता है, युगसत्य की व्यंजना से कवि अपने युग को भी प्रभावित करता है; उसके परिवर्तन में, उसकी प्रगति में उसका हाथ होता है। ऐसा कवि और लेखक ही महान साहित्यकार हो सकता है।''[2] इस कसौटी पर रामविलास जी ने गोस्वामी तुलसीदास का मूल्यांकन करते हुए- तुलसीदास का युगसत्य क्या है, क्या वे अपने युगसत्य से प्रभावित थे, क्या उनका साहित्य उस युग को प्रतिबिम्बित करता है, उनके साहित्य का समाज पर पड़ने वाला प्रभाव समाज की प्रगति में साधक है या बाधक आदि प्रश्नों पर विस्तार से विचार किया है।

डॉ0 शर्मा के अनुसार तुलसीदास के युगसत्य को जानने के लिये उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को जानना आवश्यक है। तुलसीदास का काल मुगल-साम्राज्य के वैभव का काल था। अकबर और जहाँगीर उनके समकालीन शासक थे। अकबर ने अपने शासनकाल में इस्लाम की धर्मान्धता और कट्टरपन को गहरी चोट पहुँचाई थी तथा हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल दिया था। तुलसीदास को हिन्दू धर्म का उद्धारक कहने वाले आलोचकों को डॉ0 शर्मा का यह तर्क है कि- ''जो लोग समझते हैं कि तुलसीदास ने इस्लाम की रक्तरंजित प्रगति को रोकने के लिये रामचरितमानस की रचना की, उन्हें यह न भूलना चाहिए कि कट्टर मुल्ला और मौलवी अकबर पर यह दोष लगाते थे कि उसने इस्लाम से मुँह फेर लिया है।''[3] उनके इस तर्क से यह स्पष्ट है कि अकबर जिसकी स्वयं धर्म नीति उदार थी उससे हिन्दू-धर्म की रक्षा का प्रश्न ही नहीं उठता। रामविलास जी लिखते हैं- ''वास्तव में गोस्वामीजी ने हिन्दू-धर्म की रक्षा की, परन्तु अकबर और इस्लाम से नहीं; उन्होंने उसकी रक्षा की उसके अपने आन्तरिक शत्रुओं से, मत-मतान्तर, द्वेष, कलह, अन्धविश्वास से।''[4]

रामविलास जी के अनुसार मध्यकालीन भारत में मुख्य समस्या मालगुजारी वसूल करने की व्यवस्था थी। किसानों से मनमाना कर वसूल किया गया जिससे उनकी दशा और बदतर होती चली गई। मुख्य उत्पादक शक्ति किसान थे और उनके उत्पादन से लाभ उठाने वाले हिन्दू और मुगल सामन्त थे। उस समय मुख्य संघर्ष इन्हीं दोनों वर्गों (किसानों और सामन्तों) के बीच था। अकबर से जैसे-जैसे हम औरंगजेब की ओर बढ़ते है वैसे-वैसे संघर्ष और तीव्र होता जाता है, लेकिन अकबर से पहले विभिन्न युद्धों के कारण तथा औरंगजेब की कट्टर धार्मिक नीति के कारण यह वर्ग संघर्ष दबा-दबा रहता है। वह अपने स्पष्ट रूप में उभरकर सामने नहीं आता। रामविलास जी के अनुसार यही कारण है कि मध्यकालीन कवियों की रचनाओं में वर्ग संघर्ष का स्पष्ट चित्रण नहीं मिलता। वह सामन्तों और राजाओं के विरूद्ध किसानों के अधिकार की माँग करते दिखाई नहीं देते, परन्तु इतना अवश्य है कि वर्ग संघर्ष की रूपरेखा न होते हुए भी यह संघर्ष विद्यमान था और इस संघर्ष की

* पूर्व सिनियर रिसर्च फेलो, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सम्प्रतिः पूर्व कैम्पस, अनहुई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी, मानशान् सिटी, अनहुई प्रोविन्स, चीन।

छाया मध्यकालीन महान कवियों की रचनाओं में भी उपस्थित था।''[5] डॉ0 शर्मा ने उदाहरण स्वरूप तुलसीदास की यह पंक्ति उद्धृत की है जो उस समय के उसी वर्ग-संघर्ष को और उसके प्रति उनकी जागरूकता को व्यक्त करता है-

''खेती न किसान को भिखारी को न भीख बली,

बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।''[6]

रामविलास जी के अनुसार तुलसीदास ने अपनी रचनाओं में युगसत्य का वास्तविक चित्र प्रस्तुत किया है। रामचरितमानस के उत्तरकाण्ड में कलियुग का वर्णन करके वास्तव में उन्होंने अपने समय की दुरवस्था का ही चित्रण किया है, और आदर्श रूप में उन्होंने उस रामराज्य की कल्पना की है, जिसकी उन्हें कामना थी। डॉ0 शर्मा के अनुसार वास्तविकता और कल्पना के ऐसे ''कन्ट्रास्ट'', ऐसी तीव्र विषमता किसी भी दूसरे कवि के चित्रण में दिखाई नहीं देती है। 'रामचरितमानस' के अतिरिक्त तुलसीदास ने अपनी अन्य रचनाओं में दुष्ट शासकों के प्रति अपने वाग्बाणों की वर्षा की है। उन्होंने भविष्यवाणी की है कि रावण और कौरवों के समान ही इन शासकों का भी अंत होगा-

''राज करत बिनु काज ही, करें कुचालि कुसाज।

तुलसी ते दसकंध ज्यों, जइहैं सहित समाज॥

राज करत बिनु काज ही, करहिं जो कूर कुठाट।

तुलसी ते कुरूराज ज्यों, जइहैं बारह बाट॥''[7]

तुलसीदास का शोषण करने वाले शासकों के प्रति यह दृष्टि अन्यत्र भी अनेक जगह दिखाई पड़ती है। वे साधारण जनता का शोषण करने वाले शासकों और शोषित जनता के कष्टों के प्रति क्षोभ प्रकट करते हुए लिखते हैं-

''तुलसी जगजीवन अहित, कतहूँ काउ हित जानि।

सोषक भानु कृसानु महि, पवन एक घन दानि॥''[8]

कुछ आलोचकों ने तुलसीदास द्वार रामचरितमानस में वर्णित वर्ण-व्यवस्था और स्त्री की स्थिति को लेकर उनकी विचारधारा को प्रतिक्रियावादी सिद्ध करते हुए उन्हें कटघरे में खड़ा किया है। कलियुग के वर्णन में वर्णाश्रम-धर्म के नष्ट होने पर तुलसीदास द्वारा क्षोभ प्रकट करने के सम्बन्ध में रामविलास जी का मत है कि- ''जब उत्तरकाण्ड में हम तुलसी को इस बात पर क्षोभ प्रकट करते देखते हैं कि शूद्र ब्राह्मणों की बराबरी करने लगे हैं, तब हम इसी नतीजे पर पहुँचते हैं कि या तो उनके विचारों में अन्तर्विरोध है या फिर पुरोहितों का चमत्कार है, जिन्होंने अपने काम की बातें मिलाकर रामचरितमानस को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश की।''[9] डॉ0 शर्मा का मानना है कि रामचरितमानस के कुछ अंशों के आधार पर तुलसीदास की प्रगतिशील विचारधारा को खण्डित नहीं किया जा सकता। वे स्पष्ट रूप से यह घोषित करते हैं- ''तुलसी का साहित्य उनके विचारों को अलग करके महत्वपूर्ण नहीं माना जा सकता।''[10] उनका मानना है कि तुलसी-साहित्य के विषय में प्रतिक्रियावादी विचार व्यक्त करने वाले लोग उनके विचारों को संदर्भ से काटकर प्रस्तुत करते हैं। वे लिखते हैं- ''स्त्रियों, शूद्रों आदि के सम्बन्ध में तुलसी के प्रतिक्रियावादी विचार मुझे प्रक्षिप्त जान पड़ते हैं, क्योंकि उनके शेष ग्रन्थों में कहीं उस तरह के विचार व्यक्त नहीं किए गए। सम्भवतः प्रतिक्रियावादियों ने मानस का प्रचार देखकर उनमें वे विचार जोड़ दिए।''[11]

तुलसीदास की विचारधारा में मनुष्य बड़ा होता है, अपनी मनुष्यता के कारण न कि जाति या पद से। उन्होंने ब्राह्मणों की पुरोहिताई की निन्दा की है। संस्कृत की तुलना में लोकभाषा को महत्व दिया है तथा संस्कृत द्वारा होने वाले पुरोहिती-'' शोषण पर कठोर प्रहार भी किया है, जो तुलसीदास की प्रगतिशील विचारधारा का द्योतक है न कि प्रगति विरोध का। प्रमाण रूप में डॉ0 शर्मा तुलसीदास के इस पद को उद्धृत करते हैं-

विप्रद्रोह जनु बाँट पर्‌यो, हठि सबसों बैर बढ़ावौं।

ताहू पर निज मति विलास सब संतन साँझ गनावों॥''[12]

डॉ0 शर्मा ने बलपूर्वक अपनी इस मान्यता को स्थापित किया है कि तुलसी का साहित्य वैचारिक रूप से प्रगतिशील है। वे हरगिज यह मानने को तैयार नहीं हैं कि तुलसी ने वर्णवाद, जातिवाद, भाग्यवाद को मजबूत किया है। तुलसीदास को अपने जीवनकाल में जातिप्रथा के ठेकेदारों का कोपभाजन बनना पड़ा था, फिर क्यों वे उन्हीं के पक्ष का समर्थन करेंगे। इसलिये डॉ0 शर्मा ने कहा है- ''तुलसी के राम भक्तों को मुक्ति देते समय जाति-पाँति का विचार नहीं करते। जाति-पाँति पर निर्भर धर्म शास्त्र एक ओर है, तुलसी की भक्ति, जो सभी के लिये मुक्ति का द्वार खोलती है दूसरी ओर है।''[13] रामविलास जी के अनुसार तुलसीदास के काव्य का मूल मंत्र था- 'जाति-पाँति पूँछे नहीं कोई, हरि को भजै सो हरि का होई'[14] इसी मंत्र की सिद्धि करने वाले वाल्मीकि की चर्चा भी करते हैं जो मरा मरा का जाप कर मुनि हो गया।

इसी प्रकार स्त्री सम्बन्धी उनकी विचारधारा का स्पष्टीकरण उनके इसी पद से हो जाता है, जहाँ वे पतिभक्ति को पराधीनता का रूप समझकर उसपर आँसू बहाते हैं और लिखते हैं-

''कत विधि सृजी नारि जग माहीं।

पराधीन सपनेहुँ सुख नहीं।[15]''

तुलसीदास ने पराधीन जनता को भक्ति की बूटी देकर मोह-निद्रा में सुला दिया जैसे आरोपों का खण्डन करने के लिये डॉ0 शर्मा ने तुलसीदास के भक्ति सम्बन्धी दृष्टिकोण पर विस्तार से विचार किया है। उनका मानना है कि आरोपों को निराधार सिद्ध करने के लिये तुलसीदास की भक्ति के स्वरूप को जानना आवश्यक है। तुलसीदास की भक्ति का दृढ़ आधार उनका ज्ञान है। उन्होंने साधारण जनता के लिये भक्ति मार्ग का प्रतिपादन अवश्य

किया है, लेकिन वे ज्ञानी नहीं थे या सन्त-योगी जिसे ज्ञान कहते हैं उन्हें प्राप्त नहीं था ऐसा नहीं है। उनकी रचनाओं में यत्र-तत्र प्रत्येक धारा के दार्शनिक तत्व मिलते हैं लेकिन वे किसी दर्शन विशेष की सीमाओं में बँधते दिखाई नहीं देते, जो शर्मा जी के मतानुसार उनके ज्ञान की मौलिक विशेषता कही जा सकती है। एक और विशेषता उनके ज्ञान की है, जो उन्हें संसार से जोड़ती है और वो है उनकी 'लोकधर्मिता'। शर्मा जी ने इन दोनों ही विशेषताओं का विस्तार से विवेचन किया है।

ब्रह्म, जीव, जगत के सम्बन्ध में भारतीय दर्शन में विविध दृष्टिकोण दिखलाई पड़ते हैं, लेकिन इनके प्रति तुलसीदास के विचारों में तारतम्य है। तुलसीदास के लिये ब्रह्म व्यक्त और अव्यक्त, सगुण और निर्गुण दोनों है। इस कारण उनके लिये ब्रह्म की सत्ता परोक्ष सत्ता मात्र नहीं है वह प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी है। रामविलास जी लिखते हैं- ''तुलसी जिस राम या ब्रह्म के उपासक हैं, वह परोक्ष सत्ता नहीं है। वह उनके लिये प्रकट सत्य है। साथ ही उनका ब्रह्म प्रत्यक्ष सत्ता मात्र नहीं है। वह परोक्ष भी है और प्रत्यक्ष भी। इसलिये तुलसीदास न विशुद्ध निर्गुणवादी हैं, न विशुद्ध सगुणवादी।''[16] इस सम्बन्ध में तुलसीदास की यह उक्ति प्रसिद्ध है-

'अगुन सगुन दुइ ब्रह्म सरूपा।'

अकथ अगाध अनादि अनूपा॥[17]

जगत के सम्बन्ध में तुलसीदास का दार्शनिक दृष्टिकोण 'लोकोन्मुखी' है। सांख्य-पातंजल के मतानुसार संसार सत्य है, क्षणिकवादी बौद्धों के अनुसार संसार असत्य है तथा न्याय वैशैषिक दर्शनों के अनुसार वायु, तेज, जल और पृथ्वी अनित्य है और आकाश, काल, दिक् और नित्य है। रामविलास जी के अनुसार बौद्ध और वेदान्ती दार्शनिक जहाँ संसार को मिथ्या और दुख का कारण बतलाते थे, वहीं तुलसीदास ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में अलखवादियों का खण्डन किया है और संसार को झूठा कहने वालों को गँवार कहा है। प्रत्यक्ष जगत जो दिखाई देता है जो सगुण है वह परोक्ष और निर्गुण सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। प्रत्यक्ष जगत जो स्थिर दिखाई देता है वह परोक्ष रूप से प्रतिक्षण गतिशील है, वह शक्ति और ऊर्जा का मूर्त रूप है। इन दोनों की एकता ही जगत या संसार का मूल कारण है। इस न्याय से तुलसीदास के लिये प्रत्यक्ष या व्यक्त जगत ब्रह्ममय है और सत्य है- ''सिया राममय सब जग जानी। करौं प्रनाम जोरि जुग पानी।''[18]

शर्मा जी के अनुसार जीव को लेकर तुलसीदास का मत वेदान्ती नहीं है। उन्होंने जीव को ब्रह्म का अंश मानकर चेतन और अविनाशी माना है। संसार के जड़ चेतन सभी को राममय स्वीकार करते हुए वे लिखते हैं- ''जड़ चेतन जगजीव जत, सकल राममय जानि।''[19] तुलसीदास का दर्शन जीवन की स्वीकृति का दर्शन है। जीव के जीवत्व का विनाश करके मोक्षलाभ करने का दर्शन नहीं है। वह सत्य और अविनाशी है- ''ईस्वर अंस जीव अविनासी। चेतन अमल सहज सुखरासी।''[20] इस प्रकार तुलसीदास के ब्रह्म, जगत और जीव के प्रति दार्शनिक दृष्टिकोण का विवेचन करते हुए वे स्पष्ट लिखते हैं- ''वह (तुलसीदास) भक्त होने के साथ दार्शनिक कवि भी हैं। उनके लिये ब्रह्म सगुण और निर्गुण दोनों है; ब्रह्म संसार से परे नहीं है, वह प्रत्यक्ष जगत में व्याप्त है। संसार को रचने वाली शक्ति विद्या है, अविद्या नहीं है; वह मनुष्य के लिये श्रेयस्करी है। राम ब्रह्म हैं तो सीता आदिशक्ति हैं। जीव ब्रह्म का ही अंश है।''[21]

शर्मा जी का मानना है कि दुख का तुलसीदास की भक्ति से घनिष्ठ सम्बन्ध है। उन्होंने अपने लोकोन्मुखी दर्शन के कारण ही अपने तथा दूसरे के कष्टों का यथार्थ चित्रण किया है। संसार में दरिद्रता को तुलसीदास ने मनुष्य के कष्टों का सबसे बड़ा कारण माना है, जिसका वर्णन उन्होंने बार-बार अपनी रचनाओं में किया है। डॉ0 शर्मा के अनुसार तुलसीदास अपने समय की आर्थिक स्थिति के प्रति सचेत रचनाकार थे। उन्होंने पेट की आग को बड़वाग्नि से भी बड़ा बताया है। दरिद्रता को रावण बताया, जिसने सारे संसार को दबा रखा है। तुलसीदास जी लिखते हैं-

''तुलसी बुझाई एक राम घनश्याम ही तें।

आगि बड़वागि तें बड़ी है आगि पेट की॥''[22]

इस प्रकार शर्मा जी के अनुसार तुलसीदास ने देश की दशा का बड़ा ही मार्मिक वर्णन किया है। अपने लोकोन्मुखी दर्शन के कारण ही वे अपने दुखों के साथ दूसरों के दुख का भी यथार्थ वर्णन कर सके। शर्मा जी ने सही लिखा है कि- ''सम्भवतः दुख की यह अतल गहराई देखे बिना कोई बड़ा कवि हो नहीं सकता। तुलसी ने उसे देखा था और उनके दुख का स्मरण इसलिये आवश्यक है कि हम आज के युग में उनकी भक्ति को कल्पना-विलास न समझ लें। भक्ति उनकी जीवन-साधना की गाढ़ी कमाई थी, विषम सामाजिक परिस्थितियों में वह उनका एकमात्र सम्बल थी। इस दुखानुभूति ने उनकी भक्ति का साधारणीकरण कर दिया। जिस करूणरस को भवभूति ने सभी रसों का स्रोत कहा था, उसने तुलसी की भक्ति को मानवमात्र की सम्पत्ति बना दिया।''[23] उन्होंने दुख का ही नहीं, संसार के अनेक व्यापारों, मानवजीवन के अनेक पक्षों का चित्रण किया है। संसार में जीव को कैसे जीना चाहिए इसके लिये तुलसीदास की रचनाओं में व्यावहारिक ज्ञान की सैकड़ों बातें भारी पड़ी हैं, जो उनके लोकोन्मुखी होने का अनिवार्य परिणाम है।

शर्मा जी के अनुसार तुलसी की भक्ति का घनिष्ठ सम्बन्ध सामाजिक उत्पीड़न से है चाहे वो गरीब हों, समाज के दलित प्राणी हों, स्त्रियाँ हों या नीच समझे जानेवाले लोग हों सभी से उनका आत्मिक लगाव है। उनके अनुसार तुलसीदास की भक्ति के सभी अधिकारी हैं, जिसमें वर्ण, जाति, धर्म आदि के कारण किसी का बहिष्कार नहीं किया गया है, उनकी भक्ति पुष्प के उस सुगन्ध की

भाँति है जो अपने सुगन्ध को सर्वत्र बिना किसी भेद-भाव के बिखेरता है तथा जो सूर्य के उस प्रकाश की भाँति है, जिसका प्रकाश अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा आदि भावनाओं से रहित सभी को समान रूप से प्राप्त होता है। तुलसी की भक्ति उसी प्रकाश और सुगन्ध की भाँति है और इसी कारण लोकवादी चेतना से युक्त है, जिसे रामविलास जी की सूक्ष्म और पारखी दृष्टि पहचान सकी। वे लिखते हैं- ''तुलसी की भक्ति वर्ण, जाति, धर्म आदि के कारण किसी का बहिष्कार नहीं करती। जो 'अति अघरूप' समझे जाते हैं, उन ''आभीर, जवन, किरात, खस, स्वपचादि'' के लिये भी वह कहते हैं कि राम का नाम लेकर वे भी पवित्र हो जाते हैं। उससे उनकी भक्ति का जनवादी तत्व अच्छी तरह प्रकट हो जाता है। जिन तमाम लोगों के लिये पुरोहित वर्ग ने उपासना और भक्ति के द्वार बन्द कर दिए थे, उन सबके लिये तुलसी ने उन्हें खोल दियां''[24]

तुलसीदास राम के परम भक्त हैं, वह राम जो ऊँच-नीच के भेद-भाव की क्षुद्र मानसिकताओं से ग्रसित नहीं थे, वह सामन्तवादी, जनविरोधी, स्वार्थी, अन्यायी, दंभी नहीं थे। तुलसी के राम जब इस प्रकार के दुर्भावनाओं से मुक्त थे, तो विचार करना चाहिए कि उन्हीं राम के परम भक्त तुलसीदास जनविरोधी, सामन्ती व्यवस्था के समर्थक कैसे हो सकते थे? इस विषय में डॉ0 शर्मा लिखते हैं- ''तुलसी आत्मकेन्द्रित व्यक्ति न थे। उन्हें जितना अपने दुख का ज्ञान था, उतना ही दूसरों के दुख का भी। उन्होंने राम में जितनी करूणा की कल्पना की थी, वह सब उनके हृदय में विद्यमान थी। तुलसी की यह विराट मानवीय सहानुभूति उनकी भक्ति का अभिन्न अंग है।''[25]

इस प्रकार हम देखते हैं कि रामविलास शर्मा जी तुलसीदास को न केवल हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ कवि घोषित करते हैं अपितु वे उन्हें भारत का प्रतिनिधि कवि कहते हैं। वर्णवादी व्यवस्था का चित्रण करने के साथ-साथ उन्होंने भक्ति का विस्तृत एवं उदार मार्ग दिखाया है। उनकी दृष्टि लोकोन्मुखी रही है। इसलिए उन्हें लोककवि कहना अत्यन्त उचित एवं सार्थक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'परम्परा का मूल्यांकन', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, 1981, पृ0 74
2. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'भाषा युगबोध और कविता', वाणी प्रकाशन, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, आवृत्ति 2014, पृ0 32
3. वही, पृ0 33
4. वही, पृ0 33
5. वही, पृ0 35
6. वही, पृ0 35
7. वही, पृ0 36
8. वही, पृ0 36
9. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'परम्परा का मूल्यांकन', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, 1981, पृ 79
10. वही, पृ0 79
11. सं0 डॉ0 नामवर सिंह, 'आलोचना', जून-मार्च, अप्रैल-जून, 1982, पृ0 44
12. वही, पृ0 33
13. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'परम्परा का मूल्यांकन', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, 1981, पृ 78
14. वही, पृ0 78
15. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'भाषा युगबोध और कविता', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, आवृत्ति 2014, पृ0 37
16. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'परम्परा का मूल्यांकन', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, 1981, पृ 60
17. वही, पृ0 60
18. वही, पृ0 60
19. वही, पृ0 60
20. वही, पृ0 64
21. वही, पृ0 73
22. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'भाषा, युगबोध और कविता', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, आवृत्ति 2014, पृ0 39
23. डॉ0 रामविलास शर्मा, 'परम्परा का मूल्यांकन', राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम सं0, 1981, पृ 72
24. वही, पृ0 78
25. वही, पृ0 69-70

●

वैश्विक शान्ति हेतु स्वामी विवेकानन्द के सार्वभौमिक धर्म की संकल्पना की उपादेयता

ज्योति बाला, विजेन्द्र सिंह** एवम् प्रो. प्रेम शंकर राम****

वर्तमान वैश्विक मानव समाज सभ्यता के विकास क्रम में उच्च से उच्चतर की ओर अग्रसर है। इस विकास क्रम में विश्व की विशाल जनसंख्या, पृथ्वी पर संसाधनों की सीमित उपलब्धता और पर्यावरणीय समस्या जैसे महत्त्वपूर्ण विषय बाधा पहुँचाते हैं। अतः यह आवश्यक है कि विश्व का प्रत्येक व्यक्ति न केवल इन समस्याओं से निपटने हेतु एकता और सम्बद्धता का परिचय दे बल्कि वैश्विक स्तर पर एक होकर समस्त मानवता के विरूद्ध उत्पन्न हो रहे चुनौतियों का समाधान ढूँढे। लेकिन वास्तविक स्थिति ऐसी नहीं है। आज वैश्विक स्तर पर अनेकों समुदाय वास्तविक चुनौतियों से लड़ने के बजाय धर्म, जाति, प्रजाति और सम्प्रदाय को लेकर संघर्षरत हैं। हम पूर्णतः यह नहीं कर सकते कि विश्व में हो रहे सभी संघर्षों का आधार जातिय संघर्ष ही होता है। इनमें से अनेक संघर्षों का आधार आर्थिक एवं राजनीतिक भी है। लेकिन सूक्ष्म विश्लेषण किया जाय तो इन संघर्षों में जातीय अथवा धार्मिक द्वेष प्रकट अथवा अप्रकट रूप में अवश्य दिखाई पड़ेगा। *''अनुभविक अनुसंधानों से यह बात स्पष्ट होता है कि वर्तमान युग के दो-तिहाई युद्ध धर्म, जातीयता और राष्ट्रीय पहचान जैसे मुद्दों को लेकर हो रहे हैं।''* (चटोपाध्याय--) यद्यपि वैश्विक स्तर पर राज्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा शान्ति हेतु अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं परन्तु वैश्विक शान्ति का मुद्दा ज्वलन्त रूप में बना हुआ है। क्योंकि शान्ति की स्थापना केवल युद्ध का विराम नहीं हो सकता। शान्ति की स्थाई स्थापना के लिए सामाजिक एवं वैचारिक संरचना में बदलाव लाना होगा। जब तक शान्ति स्थापना को स्थाई नहीं बनाया जायेगा तब तक शान्ति की समस्या और शोध से जुड़े प्रश्नों की प्रासंगिकता बनी रहेगी। वैसे तो विश्व में अनेकों महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने अपने-अपने अनुसार विश्व को शान्ति का मार्ग बताया। लेकिन भारत की मातृभूमि ने एक ऐसे महान व्यक्ति को जन्म दिया जिसने विश्व के सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को अपनी विशिष्ट पहचान खोये बिना आपसी प्रेम एवं एक-लक्ष्य मानवता धर्म की ओर प्रेरित किया। उस महान व्यक्ति का नाम है- स्वामी विवेकानन्द। स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा प्रस्तुत सार्वभौमिक धर्म की संकल्पना को न केवल पश्चिमी समाज ने सुना बल्कि सम्पूर्ण विश्व धर्म समाज द्वारा सराहा गया। क्योंकि स्वामी जी ने सम्पूर्ण प्रकृति में विभिन्नता के गुण को न केवल स्वीकार किया बल्कि उसे उच्चतम विकास हेतु आवश्यक बताया। स्वामी जी ने इस विभिन्नता के साथ ही सब व्यक्तियों में कुछ समान लक्षणों की ओर भी संकेत किया जो कि मानवता के प्रेम एवं शान्तिपूर्वक व्यवहार हेतु पर्याप्त आधार बना सकता है। अतः यह प्रश्न अतिमहत्त्वपूर्ण हो जाता है कि क्या स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा प्रस्तुत 'सार्वभौमिक धर्म' की अवधारणा वर्तमान वैश्विक शान्ति की स्थापना हेतु प्रभावकारी सिद्ध हो सकता है? उपरोक्त प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने हेतु शोधार्थी द्वारा विवेकानन्द जी के साहित्यों एवं शान्ति से सम्बन्धित अन्य लेखों को आधार बनाया गया है। इस प्रकार विभिन्न सम्बन्धित साहित्यों से प्राप्त तथ्यों के विश्लेषण के उपरान्त वैश्विक शान्ति हेतु विवेकानन्द जी के सार्वभौमिक धर्म की उपयोगिता पर विचार किया गया है।

स्वामी विवेकानन्द के 'सार्वभौमिक धर्म' की संकल्पना

मानव समाज के लिए 'धर्म' शब्द एक चिर परिचित शब्द है। इस शब्द ने ही विश्व समुदाय को शान्ति और संघर्ष के जटिलतम उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। मानव समाज में शान्ति के प्रसार हेतु धार्मिक व्यक्तियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। जबकि वैश्विक संघर्ष में भी धर्म का ही प्रधान योगदान रहा है। दुनिया में धर्म और सम्प्रदायों के आधार पर लोग आपस में बट हुए हैं। ये सभी सम्प्रदाय अपने-अपने धर्म को महान एवं दूसरों के धर्म को नीचा दिखाने का प्रयत्न करते रहते हैं। ऐसे वातावरण में स्वामी जी द्वारा ऐसे धर्म का प्रसार करना जो समस्त मानवता को एक ही ईश्वर का अंश होने की अनुभूति कराये, एक अद्वितीय प्रयास है। स्वामी विवेकानन्द जी का सार्वभौमिक धर्म अन्य धर्मों की तरह विशिष्ट सिद्धान्तों की सीमा रेखा नहीं बनाता बल्कि सभी धर्मों के उभयनिष्ठ लक्षणों को प्रकाशित करके सब में एकता और सहयोगिता की भावना का विकास करता है। स्वामी जी ने सभी धर्मों की मूल आत्मा को स्वीकार किया। उनका मानना था कि *''जिन महापुरुषों ने पहले अपने हृदय में इस महान तत्त्व की उपलब्धि की थी, उन्होंने इस वाक्य की रचना की है। उस समय बहुत से लोग इसका अर्थ समझते थे। आगे चलकर मूर्ख लोगों ने इन बातों को लेकर उनसे खिलवाड़ आरम्भ कर दिया और धर्म को केवल शब्दों का खेल बना दिया। उसे जीवन परिणत करने की वस्तु ही नहीं रखा। धर्म को केवल शब्दों का खेल बना दिया। उसे जीवन परिणत करने की वस्तु ही नहीं रखा। धर्म अब पैत्रिक धर्म, राष्ट्रीय धर्म, देशी धर्म इत्यादि के रूप में परिणत हो गया है।''* (वि0सा0, 2016 भाग-3, पेज सं0- 40-141) जिसके कारण सर्वधर्म समन्वय की संकल्पना एक कठिन कार्य हो गया है। स्वामी जी ने धर्म के तीन

* सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, डी0डी0यू0,गोरखपुर
** शोध छात्र, शिक्षा संकाय, का0हि0वि0वि0,वाराणसी
*** आचार्य,शिक्षा संकाय, का0हि0वि0वि0,वाराणसी

भाग बताये- दर्शनिक, पौराणिक और अनुष्ठानिक। दार्शनिक भाग में धर्म का मूल तत्त्व, उद्देश्य और उनको प्राप्त करने का साधन निहित होता है। पौराणिक भाग स्थूल उदाहरणों के माध्यम से दार्शनिक भाग को स्पष्ट करने का प्रयास करता है। अनुष्ठानिक भाग धर्म का स्थूल भाग है, जिसमें पूजापाट, आचार, अनुष्ठान इत्यादि वस्तुएँ आती हैं। सभी धर्मों में ये तीनों भाग होता है लेकिन सब धर्मों का अपना-अपना दार्शनिक, पौराणिक एवं आनुष्ठानिक भाग होता है। जिसके आधार पर एक धर्म अपने को श्रेष्ठ और अन्य को तुच्छ बताते हैं। ऐसे में इन धर्मों के बीच सार्वभौमिक तत्त्वों की बात करना अत्यन्त कठिन हो जाता है। हम लोग विश्व बंधुत्व की बात तो बहुत करते हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हिन्दू, मुसलमान, ईसाई आदि इस भावना से कोषों दूर हैं। विवेकानन्द जी कहते हैं कि *''जो लोग यथार्थ कर्मी हैं और अपने हृदय में विश्वबंधुत्व का अनुभव करते हैं किन्तु उनके क्रियाकलाप, गतिविधि और सारे जीवन के ऊपर ध्यान देने से यह स्पष्ट समझ में आ जायेगा कि उनका हृदय सचमुच ही मानव जाति के प्रति बंधुत्व से परिपूर्ण है, वे सबसे प्रेम और सहानुभूति रखते हैं।''* (वि0सा0, 2016, भाग-3, पृ0सं0 144-145)

स्वामी जी ने विभिन्न धर्मावलम्बियों में कठोर असमानता के होते हुए भी मनुष्यत्व रूपी समान तत्त्व की पहचान की। स्वामी जी ने कहा कि *''मैंने जिस काले या गोरे स्त्री पुरुष को देखा उन सबके मुख पर सामान्य रूप से मनुष्यत्व का अमूर्तभाव है, मैं उसे पकड़ या दृष्टिगोचर भले न कर सकूँ, फिर भी मैं निश्चयपूर्वक जानता हूँ कि वह है। यदि किसी वस्तु का असंदिग्ध अस्तित्व है तो इसी मानवीयता का, जो हम सब में व्याप्त है।''* (वि0सा0, 2016, भाग-3, पृ0सं0 145) विश्व धर्म के सम्बन्ध में भी यही बात है, जो ईश्वर के रूप में अनन्तकाल से सभी धर्मों में व्याप्त है और अनन्त काल तक व्याप्त रहेगा। स्वामी जी का मानना है कि हमारे बाहरी कार्यों में केवल भेद है, ईश्वर में हम सब एक हैं। विवेकानन्द जी धर्मों में विभिन्नता को स्वीकार करते हैं। उनका कहना है कि अगर सभी लोग एक ही प्रकार से विचार करने लगे तो समाज का विकास ही रूक जायेगा। स्वामी जी ने कहा है कि *''हमको यह शिक्षा लेनी होगी कि एक ही सत्य का प्रकाश लाखों प्रकार से होता है और प्रत्येक भाव की अपनी निर्दिष्ट सीमा के अन्तर प्रकृति सत्य है। हमको यह सीखना होगा कि किसी भी विषय को सैकड़ों प्रकार के विभिन्न दृष्टिकोणों से देखने पर यह एक ही वस्तु रहती है।''* (वि0सा0, 2016, भाग-3, पृ0सं0 146) ईश्वर के सम्बन्ध में भी ऐसा ही है। प्रत्येक दर्शन पौराणिक कथाओं तथा कर्मकाण्डों के माध्यम से भी सभी धर्मावलम्बी एक ही ईश्वर की ओर बढ़ रहे हैं। विवेकानन्द जी कहते हैं कि सब धर्मों को एक दूसरे के नजदीक लाने का यह पहला प्रयास नहीं है। पहले भी ऐसे अनेकों प्रयास किये गये हैं। *''परन्तु उनको एकत्र करने का उन्होंने ऐसा उपाय नहीं दिखाया जिसमें वे इस समन्वय के भीतर रहते हुए भी अपनी विशिष्टता को सुरक्षित रख सकें। वही उपाय यथार्थ में कार्यकारी हो सकता है, जो किसी धर्मावलम्बी व्यक्ति की विशिष्टता को नष्ट न करते हुए उनको औरों के साथ सम्मिलित होने का पथ बता दे।''* (वि0सा0, 2016, भाग-3, पृ0सं0-147) स्वामी जी का मानना था कि संसार में अलग-अलग मन और संस्कार के लोग वर्तमान हैं। उन सभी व्यक्तियों का समन्वयीकरण असम्भव है। अतः यदि किसी धर्म को अधिकांश लोगों के लिए उपयोगी बनना है तो उसे उस सभी वर्गों के लिए उपयोग बनाना होगा वर्ना वह धर्म सीकुड़ जायेगा। स्वामी जी कहते हैं कि मैं एक ऐसे धर्म का प्रचार करना चाहता हूँ, जो सब प्रकार की मानसिक अवस्था वाले लोगों के उपयोगी हो, इसमें ज्ञान, भक्ति, योग और कर्म समभाव से रहेंगे। इस प्रकार *''विवेकानन्द जी कहते हैं कि चारों तरफ सम्भाव से विकास लाभ करना ही मेरे कहे हुए आदर्श हैं और भारतवर्ष में जिसे हम योग कहते हैं उसी के द्वारा इस आदर्श धर्म को प्राप्त किया जा सकता है। कर्मी के लिए यह मनुष्य जाति का योग है, योगी के लिए जीवात्मा और परमात्मा का योग है, भक्त के लिए अपने साथ प्रेममय भगवान का योग और ज्ञानी के लिए बहुत्व के बीच एकत्वानुभूति योग है।''* (वि0सा0, 2016, भाग-3, पृ0सं0-151) इस प्रकार विवेकानन्द जी का यह सार्वभौमिक धर्म विश्वसमुदाय को प्रेम, एकता और दैवीय अनुभूति की ओर प्रेरित करता है। यह अवश्य ही मानवता के लिए सर्वश्रेष्ठ धर्म है।

शान्ति की अवधारणा एवं वैश्विक स्थिति

यद्यपि शान्ति एवं संघर्ष दोनों शब्द विश्व समुदाय के लिए चिर परिचित हैं लेकिन मानव समाज ने हमेशा शान्ति को संघर्ष पर प्राथमिकता दी है, क्योंकि *''शान्ति न केवल युद्ध की अनुपस्थिति को समाहित करता है बल्कि साकारात्मक जीवन पुष्टि, जीवन समृद्धि हेतु मूल्यों एवं समाजिक संरचना की स्थापना भी कर सकता है।''* (ब्रास एण्ड वेवल, 2002, पृ0सं0-3) हालाँकि 'शान्ति' क्या है? इस प्रश्न को लोग अपनी परिस्थिति एवं आवश्यकता के अनुसार परिभाषित करते हैं। अक्सर संघर्षों के कारण शान्ति की समस्या उत्पन्न होती जबकि कई संघर्षों को शान्ति हेतु उपकरण भी बताया जाता है। 'शान्ति' शब्द को लोग अपने-अपने अनुसार परिभाषित करते रहे हैं। किसी को आराम से सोने में शान्ति मिलती है, तो किसी को दिन-रात जाग कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने में शान्ति मिलती है। कोई अपने से भिन्न जातियों का नास करके शान्ति प्राप्त करता है, तो अन्य कुछ लोग विभिन्न प्राणियों की सेवा करके शान्ति प्राप्त करते हैं। लेकिन शान्ति की कोई भी सर्वस्वीकृत परिभाषा मानवता के प्रति हिंसा पर आधारित नहीं हो सकती। विश्व के सभी धर्म 'शान्ति' के इसी स्वरूप का समर्थन करते हैं। किसी भी धर्म का मौलिक स्वरूप हिंसा नहीं बल्कि शान्ति की ओर उन्मुख होता है। *''ताओइज्म' के संस्थापक और 'ताओ-दे-चिंग' के लेखक चीनी दार्शनिक लाओ-त्-जू (6वीं सदी वी0सी0ई0) इस बात पर बल*

देते हैं कि सैन्य बल प्रयोग का रास्ता मनुष्यों द्वारा नहीं अपनाया जाना चाहिए।'' (ब्रास एण्ड बेबल, 2002, पृ0सं0-4) एक अन्य चीनी दार्शनिक मो-त्-जू (468-401 वी0सी0ई0), जिन्होंने युद्ध का विरोध एवं अन्य सभी प्रकार के मानवीय सदगुणों एवं प्रेम का समर्थन किया है, ने कहा कि *''जो दूसरों को प्रेम करते हैं वे दूसरों से भी प्रेम पायेंगे। दूसरों के लिए अच्छा करो दूसरे भी तुम्हारे लिए अच्छा करेंगे। लोगों से नफरत करोगे तो लोग भी तुमसे नफरत करेंगे। उनको दुःख पहुँचाओगे तो वे भी तुम्हें दुखित करेंगे। उसमें कठिनाई क्या हैं?''* (ब्रास एण्ड बेबल, 2002, पृ0सं0-5) इस प्रकार देखा जाय तो अनेको दार्शनिक जो किसी न किसी धर्म और विचारधारा का समर्थन करते हैं, सदैव शान्ति की ही सराहना किये हैं। लेकिन इतिहास गवाह है इस बात के लिए कि धर्म और विचारधाराओं की टकराहट ने ही शान्ति के लिए सबसे बड़ी चुनौती पेश की है। 'शान्ति' की अवधारणा को और अधिक स्पष्ट करने के लिए इसे नकारात्मक एवं सकारात्मक शान्ति के रूप में देखा जा सकता है। नकारात्मक शान्ति की अवधारणा अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के यथार्थवादी दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसके अनुसार युद्ध की अनुपस्थिति ही शान्ति है। जबकि सकारात्मक शान्ति की अवधारणा, जिसे नार्वेजीयन शान्ति अनुसंधानकर्ता जॉन गाल्टन ने विकसित किया, न केवल युद्ध की अनुपस्थिति को बल्कि सम्पूर्ण सामाजिक संरचना में शोषण को खत्म करने को शान्ति कहता है। *''नकारात्मक शान्ति साधारणतया युद्ध की अनुपस्थिति को शान्ति के रूप में उल्लेख करता है। यह एक ऐसी अवस्था है, जिसमें कोई संरचित सैन्य हिंसा क्रियाशील न हो।.....सकारात्मक शान्ति युद्ध की अनुपस्थिति अथवा अन्तर्राष्ट्रीय हिंसा की अनुपस्थिति से भी अधिक है। यह एक सामाजिक हालात को संकेत करता है, जिसमें शोषण निम्न स्तर पर अथवा पूर्णतः खत्म हो और जिसमें न तो वाह्य हिंसा हो और न ही संरचनात्मक सूक्ष्म असाधारण हिंसा हो।''* (ब्रास एण्ड बेबल, 2002, पृ0सं0-6)

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि शान्ति से तात्पर्य न केवल युद्ध अथवा संघर्षों का विराम है बल्कि शान्ति का तात्पर्य ऐसी सामाजिक वातावरण से है जहाँ प्रत्येक व्यक्ति जीवन की मूलभूत आवश्यकता जैसे भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधिकार और न्याय के साथ परस्पर सहयोग की भावना से रहता है। वर्तमान वैश्विक समाज को अगर शान्ति के उपरोक्त ढाँचे में रखकर देखा जाय तो यह बात स्पष्ट हो जायेगी कि वैश्विक मानव समुदाय निरंतर संघर्षशील हैं। विश्व समुदाय में शान्ति की स्थापना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। मानव समुदाय भूखमरी, अशिक्षा, मानवीय जीवन हेतु संसाधनों की कमी एवं पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर जूझ रहा है। जबकि मानव समाज का एक बड़ा भाग इन मौलिक चिंताओं पर ध्यान न देकर अपनी धार्मिक, जातीय एवं प्रजातीय अस्तित्व को लेकर संघर्षरत है। पूरे विश्व में और खास करके विकासशील देशों में प्रजातीय संघर्षों में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। *''तात्कालिक वर्षों में परम्परागत रूप के राज्यों के बीच होने वाले संघर्षों में कमी आयी है जबकि राज्यों के भीतर होने वाले संघर्षों में बढ़ोत्तरी हुई है और खास करके तीसरी दूनिया के देशों में।''* (स्टावेनहेगन, 2016)

आधुनिक वैश्विक समाज में 9/11 जैसी वारदात, सीरीया-जार्डन, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष, म्यामार में रोहिग्या मुसलमानों के प्रति हिंसा, श्रीलंका में तमिल संघर्ष इत्यादि अनेकों उदाहरण हैं, जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से धर्म और प्रजातीय द्वेष के नाम पर हो रहे हैं। *''आज आतंकवाद एक प्रजातीय प्रवृत्ति बन गई है। यह पीड़ित के धर्म, प्रजाती और राष्ट्रीयता के आधार पर हमला करता है। जब विचारधारा इस प्रवृत्ति को अपनाती है कि 'हमारा खून' अन्य लोगों के खून से अधिक लाल है तब वह प्रजातीय अभिवृत्ति को अपना लेती है। यही प्रजातीवाद आगे धर्म में और अनियंत्रित होकर घोर राष्ट्रवाद में बदल जाता है।''* (टारलोव, 2015)

अतः वैश्विक स्तर पर शान्ति के समक्ष अनेकों चुनौतियाँ हैं। वैश्विक शान्ति की स्थापना के लिए न केवल प्रत्यक्ष संघर्ष को रोकना होगा बल्कि सामाजिक संरचना और मनुष्यों के दिमागी स्वरूप में भी सुधारात्मक बदलाव लाने होंगे।

वैश्विक शान्ति के सन्दर्भ में स्वामी विवेकानन्द के सार्वभौमिक धर्म की उपादेयता का विश्लेषण

यद्यपि आज का वैश्विक समाज परम्परागत समाज से अधिक विकसित और तार्किक है। फिर भी समस्त मानव समाज के समक्ष उपस्थित मौलिक चुनौतियों को अनदेखा कर धर्म एवं प्रजातीय द्वेष के कारण आपस में ही युद्धरत है। जिससे मनुष्य स्वयं मानवता के विरुद्ध हो गया है। वर्तमान विश्व में धार्मिक और जातीय संघर्षो के कारण लाखो लोगों को सम्पत्ति और जान गवानी पड़ती है। यह संघर्ष जिन क्षेत्रों में घटित होता है वहाँ की पूरी सामाजिक संरचना ही अस्त-व्यस्त हो जाती है। जिसके कारण शान्ति की संकल्पना विखण्डित हो जाती है। वैसे तो किसी भी राज्य के भीतर शान्ति की स्थापना का कार्य उक्त राज्य का ही होता है। राज्य अधिकांशतः बल प्रयोग को ही शान्ति हेतु हथियार बनाते हैं, जिसके कारण शान्ति की स्थापना अस्थाई रूप में होती है। स्थाई शान्ति की स्थापना हेतु व्यक्ति के मानसिक संरचना एवं समाज की संरचना में सकारात्मक बदलाव लाने होंगे। व्यक्ति को यह अहसास कराना होगा कि तुम जानवरों के वंशज नहीं बल्कि ईश्वर के अंश हो। तुम घृणा के लिए नहीं, प्रेम के लिए सराहे जाओगे। विश्व समुदाय को यह बताना होगा कि विभिन्न धर्मों के बीच केवल समभाव नहीं बल्कि स्वीकृति भी लानी है। सभी धर्मों को बताना होगा की तुम्हारा लक्ष्य अलग-अलग नहीं बल्कि तुम सब एक ही लक्ष्य की ओर अग्रसर हो। अतः समस्त मनुष्यों में समभाव का आरोपण ही स्थाई शान्ति की स्थापना कर सकती है और इस जटिल कार्य को करने में विवेकानन्द जी का 'सार्वभौमिक धर्म' पूर्णतः सक्षम है, क्योंकि यह समभाव में भी सभी

धर्मों की विशिष्टता को स्वीकार करता है। यह धर्म व्यक्ति को अपना ध्यान अपने भीतर की ओर मोड़ने की ओर प्रेरित करता है जहाँ प्रेम, समभाव, कल्याण, विश्वबंधुत्व एवं समस्त ईश्वरीय गुण विद्यमान है।

निष्कर्ष

अतः निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है कि वर्तमान समय में वैश्विक शान्ति की स्थापना एक महत्त्वपूर्ण विषय है। आज वैश्विक स्तर पर अनेकों संघर्ष जारी है, जिससे भारी स्तर पर आर्थिक, समाजिक एवं मानवीय क्षति हो रही है। यह नहीं कहा जा सकता है कि इन सभी संघर्षों का कारण धार्मिक अथवा जातीय ही है लेकिन इन संघर्षों में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से धार्मिक अथवा जातीय कारणों को ढूँढा जा सकता है। शान्ति की स्थापना केवल युद्ध का विराम नहीं हो सकता। शान्ति की स्थाई स्थापना के लिए सामाजिक एवं वैचारिक संरचना में बदलाव लाना होगा। समस्त मनुष्यों में समभाव का आरोपण ही स्थाई शान्ति की स्थापना कर सकती है और इस जटिल कार्य को करने में विवेकानन्द जी का सार्वभौमिक धर्म पूर्णतः सक्षम है। क्योंकि यह समभाव में भी सभी धर्मों की विशिष्टता को स्वीकार करता है। यह धर्म व्यक्ति को अपना ध्यान अपने भीतर की ओर मोड़ने की ओर प्रेरित करता है जहाँ प्रेम, समभाव, कल्याण, विश्वबंधुत्व एवं समस्त ईश्वरीय गुण विद्यमान है। विवेकानन्द जी का 'सार्वभौमिक धर्म' विश्व के सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों को विश्वबंधुत्व, प्रेम एवं एकत्व का मार्ग प्रशस्त करता है। वैश्विक समाज में इन्हीं मूल्यों की कमी के कारण शान्ति को चुनौती मिलती है। अगर स्वामी जी के 'सार्वभौमिक धर्म' से विश्व समुदाय का परिचय कराया जाय तो निश्चित रूप से यह धर्म शान्ति को स्थाई रूप से स्थापित करेगा। विवेकानन्द जी का यह धर्म व्यक्ति के मस्तिष्क और सामाजिक संरचना में स्थाई एवं दूरगामी सकारात्मक परिवर्तन लाने में पूर्णतः सक्षम है। अतः शिक्षा एवं संचार के अन्य सभी माध्यमों द्वारा स्वामी जी के 'सार्वभौमिक धर्म' से विश्व समुदाय का परिचय कराया जाना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रंथ

1. *स्वामी विवेकानन्द साहित्य* (2016), खण्ड-3, प्रकाशक- स्वामी तत्त्वविदानन्द, अध्यक्ष, अद्वैत आश्रम, मयावती, चम्पावत, उत्तराखण्ड, हिमालय।
2. *स्वामी विवेकानन्द साहित्य* (2014), खण्ड-11, प्रकाशक- स्वामी तत्त्वविदानन्द, अध्यक्ष, अद्वैत आश्रम, मयावती, चम्पावत, उत्तराखण्ड, हिमालय।
3. Barash, D.P. & Webel, C.P. (2002). *Peace and conflict studies.* New Delhi : SAGE Publications.
4. Tarlow, P.E. (2015). Religion, *Violence and terrorism.* Retrieved on 10/08/2018 from https://www.palermo.edu/Archivors_content/2015/economics/journal-tourism/ediuon12/04_Religion_violence_and_terrorism.pdf.
5. Stavenhagen, R. (2016). *Ethinic conflicts and their impact on International society.* Paper published by black well publisher, oxford. Retrieved on 10/08/2018 from www.homepage. vnivie.ac.at>~preessh2>files.
6. Chattopadhyay, I. (--). *Universal religion of Vivekanand : A way out of religious dissension.* Retrieved on 12/08/2018 from www.epp.edu/~jet/documents/JET/jet14/chattopadhyay_73-79pdf

●

आधुनिक भावबोध और अज्ञेय का काव्य

*डॉ0 सत्यपाल शर्मा**

अज्ञेय आधुनिक काल के हिन्दी के प्रतिनिधि कवि हैं। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कविता के साथ-साथ उन्होंने कहानी, उपन्यास, निबन्ध, समीक्षा और यात्रा-वृत्तांत भी लिखा। बीसवीं सदी के मध्य में वे अपने रचनात्मक उत्कर्ष पर हैं। अज्ञेय अपने रचनात्मक और वैचारिक वैविध्य के चलते आधुनिक काल के सर्वाधिक विवादास्पद रचनाकार भी हैं। उनको व्यक्तिवादी और अहंवादी समझा गया जबकि साम्यवादी और राष्ट्रवादी गतिविधियों के कारण कई साल उन्हें जेल में भी गुजारना पड़ा। कम्युनिस्ट आन्दोलन से जुड़े होने के बावजूद वे बाद में कम्युनिस्टों के बीच अछूत हो गये। विवादों के बावजूद हिन्दी-साहित्य में प्रयोगवाद के प्रवर्तक अज्ञेय ही हैं। अज्ञेय का समूचा काव्य आधुनिकता बोध से ओत-प्रोत है।

हिन्दी कविता के इतिहास में अज्ञेय का स्थान युग प्रवर्तक का है। जब हिन्दी-साहित्य में छायावाद और प्रगतिवाद चरम पर प्रतिष्ठित था, उन्होंने दोनों प्रवृत्तियों का निषेध किया। छायावाद की कल्पनाप्रवण वायवीयता साहित्य को जनजीवन और समाज से ऊपरी तौर पर दूर कर रही थी। दूसरी तरफ प्रगतिवादी काव्य मार्क्सवाद से इतना प्रभावित था कि कविता राजनीति और विचारधारा का पर्याय बनने लगी थी। इसमें सन्देह नहीं कि छायावाद की कमी को दूर करके प्रगतिवाद ने साहित्य को जन-जीवन और समाज से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया। परन्तु इसका नकारात्मक असर यह पड़ा कि साहित्य लेनिन के 'पार्टी लिटरेचर' की डिमांड को हूबहू पूरा करता दिखाई पड़ने लगा। विचारधारा और प्रतिबद्धता के नाम पर पार्टी और व्यक्ति के समर्थन में लगाये जाने वाले नारे भी कविता समझे जाने लगे। ऐसी स्थिति में अज्ञेय ने प्रगतिवाद की इस परिणति का गम्भीर विरोध किया। इस विरोध का परिणाम था 1943 ई. में सात कवियों के संयोग और सहयोग से अज्ञेय के सम्पादकत्व में प्रकाशित 'तारसप्तक'।

तारसप्तक की भूमिका में अज्ञेय ने स्पष्ट किया कि इसमें संकलित कवियों में पर्याप्त मतभेद है लेकिन जो बात उन्हें आपस में जोड़ती है, वह यह है कि वे राही नहीं बल्कि राहों के अन्वेषी हैं। अज्ञेय के शब्दों में- ''वे किसी एक स्कूल के नहीं हैं, किसी मंजिल पर पहुँचे हुए नहीं हैं, अभी राही हैं- राही नहीं, राहों के अन्वेषी।''[1] संकलित कवि कविता को प्रयोग का विषय मानते हैं, जो यह दावा नहीं करते कि काव्य का सत्य उन्होंने पा लिया है, केवल अन्वेषी ही अपने को मानते हैं। इस तरह ये कवि कविता के द्वारा सत्य का संधान करना चाहते हैं। प्रयोग उनका साध्य नहीं बल्कि साधन है, सत्य को जानने का साधन। अज्ञेय की इस दृष्टि पर वैज्ञानिक दृष्टि का प्रभाव देखा जा सकता है। साथ ही विश्व में चल रहे कलावाद (Art for Art's Sake), प्रतीकवाद का प्रभाव भी। पाश्चात्य में कविता की स्वायत्तता हेतु चलाये गये आन्दोलन जिस रूप में विकसित हुए हिन्दी में वही आन्दोलन रूप बदलकर प्रयोगवाद के रूप में सामने आया। प्रयोगवाद हिन्दी कविता को मार्क्सवादी विचारधारा और छायावादी कुहासे से मुक्त कर उसे स्वायत्त करना चाहता था।

कविता की स्वायत्तता का यह आन्दोलन पुराने प्रतीकों का विरोध करते हुए नये प्रतीक विधान गढ़ता है। अज्ञेय की कविता 'कलगी बाजरे की' प्रयोगवाद का घोषणापत्र जान पड़ती है-

''हरी बिछली घास
डोलती कलगी छरहरी बाजरे की
अगर मैं तुमको
ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता
*** * ***
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या कि सूना है
या कि मेरा प्यार मैला है।
बल्कि केवल यही
ये उपमान मैले हो गये हैं
देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच।
कभी बासन अधिक घिसने से मुलम्मा छूट जाता है।''[2]

अज्ञेय की कविता आधुनिक भाव बोध की कविता है। आधुनिक काल में विज्ञान के विकास के साथ भौतिक विकास तेजी से होता है। नगरीकरण और औद्योगीकरण आधुनिक काल की महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं। आधुनिक भौतिक विकास ने मानव-पर्यावरण और प्रकृति को क्षति पहुँचाने का भी काम किया है।

''पहाड़ियों से घिरी हुई इस छोटी सी घाटी में
ये मुँहझौंसी चिमनियाँ बराबर
धुआँ उगलती जाती हैं।
*** * ***
उद्यम की कड़ी कड़ी में बँधते जाते मुक्तिकाम
मानव की आशाएँ ही पल-पल
उसको छलती जाती हैं।''[3]

---

* एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, का0हि0वि0वि0, वाराणसी

ध्यातव्य है कि यह कविता अज्ञेय ने जापान प्रवास के दौरान जापान में ही लिखी थी। जापान औद्योगिक विकास में तेजी से बढ़ रहा था। अज्ञेय उसके दुष्प्रभावों को देख रहे थे। यह जापान और भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के हर विकसित या विकसित हो रहे देश पर लागू होती है।

आधुनिक भावबोध का अनिवार्य लक्षण है बौद्धिकता। आधुनिक काल का कवि हृदयगत अनुभूति की जगह बौद्धिकता को महत्व देता है। बौद्धिक दृष्टिकोण के चलते आधुनिक कवि ने अनेक परम्परागत मान्यताओं और मूल्यों के प्रति सन्देह भी व्यक्त किया और उसका विरोध भी किया। बौद्धिकता के कारण संशय का स्वर उपजता है-

क्या करूँ आराधन उस देवता की

जो कि मुझको सिद्धि तो क्या दे सकेगा

जो कि मैं ही स्वयं हूँ।

ऐसा नहीं है कि आधुनिक कवि अनुभूति को नकारता है। असल में वह आयातित अनुभूति की जगह अनुभूति की प्रामाणिकता पर जोर देता है-

''अच्छे

अनुभव की मुट्ठी में तपे हुए कण दो कण

अंतर्दृष्टि के

झूठे नुस्खे, वादे, रूढ़ि, उपलब्धि पराई के प्रकाश से।''[4]

आधुनिक युग के कवि को एक नहीं दो-दो विश्व युद्ध देखने को मिले। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने मानव-जीवन के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया था। विज्ञान के फलस्वरूप परमाणु बम के आविष्कार ने मनुष्य की गर्वोक्ति को बढ़ाया, उससे ज्यादा और जल्दी ही अपनी लघुता का अहसास कराया। प्रकृति पर विजय की घोषणा करने वाला मनुष्य अचानक स्वयं को परिस्थितियों, राजनीति और नियति का दास समझने लगा। यह अनायास नहीं है कि द्वितीय विश्व युद्ध के आस-पास समूचे विश्व के कवि प्रायः एक जैसी मानसिकता वाली कविताएँ लिख रहे थे। आशा की जगह निराशा, हताशा, कुण्ठा, अवसाद, पीड़ा और मोहभंग ने मनुष्य को जकड़ लिया।

उपरोक्त परिस्थिति ने मनुष्य को लघुता का एहसास कराया। काव्य में इसकी परिणति लघुमानव के रूप में हुई। कवि जीवन के हर क्षण को जी लेना चाहता है क्योंकि जीवन का क्या ठिकाना? इस मानसिकता से क्षणबोध विकसित हुआ-

''आज के इस विवक्त अद्वितीय क्षण को

पूरा हम जी लें, पी लें, आत्मसात कर लें।''[5]

दुःखबोध आधुनिक मनुष्य की भयावह सच्चाई है। टूटते मानवीय मूल्य, बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों ने मनुष्य में अवसाद पैदा किया। चिन्तनधर्मी कवि इस अवसाद से ही जीवन-दर्शन ग्रहण करता है-

''दुःख सबको माजता है

और

चाहे स्वयं सबको मुक्ति देना वह न जाने, किन्तु

जिनको मांजता है

उन्हें यह सीख देता है कि सबको मुक्त रखें।''[6]

दुःख की यह सीख समूची मानवता के लिए कल्याणपरक है। आधुनिक सभ्यता में पल-बढ़ रहे मनुष्य में दिनोंदिन जहर घुलता जा रहा है। वह मानवीयता, दया, परोपकार, भाईचारे को भूलकर स्वार्थ की अंधी दौड़ में भागे जा रहा है। अज्ञेय ने आधुनिक नगरीय सभ्यता के मनुष्य पर व्यंग्य करते हुए लिखा-

''साँप तुम सभ्य तो हुए नहीं

नगर में बसना

भी तुम्हें नहीं आया।

एक बात पूछूँ (उत्तर दोगे?)

तब कैसे सीखा डसना

विष कहाँ से पाया?''[7]

आधुनिक सभ्यता में भौतिक विकास ने मनुष्य को कितना संवेदनहीन बना दिया, इसकी मार्मिक अभिव्यक्ति होती है अज्ञेय की कविता 'सोन मछली' में। बनावट की दृष्टि से यह कविता जापानी हाइकू कविता जैसी है। उल्लेखनीय है कि अज्ञेय जापान प्रवास के दौरान (अप्रैल 1957 से जनवरी 1958) तक जापानी संस्कृति से गहरे रूप में प्रभावित हुए थे। 1959 में प्रकाशित उनके संग्रह 'अरी ओ करुणा प्रभामय' में यह प्रभाव लक्षित किया जा सकता है। 'हिरोशिमा' कविता इसका स्पष्ट प्रमाण है। 'सोन मछली', 'साम्राज्ञी का नैवेद्य दान', 'औद्योगिक बस्ती' आदि कविताओं में भी इसे देखा जा सकता है। जापानी हाइकू कविता की तर्ज पर अज्ञेय ने हिन्दी में अनेक कविताएँ लिखीं।

यह आधुनिक युग के मनुष्य की विडम्बना है कि हम प्राकृतिक सौन्दर्य की उन्मुक्तता को भी कैद करके देखना चाहते हैं। हम अपने सौन्दर्य बोध के लिए प्राकृतिक उन्मुक्तता का दोहन कर रहे हैं-

''हम निहारते रूप

काँच के पीछे

हॉफ रही है मछली

रूप तृषा भी (और काँच के पीछे)

है जिजीविषा''[8]

यह आधुनिक मनुष्य के शौक पर व्यंग्य ही नहीं बल्कि कुठाराघात है। हम अपने सौन्दर्य-सुख के लिए मछली के जीवन (प्राकृतिक उन्मुक्तता) को काँच की दीवारों के पीछे कैद कर देते हैं। हम- वह आधुनिक मनुष्य जो किसी भी हद तक जाकर अपनी स्वतन्त्रता (या स्वच्छन्दता) को पाना चाहता है। क्या यह विडम्बना नहीं कि अपनी स्वतन्त्रता की चाह रखने वाले ही प्राकृतिक स्वतन्त्रता की खुलेआम खिल्ली उड़ा रहे हैं, महज अपने शौक को पूरा करने के लिए। यह छोटी सी कविता समूचे आधुनिक चिन्तन और जीवन-शैली पर मार्मिक ढंग से सवाल खड़ा कर सोचने के लिए बाध्य करती है।

अज्ञेय की कविता पर मार्क्सवाद का भी प्रभाव है। वह शोषितों के प्रति सहानुभूति रखते हुए शोषकों के प्रति घृणा का भाव रखते हैं और शोषण का विरोध करते हैं-

''हरे भरे हैं खेत

मगर खलिहान नहीं

बहुत महतो का मान

मगर दो मुट्ठी धान नहीं

भरी हैं आँखें

पेट नहीं

भरे हैं बनिये के कागज, टेंट नहीं''[9]

और

''बह चुकी बहकी हवायें चैत की

कट गईं पूलें हमारे खेत की,

कोठरी में लौ बढ़ाकर दीप की,

गिन रहा होगा महाजन सैंत की।''[10]

अज्ञेय की कविता में व्यष्टि और समष्टि का द्वन्द्व चरम पर है। असल में यह द्वन्द्व आधुनिक युग का द्वन्द्व है। आधुनिक विकास प्रक्रिया ने मनुष्य को व्यक्तिवादी बनाया जबकि पारम्परिक रूप से वह सामाजिक जीवन जी रहा था। अज्ञेय पर तमाम आरोप लगाये हैं लेकिन उनकी कविता 'यह दीपक अकेला' और 'नदी के द्वीप' का ठीक से विश्लेषण करें तो पता चलता है कि अज्ञेय वैयक्तिकता के तरफदार हैं लेकिन समाज के विरोधी नहीं हैं। असल में वे वैयक्तिकता का पूर्ण विकास चाहते हैं। इसके बाद उसे समाज हित में लगाना चाहते हैं। यह जरूरी भी है क्योंकि वैयक्तिक विकास के अभाव में हम समाज की जरूरी सेवा नहीं कर सकते। अज्ञेय की कविता 'नदी के द्वीप' का द्वीप जहाँ व्यक्तिवादिता का प्रतीक है, वहीं यह भी कहता है-

''किन्तु हम हैं द्वीप। हम धारा नहीं हैं

स्थिर समर्पण है हमारा। हम सदा से द्वीप हैं स्रोतस्विनी के।

कितु हम बहते नहीं क्योंकि बहना रेत होना है।

हम बहेंगे तो रहेंगे ही नहीं।

*** * ***

नदी तुम बहती चलो

*** * ***

यदि ऐसा कभी हो,

तुम्हारे आह्लाद से या दूसरों के किसी स्वैराचार से अतिचार से

तुम बढ़ो प्लावन तुम्हारा घरघराना उठे

तो हमें स्वीकार है वह भी। उसी में रेत होकर

फिर छनेंगे हम/जमेंगे हम/कहीं फिर पैर टकेंगे।

कहीं फिर भी खड़ा होगा नये व्यक्तित्व का आकार।

मातः उसे फिर से संस्कार तुम देना''[11]

इसी तरह 'यह दीप अकेला' कविता का दीप व्यष्टि का प्रतीक है लेकिन समष्टि (पंक्ति) के लिए अज्ञेय 'दीप' का समर्पण कर देते हैं। अज्ञेय पर व्यक्तिवादी होने का आरोप लगाने वालों को यह कविता स्वयं जवाब दे देती है-

''यह दीप अकेला स्नेह भरा

है गर्व भरा मदमाता, पर

इसको भी पंक्ति को दे दो।''[12]

अज्ञेय ने 'असाध्य वीणा' जैसी लम्बी कविता लिखी। इसमें रचना प्रक्रिया की सफलता के लिए सम्पूर्ण समर्पण की बात कही गई है। असाध्य कार्य भी सध जाता है यदि साधक साध्य कर्म के प्रति अपने आपको पूरी तरह तल्लीन और समर्पित कर दे। हाइकू जैसी छोटी कविता में जीवन के किसी छोटे, क्षण अनुभव या घटना के माध्यम से बड़ा जीवन दर्शन या बड़ी समस्या प्रस्तुत करने में अज्ञेय माहिर हैं। एक उदाहरण देखिए-

''उड़ गई चिड़िया

काँपी, फिर

थिर

हो गयी पत्ती''[13]

यह कविता परम्परा और परिवर्तन के बीच विकास या जीवन गति को रेखांकित करती है। अज्ञेय की खूबी यह है कि विषय चाहे

जो हो, उसके बीच से वे कोई न कोई जीवन दर्शन खोज लेते हैं या गढ़ लेते हैं।

जापान की एक घटना है। जापान की साम्राज्ञी कोमियो नारा (जापान की प्राचीन राजधानी) के प्रसिद्ध मन्दिर अमिदाजी जाते समय इस असमंजस में पड़ गईं कि महाबुद्ध को क्या दान करें? वे खाली हाथ ही महाबुद्ध के पास गईं। इसे अज्ञेय ने अहिंसा के जीवन-दर्शन से जोड़ दिया-

''हे महाबुद्ध/मैं मन्दिर में आई हूँ/रीते हाथ

फूल मैं ला न सकी/औरों का संग्रह

तेरे योग्य न होता...

जो कली खिलेगी जहाँ, खिली/जो फूल जहाँ हैं

जो भी सुख/जिस भी डाली पर

हुआ पल्लवित, पुलकित/मैं उसे वहीं पर

अक्षत, अनाघ्रात, अस्पृष्ट, अनाविल

अर्पित करती हूँ तुझे।

हे विगतागत के वर्तमान पद्मकोश

हे महाबुद्ध!''[14]

यह जापान की साम्राज्ञी की भावना थी या नहीं, निश्चित नहीं लेकिन उनके असमंजस को कवि चिन्तक अज्ञेय ने बड़ी बारीकी से उस जीवन सत्य और मानव सत्य से जोड़ दिया जो सिर्फ भारत का नहीं, जापान का नहीं बल्कि विश्व मानव का सत्य हो सकता है, बल्कि होना चाहिए। यह अहिंसा महाबुद्ध के माध्यम से, साम्राज्ञी के असमंजस से, भारतीय कवि के चिन्तन से क्या आज भी विश्व की समूची मानवता को सन्देश देने के लिए प्रासंगिक नहीं है?

सन्दर्भ-ग्रन्थ

1. तारसप्तक, अज्ञेय (सम्पादक), भारतीय ज्ञानपीठ, 1998, पृ. 1
2. सन्नाटे का छन्द, अज्ञेय, सम्पादक : अशोक वाजपेयी, वाणी प्रकाशन, 2012, पृ. 48-49
3. हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ. नगेन्द्र, मयूर पेपरबैक, 1995, पृ. 634
4. काव्य निधि, डॉ. विश्वनाथ प्रसाद (सम्पादक), संजय बुक सेण्टर, 1992, पृ. 93
5. वही, पृ. 93
6. हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ. नगेन्द्र, पृ. 628
7. काव्य निधि, डॉ. विश्वनाथ प्रसाद, पृ. 95
8. सन्नाटे का छन्द, अज्ञेय, पृ. 87
9. वही, पृ. 83-84
10. हिन्दी साहित्य का इतिहास, डॉ. नगेन्द्र, पृ. 635
11. सन्नाटे का छन्द, अज्ञेय, पृ. 50-51
12. वही, पृ. 61
13. वही, पृ. 97
14. वही, पृ. 89

●

संस्कृत वाङ्मय में चम्पू काव्यों की परम्परा

निशा देवी[*] एवम् डॉ0 ठाकुर शिवलोचन शाण्डिल्य[**]

चम्पू काव्य का एक भेद है। काव्य दो प्रकार का होता है- दृश्य और श्रव्य। दृश्य काव्य में रूपक (नाटक), उपरूपक (नाटिका) के अन्तर्गत कई भेद होते है। श्रव्यकाव्य तीन प्रकार का होता है- गद्य, पद्य और मिश्र। इसमें मिश्र काव्य को ही चम्पू काव्य की संज्ञा दी जाती है। यह चम्पू शब्द गत्यर्थक चुरादि गण के 'चपि' धातु से बना है। 'चपि' धातु में 'उ' प्रत्यय लगाकर 'चम्पयति' 'चम्पति'- इस प्रकार व्युत्पत्ति की गई है। पाणिनि सूत्र 'इदितौनुम् से नुम् होकर चम्प्+ऊ 'चम्पू' शब्द बना है। 'चम्पू' शब्द गत्यर्थक है। हरिदास भट्टाचार्य ने चम्पू शब्द की व्युत्पति इस प्रकार की है- ''चमत्कृत्य पुनाति सहृदयान् विस्मितीकृत्य प्रसादयतीति चम्पूरिति'' (सहृदयों को चमत्कृत करके पवित्र करने वाला तथा विस्मित करके प्रसन्न करने वाला काव्य चम्पू है।) इस प्रकार देखते हैं कि गतिशीलता बनी रहने के कारण ही यह काव्य चम्पू काव्य कहा गया।

चम्पू काव्य के लक्षण- इस चम्पू काव्य का लक्षण आचार्यों ने गद्य पद्य का मिश्रण बतलाया है। सबसे पहले सप्तम् शतक में आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में लिखा है कि गद्यपद्यमयी कोई रचना चम्पू कहलाती है-

''गद्यपद्यमयी काचिच्चम्पूरित्यभिधीयते''[1]

आगे चलकर हेमचन्द्र ने अपने काव्यानुशासन में चम्पूकाव्य का लक्षण लिखा है-

''गद्यपद्यमयी सांका सोच्छ्वासा चम्पूः।''[2]

अर्थात् अंक और उच्छ्वास से युक्त गद्यपद्यमयी रचना चम्पू कहलाती है।

साहित्य दर्पणकार विश्वनाथ कविराज ने चम्पूकाव्य का लक्षण इस प्रकार किया है- **''गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते।''**[3]

अर्थात् गद्यपद्यमय काव्य चम्पू कहलाता है।

चम्पू काव्यों की परम्परा

चम्पू काव्य का आरम्भ- श्रव्य काव्य के गद्य-पद्य मिश्रित शैली में रचना का आरम्भ वैदिक काल से ही हो चुका था। कृष्णयजुर्वेद की तैत्तरीय, मैत्रायणी तथा कठ संहिताओं में इस शैली का स्पष्टतया प्रयोग किया गया है।

ब्राह्मण ग्रन्थ के उपाख्यानों में भी यह शैली स्पष्टतया दृष्टिगोचर होती है। इस शैली का उत्कृष्ट उदाहरण ऐतरेय ब्राह्मण के हरिश्चन्द्रोपाख्यान में मिलता है- **''हरिश्चन्द्रो ह वैधस, ऐक्ष्वाको राजाऽपुत्र आस। अस्य ह शतं जाया बभुवुः।**

तासु पुत्रं न लेभे। तस्य ह पर्वतनारदौ गृह उषतुः। स ह नारदं पप्रच्छ इति।''[4]

इस उपाख्यान को भिन्न-भिन्न प्रकार की कथाओं एवं काव्यों में अपनाई गई जिसे मिश्रित शैली का प्राचीनम् रूप ही कहा जा सकता है। इसमें जिस विशेषताओं की ओर संकेत किया गया है वे सभी विशेषताएँ चम्पू काव्यों में उपलब्ध होती है।

ब्राह्मण ग्रन्थों के समान ही कठ,प्रश्न, मुण्डक आदि उपनिषदों में भी यह शैली दिखलाई पड़ती है। यज्ञोपाख्यानरूप केनोपनिषत् के प्रथम खण्ड का गद्यात्मक तृतीय मन्त्र अपना एक अलग महत्त्व रखता है। जो साररूप में इस प्रकार है-

''न तत्र चक्षुर्गच्छति न वागच्छति नो मन्त्रो नो विद्यो न विसानिमोः .....।''[5]

पद्य में इसी का विस्तार प्रस्तुत किया गया है, जैसे -

यद्वाचानभ्युदितं येन वागभ्युद्यते।

तदेव ब्रह्मा एवं विद्धि नेदं यदिदमुपासते।।[6]

इसी प्रकार कठोपनिषद् में भी कथावस्तु को गद्य पद्यरूप में प्रस्तुत किया गया है। इसमें यमनचिकेतोपाख्यान का प्रारम्भ गद्य से होता है-

ऊँ उशन् ह वै वाजश्रव सः सर्ववेदसं ददौ। तस्य ह नचिकेता नाम पुत्र आस। तं ह कुमारं सन्तं दक्षिणासु श्रद्धाददविशेश सोऽमन्यत।।1।।1।1-2।[7]

पीतोदका जग्धतृणा दुग्धदोहाः निरिन्द्रियाः।

अनन्दा नाम ते लोकास्तान् स गच्छति तादृत्। 1।1।3[8]

स होवाच पितरं तत् कस्मै मां दास्यसि इति।

द्वितीयं तृतीयं तं होवाच मृत्यवे त्वा ददामिति।। 1।1।4[9]

---

* शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

कठोपनिषद् का प्रबन्ध शैली में किया गया उपर्युक्त आरम्भ कथावतार या कथा की भूमिका के रूप में है इस प्रकार के कथा की प्रवृत्ति पौराणिक चम्पूकाव्यों में भी दृष्टिगोचर होती है। मुख्य कथा का प्रारम्भ नचिकेता के अर्न्तद्वन्द्व से होता है-

बहुनामेमि प्रथमो बहुनामेमि मध्यमः।

किं स्विद्यमस्य कर्तव्यं यन्मयाऽद्य करिष्यति॥ 1।1।5[10]

वेदाङ्ग काल में ग्रन्थों का प्रणयन सूत्र शैली में किया जाने लगा। ये सूत्र यद्यपि गद्य में ही लिखे गये, किन्तु उनका स्वरूप संक्षिप्त हो गया। सूत्रशैली के बाद स्पष्टतः जातक ग्रन्थों में मिश्र शैली मनोहर रूप में दिखाई पड़ती है। प्रथम शताब्दी में निबद्ध जातक कथायें उस युग की मिश्र शैली मनोहर रूप में दिखाई पड़ती है। प्रथम शताब्दी में निबद्ध जातक कथायें उय युग की मिश्र शैली की एकमात्र प्रबन्धात्मक स्वरूप प्रस्तुत करती है।

प्रथम या द्वितीय शताब्दी में विरचित 'अवदानशतक' भी मिश्रशैली में ही निबद्ध है। आर्यसूर के 'जातकमाला' की रचना-शैली भी मिश्र ही है। वर्ण्य विषय की दृष्टि से जातक कथायें भले ही प्राचीन हो, किन्तु संस्कृत की मिश्र शैली में रचित ये रचनाएँ गद्य और पद्य को समान रूप से वर्णन का मुख्य आधार बनाकर दोनों के प्रौढ़ एवं कवित्वपूर्ण रूप को दर्शाते हुए भविष्य में निबद्ध की जाने वाली मिश्र शैली की कृतियों के लिए पथप्रदर्शिका सिद्ध होती है।

(ख) चम्पूकाव्यों का उत्कर्ष

चम्पूकाव्यों के बीज यत्र-तत्र वैदिक संहिताओं में मिलते है, परन्तु उपलब्ध चम्पू साहित्य की परम्परा ईसवी सन् के दशम शतक से आरम्भ होती दिखलाई पड़ती हैं बाण और सुबन्धु के बाद दो सौ वर्षों तक उनकी गद्य शैली का लेखन बन्द सा रहा। उस गद्य शैली को पुनरूज्जीवित करने का श्रेय चम्पूकारों को ही प्राप्त है। दशम शती में त्रिविक्रमभट्ट ने 'नलचम्पू' रचना की तथा जैन चम्पूकार सोमदेव और हरिश्चन्द्र ने यथाक्रम 'यशस्तिलकचम्पू' और 'जीवन्धरचम्पू' की रचना करके उस गद्य लेखन शैली को पुररूज्जीवित किया। एकादश शतक में अनन्तभट्ट ने 'चम्पूभारत' की तथा भोजराज ने चम्पूरामायण की रचना करके उस गद्य शैली को आगे बढ़ाया। आगे बारहवीं शती के उत्तरार्द्ध में सोमेश्वर ने 'कीर्तिकौमुदी' के नाम से चम्पूकाव्य की रचना की। चौदहवीं शती में 'चौलचम्पू' की रचना कवि विरूपाक्ष ने की और पन्द्रहवीं शती में रघुनाथ दास द्वारा रचित 'मुक्ताचरित' नामक चम्पूकाव्य की रचना हुई। सोलहवीं शती में चम्पूकाव्यों की रचना अधिक हुई। इस काल में नारायणभट्टतिरी नामक एक कवि ने 21 चम्पूकाव्यों की रचना की। इसी शती में एक स्त्री कवि तिरूमलाम्बा ने वरदाम्बिकापरिणयचम्पू की रचना की। सोलहवीं शतीं चम्पूकाव्यों के विषय-विस्तार के लिए क्रान्ति का समय था। इसलिए इस काल को चम्पूकाव्यों का स्वर्ण-युग माना जा सकता है। लगभग 200 चम्पूकाव्य इसी काल में लिखे गये है। अठारहवीं और उन्नीसवीं शती में भी चम्पूलेखन का उत्साह कम नहीं पाया जाता है। इस शती में दर्शन शास्त्र को आधार बनाकर विद्वान लोग चम्पू काव्यों की रचना करने लगे थे। चिरंजीव भट्टाचार्य कृत 'विद्वन्मोदतरंगिणी' चम्पूकाव्य तो पूरा दर्शन शास्त्र ही है।

बीसीवीं शती में भी चम्पूकाव्य की परम्परा अक्षुण्ण पाई गई। इस शती में दो विदुषी स्त्री लेखिकायें भी चम्पूकाव्य के लेखन-क्षेत्र में दिखलाई देती है, जिनके नाम है- रमाबाई और ज्ञानसुन्दरी। रमाबाई ने 'लक्ष्मीश्वरचम्पू' की रचना की तथा ज्ञानसुन्दरी ने 'श्रीहालास्यचम्पूप्रबन्ध' की रचना की।

इस प्रकार हम उपलब्ध चम्पू की परम्परा को एक सहस्त्र वर्ष पुरानी पाते है, जो अबाध गति से आज तक चली आ रही है।

(ग) चम्पूकाव्यों का मूल स्त्रोत

संस्कृत वाङ्मय में गद्य-पद्य का समिश्रण प्राचीन काल से ही पाया जाता है। चम्पू काव्य के मूल स्त्रोत रामायण, महाभारत, भागवतपुराण आदि रहे हैं। इनमें से रामायण और महाभारत पर आधारित चम्पूकाव्यों में से कुछ तो उनकी समग्र कथा का स्पर्श करते है, कुछ उपाख्यानों पर आधारित हैं, कुछ पात्र विशेष के चरित्र को प्रस्तुत करते है। इनके अतिरिक्त कुछ दार्शनिक दृष्टिकोण पर आधारित हैं तो कुछ किंवदन्तियों अथवा काल्पनिक कथाओं पर निर्भर हैं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि चम्पूकाव्यों के मूल स्त्रोत के आधार पर उपलब्ध चम्पूकाव्यों का निम्न प्रकार वर्गीकरण किया जा सकता है-

रामायणाश्रित चम्पू

रामायण के आधार पर लगभग 36 चम्पूओं की रचना उपलब्ध हैं। इन सभी चम्पूओं में सर्वविश्रुत रामायणचम्पू भोजराज की लेखनी से प्रसूत है। उनका समय ग्याहरवीं शती का मध्य भाग है। 'रामायणचम्पू' का आधार महर्षि वाल्मीकि रामायण है। 'रामायण-चम्पू' किष्किन्धा काण्ड तक ही रचा गया था किन्तु पिछले काल के अनेक कवियों ने युद्धकाण्ड की पूर्ति कर चम्पू को सम्पूर्ण किया।

महाभारत पर आधारित

महाभारत का कथानक अत्यन्त विस्तृत है इसके कथानक पर आधारित प्रकाशित एवं अप्रकाशित चम्पूओं की संख्या 27 है। इसमें से कुछ ही पूरी कथा स्पर्श कर पाते हैं। किसी विशिष्ट कथानक तथा उपाख्यानों पर आधारित चम्पूओं की संख्या अधिक हैं।

श्रीमद्भागवत पर आधारित

भगवान श्रीकृष्ण की सरस, लौकिक एवं अलौकिक लीलायें अनेक लेखकों का सदैव से आकर्षण का कारण रही हैं। अतः भागवत पर आधारित चम्पूओं की संख्या 45 है।

शिवपुराण पर आधारित

शिवपुराण पर आधारित चम्पू ग्रन्थों की संख्या 18 है, जिनमें 'नीलकण्ठ दीक्षित' के 'नीलकण्ठविषयचम्पू' की ख्याति अखिल भारतीयता से मण्डित है। इस चम्पू में वर्णित समुद्र मंथन की कथा शिवपुराण का नितान्त लोकप्रिय आख्यान रहा है।

अन्य पुराणों पर आधारित

पौराणिक आख्यानों पर रचित चम्पू ग्रन्थों की संख्या लगभग 28 हैं। इनमें प्रह्लाद के चरित पर आधारित सूर्यकवि प्रणीत 'नृसिंहचम्पू', भागवत कथा पर नारायणभट्ट रचित ''मत्स्यावतार प्रबन्ध'' महाभारत की कथा पर ''राजसूय प्रबन्ध'' ''पा÷चाली स्वयंवर'' अग्नि की पत्नी स्वाहा एवं चन्द्रमा के प्रणय के वर्णन पर आधारित 'स्वाहासुधाकरचम्पू' आदि है।

जैन पुराणों पर आधारित

जैन पुराणों पर आधारित चम्पूओं की संख्या 6 है। इसमें 'यशस्तिलकचम्पू' एक प्रौढ़ ग्रन्थ माना जाता है। इस वृहद् जैन चम्पू काव्य के प्रणेता सोमदेवसूरि अपने पाण्डित्य तथा शास्त्रीय विद्वता के कारण विद्वद्गोष्ठी में अप्रतिम माने जाते थे। इस ग्रन्थ में इन्होंने उस युग की धार्मिक और दार्शनिक प्रवृत्तियों का बड़ा ही रोचक वर्णन प्रस्तुत किया हैं। 'नीतिवाक्यमत' उनकी दूसरी सूत्रात्मकरचना है। जैन पुराणों पर आधारित अन्य रचनाओं में हरिश्चन्द्र प्रणीत 'जीवन्धरचम्पू' है।

ऐतिहासिक एवं सामान्य व्यक्तियों के चरित्र पर आधारित

ऐतिहासिक एवं सामन्य व्यक्तियों के चरित्र पर आधारित चम्पू ग्रन्थ 48 है। भारतीय इतिहास के मध्ययुग से सम्बद्ध अनेक चम्पूओं की सत्ता है, जिनमें दो प्रमुख है- 'वरदाम्बिकापरिणयचम्पू' तथा ''आनन्दरंगविजयचम्पू''। 'वरदाम्बिकापरिणयचम्पू' की लेखिका तिरूमलाम्बा दक्षिण के विजयनगर के सम्राट अच्युतराय की पट्टमहिषी थी, जिन्होंने अपने पतिदेव की वरदाम्बिका नामक सुन्दरी से प्रणय की कथा का वर्णन किया है। यह चम्पू स्तवकों में विभक्त न होकर एक ही प्रकरण वाला रूचिर ग्रन्थ है।

तीर्थ-यात्राओं पर आधारित चम्पू

इनकी संख्या तीन है इनमें प्रमुख हैं- समरपुंगव दीक्षित का यात्रा- प्रबन्ध। प्रस्तुत ग्रन्थ में कवि ने अपने भ्राता की तीर्थ-यात्रा का विस्तार से वर्णन किया है। इसमें उत्तर भारत में तीर्थों की अपेक्षा दक्षिण भारत के तीर्थों का विस्तार से वर्णन है।

स्थानीय देवताओं के चरित्र एवं महोत्सवों पर आधारित चम्पू

इनकी संख्या 25 है। अहोबलसूरि रचित 'विरूपाक्षमहोत्सवचम्पू' में उस समय के विशाल धार्मिक महोत्सव का जीता जागता मोहनीय वर्णन है।

वरदाभ्युदयचम्पू

वेंकटाध्वरी प्रणीत इस चम्पू में लक्ष्मी और नारायण के विवाह का वर्णन है।

अष्टमीमहोत्सवचम्पू

यह नारायण भट्ट की रचना है, इसमें अष्टमी महोत्सव का वर्णन है।

गोपाल चम्पू

यह जीवगोस्वामी (17वीं शती) कृत चम्पू है, इसमें भगवान श्रीकृष्ण की समग्र लीलाओं का वर्णन है।

आनन्दकन्द चम्पू

मित्रमिश्र कृत इस चम्पू में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन है।

दार्शनिक दृष्टिकोण पर आधारित

दार्शनिक दृष्टिकोण पर आधारित चम्पूओं की संख्या दो है जो द्वैत, अद्वैत व जैन दर्शन पर आधारित है। इस परम्परा में चिरंजीवभट्टाचार्य की विद्वन्मोदतरंगिणी है।

किंवदन्तियों एवं काल्पनिक कथाओं पर आधारित चम्पू-

किंवदन्तियों एवं काल्पनिक कथाओं पर आधारित 5 चम्पू हैं। जिसमें बाणेश्वरविद्यालंकार रचित 'चैत्रचम्पू', चिरञ्जीवभट्टाचार्य रचित 'माधवचम्पू' आदि प्रमुख है।

इस प्रकार हम देखते है कि गद्य-पद्य मिश्रित शैली की परम्परा वेदों से प्रारम्भ होकर ब्राह्मण ग्रन्थों, उपनिषदों आदि में प्रयुक्त होती हुई पौराणिक जीवन्धर आदि चम्पूकाव्यों तक चली आयी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. काव्यादर्श, 1।31
2. काव्यानुशासन
3. साहित्य दर्पण। 7।336
4. ऐतरेय ब्राह्मण। हरिश्चन्द्रोपाख्यान
5. केनोपनिषत। प्रथम खण्ड। तृतीय मन्त्र
6. केनोपनिषत्।
7. कठोपनिषद्। यमनचिकेतोपाख्यान
8. कठोपनिषद्।1।1।3
9. कठोपनिषद्।1।1।4
10. कठोपनिषद्, 1।1।5

आहार शुद्धौ सत्वशुद्धि

शनि शुक्ल,[*] अमित कुमार[*] एवम् डॉ0 नरेन्द्र शंकर त्रिपाठी[**]

आहार जीवन का आधार है। प्रत्येक प्राणी के जीवन के लिए आहार आवश्यक है। अत्यंत सूक्ष्म जीवाणु से लेकर बृहत्काय जंतुओं, मनुष्यों, वृक्षों तथा अन्य वनस्पतियों को जीवन-यापन के लिये आहार ग्रहण करना पड़ता है। आहार या भोजन के तीन उद्देश्य हैंः (1) शरीर को अथवा उसके प्रत्येक अंग को क्रिया करने की शक्ति देना, (2) दैनिक क्रियाओं में ऊतकों के टूटने फूटने से नष्ट होने वाली कोशिकाओं का पुनर्निम्रण और (3) शरीर को रोगों से अपनी रक्षा करने की शक्ति देना। अतएव स्वास्थ्य के लिए वही आहार उपयुक्त है जो इन तीनों उद्देश्यों को पूरा करें।

''आहार शुद्धो, सत्व शुद्धिः सत्व शुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः''[1]

छांदोग्य उपनिषद् में वर्णित मंत्र का तात्पर्य यह है कि आहार की शुद्धि के द्वारा अन्तःकरण एवं बाह्यकरण की शुद्धि सहजतया की जा सकती है तथा करण शुद्ध होने पर विवेक बुद्धि ठीक काम करती है।

व्युत्पत्ति एवं पर्याय

आहार शब्द स्वयम् में व्यापक अर्थ को धारण करने वाला है। संस्कृत साहित्य में 'आहार' शब्द की अनेक व्युत्पत्ति तथा उसके अनेक पर्यायों का वर्णन प्राप्त होता है-

1. **पाणिनि :**पाणिनि के अनुसार 'आङ्' उपसर्गक 'हृ हरणे' धातु में घय् प्रत्यय लगाने से 'आहार' शब्द निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है भोजन करना।

2. **शब्द कल्पद्रुम :** ('आङ्' + हृ + घय्)

3. **अमर कोश :** अमर कोश के रचयिता ने निम्न शब्दों का उल्लेख आहार के संदर्भ में किया है। जग्धि, भोजन, जेमन, लेपः, निघषः, न्यादः।

4. **हलायुध कोश :** जग्धि, जेमन, न्यादः निघषः, प्रत्यवसानँ, भक्षणम्, आदि पर्यायो का वर्णन हलायुध कोश में प्राप्त होता है।

''आहियते शरीरमनेनेति आहारः'' अर्थात् जिसका ग्रहण किया जा सके ही आहार है, ''आहियते गलाद् अधोनिधते इत्याहारः।

शंकराचार्य द्वारा कृत उपनिषदिक भाष्य में आचार्य शंकर ने भोक्ता के द्वारा भोग्य शब्दादि को भी आहार शब्द का द्योतक स्वीकार किया है।

लोक व्यवहार में आहार शब्द भोजन मात्र को इंगित करता है, अतः यहाँ आहार शब्द के लोक व्यवहार अर्थ, अर्थात् भोजन रूपी अर्थ को ग्रहण कर चर्चा की जा रही है।

योग एवं आयुर्वेद शास्त्रों में आहार को विशेष रूप से वर्णित किया गया है।

योग

अभक्षस्य निव्रित्या तु विशुद्धम् हृदयम् भवेत्।

आहारशुद्धोचित्तस्य त्रिशुद्धिर्भवति स्वतः।[2]

अर्थात् अभक्ष्य आहार के परिहार द्वारा अन्तःकरण (चित्त) की शुद्धि होती है, अतः आहार शुद्धि का विशेष महत्व है। आहार की शुद्धि होने पर चित्त स्वयम् ही शुद्ध हो जाता है।

योग शास्त्र में आहार अत्याहार एवं मिताहार द्विविध आहारो कि चर्चा की गयी है।

अत्याहार; प्रजल्पः च प्रयासो नियमग्रहः।

जनसंगः च लौल्यम् च षड्भिर्योगो विनश्यति।।[3]

(अति+आहार) अर्थात् योग सफलता के मूल बाधक के रूप में प्रथम अत्याहार को बताया गया है, अत्याहार का तत्पर्य आवश्यक से अधिक भोजन ग्रहण से है, तथा अधिक भोजन का ग्रहण योग सिद्धि में बाधक है।

मिताहारम् बिना यस्तु योगारम्भम् तु कारयेत्।

नानारोगो भवेत्तस्य किंचिद्योगो न सिद्धयति।।[4]

मिताहार के बिना जो योगाभ्यास किया जाता है उससे व्यक्ति के शरीर में विविध प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं, इसके अतिरिक्त साधक को योग सिद्धि भी प्राप्त नहीं होती। स्वामी स्वात्माराम ने योग साधनोपयोगि मिताहार को परिभाषित करते हुए लिखा है-

सुस्निग्धमधुराहारश्चतुर्थांशविवर्जितः।

भुज्यते शिवसम्प्रीत्यै मिताहारः स उच्यते।।[5]

स्निग्ध अर्थात् घृत आदि से युक्त मधुर तथा कटु कषाय लवण आदि से आयुक्त तथा भोजन जो उदर के चौथाई भाग को खाली रखते हुए लिया जाता है तो उसे मिताहार कहते हैं।

* शोध छात्र, क्रियाशारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, (आई0एम0एस0), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** असिस्टेंट प्रोफेसर (स्टेज-3), क्रियाशारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, (आई0एम0एस0), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

अन्नेन पूरयेदर्ध तोयेन तु त्रितियकम्।

उदरस्य तुरीयांस संरक्षेद्वायुचारणे।।[6]

उदर के अर्ध भाग को भोज्य पदार्थ तथा अग्रिम भाग को जल के द्वारा परिपूर्ण करना चाहिए तथा अंतिम भाग को वायु संचरन के लिये रिक्त छोड़ देना चाहिए।

पुनः आहार को अपथ्य तथा पथ्य द्विविध रूप में ग्रहण किया गया है।

योग में अपथ्य

कट्वम्लतीक्ष्णलवणोष्णहरीतशाकम्, सौवीरतैलतिलसर्षपमद्यमपत्स्यान्।

आजादिमासदधितक्रकुलत्थकोलपिण्याकहिंगुलशुनाद्यमपथ्यमाहुः।।[7]

जो लोग योग साधना में शीघ्र सफलता चाहते हैं उन्हें निम्नलिखित पदार्थों का त्याग कर देना चाहिये- कड़वा, खट्टा, तीखा, नमक, दाहक पदार्थ हरे शाक कांजी या वेर तेल तिल सरसों और राई मद्य मछली मांस दही मट्ठा कुलथी कोल (काली मिर्च) खली हींग लहसुन प्याज आदि।

भोजनमहितम् विद्यात्पुनरुष्णीक्रितम् रुक्षम्।

अतिलवणमम्लयुक्तम् कदशनम्।।[8]

पुनः गरम किया गया, रुखा, अधिक नमक युक्त, खटाई से युक्त, विकार युक्त शाक प्रधान भोजन आदि अहितकर भोजन है अतः इनका त्याग करना चाहिये।

पथ्याहार

गोधूमशालि- यव- षाष्ठिकशोभनान्न, क्षीराज्यखण्ड नवनीत- सितामधूनि।

शुण्ठीपटोलकफलादिकपंच शाकम्, मुद्गादिदिव्यमुदकम् च यमींद्र पथ्यम्।।[9]

गेहूँ, शालि (पुराना चावल), जौ, (षाष्ठिक) साठी चावल, प्रशस्त अन्न, दूध, घी, नवनीत, शक्कर, मधु, सोंठ, अदरख, परवल आदि के पाँच फल (परवल, लौकी, तुरई, कुष्माण्ड, खीरा), मूंग, मसूर आदि दालें, वर्षा का जल यह सब (यमिंद्र पथ्यम्) संयमी योग साधक के लिये पथ्य आहार हैं, जो योगी के लिये हितकारी हैं।

पुष्टम् सुमधुरम् स्निग्धम् गव्यम् धातुप्रपोषणम्।

मनोभिलषितम् योग्यम् योगी भोजनमाचरेत्।।[10]

योग साधना करने वाला (योगी) बलदायक मधुर घी और धातुओं को पुष्ट करने वाला रुचिकर और अनुकूल भोजन करे।



आयुर्वेद

आयुर्वेद के अनुसार शरीर का पोषण पंचभौतिक आहार से होता है, **''पंचभूतात्मकमके देहे ह्याहारः पांचभौतिकः''**[11] पांचभौतिक शरीर द्वारा ग्रहणीय आहार सम्यक् पाचनोपरांत अपने-अपने पंचभौतिक गुण वाले शरीर के अंगों या धातुओं को पोषित करते हैं।

पाश्चात्य विज्ञान ने पंचमहाभूतो कि सत्ता अस्विकार करते हुए ऑक्सीजन, कार्बनडाई आदि तत्वों से जगत एवं शरीर की रचना स्वीकार किया है, तथा यह सारे तत्व ही हमारे शरीर में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेड, लवण एवं जल के रूप में विद्यमान हैं, ऐसा स्वीकार किया है।

ग्रहणीयदृष्टि से भोजन के- भक्ष्य, भोज्यम, लेह्यम्, चोष्यम्, पेयम रूप पाँच भेद हैं।

भक्ष्य- ग्रहण करने योग्य कोमल पदार्थ

भोज्यम्- ग्रहण करने योग्य कठोर पदार्थ

लेह्यम्- चाटने योग्य भोजन

चोष्यम् – चूसने योग्य भोजन

पेयम्- पीने योग्य

शरीर का पोषण सर्वगुण से युक्त आहार द्वारा होता है तथा जठराग्नि में पाक के उपरांत रस स्वरूप में यही आहार शरीरावस्थित सप्त धातुओं का पोषण करता है। आचार्य चरक द्वारा त्रिस्तम्भो में आहार सर्वप्रथम आगणित है।

''त्रय उपस्तम्भा इति- आहारः स्वप्नो ब्रह्मचर्यमिति''।[12]

त्रिविध प्रधान स्तम्भ वात- पित्त- कफ के अनन्तर, उपस्तम्भो में आहार की चर्चा प्रथम की गयी है, क्यों कि रस, वातादि दोष तथा सप्त धातुओं के निर्माण हेतु आहार ही मुख्य है। आहाराभाव में शरीराभाव कि स्थिति साधारणतया देखी जा सकती है।

''प्राणाः प्राणभ्रितामन्नमन्नम् लोकोभिधावति''[13]

अर्थात् अन्न (आहार) ही सभी प्राणियों का प्राण है, इसलिए प्राणीमात्र इसे ग्रहण करने हेतु आतुर रहते हैं।

''तुष्टिः पुष्टिर्बलम् मेधा सर्वमन्ने प्रतिष्ठित्''[14]

शारीरिक वर्ग, प्रसन्नता, सुख, पुष्टि, बल, मेधा, यह सब अन्न के द्वारा प्राप्य है।

लौकिकम् कर्म यद् त्रित्तौ स्वर्गतौ यच्च वैदिकम्।

कर्मापवर्गे यच्चोक्तम् तच्चाप्यन्ने प्रतिष्ठितम्।।[15]

लौकिक कर्म, वैदिक कर्म तथा मोक्ष साधन परक कर्म यह सब अन्न के ही अधीन है, अर्थात् अन्न ग्रहणान्तर प्राप्त ऊर्जा के बिना यह कर्म सम्भव नहीं हैं अतः अन्न (आहार) सर्वश्रेष्ठ है।

आहार ग्रहण विधि

चरक द्वारा रचित चरक संहिता के विमान स्थानान्तर्गत द्वितीय अध्याय में त्रिविधकुक्षीय की व्याख्या की गयी हैं।

त्रिविधम् कुक्षौ स्थापयेदवकाशांशमाहारस्याहारमुपयुन्ज्यनः, तद्यथा कमवकाशांशं मूर्त्तानामाहारविकाराणामेकं द्रवाणामेकं पुनर्वातविश्वलेश्लेष्मणाम्। एतावतीं घाहारमात्रामुपयुञ्जानो नामात्राहारजं किञ्चिदशुभं प्राप्नोति॥[16]

चरक संहिता विमानस्थान अध्याय

आहार ग्रहण करते समय कुक्षि (उदर) में तीन प्रकार के अवकाश धारण करने चाहिए। प्रथम भाग को द्रव्य (ओदनादि) से परिपूर्ण करे, द्वितीय भाग को द्रव (क्षीरादि) पदार्थों के द्वारा परीपूर्ण करना चाहिए तथा अंतिम भाग को वात-पित्त-कफ हेतु रिक्त रखना चाहिए।

श्रीमद्भगवद्गीता

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु।

युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा॥[17]

युक्त = यथायोग्य आहार ग्रहण, यथायोग्य विहार, कर्मों में यथा-योग्य चेष्टा करना, तथा यथायोग्य शयन एवं जागरण दुःखो का नाशक तथा योगसिद्धि प्रदायक होता है।

''आहारस्त्वपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रियः''[18]

श्रीमद्भगवद्गीता में सत्विक-राजसिक-तमसिकाश्रित्य त्रिविध व्यक्तित्व तथा तत्-प्रकृति के अनुसार प्रिय त्रिविध आहार की चर्चा की गयी है।

आयुः सत्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः।

रस्याः स्निग्धाः स्थिराः हृदया आहाराः सात्विकप्रियाः॥[19]

सात्विक पुरुष प्रिय आहार स्वीकार किया गया है जो ''आयु, सत्व, बुद्धि, आरोग्य, सुख और प्रीति को बढ़ाने वाला, रस-युक्त, चिकने और स्थिर (जिस भोजन का सार शरीर में बहुत काल तक रहता है, उसको स्थिर रहने वाला कहते हैं) तथा स्वभाव से ही मन को प्रिय लगे''।

कट्वम्ललवणात्युष्णातीक्ष्णरूक्षविदाहिनः।

आहार राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः॥[20]

कड़वे, खट्टे, लवणयुक्त, बहुत गरम, तीखे, रूखे, दाहकारक और दुःख, चिन्ता तथा रोगों को उत्पन्न करने वाले आहार को राजसिक पुरुष-प्रिय आहार स्वीकार किया गया है।

यातयाम गतरसम् पूति पर्युषितम् च यत्।

उच्छिष्टमपि चामेध्यम् भोजनम् तामसप्रीयम्॥[21]

जो भोजन अधपका, रसरहित, दुर्गन्धयुक्त, बासी और उच्छिष्ट है, तथा जो अपवित्र भी है, वह आहार तामसिक पुरुष को प्रिय होता है।

श्रीमद्भगवद्गीता में शास्त्र निहित उपवासादि का पालन तथा अन्य का निषेध करते हुए कहा गया है-

कर्शयन्तः शरीरस्थम् भूतग्राममचेतसः।

मा चैवान्तः शरीरस्थम् तांविध्यासुरनि निस्चयान्॥[22]

जो शरीर रूप से स्थित भूतसमुदाय को और अन्तःकरण में स्थित मुझ परमात्मा को भी कृश (शास्त्र से विपरित उपवासादि से शरीर को सुखाना तथा भगवत अंश जीवात्मा को क्लेश देना) करने वाले हैं। उन अज्ञानियों को तू असुर स्वभाव वाला जान।

विषम परिस्थितियों में भक्षाभक्ष्य विचार

साधक को अन्न के विषय में भक्षाभक्ष्य का विचार रखना चाहिए या नहीं, तद् विषयक चर्चा आचार्य शंकर द्वारा ब्रह्मसूत्र के तृतीय अध्यायान्तर्गत की गयी हैं।

''सर्वान्नानुमतिः च प्राणात्यये तद्दर्शनात्''[23]

प्राणात्यये = अर्थात् अन्नाभाव में प्राणाभाव की स्थिति होने पर ही, सर्वान्नानुमतिश्य = (सर्व अन्न अनुमति च) सर्व प्रकार के अन्न को ग्रहण करने की अनुमति, तद्दर्शनात् = श्रुतियों में देखी गयी हैं।

छांदोग्य उपनिषद् में-

''मटचीहतेषु कुरुष्वाटिक्या सह जाययोषस्तिर्ह चाक्रायणा इभ्यग्रामे प्रद्राणक उवास''[24]

ओलापात होने से कुरू देश में खेती के चौपट हो जाने पर वहाँ ग्राम के भीतर उषस्ति अपनी पत्नी के साथ दुर्गति की अवस्था में रहता था, उसने घुने हुए चने खाने वाले एक महावत से चने प्रदान करने की याचना की। जूठा होने के कारण महावत उषस्ति को चने नहीं देना चाहता था, किंतु आग्रह करने पर महावत ने वे चने उसे दे दिये तथा पीने के लिये पास में रखे जल को लेकर बोला भाई ''यह अनुपान भी लो''। इस पर उषस्ति ने बोला- ''इसे लेने से मेरे द्वारा निश्चय ही उच्छिष्ट जल पीया जायेगा''?

महावत ने कहा- ''क्या ये चने भी उच्छिष्ट नहीं है?

उषस्थि ने कहा ''इन्हें बिना खाये तो मैं जीवित नहीं रह सकता था, किंतु जलपान तो मुझे यथेच्छ मात्रा में मिलता है'' इस प्रकार का उत्तर देकर चने खाकर वह बचे हुए चनों को अपनी पत्नी के लिये ले आया।

उपसंहार

''श्रुति में वर्णित यह कथा इस बात की पुष्टि करती है कि प्राण संकट की स्थिति होने पर अपवित्र तथा उच्छिष्ट अन्न भक्षण किया जा सकता है, किंतु साधारण परिस्थिति में मनुष्य को अपने आचरण तथा आहार की पवित्रता के संरक्षण सम्बन्धित नियम का त्याग कदापि नहीं करना चाहिये''। जीवन में स्वस्थ शरीर तथा स्वस्थ मन की अवस्थिती को बनाये रखने हेतु संतुलित आहार का ही सेवन करना चाहिये। आहार शरीर में शक्ति प्राप्त करने का प्रमुख साधन है त्रि उपस्तम्भ आहार निद्रा ब्रम्हचर्य में आहार को प्रथम स्थान दिया गया है आहार शरीर ही नहीं मानसिक तथा अध्यात्मिक शक्ति के लिए भी अत्यंत उपयोगी है, आहार पञ्चभौतिक षड् रसात्मिक के साथ-साथ मानसिक (सत्व रज तम) को भी प्रभावित करने वाला कारक है, इस प्रकार से हम यह कह सकते है कि ग्रहण किया गया आहार शारीरिक दोषों अर्थात् वात पित्त कफ को ही नहीं ठीक करता बल्कि सत्व रज तथा तम जैसे मानसिक रोगों का भी नियंत्रण करता है।

सन्दर्भ

1. छान्दोग्य उपनिषद् 7/26/2
2. पाशुपत ब्राह्मण घेरण्ड-संहिता
3. हठयोगप्रदीपिका 1/15
4. घेरण्ड-संहिता 5/16
5. हठयोगप्रदीपिका 1/60
6. घेरण्ड-संहिता 5/22
7. हठयोगप्रदीपिका 1/61
8. हठयोगप्रदीपिका 1/63
9. हठयोगप्रदीपिका 1/64
10. हठयोगप्रदीपिका 1/66
11. सुश्रुत संहिता 46/533)
12. चरक संहिता 11/35
13. चरक संहिता 27/349
14. चरक संहिता 27/350
15. चरक संहिता 27/50
16. चरक संहिता पृ0सं0 686-687
17. भगवद्गीता 6/17
18. भगवद्गीता 17/7
19. भगवद्गीता 17/8
20. भगवद्गीता 17/9
21. भगवद्गीता 17/10
22. भगवद्गीता 17/6
23. ब्रह्मसूत्र 3/4/28
24. छान्दोग्य उपनिषद् 9/10/1

सन्दर्भ ग्रन्थ

- छान्दोग्य उपनिषद्
- पाशुपत्य ब्राह्मण
- हठ योग प्रदीपिकाः परमहंस स्वामी अनन्त भारती, चौखम्भा ओरियन्टालिया पृ0सं0 ISBN No. 978-81-89469-52-8पृ0सं0 8,16,33,34,35
- घेरण्ड संहिता चौखम्भा ओरियन्टालिया ''पल्लवी'' हिन्दी व्याख्या, पृ0सं0 56,57
- चरक संहिता-सविमर्श 'विद्योतिनी' हिन्दी व्याख्या, चौखम्भा, पृ0 सं0 686-687
- श्रीमद्भगवद्गीता- गीताप्रेस, गोरखपुर (1566)- ISBN No. 81-293-1238-7
- ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य - गीताप्रेस, गोरखपुर पृ0 सं0 96, 253, 254, 255

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में पुत्री के लिए प्रयुक्त शब्दों का विवेचन

नेहा मिश्रा एवम् प्रो. विभा रानी दुबे***

महाकवि कालिदास संस्कृत साहित्याकाश के दैदीप्यमान नक्षत्र हैं जिनकी रचना अभिज्ञानशाकुन्तलम् विश्वप्रसिद्ध नाट्यग्रन्थ है। जो कि भारतीय मनीषियों के मानस पटल पर ही नहीं बल्कि विदेशी मनीषियों के भी मानस पटल पर अङ्कित है। इस प्रसिद्ध ग्रन्थ अभिज्ञानशाकुन्तल में महाकवि कालिदास ने पुत्री के लिए विविध अभिधानों का प्रयोग किया है उन अभिधानों की अन्वर्थता को व्याख्यायित करना ही हमारे शोध पत्र का विषय है। वे अभिधान निम्न प्रकार से प्रस्तुत किये जा रहे है-

1- दुहिता

राजा दुष्यन्त महर्षि कण्व के आश्रम में एक तपस्वी से जब पूछते हैं कि क्या यहाँ महर्षि कण्व हैं? तब तपस्वी उत्तर देता है कि इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः।[1]

अर्थात् महर्षि कण्व इस समय अपनी पुत्री शकुन्तला को अतिथि सत्कार में नियुक्त करके इसके प्रतिकूल भाग्य के शमन हेतु सोमतीर्थ गये हैं।

यहाँ महाकवि कालिदास ने पुत्री के लिए दुहितृ शब्द का प्रयोग किया है अर्थात् यहाँ दुहितृ शब्द के प्रयोग से महाकवि शकुन्तला में दुहितृत्व लाना चाहते थे।

द्वयोः कुलयोः हितकरत्वेन इति दुहिता।[2] अर्थात् जो पिता एवं पति दोनों कुल के लिए हितकारिणी हो।

महर्षि व्यास ने भी महाभारत के शकुन्तलोपाख्यान में शकुन्तला के लिए दुहितृ शब्द का प्रयोग किया है-

महर्षि कण्व की उक्ति है-

निर्जनेऽपि महारण्ये शकुनैः परिवारितम्।

आनयित्वा ततश्चैनां दुहितृत्वे न्यवेशयम्॥[3]

अर्थात् महर्षि कण्व ने पक्षियों से घिरे हुये उस कन्या को पुत्री के पद पर प्रतिष्ठित किया यहाँ पुत्री के लिए दुहिता शब्द का इसलिए प्रयोग है क्योंकि महर्षि कण्व उस कन्या को इस तरह से संस्कारित करना चाहते थे जो दोनों कुलों के लिए हितकारिणी हो। अर्थात् पिता कुल तथा पति कुल दोनों का हित करने वाली हो।

2- कन्या

अनसूया – गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत् प्रथमः सङ्कल्पः।[4]

यहाँ अनसूया प्रियंवदा से कह रही कि कन्या गुणवान् वर को दे देना चाहिए यह तो माता-पिता का प्रथम सङ्कल्प होता है यहाँ कन्या शब्द के प्रयोग का अभिप्राय है- अविवाहिता पुत्री। अर्थात् अविवाहिता पुत्री के लिए तो माता-पिता का प्रथम सङ्कल्प होता है कि वे उसे किसी गुणवान् वर को सौंप दें।

यदि यहाँ कन्या शब्द के अतिरिक्त अन्य शब्द का प्रयोग करते तो यह अभिप्रेत अर्थ द्योतित न होता।

कन्या - कन् + यक् + टाप्[5]

जैसे महर्षि व्यास को कानीन कहा जाता है क्योंकि सत्यवती जब कन्या अवस्था में थीं अविवाहित थीं तभी सत्यवती व महर्षि पराशर से महर्षि व्यास का जन्म हुआ था।

3- तनया

अनुयास्यन् मुनितनयां सहसा विनयेन वारितप्रसरः।

स्थानादनुच्चलन्नपि गत्वेव पुनः प्रतिनिवृत्तः॥[6]
यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्या

कण्ठः स्तम्भितवाष्पवृत्ति कलुष श्चिन्ताजडंदर्शनम्।

वैक्लव्यं मम् तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः

पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः॥[7]

अर्थात् महाकवि कालिदास ने यहाँ पुत्री के लिए तनया शब्द का प्रयोग किया है। तनया शब्द तनु विस्तारे धातु से कयन् प्रत्यय के योग से बना है।

तनोति विस्तारयति कुलम् – तन् + कयन् = तनय। 1 पुत्र, 2 सन्तान, लड़का या पुत्री[8] अजाऽऽद्यतष्टाप्[9] सूत्र से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय-तनय + टाप् > आ तनया।

अर्थात् कुल का विस्तार करने वाली पुत्री। यहाँ महाकवि कालिदास शकुन्तला में दुष्यन्त के कुल का विस्तार करने वाली।

---

* शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, कला सङ्काय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** शोध निर्देशिका, संस्कृत विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

इस भाव को लाना चाहते थे। शकुन्तला ने भरत जैसे पुत्र को जन्म देकर दुष्यन्त के कुल का विस्तार किया। इसी अभिप्रेत अर्थ के द्योतन के लिए महाकवि ने यहाँ पुत्री के लिए तनया शब्द का प्रयोग किया है। यदि यहाँ तनया के स्थान पर कन्या, दुहिता, जाता, बाला आदि शब्द रखते तो यह अभिप्रेत अर्थ न द्योतित होता।

4- सुता

मुनिसुताप्रणयस्मृतिरोधिना मम च मुक्तमिदं तमसा मनः।

मनसिजेन सखे प्रहरिष्यता धनूषि चूतशरश्च निवेशितः॥[10]

यहाँ महाकवि ने पुत्री के लिए सुता शब्द का प्रयोग किया है सु + क्त। जन्म दिया गया, उत्पादित, पैदा किया गया, पुत्र।[11]

सुत शब्द से अजाऽऽद्यतष्टाप्[12] सूत्र से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् (आ) प्रत्यय सुत + टाप् = (आ) = सुता = पुत्री। महाकवि ने शकुन्तला को जन्म दिया गया अर्थात् मेनका और विश्वामित्र के द्वारा उत्पन्न शकुन्तला। इस अभिप्राय से सुता शब्द का प्रयोग किया है। इस अभिप्राय का द्योतन अन्य बाला, अपत्य, दुहिता आदि शब्दों के द्वारा नहीं हो सकता था।

5- अपत्य

सुरयुवतिसम्भवं किल मुनेरपत्यं तदुज्झिताधिगतम्।

अर्कस्योपरि शिथिलं च्युतमिव नवमालिकाकुसुमम्॥[13]

यहाँ महाकवि ने पुत्री के लिए अपत्य शब्द का प्रयोग किया है।

न पतन्ति पितरोऽनेन – नञ् + पत् + यत्- सन्तान, बच्चे, प्रजा, सन्तति।[14]

जो पितरों को उनके स्थान या मर्मादा से भ्रष्ट न करे। शकुन्तला में इस अपत्यत्व भाव को लाने के लिए ही महाकवि ने यहाँ इस शब्द का प्रयोग किया है। शकुन्तला ने इस अपत्यत्व को सार्थक किया भरत जैसे पुत्र को जन्म देकर। जिससे भारत देश का नाम पड़ा इससे उनके पितरों के यश में वृद्धि हुयी। इस प्रकार शकुन्तला ने अपत्यत्व धर्म को भी सार्थक किया।

6- बाला

जाने तपसो वीर्यं सा बाला परवतीति में विदितम्।

अलमस्मि ततो हृदयं तथापि नेदं निवर्तयितुम्॥[15]

बाल + टाप् बाल शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में अजाऽऽद्यतष्टाप्[16] सूत्र से टाप् प्रत्यय। बाला शब्द बना।

1. लड़की, कन्या

2. सोलह वर्ष से कम आयु की युवती।

3. तरुणी युवती।[17]

अर्थात् शकुन्तला 16 वर्ष से कम आयु की है वह अभी युवावस्था में प्रवेश ही कर रही हैं यहाँ राजा दुष्यन्त ने शकुन्तला के लिए बाला शब्द का प्रयोग किया है जिससे उनका श्रृंङ्गारिक भाव द्योतित हो रहा है वे शकुन्तला को एक मुग्धा नायिका के रूप में सम्बोधित कर रहे हैं। मुग्धा नायिका का लक्षण आचार्य विश्वनाथ ने साहित्यदर्पण में इस प्रकार से दिया है-

प्रथमावतीर्णयौवनमदनविकारा रसौ वामा।

कथिता मृदुश्च माने समधिकलज्जावती मुग्धा॥[18]

अर्थात् जिसके शरीर में यौवन अवतरित हो चुका हो, जिसके मन में काम भावना का आरम्भ हो चुका हो जिसे रतिलीला में झिझक होती हो जिसका प्रणयकोप कोमलता लिये हो और अपनी लज्जाशीलता के कारण प्रेम प्रकाशन में विवश रहा करें। दुष्यन्त शकुन्लता के इस मन की भावनाओं को जान रहे हैं कि वह उनके ऊपर आसक्त है लेकिन वह लज्जा के कारण प्रेम प्रकाशन में विवश हैं वह अपने पिता महर्षि कण्व के पराधीन है। इसी अभिप्राय से राजा दुष्यन्त ने शकुन्तला के लिए बाला शब्द का प्रयोग किया है।

7- वत्सा

अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे

विभवगुरूभिः कृत्यैस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला।

तनयमचिरात् प्राचीवार्कं प्रसूय च पावनं

मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि॥[19]

यहाँ महाकवि ने शकुन्तला के लिए वत्से सम्बोधन का प्रयोग किया है। यह उक्ति महर्षि कण्व की है।

वत्सः - वद् + सः = वत्सः

1. बछड़ा, 2. लड़का (यह शब्द इस अर्थ में बहुधा सम्बोधन के रूप में प्रयुक्त होता है। वात्सल्य द्योतक शब्द मेरे प्रिय मेरे लाल आदि शब्दों में व्यवहृत)[20] इसी वत्स शब्द से स्त्रीत्व की विवक्षा में टाप् प्रत्यय हो जाता है। अजाऽऽद्यतष्टाप्[21] सूत्र से टाप् प्रत्यय वत्स + टाप् > आ = वत्सा।

वत्से इस शब्द के प्रयोग से एक पिता का पुत्री के प्रति स्नेहाधिक्य द्योतित हो रहा है। स्नेह के कारण ही महर्षि कण्व शकुन्लता की विदाई के समय अत्यन्त ही करुणा से आर्द्र हो जाते हैं यह सोचकर कि आज शकुन्तला पतिगृह जा रही है स्नेह भाव के कारण ही उन्होंने कहा कि जब मुझ वनवासी की यह स्थिति है तो गृहस्थ लोगों की क्या स्थिति होती होगी।

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया-

कण्ठः स्तम्भितवाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडंदर्शनम्।

वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदंस्नेहादरण्यौकसः,

पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनया विश्लेषदुःखैर्नवैः॥[22]

उन्होंने स्नेह के कारण यह भी कहा कि-

अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मन

स्त्वय्यस्याः कथमप्यबान्धवकृतां स्नेहप्रवृत्तिं च ताम्।

सामान्य प्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया

भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद् वाच्यं वधूबन्धुभिः।।[23]

सा अर्थात् वह शकुन्तला मा अर्थात् नहीं अन्य अर्थात् अन्य दारेषु अन्य पत्नियों के समान नहीं देखी जानी चाहिये। अर्थात् यह तुम्हारे द्वारा विशेष रूप से देखी जानी चाहिये क्योंकि बन्धु बान्धवों के द्वारा कराया गया विवाह नहीं है बल्कि तुमने अपने प्रेम के कारण इससे विवाह किया है उस स्नेह को याद करना।

यहाँ महर्षि कण्व के हृदय में शकुन्तला उनके निःश्वास की तरह हैं यह उनके वत्से इस सम्बोधन से द्योतित हो रहा है।

अकथितं किञ्चित् नामक ग्रन्थ में कहा भी कहा गया है कि स्नेह के बिना इस पृथ्वी पर कभी भी सुख नहीं है पशु पक्षियों का भी हृदय स्नेह से ही बँधा होता है।

स्नेहोऽपराश्रय इति प्रथितं हि लोके

स्नेहं विहाय भुवि नास्ति सुखं कदापि।

स्नेहेन बद्धहृदयाः पशुपक्षिणोऽपि

जीवन्ति चान्यभुवनान्यपि जीवयन्ति।।[24]

8- जाते

गौतमी – जाते !

ज्ञातिजनस्निग्धाभिरनुज्ञागमनाऽसि तपोवनदेवताभिः।[25]

यहाँ गौतमी ने शकुन्लता को ''जाते'' इस सम्बोधन से सम्बोधित किया है इसका अभिप्राय यह है कि उनका शकुन्तला से अतिशय स्नेह है उन्होंने शकुन्तला को बाल्यकाल से ही पाला है अतः वह उनके लिए बेटी के समान हैं और उसमें उनका स्नेहाधिक्य है।

जाता

जन + क्त अस्तित्व में लाया गया, जन्म दिया गया।

जन् – तः = पुत्र, बेटा।

नाटकों में प्रायः स्नेह या प्रेम के द्योतक अर्थ में प्रयुक्त होता है[26] स्त्रीत्व की विवक्षा में अजाऽऽद्यतष्टाप्[27] सूत्र से टाप् प्रत्यय होकर जात + टाप् > आ = जाता।

यहाँ गौतमी ही शकुन्तला की पालयित्री माँ है उन्होंने ही शकुन्तला का पालन पोषण किया। इसी अभिप्रेत अर्थ के द्योतन के लिए यहाँ जाते! सम्बोधन का प्रयोग है।

9- अर्थ

अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य सम्प्रेष्य परिग्रहीतुः।

जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा।[28]

यहाँ महर्षि कण्व ने शकुन्तला को परकीय धन कहा है महर्षि कण्व शकुन्तला को उसके पतिगृह भेजकर कह रहे हैं कि पुत्री तो पराया धन है जिसे उसके स्वामी को समर्पित कर देने पर मेरा मन धरोहर लौटा देने वाले व्यक्ति की भाँति अत्यन्त ही निश्चिन्त हो गया है। इस अभिप्राय से यहाँ पुत्री को महाकवि ने ''अर्थ'' कहा है।

10- वधू

अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मन

स्त्वय्यस्याः कथमप्यबान्धवकृतां स्नेहप्रवृत्तिं च ताम्।

सामान्य प्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया

भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद् वाच्यं वधूबन्धुभिः।।[29]

यहाँ महाकवि ने शकुन्तला के लिए वधू शब्द का प्रयोग किया है। यह महर्षि कण्व की उक्ति है महर्षि कण्व शकुन्तला की विदाई के अवसर पर उनके लिए वधू शब्द का प्रयोग करते है इस शब्द के प्रयोग का अभिप्राय यह है कि शकुन्तला विवाहिता है और वह पति के घर जा रही है तो उस 'वधूत्व' भाव को लाने के लिए ही महर्षि कण्व ने यहाँ शकुन्तला को वधू शब्द से सम्बोधित किया है। जिससे अभिप्रेत अर्थ द्योतित हो रहा है।

इस प्रकार हमारे विवेच्यग्रन्थ अभिज्ञानशाकुन्तलम में महाकवि कालिदास ने पुत्री के लिए दुहिता, कन्या, तनया, सुता, अपत्य, बाला, वत्सा, जाते, अर्थ, वधू इन अभिधानों का प्रयोग किया है जिसकी अन्वर्थता को सिद्ध करना ही हमारे शोध पत्र का विषय था।

आचार्य आनन्दवर्द्धन ने भी कहा है कि शब्द में अर्थ की अभिव्यक्ति प्रदान करने की सामर्थ्य निहित हो ऐसे शब्द और अर्थ महाकवि के प्रत्यभिज्ञान के योग्य है।

सोऽर्थस्तद्व्यक्ति सामर्थ्ययोगी शब्दश्च कश्चन।

यत्नतः प्रत्यभिज्ञेयौ तौ शब्दार्थौ महाकवेः।।[30]

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, व्याख्याकार डॉ. उमेश प्रसाद सिंह, सपना अशोक प्रकाशन पृ.सं. 22
2. प्रो0 गोपबन्धु मिश्र प्रणीत, अकथितं किञ्चित् (द्वितीयक स्रोत), प्रकाशन संस्कृत भारती, उ0प्र0, वाराणसी, पृ0 सं0 10
3. महाभारत/1/72/14
4. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, व्याख्याकार डॉ. उमेश प्रसाद सिंह, सपना अशोक प्रकाशन पृ.सं. 135
5. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश

6. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान. 1/28
7. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान. 4/6
8. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
9. अष्टाध्यायी 4/1/4
10. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./6/8
11. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
12. अष्टाध्यायी/4/1/4
13. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./2/8
14. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
15. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./3/2
16. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./4/1/4
17. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
18. साहित्यदर्पण/3/58
19. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./4/19
20. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
21. अष्टाध्यायी 4/1/4
22. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./4/6
23. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान./4/17
24. प्रो. गोपबन्धु मिश्र प्रणीत अकथितं किञ्चित्, प्रकाशन संस्कृत भारती, उ0प्र0, वाराणसी, पृ. 89
25. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, व्याख्याकार डॉ. उमेश प्रसाद सिंह, सपना अशोक प्रकाशन पृ.सं.162
26. वामन शिवराम आप्टे संस्कृत हिन्दी कोश
27. अष्टाध्यायी 4/1/4
28. महाकवि कालिदास प्रणीत, अभिज्ञान0 4/22
29. वहीं 4/17
30. आचार्य आनन्दवर्द्धन प्रणीत ध्वन्यालोक 1/8

●

तुलसीदास की प्रासंगिकता : वर्ण व्यवस्था और स्त्री-मुक्ति के विशेष संदर्भ में

प्रो. अशोक सिंह एवम् दीप्ति***

तुलसीदास मध्यकालीन हिन्दी साहित्य के प्रतिनिधि कवि हैं। हिन्दी साहित्य के इतिहास में तुलसी का समस्त काव्य विशेषत: 'रामचरितमानस', 'विनयपत्रिका', 'कवितावली' महत्वपूर्ण कृतियाँ हैं। तुलसीदास हिन्दी के जितने बड़े कवि हैं उनके अन्तर्विरोध भी कमोबेश उतने ही बड़े हैं। जिस कवि में जितने अन्तर्विरोध होते हैं वह अपने युग का उतना ही महान कवि होता है। कबीर और तुलसी इसके जीवंत उदाहरण हैं।

नि:सन्देह तुलसीदास विश्वकवि और लोकप्रिय कवि हैं। कविता के क्षेत्र में, लोक-साहित्य में तुलसी का काव्य अन्यतम और उत्कृष्ट है किन्तु उनकी प्रासंगिकता उनके समस्त काव्य की संभावनाओं, सीमाओं और अंतर्विरोधों पर निर्भर करती है।

भारतीय संस्कृति, समाज एवं इतिहास में तुलसी भक्ति के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक आदर्श तो स्थापित करते हैं किन्तु वहीं अक्सर वर्ण-व्यवस्था और स्त्री-मुक्ति के संदर्भ में सदैव प्रश्नांकित और विवादित भी ठहरते हैं।

शास्त्रमत और लोकमत में तुलसीदास

संसार में प्रत्येक वस्तु की निर्मिति की एक विशेष संरचना होती है जिसे पारिभाषिक शब्दों में शास्त्र कहा जाता है। इस प्रकार से कविता का भी एक शास्त्र होता है। किसी भी रचना के दो आधार स्तम्भ होते हैं एक, उसकी अर्न्तवस्तु और दूसरा उसका शिल्प (जिसे आज भाषा कहा जाता है)। इन दोनों में ही तुलसी का साहित्य बेजोड़ है। तुलसी के काव्य में शास्त्रगत और लोकमत का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। इसे हजारी प्रसाद द्विवेदी ने ''समन्वय की विराट् चेष्टा''[1] कहा है।

शास्त्रगत और लोकमत के समंवय को लेकर तुलसीदास की बहुत आलोचना की जाती है। इस संदर्भ में डॉ० नामवर सिंह के मत में भक्ति के उदय से संबंधित निम्न टिप्पणी सार्थक प्रतीत होती है जो अप्रत्यक्ष रूप से तुलसी के सगुण-निर्गुण समंवय की ओर संकेत करती है- ''भक्ति के उदय को जो शास्त्र का आधार लेकर प्रस्फुटित हो रही थी उसे लोक की ओर स्वाभाविक रूप से बाह्य होकर झुकना पड़ा । यह स्वाभाविक है स्वत: स्फूर्त नहीं अर्थात् विवशता अधिक है।''[2]

इस संदर्भ में गजानन माधव मुक्तिबोध का 'मध्ययुगीन भक्ति का एक पहलू' शीर्षक लेख भी उल्लेखनीय है।

डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी का इस विषय में दूसरा विचार है। वे कहते हैं-

''शास्त्रीयता को लोकग्राह्य कैसे बनाया जाए, यह तुलसी की मुख्य रचना-समस्या है जिसमें वे हर दृष्टि से सफल हुए हैं। 'भाखा' में काव्य-रचना करके वे लोक में प्रिय होते हैं और शास्त्रीय मर्यादा का निर्वाह करके क्रमश: पंडितों में।''[3]

उन्होंने तुलसीदास को मानव-मन और रचना-कर्म की सूक्ष्म गहराइयों तक पैठ बनाने वाला कवि कहा है। अनेक विद्वान तुलसी के काव्य को ''काव्यमयकान्तासम्मित उपदेश''[4] कहते हैं।

तुलसीदास के शास्त्रमत और लोकमत को लेकर चाहें जितनी भी आलोचना-प्रत्यालोचना हो किन्तु निर्विवादित रूप से यह सत्य है कि तुलसीदास का लोकमत, लोकधुन और लोक-संस्कृति से गहरा लगाव है। इस संदर्भ में लोकप्रसिद्ध गायिका मालिनी अवस्थी की निम्न टिप्पणी उपयुक्त है-

'''रामचरितमानस' लिखने की प्रेरणा हो न हो, मुझे लगता है तुलसीदास को लोक साहित्य से ही मिली है जिस पर किसी एक लेखक की मुहर नहीं हैं।''[5]

डॉ मैनेजर पाण्डेय के अनुसार- ''तुलसी के काव्य का दूसरा पक्ष वह है जिसके आगे पीछे कोई शास्त्र नहीं है वहाँ लोक-जीवन का व्यापक अनुभव है। उनका अपना चिन्तन है और गहरी सहृदयता है।''[6]

हिन्दी आलोचना में तुलसीदास

हिन्दी आलोचना में आचार्य रामचंद्र शुक्ल, डॉ० राम स्वरूप चतुर्वेदी, डॉ० रामविलास शर्मा आदि आलोचकों ने अपने-अपने स्तर पर तुलसीदास का उचित मूल्यांकन किया है। इनमें आचार्य शुक्ल अग्रणी हैं। शुक्ल जी ने अपनी ऐतिहासिक दृष्टि और आलोचनात्मक विवेक से नि:सन्देह तुलसीदास का बेहतरीन मूल्यांकन किया है किन्तु इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि स्थान - स्थान पर यह प्रतीत होता है कि

* प्रोफेसर,डीन, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

तुलसी राम के भक्त हैं और शुक्ल जी तुलसी के अंधभक्त हैं। उन्हें तुलसीदास के वर्ण-व्यवस्था और स्त्री-मुक्ति वाले संदर्भ से असुविधा तो जरूर होती है लेकिन वे इस उलझन को उनके बचाव-पक्ष में विलीन कर देते हैं।

परवर्ती आलोचकों ने भी आचार्य शुक्ल की तुलसी संबंधी आलोचना को समर्थित ढंग से विस्तार दिया है। जहाँ एक ओर डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी उनके काव्य-कौशल पर ही मुग्ध होते रहते हैं वहाँ दूसरी ओर डॉ० रामविलास शर्मा भक्तिकाल के कबीर, जायसी, सूर तथा मीरा आदि के महत्वपूर्ण अवदान को उपेक्षित करके तुलसीदास को ही एकमात्र भक्ति-आन्दोलन का निर्माता बताते हैं। इन दोनों से आगे जाकर दृष्टि डॉ० विश्वनाथ त्रिपाठी के तुलसी-संबंधी मूल्यांकन पर जाकर ठहरती है तो वहाँ भी ''तुलसी की कविताई''[7] और ''तुलसी के राम''[8] को कैसे वाल्मीकि और भवभूमि के राम से श्रेष्ठ सिद्ध करें, इसी की चिंता अधिक दिखलायी देती है।

इस प्रकार से अब तक तुलसीदास का मूल्यांकन एकपक्षीय और अधूरा ही हुआ है। इस एकपक्षीयता और अधूरेपन को डॉ० शिवकुमार मिश्र ने पूरा किया है। जिस प्रकार शुक्ल जी की दृष्टि में तुलसी पूर्णता के कवि हैं ठीक उसी प्रकार मिश्र जी का तुलसी संबंधी मूल्यांकन पूर्णता की ओर अग्रसर मूल्यांकन है। वे न केवल उनके लोकप्रिय कवि होने, उनकी संभावनाओं, सीमाओं और अन्तर्विरोधों के कारणों की सुसंगत तरीके से तलाश करते हैं अपितु साथ ही साथ आलोचकों की तुलसी संबंधी आलोचना की भी बेहतरीन आलोचना प्रस्तुत करते हैं। उनके अनुसार –

''किसी भी रचनाकार पर और यदि वह बड़ा रचनाकार है, तो खासतौर पर, कोई भी निर्णायक अभिमत तब तक नहीं दिया जाना चाहिए जब तक उस रचनाकार को उसकी समग्रता में, उसके संपूर्ण विकास-क्रम के साथ देखा और परखा न जाय। उसकी रचनायात्रा के किसी खास-पहलू पर, या उसकी किसी एक ही रचना पर आधारित निर्णय प्राय: उसे आधा-अधूरा, अप्रामाणिक रूप से ही जानना होगा।''[9]

इसके प्रश्चात् डॉ० नित्यानन्द तिवारी द्वारा भी किया गया तुलसी संबंधी मूल्यांकन महत्त्वपूर्ण है। इसके अन्तर्गत वे ''तुलसीदास को संघर्ष और तनाव का बड़ा कवि'' मानते हुए उन्हें उत्तर-आधुनिक चश्में से देखने वाली आलोचना दृष्टि के विरोध में दिखलायी देते हैं। उनके अनुसार ''तुलसी में मध्यकालीन और आधुनिक के बीच क्या जोड़ने वाली या मध्यकाल से आधुनिक युग तक आने वाली परिवर्तित होते हुए भी जो निरंतरता है, या तो हम उसे खोजें तब तुलसीदास की प्रासंगिकता की बात होगी।''[10] अन्यथा आज की समस्याओं को उनके साहित्य में खोजेंगे तो फिर वह तुलसी का टेक्स्ट होगा या नहीं किन्तु वह हमारा टेक्स्ट जरूर हो जाएगा।

तुलसीदास का वर्णव्यवस्था संबंधी दृष्टिकोण

प्राय: तुलसीदास पर वर्णव्यवस्था के समर्थक तथा स्त्री – स्वतन्त्रता के विरोधी होने के आरोप लगाए जाते हैं। नि:सन्देह इस बात से इंकार नही किया जा सकता। ये दोनों ही मुद्दे तुलसीदास के अन्तर्विरोध भी हैं और सीमाएँ भी किन्तु तुलसी समर्थक आलोचक अक्सर कुतर्कों के माध्यम से तुलसीदास का बचाव करते है। इस संदर्भ में डॉ० शिवकुमार मिश्र की निम्न टिप्पणी उपयुक्त प्रतीत होती है-

''खेद का विषय है हिन्दी में अभी भी गोस्वामी जी या उनके 'रामचरितमानस' के नाम मात्र से विहवल होकर उनकी चर्चा करने वाले तथाकथित समीक्षकों का ही बाहुल्य है, उनके युग के तथा स्वत: उनके वैचारिक अन्तर्विरोधों के बीच से उनकी सीमाओं तथा उनकी शक्ति की पड़ताल करने के प्रयास कम हुए है।''[11]

उन्होंने आगे एक ओर महत्त्वपूर्ण कथन कहा है- ''स्त्रीमुक्ति-दलितमुक्ति-दबी कुचली अस्मिताओं के हमारे समय के मुक्ति अभियानों और उनसे जुड़े विमर्शों में गोस्वामी तुलसीदास का समाज दर्शन अप्रासंगिक है।''[12]

मिश्र जी ने अपनी पुस्तक ''भक्ति-आंदोलन और भक्तिकाव्य'' में तुलसीदास के चार महत्वपूर्ण रूपों- 'व्यक्ति', 'भक्त', 'कवि' तथा 'लोकव्यवस्थापक' की विशद व्याख्या की है। उनके मत में तुलसीदास को लोक-व्यवस्थापक रूप से उपजी उनकी विवादास्पद धारणाओं ने उनके 'व्यक्ति' 'भक्त' और 'कवि' रूप की पारदर्शी, प्रशस्त, महनीय और लोकप्रिय छवि को आहत और क्षतिग्रस्त किया है।

उनके लोक-व्यवस्थापक रूप से उन पर पुरानपंथी, यथास्थितिवादी होने जैसे आरोप लगते हैं। डॉ० मिश्र ने तुलसीदास के लोक-व्यवस्थापक रूप से जुड़ी उनकी विवादास्पद सामाजिक सोच के पहलुओं को आचार्य शुक्ल के लिखे हुए को आधार-प्रमाण मानकर तुलसी-संबंधी महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष निकाले हैं-

- तुलसीदास को आर्यशास्त्रानुमोदित, वेदविहित वर्ण तथा आश्रम-व्यवस्था पूरी तरह मान्य है।
- वर्णाश्रम-व्यवस्था पर किसी भी तरह की आपत्ति को वे लोक-विरोधी मानते हैं।

- लोकधर्म का आदर्श उनके अनुसार तभी स्थापित होगा जब विविध वर्णों के लोग अपने-अपने निर्दिष्ट कर्त्तव्यों का पूरी तरह निर्वाह करेंगे। ऐसा न करने वाले वे किसी भी वर्ण के हो, उनकी कठोर आलोचना के पात्र बने हैं।

- वे चाहते हैं कि वेद शास्त्र-विहित वर्णव्यवस्था अपने चरम आदर्शीकृत रूप में लोगों के आचरण में उतरे।

उपर्युक्त निष्कर्षों के आधार पर मिश्र जी ने अपना यह मत स्थापित किया है कि लोक-व्यवस्थापक के अपने इस रूप में तुलसीदास कभी-कभी इतने अनुदार और कट्टर हो गए हैं कि जिन्हें 'डिफेंड' करने में, शुक्ल जी जैसे उनके पक्षधर आचार्य को भी असुविधा होती है। मसलन, गोस्वामी जी की यह उक्ति उनके अपने लिखे हुए के विरोध में ही जाती है कि – ''पूजिय विप्र सील गुन हीना । सुद्र न गुन-गन-ज्ञान-प्रवीना।''[13]

केवट-शबरी प्रसंग आदि की चर्चा कर कुछ लोगों ने शूद्रों के प्रति तुलसीदास जी की उदार, भेदभावरहित मनोभूमि की ओर ध्यान खींचा है। इस बारे में डॉ० मिश्र का कहना है कि-

''केवट-शबरी आदि तभी तक गोस्वामी जी की संवेदना के दायरे में है। जब तक वे रामभक्त हैं और वर्णधर्म के अनुकूल आचरण करते हैं अन्यथा इसके प्रतिकूल वे तुलसी की संवेदना के पात्र नहीं रहते।''[14]

इस रूप में तुलसी के लोक-व्यवस्थापक रूप में उनकी सामाजिक सोच के अनेक पहलू न केवल तुलसी की वैचारिक सीमाओं को रेखांकित व प्रश्नांकित करते हैं अपितु उन्हें अप्रासांगिक भी ठहराते हैं। इसी बिन्दु पर कबीर तुलसी से एक कदम आगे रहते हैं और आधुनिक युग के समकालीन और प्रासंगिक कवि ठहरते हैं।

तुलसीदास का स्त्री-संबंधी दृष्टिकोण

जिस प्रकार वर्णव्यवस्था वाले मुद्दे पर कबीर तुलसी से एक कदम भले ही आगे हैं ठीक उसी प्रकार स्त्री-संबंधी मुद्दे पर तुलसी, कबीर से एक कदम आगे हैं। डॉ० शिवकुमार मिश्र के शब्दों में-

''कबीर के आध्यात्मिक चिन्तन में नारी का न केवल वजूद है अपितु वह हेय मानी गई है किन्तु तुलसी में नारी की निंदा तो है किन्तु नारी-चरित्रों का उज्ज्वल आख्यान भी मिलता है।''[15]

तुलसीदास के नारी-चरित्रों के उज्ज्वल आख्यानों की पड़ताल करें तो यह कहने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए कि तुलसी के यहाँ नारी-चरित्र के उज्ज्वल आख्यान भी वहाँ ही प्रस्तुत हुए हैं जहाँ ''स्त्रियाँ वेद-शास्त्र विहित समाज-व्यवस्था में, उसके आचरण से संबंधित जो भी विधि-विधान तथा निर्देश हैं, उसके कर्त्तव्यों का जो प्रावधान है, स्त्री के लिए निर्दिष्ट जो मर्यादाएँ हैं, उनके दायरे में रहें, उनके अनुकूल आचरण करें।''[16]

कहना न होगा ऐसी स्त्री ही गोस्वामी जी के लिए आदर्श स्त्री है और ''महावृष्टि चलि फूटि किआरी, जिमि सुतंत्र होई बिगरहि नारी'' तथा ''केहि विधि सृजी नारि सृजी जग माहीं, पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं।'' जैसी पंक्तियों की रचना करने वाले तुलसीदास की स्त्री-दृष्टि में भी अन्तर्विरोधी प्रवृत्ति दिखलायी देती है।

डॉ० नगेन्द्र के मतानुसार तुलसीदासकृत 'रामचरितमानस' तथा अन्य ग्रन्थों के विभिन्न प्रसंगों में ऐसी उक्तियाँ है जो किसी भी देशकाल की नारी के प्रति न्याय नहीं करती। उन्होंने नारी की प्रकृति, उसके चरित्र, बुद्धि-विवेक, आचार-व्यवहार सभी की निंदा की है।[17]

डॉ० नगेंद्र के उपर्युक्त मत को यदि पूरी तरह स्वीकार नहीं किया जा सकता तो पूरी तरह अस्वीकार भी नहीं किया जा सकता क्योंकि तुलसीदास द्वारा चित्रित स्त्री-पात्र विचार तथा व्यवहार में आदर्शवाद में डुबे हुए हैं।

तुलसी के स्त्री-संबंधी दृष्टिकोण को आचार्य शुक्ल ने अपनी पुस्तक 'गोस्वामी तुलसीदास' में ''तुलसीदास को वैरागी समझकर उनकी बात का बुरा न मानने''[18] की सलाह दी है। रामस्वरूप चतुर्वेदी तथा रामविलास शर्मा इस विषय पर मौन रहे हैं और डॉ० विश्वनाथ त्रिपाठी ने तुलसी के स्त्री-सम्बन्धी दृष्टिकोण में ''धार्मिक करूणा का आग्रह देखा है तथा इसे युगीन ऐतिहासिक वैचारिक सीमा''[19] कहा है। डॉ० नित्यानंद तिवारी ने तुलसी पर ''समाज की संरचना में निहित कॉमनसेंस''[20] के दबाव की बात कहकर तुलसी के स्त्री संबंधी पारंपरिक व अन्तर्विरोधी दृष्टिकोण का बचाव किया है।

अन्य विद्वानों ने भी तुलसीदास के पक्ष में अपने-अपने ढंग से बहुत सी दलील दी हैं- मसलन तुलसी की तमाम उक्तियाँ (''शुद्र, गँवार, ढोल, पशु नारी''.....) प्रसंग विशेष के तहत औरो के द्वारा कही गई है, उन्हें गोस्वामी जी का विचार न समझना चाहिए। ऐसे विद्वान अक्सर ''कत विधि सृजी नारि जग माही.....'' की पंक्तियाँ उद्घृत करते हैं किन्तु इन पंक्तियों में स्त्री-मुक्ति की चिंता बिल्कुल नहीं दिखायी देती ।

डॉ० शिवकुमार मिश्र ने तुलसीदास के स्त्री पराधीनता वाले प्रसंग को एक तरंग भर कहा है जिसमें स्त्री-स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं उठाया गया है।

प्रस्तावित शोध-पत्र के विषय पर कार्य करने की रूचि का सम्बन्ध इस प्रश्न से भी जुड़ा है कि आखिर दार्शनिक-शास्त्रीय-लौकिक ज्ञान के प्रकाण्ड विद्वान तुलसीदास नारी-पराधीनता के

मूल कारणों को पहचानने में असमर्थ सिद्ध कैसे हुए? स्त्री-संबंधी परम्परावादी मानसिकता से बाहर भी स्त्री का स्वतन्त्र अस्तित्व हो सकता है ये देखना तुलसीदास जैसे विश्वकवि-लोकप्रिय कवि के लिए इतना कठिन क्यों था? यदि तुलसीदास की दृष्टि में स्त्री के प्रति पारंपरिक दृष्टि न होकर एक स्वतंत्र, उदात्त, मानवीय तथा बौद्धिक पक्ष से युक्त स्त्री की छवि का तत्कालीन समाज में प्रचार-प्रसार होता तो सामन्ती समाज में पितृ-सत्तात्मक ढाँचे को तोड़ना काफी हद तक सरल होता जिसे आज भी कई परिवारों में स्त्रियों के संदर्भ में पोषित किया जाता है।

यहाँ यह स्वाभाविक प्रश्न उठाया जा सकता है कि मध्य-कालीन कवियों में स्त्री के प्रति स्वतंत्र, मानवीय दृष्टिकोण की अपेक्षा कैसे की जा सकती है किन्तु जहाँ ये बात जितनी सच है वहाँ ये भी बात उतनी ही सच है कि क्यों नहीं इन मध्यकालीन कवियों से अपेक्षा की जाएँ? तुलसीदास मध्यकाल के कोई छोटे-मोटे गौण कवि नहीं थे। अपने समय में भी और आज के समय में भी वे साधारण व विद्वान समाज दोनों के बीच काफी चर्चित, लोकप्रिय कवि रहे हैं।

वर्णव्यवस्था और स्त्री-मुक्ति के संदर्भ में तुलसीदास की प्रासंगिकता व अवलोकन करने के बाद निम्न तथ्य उभरकर सामने आते हैं-

- तुलसीदास मध्यकालीन हिन्दी साहित्य के महत्त्वपूर्ण कवियों में से एक हैं। उन्होंने मानव-जीवन की समग्रता को विविधता तथा व्यापकता से रोचकपूर्ण ढ़ंग से प्रस्तुत किया है। आज भी उनकी महत्त्वपूर्ण कृति 'रामचरितमानस' को कविता का मानक माना जाता है। 'विनयपत्रिका' तथा 'कवितावली' में उनका संपूर्ण जीवन-दर्शन आत्मकथात्मक ढंग से व्यक्त हुआ है।

- लोक-समाज एवं संस्कृति आज भी सत्यमेव जयते की पुष्टि तुलसीदास द्वारा रचित एवं निर्मित राम के मानवीय चरित्र में ही करती है। भक्ति का सार्वदेशिक-लोकतांत्रिक अधिकार समस्त भारतवर्ष को तुलसीदास ही प्रदान करते है। तुलसीदास की प्रासंगिकता का इससे बढ़कर दूसरा प्रमाण क्या होगा?

- किसी भी कवि का मूल्यांकन उसकी रचनाओं की संभावनाओं और सीमाओं के संतुलित अवलोकन से होता है। तुलसीदास समर्थक आलोचक प्राय: इस मूल्यांकन में यह संतुलन ही नहीं अपनाते हैं अपितु इसके स्थान पर वे कवि-संबंधित विवादित मुद्दों के बचाव में उतरने की कोशिश करते हैं। यह न तो किसी कवि का सही मूल्यांकन है न ही साहित्य के इतिहास का।

- तुलसीदास की प्रासंगिकता को आज वर्तमान समय में उनके वर्णव्यवस्था तथा स्त्री-संबंधी वैचारिक अन्तर्विरोधों के पड़ताल के संदर्भ में समझने की आवश्यकता है किन्तु इन वैचारिक अन्तर्विरोधों को ही एकमात्र महत्त्व देकर उन्हें उपेक्षित और खारिज नहीं किया जा सकता।

- निर्विवादित रूप से यह सत्य है कि संयुक्त परिवार जैसा तुलसी निर्मित आदर्श तो आज प्राय: देखने को नहीं मिलता किन्तु तुलसीकृत 'रामचरितमानस' का पाठ या किसी भी काण्ड की पंक्तियाँ आज के एकल परिवारों को भी कुछ समय के लिए आन्तरिक शांति, साहस, आत्मशक्ति का अहसास अवश्य कराती है। तुलसीदास की प्रासंगिकता का ये भी एक कालजयी उदाहरण है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. द्विवेदी, आचार्य हजारी प्रसाद, हिन्दी साहित्य की भूमिका, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2008, पृ० 20
2. सिंह, नामवर, दूसरी परंपरा की खोज, राजकमल प्रकाशन, नईदिल्ली, 2017, पृ० 30
3. चतुर्वेदी, रामस्वरूप, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, लोकभारती प्रकाशन, दिल्ली, 2011, पृ० 67
4. चतुर्वेदी, संतोष कुमार (सं०), भक्तिकाल का आधुनिक संदर्भ, साहित्य भंडार, इलाहाबाद, 2016, पृ० 80
5. अवस्थी, मालिनी, राम: साहित्य, कला एवं परम्परा (विषय पर महिला महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला से उद्घृत टिप्पणी),समय-3:00
6. पाण्डेय, मैनेंजर, ''भक्ति आंदोलन और सूरदास का काव्य'', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2003, पृ०21
7. त्रिपाठी, विश्वनाथ, लोकवादी तुलसीदास, राधाकृष्ण, नयी दिल्ली, 2008, चतुर्थ अध्याय का शीर्षक, पृ०15
8. यथावत, प्रथम अध्याय का शीर्षक, पृ० 108
9. मिश्र, शिवकुमार, भक्तिआन्दोलन ओर भक्तिकाव्य, लोक भारती प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012, पृ० 197
10. तिवारी, नित्यानंद, मध्यकालीन साहित्य पुनरावलोकन, साहित्य भंडार, इलाहाबाद, 2015, पृ०17
11. मिश्र, शिवकुमार, भक्तिआंदोलन और भक्तिकाव्य, लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012, पृ० 199
12. यथावत् – पृ० 200
13. यथावत्, पृ० 202
14. यथावत्, पृ० 205
15. यथावत्, पृ० 210
16. यथावत्, पृ० 220
17. नगेन्द्र, आस्था के चरण, नई दिल्ली, 1969, पृ० 39
18. शुक्ल, रामचंद्र, गोस्वामी तुलसीदास, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, पृ० 100

19. त्रिपाठी, विश्वनाथ, मीरा का काव्य, नयी दिल्ली, वाणी-प्रकाशन, 2015, पृ० 13

20. तिवारी, नित्यानंद, मध्यकालीन साहित्य पुनरावलोकन, साहित्य भंडार, इलाहाबाद, 2015 पृ० 100

सहायक ग्रन्थ सूची

- शर्मा, रामविलास, परंपरा का मूल्यांकन, राजकमल प्रकाशन, 1981
- सिंह, गोपेश्वर, भक्ति आंदोलन और काव्य, वाणी प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली, 2017

वेबसाइट स्रोत

- बनर्जी, सारदा, कबीर-तुलसी के काव्यों में स्त्री-विरोध (आलेख) http://www.pravakta.com/Abbivyaktikaapnamanch.posted on August 17, 2013 by & Filed under आलोचना, एक्सीस्ड, फरवरी 23, 2017
- 'मानव', सुशील कुमार, कबीर की स्त्री - विरोधी रचना : एक विश्लेषण (आलेख) http://www.Sahityashilpi.com/2015/07 एकसीस्ड, फरवरी 24, 2017

●

आधुनिक हिन्दी कथा साहित्य और बौद्ध धर्म

पूजा कुमारी एवम् प्रो. सुमन जैन***

बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परम्परा से निकला धर्म और दर्शन है। सात दिन और सात रात अखण्ड समाधि रहने के बाद आठवें दिन वैशाख पूर्णिमा पर गौतम को ज्ञान प्राप्त हुआ। उस दिन से गौतम 'तथागत' हो गये। परन्तु संसार उन्हें 'बुद्ध' (जिसे बोध अथवा ज्ञान प्राप्त हो गया हो) के नाम से ही अधिक जानता है। उनके बोध-प्राप्ति से सम्बन्धित होने के कारण गया 'बोध गया' और वह वट वृक्ष जिसके नीचे उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ था, बोधि-वृक्ष से प्रख्यात हुए।''[1] ईसा पूर्व 6वीं शताब्दी में गौतम बुद्ध द्वारा बौद्ध धर्म की स्थापना हुई। महात्मा बुद्ध 80 वर्ष की अवस्था तक घूम-घूम कर धर्म प्रचार करते रहे। उनके शिष्य भी उन्हीं के समान भिन्न-भिन्न टुकड़ियों में बँट कर यत्र-तत्र धूमते और धर्म-प्रचार करते थे। महात्मा बुद्ध के कुछ अनुयायी ऐसे थे जिन्होंने अपनी प्रतिभा, विद्वता, सदाचारिता और अनन्य श्रद्धा के कारण तथागत के ऊपर स्थायी प्रभाव डाला था और परमप्रिय बन गये थे जो निम्न हैं- आनन्द, सारिपुत्र, मौद्गल्यायन, उपालि, सुनीति, देवदत्त, बिम्बिसार आदि।''[2] इस धर्म में त्रिरत्न, चार आर्यसत्य, अष्टांगिक मार्ग पंचशील और निर्वाण पाने का तरीका बताया गया है।''[3] चार आर्यसत्य (1) **दुःख-**संसार में दुःख है। (2) **दुःख-समुदय** -दुःख का मूल कारण तृष्णा है। (3) **दुःख-निरोध** -दुःख के निवारण है। (4) **दुःख-निरोधगामिनी प्रतिपदा-अष्टागिकमार्ग** निवारण के लिए अष्टांगिक मार्ग है। **अष्टांगिक मार्ग-** अष्टांगिक मार्ग को ही बीच का मार्ग कहा जाता है। सम्यक दृष्टि, सम्यक् संकल्प, सम्यक् वचन, सम्यक् कर्मान्त, सम्यक् आजीविका, सम्यक् व्यायाम, सम्यक् स्मृति और सम्यक् समाधि। **त्रिरत्न-** जो बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण अंग है- बुद्ध, धम्म और संघ। मानव कल्याण तथा विश्वशान्ति के आदर्शों की स्थापना के लिए गौतम बुद्ध ने पंचशील या पंचसूत्र का सिद्धान्त दिया है। इसके बाद निर्वाण की बात बताएँ है। **निर्वाण** शब्द का शाब्दिक अर्थ- **''बुझा हुआ''** किन्तु श्रमण विचार धारा में (संस्कृत- निर्वाण, पालि-निब्बान) पीड़ा या दुःख से मुक्ति पाने की स्थिति है। यह बौद्ध धर्म का परम लक्ष्य है। बाद में बौद्ध धर्म दो सम्प्रदाय में विभक्त हो गया था- **हीनयान और महायान।** हीनयान को श्रावकयान भी कहा गया है। इसका लक्ष्य केवल अपने लिए अर्हत्व की प्रप्ति है। ये बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए दक्षिण की तरफ गए। महायान को एकयान, अग्रयान, बोधिसत्वयान एवं बुद्धयान भी कहा गया है। इसका लक्ष्य सब प्राणियों के उद्धार के लिए बुद्धत्व की प्राप्ति है। बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए महायानियों ने उत्तर की ओर पदार्पण किया जो सांस्कृतिक बदलाव के फलस्वरूप व्रजयान शाखा के रूप में सामने आया।

रामस्वरूप चतुर्वेदी जी के अनुसार

''पुनर्जागरण दो जातीय संस्कृतियों की तकराहट से उत्पन्न रचनात्मक ऊर्जा है। भारत के सदर्भ में पुनर्जागरण 19वीं शती के आरंभ से माना जाता है। नयी योरोपीय वैज्ञानिक संस्कृति और पुरानी भारतीय धार्मिक संस्कृति की टकराहट के फलस्वरूप।''[4] हिन्दी साहित्य में इसी समय से (1850 ई0 के बाद) आधुनिक काल की शुरूआत माना जाता है। उस समय तक बौद्ध धर्म भारत में लुप्त प्राय हो चुका था। तब उस समय बौद्ध धर्म के तीर्थस्थलों, स्मारकों व पाली एवं संस्कृत बौद्ध साहित्य का पुनरूद्धार जेम्स प्रिंसेप और अलेक्जेन्डर कंनिघम जैसे पुरातत्वविद् और संस्कृत के महान विद्वान मैक्समूलर के प्रयासों से बौद्ध धर्म का पुनर्जागरण हुआ।

कोई भी जागरण या पुनर्जागरण हो जनमानस को प्रभावित करता है उसी प्रकार बौद्ध धर्म के पुनर्जागरण ने भी हिन्दी समाज के जनमानस को प्रभावित किया। आधुनिक युग के रचनाकार बौद्ध धर्म से आधार रूप में प्रेरणा लेते है पर उनकी रचनाओं पर बौद्ध धर्म का प्रभाव कम दिखायी पड़ता है। इसका प्रमुख कारण है उस समय बौद्ध धर्म और बौद्धधर्मग्रन्थों की अनुपलब्धता।

आधुनिक हिन्दी कथा साहित्यकारों में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, आचार्य चतुरसेन शास्त्री, राहुल सांकृत्यायन, यशपाल, रांगेय राघव, भगवतीचरण वर्मा आदि की कुछ रचनाएँ बौद्ध दर्शन से प्रत्यक्षतः संबंध रखती है।

हिन्दी साहित्य के सबसे बड़े आलोचक **आचार्य रामचन्द्र शुक्ल** ने एडविन अर्नाल्ड द्वारा रचित **'द लाईट आफ एशिया'** का अनुवाद **'बुद्धरचित'** नाम से किया है। जो मूलतः गौतम बुद्ध के जीवनी की एक रूप रेखा प्रस्तुत करती है। 'बुद्धरचित' की भूमिका में इस उदाहरण द्वारा शुक्ल जी ने स्पष्ट किया है कि बौद्ध धर्म और गौतम बुद्ध की स्मृति किस तरह जनता के हृदय से दूर हो रही थी। 'बुद्धरचित की भूमिका' (वक्तव्य) **''रामकृष्ण की इसी लीलाभूमि पर भगवान बुद्धदेव भी हुए है जिनके प्रभाव से**

* शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

** प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, महिला महाविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

एशियाखंड का सारा पूवार्द्ध भारत को इस गिरी दशा में भी प्रेम और श्रद्धा की दृष्टि से देखता चला जा रहा है। रामकृष्ण के चरितगान का मधुर स्वर भारत की सारी भाषाओं में गूँज रहा है। पर बौद्ध धर्म के साथ ही गौतम बुद्ध की स्मृति तक जनता के हृदय से दूर हो गई है।''[5]

जयशंकर प्रसाद कृत **'इरावती'** उपन्यास की मुख्य भूमिका एक महाधर्म की पतनोन्मुख अवस्था से सम्बन्धित है। अम्बात्य कुमार वृहस्पति मित्र अपनी हिंसात्मक प्रकृति का प्रकाशन 'इरावती' में स्थल-स्थल पर करता है। ऐसा प्रतीत होता जैसे वह अंहिसा का एक विपर्याय बनकर आया है। मौर्य साम्राज्य का यह प्रतिनिधि प्रियदर्शी अशोक की तुलना में उसका विरोधी प्रतीत होता है- **''धर्म के नाम पर शील का पतन, काम सुखों की उत्तेजना और विलासिता का प्रचार तुमको भी बुरा नहीं लगता न! स्वर्गीय देवप्रिय सम्राट अशोक का धर्मानुशासन का स्वप्न नहीं था। सम्राट उस धर्म विजय को सजीव रखना चाहते थे किन्तु वह शासकों की कृपा से चलने पावे तक तो।''**[6] देव मन्दिरों में विलासिता का वातावरण, धर्म की पतनावस्था को घोषित करता है।

चिन्तन और सृजन के विलक्षण प्रतिभा वाले **आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी** के उपन्यास **'चार चन्द्रलेख'** की कथावस्तु का काल उस समय का है जब बौद्ध धर्म का तांत्रिक सम्प्रदाय चर्मोत्कर्ष पर था, तो इस उपन्यास की कथा वस्तु का एक बड़ा भाग है। तांत्रिक बौद्ध दर्शन के साथ किंवदंतियों को मिलाकार द्विवेदी जी ने बौद्ध धर्म में आई विकृतियों को भी दिखाता है।"[7]

महापंडित राहुल सांकृत्यायन ने अपने दो उपन्यासों **'सिंह सेनापति'** तथा **'जय यौधेय'** की कथावस्तु में बौद्ध मतों का साम्यवादी विचारधारा के साथ समन्वय किया है। **'सिंह सेनापति'** में लिच्छवी के प्रजातंत्र के सामाजिक विशेषताओं का चित्रण है। इस उपन्यास में जिस काल का वर्णन है उसका प्रमाण इसकी भूमिका में है- **''मैं मानव समाज की उषा से लेकर आज तक के विकास को बीस कहानियों (वोल्गा से गंगा) में लिखना चाहता था। उन कहानियों में एक इस समय (बुद्ध काल) की भी थी। जब लिखने का समय आया तो मालूम हुआ कि सारी बातों को कहानी में नहीं लाया जा सकता, इसलिए 'सिंह सेनापति' उपन्यास के रूप में आपके सामने उपस्थिति हो रहा है।''**[8] इनमें नायक सिंह सेनापति बुद्ध और संघ की शरण में चला जाता है। **''भत्ते! भगवान के बारे में मैंने जैसा सुना था, उससे कहीं श्रेष्ठ आपको पाया। मैं बुद्ध धर्म-संघ की शरण में आता हूँ, आज से भत्ते! भगवान्, मुझे अपना श्रावक (अनुयायी) समझे, और कल संघसहित माध्याह्न का मेरा भोजन स्वीकार करें।''**[9]

'जययौधेय' जो गुप्तकाल की घटनाओं पर आधारित है। इस उपन्यास के बारे में राहुल जी का विचार है- **''इस उपन्यास के शरीर में ऐतिहासिक सामग्री ने अस्थि पंजर का काम किया है, मांस मैंने अपनी कल्पना से पूरा किया है।''**[10] बौद्ध भिक्षुओं में जाति भेद नहीं था। इसका भी खुलासा किया गया है- **''श्रमणों- बौद्ध भिक्षुओं में सभी जाति-वर्ग के लोग रहते हैं, इसलिए उनकी बड़ी संख्या स्थानीय लोगों से भी पूरी हो सकती है। यद्यपि, भिक्षु आपस में खाने-पीने आदि का कोई भेद नहीं रखते।''**[11] संघ के अधिकार पर भी बात की गयी है- **''एक आदमी भिक्षु नहीं बना सकता। भिक्षु बनाने का अधिकार संघ को है।''**[12] इस उपन्यास में अनित्यवाद और अनात्मवाद आदि बौद्ध सिद्धान्तों की पुष्टि की गयी है।

ऐतिहासिक उपन्यासकार **आचार्य चतुरसेन** की रचना **'बोधिवृक्ष की छाया'** में बौद्ध धर्म के तीन शलाका पुरूष बुद्ध, अशोक और हर्षवर्धन के जीवनवृत्त को प्रस्तुत करती है। इनकी अन्य रचना **'वैशाली के नगर वधू'** जिसका कथानक बौद्ध की समकालीन राजनर्तकी **अम्बपाली** पर आधारित है। वज्जी गणतंत्र में स्त्रियों की सामाजिक स्थिति खासकर सुन्दर स्त्रियों की स्थिति का और वहाँ के विचित्र कानून का वर्णन किया गया है कि –**''उस गणतन्त्र में जो कन्या सर्वाधिक सुन्दर होती थी, वह किसी एक पुरूष की पत्नी न होकर 'नगरवधू' घोषित की जाती थी और उसपर सम्पूर्ण नागरिकों का समान अधिकार रहता था। उसे 'जनपद कल्याणी' की उपाधि प्राप्त होती थी।''**[13] इस उपन्यास के अंतिम अध्याय में अम्बपाली का गौतम बुद्ध के शरण में जाना और बौद्ध संघ को अपनाने का वर्णन किया गया है- **''तब आनन्द के साथ देवी अम्बपाली ने भगवान के निकट आ परिक्रमा कर अभिवादन किया और बुद्धाञ्जलि सन्मुख खड़ी हो''-**

''बुद्धं सरणं गच्छामि!

संघं सरणं गच्छामि!

धम्मं सरणं गच्छामि!

तीन महावाक्य कहे!''

भगवत् ने उसे प्रव्रज्या दी; उपसम्पदा दी।

.....कुछ देर मौन रहकर भगवान ने फिर कहा- ''जा अम्बपाली तुझे उपसम्पदा प्राप्त हो गई। अपना और प्राणिमात्र का कल्याण करे।''[14]

मार्क्सवादी चिन्तक **यशपाल** के ऐतिहासिक उपन्यास **'दिव्या'** की कथा वस्तु हर्षवर्धन काल से संबंधित है। भौतिकवादी

दर्शन पर आधारित इस उपन्यास में पतनोन्मुख बौद्धकालीन समाज का चित्रण है। मोह, माया से विरक्ति का उपदेश और बौद्ध धर्म ग्रहण करने का आशीर्वाद देते है भिक्षु पृथुसेन- **''देवी, तथागत की कृपा से तुमने आसक्ति और मोह के भ्रम को जानने का अवसर पाया है। देवी शान्ति वैभव में नहीं, शान्ति प्रभुता में नहीं, शान्ति भोग में नहीं, शान्ति तृप्ति में नहीं। देवी, शान्ति केवल अनासक्ति में है। चिरन्तन सुख केवल निर्वाण में है। देवी संसार के पीड़ित समाज से प्रताड़ित जन बुद्धि की शरण में, धर्म की शरण में, संघ की शरण में शान्ति पाते हैं। देवी, उस अपार करूणा की शरण ग्रहण करो!''**[15] दिव्या ने भिक्षु से प्रश्न किया कि नारी का भिक्षु के धर्म में क्या स्थान है? तो भिक्षु पृथुसेन बताते हैं कि- **''देवि, भिक्षु का धर्म निर्वाण है नारी प्रवृत्ति का मार्ग है। भिक्षु धर्म में नारी त्याज्य है।''**[16]

प्रगतिशील रचनाकार **रांगेय राघव** ने अपने उपन्यास **'यशोधरा जीत गई'** में बुद्ध और यशोधरा को माध्यम बनाते हुए नारी जीवन धर्म को तत्कालीन परिस्थितियों का ऐतिहासिक दृष्टिकोण से विवेचन किया है।''[17]

स्वतंत्रता के बाद भारत में सामाजिक और राजनितिक नवजागरण के लिए पं0 जवाहर लाल नेहरू, लोहिया और अम्बेडकर के विचारों के कारण बौद्धधर्म एक बार फिर चर्चा में आया है। अम्बेडकर की चिन्तन शैली तथा उनकी पुस्तक **'बुद्ध और उनका धम्म'** बौद्ध धर्म की नई अवधारणा प्रस्तुत करती है। बुद्ध के जातिगत श्रेष्ठता के विरोधी मूलक स्वर ने दलित साहित्य को प्रभावित किया है।

निष्कर्षतः हम कह सकते हैं कि बौद्ध धर्म से हिन्दी कथा साहित्य को एक नई गति मिली है। बौद्ध दर्शन मानव को आत्मग्राही दृष्टि और आत्मकेन्द्रिता से मुक्त कर उसे परहित में समर्पित करता है साथ ही जीवन का एक नया अर्थ देता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. डॉ0 विमलचन्द्र पाण्डेय- प्राचीन भारत का राजनीतिक तथा सांस्कृतिक इतिहास, सेन्ट्रल पब्लिशिंग हाउस, 18- सी. सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद-211001, संशोधित संस्करण 2002 पृ0सं0 197
2. वही, पृ0सं0 199
3. वही, पृ0सं0 201, 202
4. रामस्वरूप चतुर्वेदी-हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, लोकभारती प्रकाशन, 22वाँ संस्करण 2011, पुनर्मुद्रण 2016,17 पृ0 79
5. आ0 रामचन्द्र शुक्ल- बुद्धचरित की भूमिका (वक्तव्य)- चिन्तामणि (भाग तीन), अनुप्रकाशन जयपुर, संस्करण 2004, पृ0सं0 205
6. जयशंकर प्रसाद- इरावती, bharatdiscovery.org/india/ इरावती (उपन्यास)
7. आ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी- चारू चन्द्रलेख, राजकमल पेपरबैक्स, 1963 में प्रकाशित, प्रथम संस्करण 2010
8. राहुल सांस्कृत्यायन- सिंह सेनापति, किताब महल, संस्करण 2014, भूमिका
9. वही, पृ0सं0 171
10. राहुल सांस्कृत्यायन- जययौधेय, किताब महल, संस्करण 2015, प्राक्कथन
11. वही, पृ0सं0 111
12. वही, पृ0सं0 118
13. आचार्य चतुरसेन- वैशाली की नगरवधू, राजपाल, संस्करण 2016, पृ0सं0 10
14. वही, पृ0सं0 448
15. यशपाल- दिव्या, लोकभारती प्रकाशन, संस्करण 2018, पृ0सं0 200
16. वही, पृ0सं0 200
17. रांगेय राघव- यशोधरा जीत गई, राजपाल, संस्करण 2013

●

भारतीय परिप्रेक्ष्य में शिक्षा की गुणवत्ता

सूर्य प्रकाश गोंड एवम् डॉ0. दीपा मेहता***

मानव समाज का विकास तभी सम्भव है जब उसने सम्यक् शिक्षा ग्रहण की हो। भारत में यदि शिक्षा की गुणवत्ता पर दृष्टिपात करें तो सर्वप्रथम हमारे दृष्टिपथ में वैदिक-काल की शिक्षा की छवि स्पष्ट परिलक्षित होती है, जहाँ यह देखने को मिलता है कि गुरुकुल पद्धति में शिष्यों की संख्या सीमित थी। उनकी प्रतिभा के आधार पर उनकी उपस्थिति होती थी। तात्पर्य यह है कि छात्रों की संख्यात्मकता पर नहीं अपितु गुणात्मकता पर ध्यान दिया जाता था। शिक्षा की गुणात्मकता का अर्थ किस रूप में लिया जाता है? छात्रों की संख्या के आधार पर या शिक्षण गतिविधि के आधार पर यदि हम शिक्षण संस्थाओं की शिक्षण व्यवस्थाओं पर दृष्टिपात करते हैं तो शिक्षा की गुणवत्ता अधिकाधिक रूप से छात्रों की संख्या, अध्ययन शुल्क, अप्रशिक्षित शिक्षकों, भव्य शिक्षण संस्थानों जो की आकर्षण का केन्द्र बने हुये हैं उन पर आधारित हो चुकी है। छात्रों को जो बुनियादी शिक्षा और जीवन यापन के लिये शिक्षा से प्राप्त होने वाले कौशल हैं वह प्रदान करने में शिक्षण-संस्थान असमर्थ से प्रतीत हो रहे हैं। शिक्षण-संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता की कमी प्रमुख रूपों में यह देखने को मिलती है कि जब छात्र प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यालय में प्रवेश करता है तो उसके पाठ्यक्रम में कुछ पुस्तकें ऐसी उसे अध्ययन करायी जाती हैं जिसमें सूचनाओं का, तथ्यों की सही-सही जानकारी नहीं दी जाती है और पुस्तकों के साथ-साथ शिक्षक भी यह जानने का प्रयास नहीं करते कि पुस्तक में लिखी सामग्री की सत्यता है भी कि नहीं। वह भी उन्हीं पुस्तकों का आधार लेकर छात्रों को ज्ञान देते रहते हैं। प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक –बालिका अबोध होते हैं उन्हें वहीं सत्य प्रतीत होता है कि उनके अध्यापक जो ज्ञान प्रदान कर रहे हैं वह अक्षरशः सत्य है। दूसरा कारण यह है कि शिक्षण संस्थानों में यदि कोई ऐसा शिक्षण संस्थान है जहाँ उत्तम शिक्षा प्रदान की जाती है परन्तु उन शिक्षण संस्थानों के अध्ययन शुल्क अधिक होने से सामान्य परिवारों के बच्चे उन शिक्षण संस्थानों में प्रवेश नहीं ले पाते और गुणात्मकताविहीन शिक्षण संस्थानों का आश्रय लेकर अपनी शिक्षा को किसी प्रकार पूर्ण करते हैं, जिससे भविष्य में यही गुणवत्ताविहीन शिक्षा जीनव-यापन में उनके लिये बाधा पैदा करती है।

ऐसे बालकों के लिये प्रारम्भिक शिक्षा अर्थहीन हो जाती है। क्योंकि उन्होंने जिन गुणवत्ताविहीन विद्यालयों में अपने अध्ययन को पूर्ण किया वहाँ पर उन्होंने केवल उन पाठ्यक्रमों को एक तोते की भाँति रटकर मात्र परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। वास्तविकता तो यही है कि केवल पाठ्यक्रम को रटकर परीक्षा उत्तीर्ण करना ही पर्याप्त नहीं अपितु भावी जीवन हेतु स्वयं को तैयार करना है। वर्तमान सरकार का इस ओर ध्यान गया है कि शिक्षा की गुणवत्ता किस प्रकार बढ़ायी जाये। क्योंकि गुणवत्तायुक्त शिक्षा के बिना किसी भी बालक का सर्वांगीण विकास सम्भव नहीं और यही बालक देश का भविष्य होते हैं और यदि इनका सर्वांगीण विकास नहीं हो सका तो देश का सर्वांगीण विकास भी असम्भव है।

वर्तमान में बालकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाये इसके लिये विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों, विभिन्न क्षेत्रों, विषय विशेषज्ञ विचारकों के कार्य, उनके विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित अनुसन्धान से सम्बन्धित विचार भी ग्रहण किये जा रहे हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली पर यदि हम दृष्टि डाले तो देखते हैं कि भिन्न-भिन्न बालकों का अलग-अलग स्वभाव शिक्षा प्रक्रिया में व्यवधान उपस्थित करता है। आवश्यक है कि शिक्षा प्रक्रिया को संचालित करने से पूर्व बालकों की प्रकृति को समझें तत्पश्चात् शिक्षा प्रणाली को क्रियान्वित करें। भारतीय शिक्षा के अन्तर्गत औपचारिक, अनौपचारिक शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध है। औपचारिक शिक्षा- जहाँ निश्चित स्थान, समय, भौतिक संसाधन, मानवीय संसाधन के अन्तर्गत शिक्षा प्रदान की जाती है। अनौपचारिक शिक्षा व्यवस्था इसके विपरीत होती है। शिक्षण संस्थानों में विभिन्न सामाजिक स्तर, वर्ग, जाति, धर्म, जनजाति, लिङ्ग से बालकों का आगमन होता है। इन शिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य इन विभिन्न स्तर के आये हुये बालकों का सामाजिक स्तर पर समानता लाना है। वर्तमान में इस हेतु विद्यालयों में अत्याधुनिक प्रशिक्षणयुक्त बुनियादी शिक्षा से जुड़े हुये योग्य एवं सक्षम शिक्षकों को रखा जा रहा है जिससे बालकों का उचित सर्वांगीण विकास हो सके। ये शिक्षक बालकों के सामाजिक, आर्थिक पृष्ठभूमि को ध्यान रखते हुये उनको शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। लेकिन अब भी ज्यादातर ऐसे विद्यालय हैं जहाँ बुनियादी शिक्षा का अभाव, प्रशिक्षणविहिन शिक्षक, निरुत्साह युक्त शिक्षक हैं जहाँ बालक शिक्षा ग्रहण करते हुये शिक्षा सम्बन्धी अनेकानेक समस्याओं से संघर्ष करता रहता है। अतः ऐसे उन शिक्षण संस्थानों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना होगा तभी शिक्षा की गुणवत्ता को पूर्णरूप से प्राप्त किया जा सकता है।

यहाँ स्पष्ट प्रतीत होता है कि गुणवत्तायुक्त शिक्षा का तात्पर्य प्रशिक्षित शिक्षक उचित सुगम्य तथ्यपूर्ण पाठ्यक्रम, बुनियादी ढांचा, समावेशी शिक्षा है। समावेशी शिक्षा का तात्पर्य एक ही छत के नीचे

* वरिष्ठ शोधछात्र, शिक्षा संकाय, (कमच्छा) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** असोसिएट प्रोफेसर, शिक्षा संकाय, (कमच्छा) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सभी तरह के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करें विद्यालय सरकारी हो या गैर सरकारी विद्यालय दोनो में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था हो। यद्यपि इन विद्यालयों में जब-जब सर्वेक्षण किया गया तब-तब यहाँ शिक्षक-स्तर, बालक-स्तर , विद्यालय-स्तर तथा शिक्षा-स्तर पर विभिन्न प्रकार की समस्यायें अब भी बहुतायत रूप से मौजूद हैं उनकी ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना होगा न कि निजी कम्पनियों का। क्योंकि ये निजी कम्पनी यदि इस स्तर पर कोई सुधार करती भी हैं तो किसी न किसी स्वार्थपूर्ण स्थिति को ध्यान में रखते हुये । अतः ध्यातव्य है कि हम निजी कम्पनियों के पाश में नहीं पड़कर सरकारी सहायता के लिये प्रयासरत रहें।

शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये अनेकानेक योजनाओं और अधिनियमों को संचालित किया गया है। इनमें राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क 2005 अधिनियम बना, इसमें पाठ्यक्रम को महत्त्व प्रदान किया। पाठ्यक्रम ऐसा जो बालकों की सुविधानुसार हो जो उनमें भय उत्पन्न नहीं करे ऐसा वातावरण प्रदान करे जो उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के प्रति आत्मविश्वास से पूर्ण कर दे। योजना पत्रिका के अनुसार-''फ्रेमवर्क (एन.सी.एफ.),2005 में इस बात को स्वीकार किया गया है कि हमारे पाठ्यक्रम और स्कूल बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि जगाने और बच्चों को स्कूल में बरकरार रखने में असफल रहे हैं। यह भी प्रमुख रूप से कहा जाता है कि गुणवत्ता के मुद्दे को स्कूली बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने तथा उनके ज्ञान और अनुभवों का निर्माण करने की दिशा में प्रयास करना चाहिये।''[1]

शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिये बच्चों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा सम्बन्धित अधिनियम 2009 में आया जिसे 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009' कहा गया। बच्चों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (RTE) प्रशंसनीय है जिसने वर्ष 2009 में शिक्षा को एक मौलिक अधिकार बनाया। यह अधिनियम 6-14 वर्ष की आयुवर्ग के बालकों के लिये निःशुल्क तथा अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा को सुनिश्चित करता है। इस पर योजना पत्रिका में यह वाक्य देखने को मिलता है-''इस अधिनियम में स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिये कई प्रावधान हैं जैसे विद्यार्थी शिक्षक अनुपात (पीटीआर) से सम्बन्धित मानदण्ड और मानक, इमारत और बुनियादी ढांचा, स्कूल के कार्य दिवस, शिक्षक के कार्य के घण्टे,जनगणना, संसद राज्य विधायिका एवं स्थानीय निकायों के चुनाव और आपदा राहत के अतिरिक्त गैर शिक्षक कार्य के लिये शिक्षकों की तैनाती का निषेध, योग्य और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति और शारीरिक दण्ड एवं मानसिक उत्पीड़न का निषेध, शिक्षकों द्वारा बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया की स्क्रीनिंग, कैपिटेशन फीस, शिक्षकों द्वारा निजी शिक्षण और मान्यता रहित स्कूलों का संचालन का निषेध। हालांकि इस अधिनियम के प्रावधान मूलरूप से सराहनीय हैं, यह भी महत्त्वपूर्ण है कि उन्हें पूरी ईमानदारी और जवाबदेही के साथ लागू किया जाये।''[2]

शिक्षा के गुणवत्ता सुधार के लिये इन अधिनियमों के सरकार के द्वारा कई योजनायें संचालित की गयी। जैसा कि पहले ही लेख में उल्लिखित है कि शिक्षा के द्वारा ही सामाजिक कल्याण सम्भव है। सामाजिक कल्याण सम्बन्धित कार्यों की आधारशिला शिक्षा ही है। सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली को दृढ़ बनाये रखने के लिये अब तक सरकार द्वारा जिन योजनाओं को संचालित किया गया उसका यहाँ नामोल्लेख करना अत्यावश्यक हो जाता है । प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर उच्चतर शिक्षापर्यन्त जो भी योजनायें संचालित हुयीं उनसे सामाजिक-सांस्कृतिक-आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों के लिये लाभप्रद रही। शिक्षा सम्बन्धित पाठ्यक्रम और शैक्षणिक प्रकियाओं में सुधार पर बल प्रदान करती है। ऐसे ही कुछ उदाहरण हमारे समक्ष बालिकाओं के लिये आते हैं यथा- **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान'**। इसके अन्तर्गत उन विद्यालय के प्रबन्धकों को पुरस्कृत किया जाता था जो बालिकाओं के अध्ययन पर बल प्रदान करते थे और उस अध्ययन में निरन्तरता बनाये रखने के लिये पूर्णरूप से प्रयासरत रहते थे। ऐसी ही एक योजना **'उड़ान'** आयी यह प्रयास केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड **(CBSE)** की थी। इस योजनान्तर्गत इस विषय पर बल दिया गया कि शिक्षा ऐसी हो जो ज्ञानात्मक के साथ-साथ व्यावहारिक भी हो । तात्पर्य यह है कि जो अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थी हैं उनको विज्ञान और गणित की शिक्षा से इस प्रकार से शिक्षित करना जिससे वह व्यवसाय के क्षेत्र में अग्रसर हो सकें और अपने जीवन को सफल बना सकें। योजना पत्रिका में उद्धृत- ''उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के भौगोलिक अलगाव और उसके कमियों को देखते हुये उस क्षेत्र में रहने वाले विद्यार्थियों के लिये भी कई योजनायें हैं। इस व्यापक समूह तक पहुँच बनाने और शैक्षणिक कार्य को अधिक गतिशील बनाने के लिये तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और विद्यार्थियों को शिक्षा के अवसर मुहैया करा रही है। स्वयं (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव-लर्निंग फार यंग एस्पायरिंग माइंड्स) के तहत आई.आई.टी., आई.आई.एम., केन्द्रिय विश्वविद्यालयों जैसे संस्थानों के प्रोफेसर विद्यार्थियों को मुफ्त ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कर रहीं हैं।[3]

शिक्षा की गुणवत्ता में डिजिटल लाइब्रेरी की संकल्पना- भारत में डिजिटल लाईब्रेरी की अवधारणा की शुरुआत 1990 के दशक के मध्य में शुरू हुई। हालांकि शुरुआत में इस दिशा में कुछ ही पुस्तकालयों ने पहल शुरू की। भारत में अभी भी डिजिटल लाइब्रेरी का कार्यक्रम विकसित होने के दौर में है। डिजिटल लाइब्रेरी में सूचना और ज्ञान की उपलब्धता को बढ़ाने की क्षमता है ये समय और जगह की बाधाओं को भी दूर करते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी ऐसी लाईब्रेरी है जहाँ किताबों और अन्य पठन

सामग्री को डिजिटल स्वरूप में रखा जाता है और कंप्यूटर द्वारा उपलब्धता मुहैया कराई जाती है।[4]

लाइब्रेरी का डिजिटलीकरण-भारतीय डिजिटल लाईब्रेरी (DLI) भारतीय डिजिटल लाईब्रेरी (DLI) मुफ्त में उपलब्ध वैसी दुर्लभ किताबों का संग्रह है, जिसे भारत में मौजूद विभिन्न लाईब्रेरी से संग्रह किया गया है। सन् 2000 में भारतीय डिजिटल लाईब्रेरी की परियोजना की शुरुआत हुई और इसका इरादा मानव जाति के सभी महत्त्वपूर्ण साहित्यिक, कला सम्बन्धी और वैज्ञानिक कार्यों को डिजिटल रूप में संरक्षित करना, इसे इन्टरनेट के जरिये शिक्षा के लिये मुफ्त में उपलब्ध कराना और भावी पीढ़ियों को इसकी पहुँच सुनिश्चित करना था। इस सपने को साकार करने की दिशा में 10 लाख किताबों की संग्रह वाली डिजिटल लाईब्रेरी तैयार करना था, जो मुफ्त में पढ़ने के लिये उपलब्ध हो सके। ये सभी किताबें मुख्यतौर पर भारतीय भाषाओं में थी। भारतीय डिजिटल लाईब्रेरी में फिलहाल 550603 किताबें हैं। इस परियोजना की फंडिग इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा की जा रही है। भारतीय डिजिटल लाईब्रेरी की मेजबानी भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु द्वारा की जा रही है।[5]

इंफॉर्मेशन (सूचना) और लाईब्रेरी नेटवर्क-(INFLIBNET) इंफॉर्मेशन और लाईब्रेरी नेटवर्क विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का स्वायत्त अन्तर विश्वविद्यालय केन्द्र है यह यूजीसी द्वारा 1991 में शुरू किया गया प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम है और इसका मुख्यालय गुजरात विश्वविद्यालय कैंपस अहमदाबाद में है। इंफॉर्मेशन और लाईब्रेरी नेटवर्क भारत में विश्वविद्यालयों की लाईब्रेरी के आधुनिकीकरण में शामिल है।[6]

शोधगंगा- भारतीय शोध प्रबंधों का संग्रह- 1 जून 2009 को जारी यूजीसी की अधिसूचना के मुताबिक विश्वविद्यालयों में शोधकर्ताओं के लिये शोध प्रबन्ध को इलेक्ट्रॉनिक यानी डिजिटल संस्करण में सौपना अनिवार्य कर दिया गया है। इसका मकसद भारतीय थीसिस को शोध सम्बन्धी अन्य सामग्री की दुनिया भर के अकादमिक समुदाय के लिये उपलब्धता सुनिश्चित करना है।[7]

शोधगंगोत्री- शोधगंगोत्री, शोधगंगा के लिये पूरक का काम करती है। शोधगंगा जहाँ भारतीय विश्वविद्यालयों को सौपी गयी पूरी थीसिस का संग्रह है, वहीं 'शोधगंगोत्री' शोधार्थियों द्वारा पीएचडी के लिये रजिस्ट्रेशन की खातिर विश्वविद्यालयों को सौंपे गये शोध के विषय से सम्बन्धित ब्यौरे (सिनॉप्सिस) का संग्रह है।[8]

विद्वतापूर्ण सामग्री के हेतु राष्ट्रीय लाईब्रेरी तथा सूचना सेवा आधारभूत संरचना योजना पर यूजीसी इम्फोनेट डिजिटल लाइब्रेरी कंसोर्शियम, आईएनडीइएसटी - एआईसीटीई कंसोर्शियम, आईएनएफएलआईबीएनईटी केन्द्र तथा आईआईटी दिल्ली द्वारा सम्मिलित रूप से कार्य सम्पन्न हो रहे हैं। इसके अन्तर्गत प्रमुख सुविधायें प्रदान की जाती हैं-

1. विद्यालयों को चयनित ई-संसाधनों की उपस्थिति। एन लिस्ट योजना आईएनएफएलआईबीएनईटी केन्द्र के द्वारा इंस्टाल सर्वर के माध्यम से छात्र-छात्राओं, अनुसंधानकर्ताओं, अध्यापकों को ई-संसाधन की सुविधा प्रदान की जाती है इसमें उपयोगकर्ता यूजरआईडी बनाकर संसाधन का लाभ उठा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर विषय सम्बन्धित सामग्री वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा ई-शोधसिन्धु का गठन किया गया इसमें 3 प्रोग्राम सम्मिलित हैं यूजीसी इम्फोनेट डिजिटल लाइब्रेरी कन्सोर्शियम, एनएलआईएसटी तथा आईएनडीईएसटी-एआईसीटीई कन्सोर्शियम। इसमें 15 हजार करोड़ से भी ज्यादा नई और पुरानी पत्रिकाओं, सन्दर्भित पुस्तिकाओं, उद्धरणों, तथ्यों से सम्बन्धित डेटाबेस सम्मिलित होगा।

इन सभी परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं विशेषतः ज्ञान और सूचना में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को तैयार किया जाता है। प्रत्येक विश्वविद्यालय के पास बौद्धिक गतिविधियों और पाठ्यक्रमों का अपना भण्डार होता है जिसे डिजिटल किया जा रहा है। जो एनडीएल का मॉडल आईडीआर पर आधारित है जिसमें छात्र सुविधानुसार इसे प्राप्त करने के लिये स्वतंत्र होंगे।

इन योजनाओं के अतिरिक्त कुछ ऐसी योजनायें हैं जिनसे विद्यार्थी पुस्तकीय सामग्री का भी लाभ प्राप्त कर सकें जैसे- 'नेशनल ई लाईब्रेरी' को विकसित किया गया है। इसके माध्यम से विश्वविद्यालयों और विभिन्न शिक्षण-संस्थाओं में अथाह उपलब्ध पुस्तकीय सामग्री को डिजिटल किया जा रहा है जिससे उसका लाभ विद्यार्थी सहज रूप से लैपटॉप, स्मार्ट फोन और टैबलेट जैसे उपकरणों से प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार पुस्तकीय सूचनायें सरलता के साथ जनमानस तक पहुँच जाती है। योजना पत्रिका के अनुसार-''नेशनल छात्रवृत्ति पोर्टल को एण्ड टू एण्ड स्कॉलरशिप प्रोसीजर के लिये वन स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में परिकल्पित किया गया है जहाँ से विद्यार्थी भारत सरकार के द्वारा प्रदान की गयी छात्रवृत्ति के लिये आवेदन कर सकते हैं और लाभ की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।''[9]

ऐसी कुछ अन्य योजनाओं के विषय में डाटा प्रस्तुत करते हुये योजना पत्रिका में यह अंश उद्धृत है-'' स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (**NCERT**) की राष्ट्रीय परिषद् के माध्यम से वार्षिक राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण (**NAS**) का संचालन करने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही मंत्रालय देश में स्कूली शिक्षा डाटा के विभिन्न स्रोतों को केन्द्रीयकृत करने के लिये व्यय पोर्टल को विकसित करने जा रहा है

और शिक्षक शिक्षण संस्थानों के लिये एक पोर्टल की शुरुआत करने वाला है जो उनके कार्य में पारदर्शिता और ग्रेडिंग को सुनिश्चित करेगा। देश भर में लगभग 20 करोड़ बच्चों की निगरानी करने वाली एक प्रणाली को भी शुरू किया जा रहा है जो एक से दूसरी कक्षा में जाने पर बच्चे की प्रगति पर नजर रखेगा और ड्रॉप आउट्स को चिह्नित करेगा''।[10]

विद्यालयी शिक्षा और बाह्य वातावरणों को ध्यान में रखते हुये कि उनमें सम्यक् सन्तुलन स्थापित किया जा सके उसके लिये 2005 में **NCF** का विचार सामने आया। इसी भावना को और अधिक सुदृढ़ करने के लिये मानव संसाधन विकास मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का निर्माण (**RAA**) किया गया। इसके अन्तर्गत बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता रहा कि गणित विज्ञान रुचिकर विषय है। उन विषयों का अध्ययन करने के पश्चात् कुछ कारगर कार्य किया जा सकता है अतः इन विषयों को इस प्रकार बच्चों के समक्ष उपस्थापित करें जिससे बच्चों में भयावह स्थिति नहीं उत्पन्न हो अपितु वह विषय उनके जीवन के लिये उपयोगी हो सके। एक अन्य योजना **NCERT** द्वारा प्रारम्भ हुयी-ई पाठशाला इसके द्वारा शिक्षण संस्थानों की शिक्षण पद्धति की गुणवत्ता को सुधारने का नया प्रयास प्रारम्भ हुआ। इसमें विद्यालयी विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-संसाधनों की निःशुल्क और सहज सुविधा प्रदान करने का पूर्णरूप से प्रयास किया गया।

इस प्रकार प्रारम्भिक स्तर से लेकर उच्च स्तर पर्यन्त विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता पर अनेकानेक प्रयास हुये। सेमेस्टर पद्धति, ग्रेडिंग प्रणाली कक्षा 8 की परीक्षा को भी बोर्ड से जोड़ना अर्थात् यदि बच्चा कक्षा 8 में उचित अध्ययन नहीं करने से परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पा रहा है तो अनुत्तीर्ण घोषित करना जैसे अनेकों प्रयास हुये। यद्यपि शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के प्रशिक्षण में विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा पर गुणवत्ता हेतु सुधार किया गया परन्तु ध्यान देने की आवश्यकता यह है कि जब शिक्षक शिक्षार्थी को शिक्षा प्रदान करते हैं तो उनके मार्ग में अनेकों संरचनात्मक बाधायें उपस्थित हो जाती हैं अतः विद्यालयी संस्था और सरकार का यह कर्तव्य हो जाता है कि वह शिक्षकों की शिक्षा सम्बन्धी बाधाओं को दूर करें क्योंकि एक शिक्षक द्वारा उचित या अनुचित रूप से प्रदान की गयी शिक्षा में अन्तिम रूप से वहीं शिक्षक उत्तरदायी होता है। अतः ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि शिक्षक समस्त बाधाओं से रहित होकर उचित शिक्षा बालकों को प्रदान कर सके। यदि थोड़ी समस्या शिक्षक के समक्ष उपस्थित हो जाये तो शिक्षक में इतनी योग्यता एवं धैर्य होना चाहिये कि स्वयं वह इन अल्प समस्याओं को अपने बुद्धि के उचित प्रयोग से दूर कर सके। हम देखते हैं कि जहाँ प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने में शिक्षकों तक बालक नहीं पहुँच पाता तब वहाँ उसे टैबलेट, स्मार्टफोन की सुविधा प्रदान की जाती है। यद्यपि ये उपकरण उनकी सहायता तो करते हैं तथापि अल्पायु के ये बालकों के लिये हानिकारक हो सकते हैं अतः उनके अध्ययन के समय इनकी विशेषरूप से देखभाल करनी चाहिये जिससे ये उन उपकरणों का दुरुपयोग न कर सकें।

ध्यातव्य है कि छात्र गणित, विज्ञान, अंग्रेजी शिक्षा को ग्रहण करते-करते इतने मशीनी रूप में अपने व्यक्तित्व को न ढाल लें कि वो अपने सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, नैतिक विषयों से विमुख एवं अपरिचित हो जायें। भारत का बहुमूल्य धन भारतीयों का चारित्रिक आदर्श और उनकी विद्वत्ता है। अतः पाश्चात्य शिक्षा अंग्रेजी जहाँ बालकों के सर्वांगीण विकास में सहायक है वहीं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, नैतिक शिक्षा भी एक महत्त्वपूर्ण अंग है क्योंकि इस शिक्षा के माध्यम से बालक अपने देश की धरोहर, संस्कृति को भली-भाँति परिचित हो सकता है तथा उसके सम्पोषण, संरक्षण, संवर्द्धन के प्रति जागरुक रह सकता और समय पर आवश्यक निर्णय ले सकता। लार्ड मैकाले इस बात से भली-भाँति परिचित था कि भारत की रीढ़ की हड्डी उसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत है और इसका संरक्षण भारत की पुरातन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल पद्धति कर रही है अतः सर्वप्रथम उस शिक्षा-व्यवस्था को नष्ट करके अंग्रेजी शिक्षा को सर्वोच्च बताना होगा। जिससे वह पूरी तरह से अपनी संस्कृति अपने आत्मगौरव को भुला दें। एक स्थान पर उसने अपने विवरण-पत्र में कहा-'' भारत में शिक्षा का उद्देश्य अंग्रेजी माध्यम से यूरोपीय साहित्य तथा विज्ञान का प्रचार करना है। अपने विचारों के क्रियान्वयन के लिये उसने केवल उच्च वर्ग की शिक्षा का प्रस्ताव किया। उच्च वर्ग की शिक्षा का समर्थन करते हुये मैकाले ने तर्क दिया है कि-

''अपने सीमित साधनों में हमारे लिये यह असम्भव है कि जनसमान्य को शिक्षा देने का प्रयास करें। वर्तमान में हमें अपने प्रयास एक ऐसे वर्ग को बनाने में करना चाहिये जो हमारे तथा हमारे द्वारा शासित लाखों लोगों के बीच दुभाषियों का काम कर सकें तथा जो रंग और रूप में भारतीय हो परन्तु रुचि, विचार, आदर्श तथा बुद्धि में अंग्रेज हो। इस वर्ग पर हम देशीय भाषाओं को परिष्कृत करने तथा पाश्चात्य शब्दावली के वैज्ञानिक पदों से सम्बन्धित करने एवं विशाल जनसंख्या तक ज्ञान पहुँचाने का कार्य छोड़ देंगे।''[11]

इस प्रकार लार्ड मैकाले ने अपने विवरण पत्र में प्राच्य भारतीय शिक्षा और साहित्य का अत्यधिक विरोध किया तथा एक रणनीति से अंग्रेजी माध्यम से पाश्चात्य ज्ञान तथा विज्ञान की प्रबल प्रशंसा की। इसके लिये उसने अनेक तर्क प्रस्तुत किये। संस्कृत, अरबी, फारसी भाषा साहित्य उसकी दृष्टि में निकृष्ट पिछड़ी भाषायें थीं। उसने अंग्रेजी साहित्य को उपर्युक्त साहित्य से उत्कृष्ट बताया और कहा-

''एक अच्छे यूरोपीय पुस्तकालय की एक आलमारी का साहित्य भारत व अरब के सम्पूर्ण साहित्य के समान महत्त्व रखता है।''[12]

लार्ड मैकाले की इस नीति से स्पष्ट है कि अंग्रेजी साहित्य ही उत्कृष्ट है। परन्तु अंग्रेजी –साहित्य से अधिक आवश्यक है कि संस्कृति, सभ्यता, नैतिक, ऐतिहासिक शिक्षा सम्बन्धी उत्कृष्ट पुस्तकों का अध्ययन बालक करें इसके लिये पुस्तकालयों को समृद्ध किया जाये। शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये परीक्षा को प्रोत्साहन दिया जाये। परीक्षा के माध्यम से जहाँ स्मरण शक्ति को प्रोत्साहित किया जाये वहीं ज्ञान, सृजनात्मक शक्ति को। बोध, कौशल गुणवत्ता हेतु जहाँ शिक्षक का दायित्व है वहीं अभिभावकों की भी महती भूमिका है। अभिभावकों को भी अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरुक रहना चाहिये उनमें आचरण, नैतिकता, चरित्र, प्रकृति संरक्षण व राष्ट्र प्रेम जैसे गुणों को विकसित करने हेतु अभिभावक निरन्तर तत्पर रहें।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. नवानी,डी.(2016.जून). समकालीन भारतीय सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा.योजना, (60) पृष्ठ 40
2. नवानी,डी.(2016.जून). समकालीन भारतीय सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा.योजना, (60) पृष्ठ 40
3. नवानी,डी.(2016.जून). समकालीन भारतीय सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा.योजना, (60) पृष्ठ 40
4. मंडल,ए. (2018.दिसंबर). भारत में डिजिटल लाईब्रेरीः एक निर्णायक बदलाव.योजना,(62)12 पृष्ठ 45-46
5. मंडल,ए. (2018.दिसंबर). भारत में डिजिटल लाईब्रेरीः एक निर्णायक बदलाव.योजना,(62)12 पृष्ठ 46
6. मंडल,ए. (2018.दिसंबर). भारत में डिजिटल लाईब्रेरीः एक निर्णायक बदलाव.योजना,(62)12पृष्ठ 46
7. मंडल,ए. (2018.दिसंबर). भारत में डिजिटल लाईब्रेरीः एक निर्णायक बदलाव.योजना,(62)1212पृष्ठ 46
8. मंडल,ए. (2018.दिसंबर). भारत में डिजिटल लाईब्रेरीः एक निर्णायक बदलाव.योजना,(62)12 पृष्ठ 46
9. नवानी,डी.(2016.जून). समकालीन भारतीय सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा.योजना, (60) पृष्ठ 40
10. नवानी,डी.(2016जून). समकालीन भारतीय सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा.योजना, (60) पृष्ठ 40
11. गुप्ता.एस.पी. एवं गुप्ता. ए. (2010). भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्यायें. इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन. पृष्ठ-47
12. गुप्ता.एस.पी. एवं गुप्ता. ए. (2010). भारतीय शिक्षा का इतिहास, विकास एवं समस्यायें. इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन. पृष्ठ-45

http://mhrd.gov.in/school-education

http://mhrd.gov.in/schemes-school

https://www.scholorships. gov.in/

●

स्वतंत्रता पूर्व भारत में 'मिशन पत्रकारिता' का विश्लेषणात्मक अध्ययन (सन् 1780-सन् 1947)

मीनाक्षी पाण्डेय एवम् डॉ0 नेहा पाण्डेय***

वर्तमान युग सूचना क्रांति का है। किसी भी प्रकार की सूचना एवं सामग्री माउस की एक क्लिक पर कहीं भी भेजी जा सकती है। तकनीकों से भरे इस युग में हमारे आस-पास सूचनाओं का अंबार है, विडंबना यह कि सूचनाएँ तो अपार हैं परन्तु सूचनाओं का विश्वसनीय स्तर गर्त में जा चुका है। सूचनाओं के इस समुद्र से उच्च कोटि की विश्वसनीय, सार्थक एवं मूल सूचनाओं को प्राप्त करना एक चुनौती बन गया है। सूचनाओं एवं समाचारों को संप्रेषित करने वाली इकईयाँ। आए दिन सवालों के कटघरे में नजर आती हैं। वर्तमान परिदृश्य में मीडिया व्यवसाय बन चुका है, कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा। आज समाचारों को मसालेदार बना कर लोगों के बीच बेचा जा रहा है। खरीदफरोख़्त के इस बाजार में मीडिया कर्मियों एवं समाचारों की निलामी हो रही है।

इससे इतर समाचार पत्रों का शुरूआती दौर शुचिता, सम्मान और साहस से भरा है। तत्कालीन दौर में पत्रकारिता व्यवसाय ना हो कर 'मिशन' थी। 'मिशन'- स्वतन्त्रता प्राप्ति का, गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का, लोगों में आत्मविश्वास तथा ऊर्जा का समावेश कर आजादी की चिंगारी को धधकती हुई अग्नि में परिवर्तित करने का, लोगों के सामाजिक तथा बौद्धिक विकास का।

जहाँ एक ओर हमारे क्रांतिकारी एवं अहिंसावादी आंदोलनकारी देश पर अपना सर्वस्व निछावर कर रहे थे वहीं पत्रकारिता आम जन मानस को एकत्रित करने के साथ ही उनमें स्वतंत्रता प्राप्ति की अग्निशिखा को अनवरत प्रज्जवलित रखने का कार्य कर रही थी। उस समय के निर्भीक संपादकों ने अत्यन्त कष्ट सहते हुये अपनी लेखनी से अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। महादेवी वर्मा द्वारा कहे गये शब्द, ''पत्रकारों के पैरों के छालों से इतिहास लिखा जाता है'[1], उस समय के संपादकों एवं पत्रकारों की भूमिका को निःसदेह सच्चे अर्थों में परिभाषित करते हैं।

भारत में पत्रकारिता की शुरुआत

भारत में पत्रकारिता की शुरुआत करने वाला एक अंग्रेज था जिसका नाम जेम्स आग्स्ट्स हिक्की था। हिक्की ने 29 जनवरी 1780 में भारत में सर्वप्रथम 'बंगाल गज़ट' नामक एक साप्तहिक पत्र निकाला था। इसे कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर या 'हिक्की गज़ट' के नाम से भी जाना जाता है। हिक्की द्वारा समाचार पत्र निकालने के इस ऐतिहासिक कृत्य ने भारतीय पत्रकारिता की नींव रखी। लोगों को अपनी बातों को कहने का एक तकनीकी और प्रभावशाली मार्ग मिला। 'हिक्की गज़ट' के बाद भारत में कई समाचार पत्र निकलने लगे। अंग्रेजों ने हिक्की को तो जेल में डाल दिया परन्तु उसके द्वारा लाये गये सैलाब को ना रोक पाये। इसके बाद कई अंग्रेजों ने समाचार पत्र निकाले। 1785 तक सभी पत्र बंगाल से ही निकल रहे थे।

सन् 1785 में एक नया मोड़ आया जब मद्रास से रीचर्ड जाह्नस्टोन ने 'मद्रास कुरियर' निकाल कर एक और नई शुरूआत की। तत्पश्चात 1789 में बम्बई से 'बाम्बे हेराल्ड', 1790 में 'बाम्बे कुरियर', 1791 में 'बाम्बे गज़ट' जैसे पत्रों का प्रकाशन होने लगा। 'बाम्बे कुरियर' समाचार पत्र में पहली बार गुजराती भाषा में विज्ञापन निकला।[2] इन पत्रों के प्रकाशन द्वारा भले ही स्वतंत्रता प्राप्ति का आव्ह्न ना हुआ हो, भले ही इन समाचार पत्रों द्वारा 'मिशन पत्रकारिता' का उद्घोष प्रस्फुटित ना हुआ हो परन्तु इन समाचार पत्रों ने भारतीय पत्रकारिता का दिशा निर्देशन जरूर किया। अब समाचार पत्र बंगाल से निकल कर भारत के अन्य राज्यों में भी निकलने लगे थे। भारत के बुद्धिजीवियों को समाचार पत्रों का महत्व समझने में देर नहीं लगी। इसी दौरान अंग्रेजों ने भी समाचार पत्रों से आए खतरों को भाँप लिया और समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया। 1795 में मद्रास सरकार ने 'सेन्सरशिप एक्ट' पारित कर दिया। जो उस समय कुछ समाचार पत्रों पर लगाया गया परन्तु 1799 में इस एक्ट को भारत में छपने वाले समस्त समाचार पत्रों पर लगा दिया गया। इस एक्ट के तहत किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पूर्व उस सामाग्री की फ्रुफ शीट जमा करनी पड़ती थी।[3] इसके बाद लार्ड विल्सन ने भी समाचार पत्रों पर नियंत्रण करने की कोशिश की।

भारतीयों के द्वारा पत्रकारिता का शिलान्यास

1816 में गंगा किशोर भट्टाचार्या (कुछ लोगों के अनुसार गंगाधार भट्टाचार्या) तथा हरूचन्द्र राय ने कलकत्ता से 'बंगाल गज़ट' का प्रकाशन किया। और यहीं से भारत में भारतीयों के द्वारा पत्रकारिता का शिलान्यास हुआ। इसके बाद तो भारतीयों में एक नये उल्लास और उम्मीदों की लहर उमड़ पड़ी।

इसाई धर्म का प्रचार करने के उद्देश्य से ईसाई मिशनरियों ने 1818 में सीरामपुर से बंगाली में मासिक पत्र 'दिग्दर्शन' का प्रकाशन किया। यह भारतीय भाषा में छपने वाला प्रथम पत्र माना जाता है।[4] ईसाई मिशनरियों ने 'फ्रेण्ड ऑफ इण्डिया' नामक

* शोध छात्रा, पत्रकारिता एवं जनसम्प्रेषण विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** असिस्टेंट प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं जनसम्प्रेषण विभाग, कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

समाचार पत्र भी निकाला। इन समाचार पत्रों में हिन्दू धर्म की आलोचना के साथ ईसाई धर्म का प्रचार किया गया।

मिशन पत्रकारिता की शुरूआत

'मिशन'- सामाजिक और बौद्धिक विकास का

साम्प्रदायिकता की दोगली भावना के जवाब में राजा राम मोहन राय ने अपनी कलम की धार पैनी की और 1821 में बंगाली भाषा में संवाद कौमुदी निकाला। 1822 में मिशनरियों को करारा जवाब देने के लिये उन्होंने अंग्रेजी तथा बंगाली दोनों भाषाओं से 'ब्राह्मोनिकल मैगजीन' का प्रकाशन किया। इस पत्र में वह 'शिव प्रसाद सिंह' के नाम से लिखते थे। इन पत्रों के द्वारा उन्होंने समाज में विकास का मार्ग प्रशस्त करने की कोशिश की। इन पत्रों में उन्होने विधवा विवाह, सती प्रथा जैसे मुद्दो पर लिखा। आगे चलकर उन्होने 1822 में ही फारसी में 'मिरातुल अखबार' निकाला। इस पत्र में उन्होने लिखा कि ''मेरा उद्देश्य मात्र इतना ही है कि जनता के सामने एक बौद्धिक निबन्ध उपस्थित करूँ जो उनके अनुभव को बढ़ाये और सामाजिक प्रगति में सहायक हो।''[5] यह न केवल पत्रकारिता के प्रति उनके उद्देश्य को प्रदर्शित करता है बल्कि राष्ट्र के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का द्योतक भी है। उनकी देश भक्ति मात्र अंग्रेजी सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध लिखने में नहीं थी अपितु समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों को जड़ से उखाड़ फेकने की भी थी। एक स्वस्थ समाज का स्वप्न देखने वाले राय साहब ने अपने जीवन काल में बहुत कष्ट झेले परन्तु अपने मार्ग पर डटे रहे।

अंग्रेजों ने राजा साहब के पत्रों के साथ ही अन्य समाचार पत्रों की व्यापकता और प्रभावों को समझ लिया और 1823 में गवर्नर जनरल एडम ने 'लाइसेंस प्रथा' के कानून जारी किये, जिसका प्रभाव 'मिरात-उल-अखबार' पर पड़ा और वह बंद हो गया।

भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण 1826 में 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ आया। 'उदन्त मार्तण्ड' कलकत्ता से निकलने वाला पहला हिन्दी समाचार पत्र था। जिसके संपादक युगल किशोर शुक्ल थे। 1827 तक इस प्रकार कई समाचार पत्र छपते रहे। पूरा भारतीय प्रेस इस समय तक दो खेमों में बट चुका था। एक खेमा स्वतंत्रता सेनानियों का था जो स्वतंत्रता प्राप्ति तथा भारतीय समाज के उत्थान के लिय अवाजें उठा रहा था तो दूसरी तरफ अंग्रेजों द्वारा संचालित पत्र थे जो अंग्रेजों के पक्षधर थे।

1829 में राजा राम मोहन राय ने 'बंगदूत' नामक पत्र निकाल कर पुनः अंग्रेजों के कानों में कीलें पिघला दी। पत्र का प्रकाशन उन्होंने बंगाली, हिन्दी और फारसी में किया तथा 'बंगाल हेराल्ड' समाचार पत्र का अंग्रेजी में। इन पत्रों की सहायता से उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने सर्वप्रथम प्रेस का समाज के प्रति क्या कर्तव्य होता है इसका बोध कराया। 1835 में समाचार पत्रों को नियंत्रित करने के लिये चार्ल्स मेटकॉफ ने 'रजिस्ट्रेशन ऑफ द प्रेस एक्ट' पास किया। परन्तु वह दौर था मिशन का, एक जुनून का, इसे रोक पाना अंग्रेजों को बस की बात न थी। अंग्रेजी सरकार समाचार पत्रों को रोकने के कानून बनाती रही और भारतीय उसी उत्साह से पत्र निकालते रहे।

अब तक भारत में समाचार पत्रों का विकास कई क्षेत्रों कलकत्ता, मद्रास मुम्बई तक हो चुका था। अंग्रेजी, बंगाली, फारसी तथा हिन्दी जैसी भारतीय भाषाओं में पत्र निकल चुके थे फिर भी रिक्तता थी। बनारस से 1845 में 'बनारस अखबार' के प्रकाशन के साथ यह रिक्तता भी समाप्त हुयी और भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक नये युग का आविर्भाव हुआ । हिन्दी क्षेत्र से निकलने वाला यह पहला हिन्दी साप्ताहिक पत्र था। इसके प्रकाशक राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' तथा सम्पादक गोविन्द रघुनाथ थट्टे थे।

अब तक वह जमीनी वातावरण तैयार हो चुका था जहाँ से भारतीय पत्रकारिता के योद्धा अंग्रेजों से सीधी टक्कर ले सकें। अभी तक की भारतीय पत्रकारिता का मूल 'मिशन' सामाजिक और बौद्धिक विकास था लोगों की आन्तरिक इच्छा शक्ति और स्वाभिमान की चिन्गारी को सुलगाना था। इसी दौरान भारतीय वातावरण में भी भारी बदलाव आ रहा था लोगों में असन्तोष और रोष चरम पर था जरूरत थी तो बस हल्कि सी बयार की जो उस चिन्गारी को शोला बना दे।

'मिशन'- स्वतंत्रता प्राप्ति का

1857 में मंगल पाण्डेय ने सैन्य विद्रोह कर दिया और उसका यह विद्रोह क्रान्ति में तब्दील हो गया। 1857 के क्रान्ति युद्ध ने अंग्रेजों के होश फाख़्ता कर दिये थे। जहाँ एक तरफ सशक्त योद्धा अपनी शक्ति से अंग्रेजों से लोहे ले रहे थे वहीं पत्रकारों का बुद्धिजीवी वर्ग अंग्रेजों को बौद्धिक रूप से कमजोर कर रहा था। साथ ही राष्ट्रीयता की भावना को लोगों की चेतना में ला जन-जन को एक सूत्र में पिरो रहा था और यह सूत्र था स्वतंत्रता प्राप्ति का। यहाँ से पत्रकारिता का स्वतंत्रता प्राप्ति के मिशन में योगदान शुरू होता है।

अजीमुल्ला खाँ ने 1857 में 'पयाम-ए-अजादी' का प्रकाशन शुरू किया।[6] इस अखबार के मुद्रक एवं प्रकाशक मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के बेटे बेदार बख़्त थे। उन्होंने इस समाचार पत्र के माध्यम से समस्त देशवासियों को एकजुट होने का आवाह्न किया ''हिन्दुस्तान के हिन्दुओं और मुसलमानों उठो, खुदा ने इंसान को जितनी बरकतें अदा की हैं इसमें सबसे कीमती बरकत आजादी की है।''[7] इस अखबार ने 1857 के स्वतंत्रता सेनानियों की संघर्ष कथाएँ छापी, युद्ध में शामिल होने का आवह्न किया । इस अखबार को जंगे आजादी का अख़बार कहा गया। इसी पत्र में उस दौर का प्रचलित राष्ट्रगीत छपा था, ''हम है इसके मालिक,

हिन्दुस्तान हमारा पाक वतन है कौम का, जन्नत से भी प्यारा...।''[8] जिससे पूरी ब्रिटिश कम्पनी बौखला गयी। इस कृत्य के लिये इसके संपादक को बहुत यातनाएँ दी गयीं उसकी नृशंस हत्या कर दी गयी। इस पत्र के साथ ही 'बाम्बे समाचार', 'द जाम-ए-जमशेद' और 'रास्ट गोफ्तार' जैसे भाषायी समाचार पत्रों ने प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के पक्ष में संदेश प्रकाशित किये। बौखलाए अंग्रेजों ने इस क्रान्ति को दबाने तथा समाचार पत्रों को नियंत्रित करने के लिये 'गैगिंग एक्ट' पास कर दिया। लार्ड कैनिंग द्वारा पारित इस एक्ट के अन्तर्गत समाचार पत्रों को प्रकाशित करने के लिये लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया।

1858 में ईश्वरचनद्र विद्यासागर ने बंगाली में 'सोमप्रकाश' का प्रकाशन किया। इस पत्र के माध्यम से वह ब्रिटिश हुकूमत की निर्भीकता से आलोचना करते थे और इसलिये 1878 में लिटन के 'वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट' के शिकार हुये। उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य तक 'द हिन्दू', 'मद्रास मेल' जैसे समाचार पत्रों का प्रकाशन हुआ। बम्बई से 'द टाइम्स ऑफ इण्डिया', कलकत्ता से 'टेलीग्राफ' और इलाहाबाद से 'पायोनियर' का प्रकाशन शुरू हुआ। इन समाचार पत्रों ने भी उस समय अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

1861 में देवेन्द्रनाथ टैगोर तथा मनमोहन घोष ने 'इण्डियन मिरर' तथा 1865 में जार्ज एलन ने 'पायोनियर' निकाला। 1867 में एक और एक्ट 'प्रेस एण्ड बुक रजिस्ट्रेशन एक्ट' पास किया गया। 1868 में मोतीलाल घोष ने 'अमृत बाजार पत्रिका' का कलकत्ता से प्रकाशन किया। संपादकों की लेखनी और तेवरों ने अंग्रेजों को अन्दर तक भयभीत कर दिया। निर्भीक क्रान्तिकारी संपादकों के तेवरों को ब्रिटिश सरकार अच्छी तरह भाँप गयी। इसी भय से ब्रिटिश सरकार ने सन् 1878 में 'वर्नाकुलर प्रेस एक्ट' लागू कर दिया जिससे समस्त भाषायी पत्रकारिता जगत में भूचाल आ गया। यह भी राष्ट्रीयता की आंधी के प्रचण्ड वेग को रोकने में नाकाम रहा। इस कानून के जवाब में 'अमृत बाजार पत्रिका' रातों रात हिन्दी में छपने लगी। ना तो अंग्रेजों के दबाव कम हुये ना संपादकों की कलम का वेग थमा। इसी वर्ष 1878 में सुब्रमण्ड्यम अय्यर, वी. केशवराय पन्त, सहित 6 लोगों ने मिलकर 'द हिन्दू' अख़बार निकाला जो कि मासिक था।

अंग्रेज जहाँ अत्याचारों और कानूनों से पत्रकारों पर शिकंजे कस रहे थे वहीं कलम के सिपाही अपनी लेखनी की तपिश से उसे पिघला रहे थे। इसी कड़ी में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की लेखनी का उदय भारतीय पत्रकारिता इतिहास में एक क्रान्तिकारी घटना है। **''अब जहं देखुह वहं दुःखहि दुःख दिखाई। हा हा! भारत दुर्दशा न देखी जाई ।''**[9] उनके तत्कालीन भारतीय स्थिति के इस वर्णन ने न जाने कितनी धमनियों में रक्त संचार को उत्तेजित कर आजादी का मतवाला बना दिया। उन्होने उस समय की स्थितियों के बारे में सत्यता एवं निर्भीकता से लिखने के साथ ही स्वदेश, स्वभाषा, तथा देशभक्ति की अलख जगायी। अंग्रेजी संस्कृति तथा उसके बढ़ते प्रभाव को देख उन्होंने देशवासियों को अपनी भाषा संस्कृति का सम्मान करने का संदेश दिया। ''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को सूल''। साथ ही उन्होंने अंग्रेजों का कटाक्ष करते हुये लिखा कि ''भीतर भीतर सब रस चूसे, बाहर से तन मन धन मूसे। जाहिर बातिन में अति तेज, क्यों सखि साजन, नहीं अंग्रेज।''[10]

भारतेन्दु जी की ऐसी ओजस्वी लेखनी भारतीयों के तन मन में स्वदेश के प्रति देश की भावना जाग्रत करती थी वहीं अंग्रेजी सरकार तिलमिला जाती थी। अपने समय में इन्होंने हिन्दी, हिन्दू, हिन्दुस्तान का नारा दे देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया साथ ही 'कविवचन सुधा', 'सरस्वती', 'हरिशचन्द्र मैगजीन', स्त्रियों पर केन्द्रित 'बाला बोधिनी' इत्यादी प्रकाशनों से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्ति सामाजिक सुधारों तथा स्वदेशी की भावना जागृत की। इसी युग में बालकृष्ण भट्ट द्वारा 'हिन्दी प्रदीप' का प्रकाशन किया गया। 1910 में इसके एक अंक में माधव शुक्ल की एक कविता **'सोचो यह क्या है जो कहलाता बम है'**, का प्रकाशन हुआ। इससे अंग्रेजी सरकार अत्यन्त तिलमिला उठी और पत्र को सदा के लिये बन्द कर दिया। इसके अलावा इस पत्र में 'प्रेस एक्ट' की भी खुलकर निर्भीक आलोचना की गई। इसी पत्र से 'बंग-भंग' और 'स्वदेशी' आंदोलन से पूर्व सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, रमेश चन्द्र दत्त, दादा भाई नौरोजी, लाला लाजपत राय, लोकमान्य तिलक आदि ने राष्ट्रीयता की भावना जागृत करनी शुरू कर दी थी। 'हिन्दी प्रदीप' विशेष रूप लोकमान्य तिलक की उग्र राष्ट्रीयता से प्रभावित था।

1883 में पण्डित प्रतापनारायण ने 'ब्राहमण' पत्र का प्रकाशन किया जो भारतेन्दु जी की विचारधारा से ओतप्रोत था। पत्र छापने के दौरान अत्यन्त आर्थिक तंगी सहने के बावजूद संपादक के हौसले पस्त नहीं होते थे। 1881 में अंग्रेजी में 'मराठा' एवं मराठी में 'केसरी' पूना से प्रकाशित हुआ। इन दोनों पत्रों के माध्यमों से तिलक ने अपनी उन्मुक्त और निर्भीक लेखनी से 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है कि सोच को जन-जन के हदय में प्रज्वलित किया साथ ही अभिव्यक्ति की आजादी की मांग मुखर की। उन्होंने इन पत्रों के माध्यम से आम जनता से अपील की कि आजादी के लिये निर्भीक बोलें तथा संघर्ष करें, भोर होने तक रात में संघर्ष करना पड़ता है।[11] अपने कार्यों के लिये उन्हें कई कानूनी मुकदमों में फसाने का प्रयास किया गया। परन्तु इन पत्रों के द्वारा उन्होंने विभिन्न आन्दोलनों के लिये लोगों को जागरूक एवं एकजुट करने की कोशिश जारी रखी। केसरी के मुख पृष्ठ पर सिंह वाक्य प्रकाशित होता था ''सावधान! निश्चिंत होकर न विचरना, जब देश की जनता नींद से उठ जाएगी तब तुम्हारी खैर नहीं।''[12]

कालाकांकर से सन् 1885 में राजा रामपाल सिंह ने 'हिन्दोस्थान' का प्रकाशन किया जिसके संपादक मदन मोहन मालवीय थे। 1885 में अजमेर से हिन्दी-उर्दू भाषा के साप्ताहिक पत्र 'राजपूताना गजट' ने अंग्रेजी शासकों की दमनकारी नीतियों एवं

शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। 1889 में 'कार्यालयी गोपनियता अधिनियम' पारित कर एक बार फिर प्रेस पर अंकुश लगाने की कोशिश की गई। अपनी सत्ता को बनाये रखने के लिये ब्रिटिश सरकार हर हथकण्डे अपनाती थी, अत्याचार करती थी। 1905 में जब 'बंग-भंग' किया तो समस्त पत्रकारों ने इसकी आलोचना की। 'भारत रत्न' में बालमुकुन्द गुप्त ने 21 अक्टूबर 1905 के अंक में एक निबन्ध लिखा जिसका शीर्षक 'बंग विच्छेद' था। इसमें उन्होने लिखा कि 'बंग-भंग' के कारण भारतीय जनता और अधिक निकट आई तथा एकता के सूत्र में बंधने लगी। उन्होने लिखा, ''आपके शासन काल में बंग विच्छेद इस देश के लिए अन्तिम विषाद और आपके लिये अन्तिम हर्ष है।[13] इस प्रकार उन्होंने अपनी लेखनी से अंग्रेजों की सारी नीति एवं मनसा पर पानी फेर डाला।

इसी के साथ 'जुगान्तर' में पूर्ण स्वतंत्रता का नारा दिया। 'जुगान्तर' की ओजपूर्ण लेखनी पर तत्कालीन चीफ जस्टिस सर लारेन्स जेविन्स ने कहा था कि ''इसकी हर पंक्ति से अंग्रेजों के विरूद्ध द्वेष टपकता है। प्रत्येक शब्द से क्रान्ति के लिये उत्तेजना झलकती है।[14] सबसे बड़ी बात थी इसके सम्पादक को कोई नहीं जानता था। 'जुगान्तर' के एक अंक में बम बनाने की प्रक्रिया एवं विधि को प्रकाशित किया गया। इस समाचार पत्र के अन्तिम अंक में इसके मूल्य के रूप छपा था 'फिरंगी का तुरन्त कटा हुआ सिर।'[15]

इस प्रकार ऐसे क्रान्तिकारी लेखों से ओतप्रोत इस समाचार पत्र ने अंग्रेजों को आतंकित कर रखा था। इसी की भाँति 'संध्या' पत्र में भी पूर्ण स्वतंत्रता की मांग मुखर की। 'देवनागर', 'नृसिंह', 'विश्वमित्र', 'स्वतंत्र' आदि पत्रों ने भी बगावत व विद्रोह की शिखा को प्रज्जवलित किया। इनके सम्पादकों-प्रकाशकों में शारदाचरण मिश्र, यशोदानन्दन अखौरी, अम्बिका प्रसाद बाजपेयी, तथा मूलचन्द अग्रवाल के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं।

सम्पूर्ण पत्रकारिता स्वतंत्रता प्राप्ति के उद्देश्य के प्रति समर्पित थी। बेड़िया, सजा, यातनाएं उनके ईरादों को रोकने में नाकाम थी। उनके ईरादों पर वेन्डल फिलिप ने कहा था कि, ''व्हाट गनपावडर डीड फार वॉर, द प्रेस हैस डन फार द माइन्ड''।[16]

शान्तिनारायण के सम्पादन में इलाहाबाद से 'स्वराज्य' का प्रकाशन 1907 में हुआ। यह पत्र अपने उग्रविचारों के कारण कई बार दण्डित हुआ। इस पत्र में खुदीराम बोस की एक कविता छापी गई जिसके कारण संपादक, शान्तिनारायण, को साढ़े तीन वर्ष की कैद तथा एक हजार रूपये जुर्माने की सजा मिली। इसके बाद भी इस पत्र में अग्रजों के खिलाफ लिखना बन्द नहीं किया। परिणाम स्वरूप अन्य संपादकों को भी अंग्रेजी सरकार के कोप का भाजन बनना पड़ा। इसके एक अंक में संपादक के लिये विज्ञापन इस प्रकार निकाला गया, ''चाहिए स्वराज के लिए एक संपादक। वेतन, दो सूखी रोटियाँ, एक गिलास ठंण्डा पानी और हर संपादकीय के लिये दस साल जेल।''[17] इसी प्रकार 1907 में प्रयाग से 'अभ्युदय' का प्रकाशन हुआ जिसके संपादक पं0 मदन मोहन मालवीय थे। इसके साथ ही उन्होंने 'इण्डियन ओपिनियन', का संपादन किया तथा 'मर्यादा', 'सनातन धर्म' जैसे पत्रों से जुड़े रहे।

1910 में अंग्रेजी सरकार ने 'प्रेस एक्ट' पारित किया जिसके शिकार 1,000 भारतीय समाचार पत्र हुये। जिसमें 'वंदेमातरम्' (ऑरबिन्दों घोष), 'संध्या' (ब्रहमा बान्धव उपाध्याय), तथा 'जुगान्तर' (भुपेन्द्रनाथ दत्त) जैसे समाचार पत्र मुख्य रूप से शामिल थे।

1913 में महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रिका में 'इण्डियन ओपिनियन' का प्रकाशन शुरू किया । इस पत्र में उन्होने वहाँ के दयनीय भारतीयों की समस्या को उठाया। 1915 का दौर भारतीय स्वतंत्रता काल में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया इस वर्ष गाँधी जी दक्षिण अफ्रिका से भारत लौट आये थे। देश की गम्भीर स्थिति को देखते हुये उन्होंने लोगों में संचार करने का एक अन्य मार्ग अपनाया। गाँधी ने 'यंग इण्डिया', 'नवजीवन', 'हरिजन', जैसे पत्र एवं पत्रिकाओं के माध्यम से लोगों को एक सूत्र में पिरोने तथा जागरूक करने का कार्य किया।

1920 में वाराणसी से 'आज' का प्रकाशन हुआ जिसके सम्पादक बाबू राव विष्णु पराड़कर थे। उनकी निर्भीक लेखनी अंग्रेजों की आँख की किरकिरी बन गई थी। उन पर सांप्रदायिकता फैलाने तथा राजद्रोह जैसे आरोप लगाये गये। फिर भी इनकी लेखनी पर अंकुश लगाना मुश्किल था। जब 1930 में 'आज' पर प्रतिबन्ध लगाया गया तो उन्होंने 'रणभेरी' नाम से भुमीगत पत्र का प्रकाशन किया।

1938 में 'नेशनल हेरॉल्ड' समाचार पत्र का प्रकाशन किया गया जिसका पूर्णरूपेण उद्देश्य 'इण्डियन नेशनल काँग्रेस' के विचारों का समर्थन करना था। 1940 में 'इण्डियन इस्टर्न न्यूज पेपर सोसाइटी' (वर्तमान में इण्डियन न्यूज पेपर सोसाइटी) बनी जो कि समाचार पत्र संस्थाओं तथा सरकार के मध्य सामंजस्य का कार्य करती थी।

इन सब के अलावा 'कॉमरेड' (मौलाना मोहम्मद अली), 'अल-हिलाल' (मौलाना अब्दुल कलाम आजाद), 'मद्रास स्टैन्डर्ड' (ऐनी बेसेन्ट), 'डॉन' (जिन्ना) ऐसे अनेकों समाचार पत्र हैं जिन्होंने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था।

इस प्रकार प्रेस पर प्रतिबन्ध लगाये गये, सम्पादकों को जेल भेजा गया, सामाजिक व्यवस्थाओं के खिलाफ लिखने पर उनका सामाजिक बहिष्कार किया गया। समय-समय पर उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। पत्रकारों ने नृशंस सजायें और यातनायें झेली परन्तु फिर भी उनका हौसला कम न हुआ। जब-जब अंग्रेजों ने प्रेस पर प्रतिबन्ध लगाया संपादको ने 'रणभेरी', 'रणडंका', 'चण्डिका', 'शंखनाद', 'तूफान', 'चिन्गारी', 'बवण्डर', 'हलचल', 'ज्वालामुखी', 'बोल दे धावा' जैसे अनेकों भूमिगत पत्रों का प्रकाशन

कर अपनी कलम की वेग को और तेज कर दिया। अत्यंत कष्ट सहे परन्तु पत्रकारिता की लौ को ना तो बुझने दिया और ना ही अपनी नीतियों से समझौता किया। उनके दिलों में देशभक्ति, स्वाभिमान तथा कर्तव्यनिष्ठा कूट-कूट कर भरी थीं। उस युग में पत्रकारिता पैसा कमाने की वृत्ति न होकर एक व्रत थी एक मिशन थी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. https://shakya68510093.wordpress.com/2018/05/31/%E0%A4%AA%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%A4%E0%A4%BE-%E0%A4%8F%E0%A4%95-%E0%A4%B0%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%AE-%E0%A4%B9%E0%A5%88%E0%A4%A6%E0%A4%AE-%E0%A4%B9/(Acessed on 4/05/18)
2. Dr. Nadig Krishna Murthy, Indian Journalism, (1966), P.N. 21
3. Dr. Nadig Krishna Murthy, Indian Journalism, (1966), P.N. 20
4. J V Vilanilam, Mass Communication In India: A Sociological Perspective, SAGE Publishing India (2005), P.N 53
5. Dr. Nadig Krishna Murthy, Indian Journalism, (1966), P.N. 45
6. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 32
7. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 34
8. हिन्दी पत्रकारिता, रूपक बनाम मिथक, डॉ० अनुशब्द, वाणी प्रकाशन, पृ० सं० 25, 2014
9. http://www.hindisamay.com/content/40/1/%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4%ÙeÛeE0%A5%87%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A5%81%E0%A4B9%E0%A4%B0%E0%A4%BF%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%9A%E0%A4%82%E0%A4%A6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%A8%E0%A4%BE%E0%A4%9F%E0%A4%95-%E0%A4%AD%E0%A4%BE%E0%A4%B0%E0%A4%A4%E0%A4%A6%E0%A5%81%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%A6%E0%A4%B6%E0%A4%BE.cspx (accessed o n 10/10/18)
10. Yogendra Pratāpa Simha, Hindi Sahitya Ka Itihas Aur Uski Samasyayen, Vani Prakashan, 2011, P.N. 365
11. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 65
12. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 67
13. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 61
14. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 62
15. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 62
16. https://www.goodreads.com/quotes/826060-what-gunpowder-did-for-war-the-printing-press-has-done (Accessed on 15/09/18)
17. संजीव भानावत, पत्रकारिता का इतिहास एवं जनसंचार माध्यम, यूनिर्वसिटी पब्लिकेशन, पृ०सं० 71

●

नरेश मेहता के काव्य में प्रतीक विधान

डॉ0 प्रेम निवास सिन्हा[*]

नरेश मेहता नयी कविता के प्रतिनिधि कवि हैं। नयी कविता अपने विपुल साहित्य के माध्यम से जिस सौन्दर्य बोध और अभिव्यक्ति की नवीनता को प्रस्तुत किया उसमें नरेश मेहता की भी अहं भूमिका रही है। नयी कविता में प्रयोगशीलता के जो आयाम विकसित हुए वे कथ्य और शिल्प दोनों ही रूपों में नरेश मेहता में मिलते हैं। सुरूचिपूर्ण आभिजात्य नरेश मेहता के काव्य की विशेषता है। उनके समस्त काव्यकृतियों (यथा-वनपाखी! सुनो!!), बोलने दो चीड़ को, मेरा समर्पित एकान्त, उत्सवा, तुम मेरा मौन हो, अरण्या, आखिर समुद्र से तात्पर्य, पिछले दिनों नंगे पैरों, देखना एक दिन, सभी मुक्त काव्य), तथा 'संशय की एक रात', महाप्रस्थान, प्रवादपर्व, शबरी एवं प्रार्थना पुरूष (सभी खण्ड काव्य) की भाषिक संरचना में शब्दों का अद्‌भुत प्रयोग तथा अप्रस्तुतों, बिम्बों एवं प्रतीकों के नूतन प्रयोग उनके काव्य की विशेषता है। उन्होंने अपने काव्य में प्रतीकों का प्रयोग बहुत किया है। चूँकि प्रतीक को उन्होने सम्प्रेषण के अनिवार्य साधन के रूप में ग्रहण किया है।

प्राचीन हिन्दी काव्य में तो प्रतीकों का प्रयोग सामान्य रूप से ही हुआ है, किन्तु आधुनिक छायावादी और प्रयोगवादी काव्य में इनका प्रयोग अधिक हुआ है। प्रतीक योजना के क्षेत्र में नये कवियों ने छायावादी लाक्षणिक वक्रता से आगे बढ़कर अत्यधिक सांकेतिक प्रतीकों का प्रयोग किया है। नयी कविता में प्रयुक्त प्रतीक सांस्कृतिक, पौराणिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक, एवं लोकजीवन इत्यादि प्रत्येक क्षेत्र से आये हैं। दरअसल, प्रतीक के द्वारा हम किसी अधिक सूक्ष्म और अदृश्य सत्ता को जानने का प्रयत्न करते हैं। प्रतीकों की सृष्टि सूक्ष्म तथा अर्द्धस्पष्ट भावों के लिए की जाती है।

प्रतीक शब्द की व्युत्पति प्रति+इण् (गतो) से मानी गई है जिसके अनुसार प्रतीक का अर्थ वस्तु है, जो अपनी मूल वस्तु में पहूँच सके अथवा वह चिन्ह जो मूल का परिचायक हो।[1] प्रतीक शब्द अंग्रेजी शब्द 'Symbol' का हिन्दी रूपान्तर है। जिसका सम्बन्ध ग्रीक शब्द Symbolon, 'Token' तथा लैटिन शब्द 'Symbol' शब्द से है जो आंशिक रूप से फ्रेंच शब्द 'Symbola' तथा स्पेनिश शब्द 'Symbole' से होकर अंग्रेजी के वर्तमान रूप तक आया है।[2]

वस्तुतः प्रतीक विधान एक ऐसी अभिव्यक्ति शैली है जिसमें विचारों और अनुभूतियों को सीधे-सीधे वर्णित न करके उनका संकेत किया जाता है और पाठक के मस्तिष्क में अव्याख्यायित प्रतीकों के माध्यम से उनका उद्‌बोधन कराया जाता है।

"Symbolism can therefore be defined as art of expressing ideas and emotions not by describing them directly….. But by suggesting what these ideas and emotions are, by recreating them in the mind of the reader through the use of unexplained symbols."[3]

प्रतीक शब्द का सामान्य अर्थ संकेत या चिन्ह है। 'प्रतीक' ऐसे संकेत हैं जिनके माध्यम से अभिव्यक्ति को प्रेषणीय, सार्थक और अर्थगर्भित बनाया जा सकता है। कवि अपनी अभिव्यंजना के लिए प्रतीकों का सहारा लेता है। प्रतीक भाषा में सघनता, संश्लिष्टिता और अर्थवता लाते हैं, तथा चिन्तन को प्रेषणीय बनाते हैं। इस दृष्टि से प्रतीकों का काव्यगत महत्व स्पष्ट हो जाता है। ''शैलीवैज्ञानिक संदर्भ में प्रतीक को काव्य प्रतीक, शाब्दिक प्रतीक/भाषिक प्रतीक के रूप में समझा जाता है; साहित्य शाब्दिक कला ही नहीं विशिष्ट शाब्दिक कला है और कविता केवल शाब्दिक प्रतीक ही नहीं, विशिष्ट प्रतीक है। यह विशिष्टता ही वस्तुतः कलात्मकता (काव्यात्मकता) है जो इसे सामान्य रचना से भिन्न सिद्ध करती है।''[4]

लक्ष्मीकांत वर्मा की दृष्टि में मनुष्य अपनी भाव व्यंजना को अधिक सफलता से व्यक्त करने के लिए प्रतीकों का सहारा लेता है।[5] प्रतीक की उपयोगिता निःसंदेह लोक जीवन और सम्पूर्ण विचार-क्षेत्र के लिए बहुत अधिक है। किन्तु साहित्य में भी इसकी उपयोगिता, कम से कम, कमतर नहीं है। प्रतीक जटिल मनःस्थिति को बोधगम्य बनाते हैं और आत्म तुष्टि देते हैं।[6]

रेने वेलेक एवं आस्टिन वारेन के अनुसार "Like image', again, it continues to appear in widely different contexts and many different purposes. x x x. In Literary theory, it seems desirable that the word should be used in this sense: as an object which refers to another object but which demands attention also in its own right, as a presentation."[7] अर्थात् ''बिम्ब की ही भाँति यह भी बहुत भिन्न-भिन्न सन्दर्भों में बिल्कुल भिन्न चीजों के लिए प्रयुक्त होता रहा है। x x x. साहित्यिक सिद्धान्त में इस शब्द का प्रयोग इस अर्थ में करना अभीष्ट प्रतीत होता हैः एक ऐसी वस्तु जो किसी अन्य वस्तु की ओर संकेत करती है, पर एक प्रस्तुतीकरण के रूप में जिसके अपने स्वरूप की ओर भी ध्यान देने की अपेक्षा होती है।''

* अतिथि अध्यापक, आधुनिक भाषा एवं भाषाविज्ञान विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्रतीक-विधान के अन्तर्गत दो बातें विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी गयी हैं- एक विभिन्न अनुभूतियों या संवेदनाओं के बीच चुनाव करने की प्रक्रिया का ज्ञान और दूसरी इन अनुभूतियों को प्रभावित करने वाली सांकेतिक वस्तु का चयन। अतः अभिप्रेत वस्तु, भाव या अर्थ का संकेत करने के लिए उपयुक्त आधार पर प्रतीक का चुनाव होता है।[8] अर्थद्योतन की क्रिया में साम्य के कारण बिम्ब और प्रतीक में भ्रान्ति हो सकती है। पर दोनों में अन्तर है। जहाँ बिम्ब में वस्तु के निश्चित स्वरूप का संकेत रहता है वहाँ प्रतीक में सदैव अनिश्चित स्थिति की प्रधानता रहती है जैसा कि निम्नांकित वक्तव्य से भी स्पष्ट है-

"As defined by Hulme, therefore, an image is not unlike a symbol, both are solid analogies, but whereas our symbol, presenting itself, suggest something almost as definite as itself, seems limited if not altogether assigned."[9]

बहरहाल, प्रतीक बिम्ब की तरह काव्य भाषा के निमार्ण-प्रक्रिया के विशिष्ट तत्व हैं जो प्रस्तुत होते हुए भी भाषिक प्रक्रिया में प्रस्तुत के स्थानापन्न हो जाते हैं, भाषा हो जाते हैं। प्रतीक काव्य सौन्दर्य का विशिष्ट उपादान भावोत्कर्ष में साधक, अर्थाभिव्यंजक और विस्तार को संक्षेप में कहने का माध्यम है। काव्य की रमणीयता बहुत कुछ प्रतीकों पर निर्भर करती है। प्रतीक सृष्टि मनुष्य की चिंतन प्रणाली और क्रिया का एक आवश्यक अंग है। कलाकार अपनी स्वानुभूति के अकथनीय अंशों को प्रतीक के द्वारा ही कथनीय और प्रेषणीय बनाता है।[10]

नरेश मेहता के काव्य में प्रयुक्त प्रतीकों का विवेचन के पूर्व प्रतीक विषयक पाश्चात्य एवं भारतीय दृष्टिकोण तथा वर्गीकरण का उल्लेख करना आवश्यक है।

1. प्रतीक विषयक पाश्चात्य दृष्टिकोण

i. **Encyclopaedia Britanica** (ब्रिटिश विश्वकोश) के अनुसार- "Symbol, the term given to a visible object representing to the mind the semblance of something which is not shown but realised by association with it"[11]

अर्थात् ''प्रतीक शब्द का प्रयोग किसी ऐसे गोचर (प्रस्तुत) पदार्थ के लिए किया जाता है जो मन में किसी अगोचर (अप्रस्तुत) वस्तु की अनुभूति उसके साथ अपने सम्पर्क के कारण करा देता है।''

ii. Encyclopaedia of Religions and ethics के अनुसार-

"A symbol is a visible or audible sign or emblem of some thought, emotion or experience, interpreting what can be really grasped only by the mind and imagination by something which enters into the field of observation"[12]

अर्थात ''प्रतीक किसी विचार, भाव या अनुभव का दृश्य या श्रव्य चिन्ह है। वह उसकी व्याख्या करता है जो वस्तुतः मानस और कल्पना द्वारा ही अभिगृहीत किया जा सकता है और यह अभिग्रहण होता है उस वस्तु के सहारे जो हमारे प्रेक्षण-क्षेत्र के भीतर प्रवेश कर जाती है।''

iii. Cuddon. J. A. के अनुसारः- "symbol is an object, animate or inanimate which represents or stands for something else"[13]

iv. Wales. Katie के अनुसारः- "From Greek 'token', a symbol is a SIGN, whether visual or verbal, which stands for something else within a speech community",[14]

v. Lewis. Cecil Day के अनुसारः- "An intense image is opposite of a symbol. A symbol is denotative. It stands for one thing only. As the figure I represents one unit."[15]

इसके अतिरिक्त "Baudelaire (बोदलेयर), Rimbaud (रिम्बो), Mallarme (मलार्मे), Verlaine (वर्लेन). T.S. Eliot (टी.एस.एलिएट), Ezra Pound (एजरा पाउण्ड), W.B. Yeats (डब्लू.बी.ईटस), Maurice Bowra. (मौरीस बोवरा), एवं Peirce, C.S. (पीयर्स, सी. एस.) इत्यादि ने परिभाषित किया है। Encyclopaedia of poetry and poetics तथा The New shorter oxford English Dictionary आदि में भी प्रतीक को परिभाषित किया गया है।

2. प्रतीक विषयक भारतीय दृष्टिकोण

(i) प्रतीक का प्रयोग ऋग्वेद में हुआ है- ''दधाते ये अमृतं सुप्रतीके धावा रक्षतं पृथिवी नौ अम्वात् ।।6।।[16]

(ii) हिन्दी में सर्वप्रथम आचार्य शुक्ल ने प्रतीक पर विचार फ्रांस के प्रतीकवादी आंदोलन के संदर्भ में किया है। उनके अनुसार किसी देवता का प्रतीक सामने आने पर जिस प्रकार उसके स्वरूप और उसकी विभूति की कल्पना आ जाती है, उसी प्रकार काव्य में आई हुई कुछ वस्तुएँ विशेष मनोविज्ञान या भावनाओं को जागृत कर देती है। x x x प्रतीक का आधार साहचर्य या साधर्म्य नहीं, बल्कि भावना जागृत करने की निहित शक्ति है।[17]

(iii) डॉ. नगेन्द्र के अनुसारः ''सामान्यतः प्रतीकात्मक प्रयोग में एक ही शब्द अथवा शब्द चित्र के द्वारा दो विभिन्न अनुभूतियों अथवा विचारों का समन्वित रूप उपस्थित होता है।''[18]

(iv) भारतीय काव्य शास्त्र में शब्द की अभिधा, लक्षणा तथा व्यंजना तीन शक्तियाँ मानी गई हैं। डॉ. नगेन्द्र ने

प्रतीकात्मक शब्द का सम्बन्ध लक्षणा तथा व्यंजना शक्ति से माना है जबकि वाच्यार्थ अभिधा शक्ति से बताया है।''[19]

(v) डॉ. भगीरथ मिश्र के अनुसारः ''अपने रूप, गुण, कार्य या विशेषताओं के सादृश्य एवं प्रत्यक्षता के कारण जब कोई वस्तु या कार्य किसी अप्रस्तुत वस्तु, भाव, विचार, क्रियाकलाप, देश, जाति, संस्कृति आदि का प्रतिनिधित्व करता हुआ प्रकट किया जाता है, तब वह प्रतीक कहलाता है।''[20]

(vi) हिन्दी साहित्य कोश के अनुसारः ''प्रतीक शब्द का प्रयोग उस दृश्य अथवा गोचर वस्तु के लिए किया जाता है जो किसी अदृश्य विषय का प्रतिविधान उसके साथ अपने साहचर्य के कारण आती है अथवा कहा जा सकता है कि किसी अन्य स्तर की समान रूप वस्तु द्वारा किसी अन्य स्तर के विषय का प्रतिनिधित्व करने वाली शक्ति प्रतीक है।''[21]

इसके अतिरिक्त आचार्य विश्वनाथ (साहित्य दर्पण), अज्ञेय, डॉ. कुमार विमल, केदारनाथ सिंह, जगदीश गुप्त, रामस्वरूप चतुर्वेदी इत्यादि ने भी प्रतीक को परिभाषित किया है।

प्रतीकों का वर्गीकरण

नयी कविता में विषय-वैविध्य और रंग-चेतना के कारण प्रतीकों को विविध क्षेत्रों यथा-पुराण, संस्कृति, धर्म, इतिहास, दर्शन, विज्ञान एवं लोकजीवन से ग्रहण किया गया है। प्रतीकों का वर्गीकरण रूप, अर्थ एवं स्त्रोत के आधार पर किया जा सकता है। विद्वानों द्वारा किए गए वर्गीकरण निम्नलिखित हैं-

(i) Maurice Bowra (मौरीस बोवरा) के अनुसार-[22]



(ii) Wellek Rene' (वेलेक रेने) एवं Warren Austin (वारेन ऑस्टिन) के अनुसार-[23]



(iii) Urban, Wilbur. Marshall. (उरबान, विल्बर मार्शल) के अनुसार-[24]



(iv) डॉ. नरेन्द्र मोहन के अनुसार-[25]



(v) डॉ. भगीरथ मिश्र के अनुसार-[26]

(vi) वस्तुतः नये कवियों के काव्य में प्रतीकों का वैशिष्ट्य होने के कारण प्रतीक का वर्गीकरण निम्न प्रकार किया जा सकता है।[27]



नरेश मेहता के काव्य में प्रतीकों का प्रयोग पर्याप्त हुआ है। उनके काव्य में प्रयुक्त प्रतीक संस्कृति, इतिहास, कला, साहित्य और जन-जीवन से लिए गए हैं। उनके काव्य में प्रयुक्त प्रतीकों को उपर्युक्त वर्गीकरण के आधार पर स्पष्ट किया जा सकता है।

1. सांस्कृतिक प्रतीकः उनके काव्य का गहन परिपार्श्व पौराणिक है। उनके समस्त खण्ड काव्य रामायण तथा महाभारत के प्रसंगों को लेकर लिखे गए हैं। इन काव्यों में उन्होंने प्रतीक पद्धति अपनाई है। उन्होंने राम, रावण, सीता, लक्ष्मण, विभीषण, हनुमान, युद्धिष्ठिर, भीम, अर्जून, और शबरी आदि पात्रों को प्रतीकवत प्रयोग किया है। राम प्रश्नाकुल और अपूर्ण व्यक्तित्व के, सीता अपहृत स्वतंत्रता का, युद्धिष्ठिर धर्मपालक का, जटायु और दशरथ

प्रेरणा और उद्‌बोधन क्षमता के प्रतीकवत् प्रयुक्त हैं। इसी प्रकार उन्होने मनु और गौतम को भी प्रतीकत्व प्रदान किया है। यथा-

(i) पुत्र मेरे-
हमारा मनु ही पृथक है,
अपने वंश में गौतम नहीं होता।
अपनी विवशता के स्वत्व की भीक्षा
अन्य को देकर न तुम छोटे कहाना।
इतिहास ओछा था
हम नहीं।[28]

यहाँ मनु सृष्टि के उत्पादक का और गौतम विवशता जनित त्याग का प्रतीक लिए हुए है। कवि 'गौतम' के संदर्भ में 'अपनी विवशता के स्वत्व की भिक्षा/अन्य को देकर तुम छोटे कहाना'' कहकर प्रतीक को स्पष्ट किया है।

(ii) अपमानित विभीषण चाहते हैं न्याय
उस सम्राट से
जो दस दिशा की नियति है-[29]

यहाँ 'दस दिशा की नियति' का प्रयोग रावण के लिए प्रतीकवत् हुआ है। इसका तात्पर्य है- रावण के हाथ में दसों दिशा का भाग्य है

(iii) इस विष्णु आकाश में,
एक अश्वत्थ
तेजस्वी ब्राह्मण सा
अपनी प्रशाखाओं के केश खोले
उस आकाशी समुद्र में निरानन्द खड़ा था
जैसे वह वर्ष हो
जो सावित्रियाँ धारण करता है।[30]

यहाँ 'सावित्रियाँ' पौराणिक प्रतीक के रूप में प्रयुक्त है।

(iv) मैं अपने चारों ओर
एक भाषा का अनुभव करता हूँ
x x x x
जिसमें फूलों की सी गन्ध
और बिल्व पत्र की सी पवित्रता है
इसीलिए मन्त्र
केवल ग्रन्थों में ही नहीं होते।[31]

यहाँ 'बिल्वपत्र' पौराणिक/धार्मिक प्रतीक के रूप में प्रयुक्त है। बिल्वपत्र (बेलपत्र) पूजा की एक सामग्री है, जिसे शिव पर चढ़ाया जाता है।

इसके अतिरिक्त उनके काव्य में गायत्री, महाभाव, वैष्णवता, कल्पद्रुमता, भूमा आदि प्रतीक के रूप में प्रयुक्त हैं। उनके काव्य वनपाखी! सुनो!!, उत्सवा, अरण्या, महाप्रस्थान, संशय की एक रात, प्रवादपर्व, बोलने दो चीड़ को, आदि में सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग पर्याप्त दृष्टिगोचर होता है। सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से उन्होंने आधुनिक भावबोध और समकालीन जीवन की विषमता को स्पष्ट किया है।

2. **ऐतिहासिक प्रतीकः** वस्तुतः इसके अन्तर्गत ऐतिहासिक पात्रों, घटनाओं आदि का प्रतीकवत् प्रयोग किया जाता है। निम्नलिखित उदाहरण दृष्टव्य है।

(i) राइन के जलकंठों में गेटे ने गाया,
और हिटलरी फौजी बूटों ने कुचला डेन्यूब लहर को।
संगीनों से कभी नहीं गेहूँ उगता है।[32]

यहाँ 'हिटलरी फौजी बूटों' ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में प्रयुक्त है। हिटलर को बर्बर तानाशाह के रूप में प्रतीकवत् प्रयोग किया गया है।

(ii) यह कैसा मौन है।
जिसमें असीरगढ़ पहाड़ पर पैर रखकर
अपने सारे शिला-व्यक्तित्व के साथ
ऐसा ही सहेजा लग रहा है।
जैसे सतपुड़ा ने
अश्वत्थामा के दुर्दान्त प्रसंग की
कोई दुलर्भ प्रति सहेज रखी हो।[33]

यहाँ 'असीरगढ़' तथा 'सतपुड़ा' का प्रयोग ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में हुआ है। जिस प्रकार अश्वत्थामा के दुलर्भ प्रसंगों को दस्तावेज के रूप में सहेज कर रखा है उसी प्रकार पहाड़ असीरगढ़ को उसके शिला-व्यक्तित्व के साथ सहेज रहा है। यह कहकर कवि ने सतपुड़ा एवं असीरगढ़ दोनों को प्रतीक के रूप में प्रयोग किया है। यहाँ असीरगढ़ एक इतिहास-पुरूष के प्रतीक के रूप में एवं सतपुड़ा एक पौराणिक पुरूष के प्रतीक के रूप में उपस्थित है। यहाँ सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संदर्भो एवं चिरन्तन मूल्यों को अपने पास सहेजकर रखना इस भाव से यह प्रतीक उभरकर आया है। इस प्रकार उनके काव्य मेरा समर्पित एकान्त, तुम मेरा मौन हो, आखिर समुद्र से तात्पर्य तथा पिछले दिनों नंगे पैरों, आदि में ऐतिहासिक प्रतीकों का प्रयोग पूर्णरूपेण दृष्टिगोचर होता है।

3. **प्राकृतिक प्रतीकः** वस्तुतः विभिन्न प्राकृतिक उपादानों ने काव्य में प्रतीक के रूप में प्रयुक्त होकर सौन्दर्य सृजन में काफी योगदान किया है। प्रकृति से लिए गए प्रतीकों की विशेषता यह है

कि वे सार्वजनीन, सार्वभौम और गोचर होते हैं। नरेश मेहता के काव्य में प्राकृतिक प्रतीकों का प्रयोग पर्याप्त दृष्टिगोचर होता है। निम्नलिखित उदाहरण दृष्टव्य है-

(i) नदियों ने चलकर ही
सागर का रूप लिया
मेघों ने चलकर ही
धरती को गर्भ दिया।[34]

यहाँ 'नदी' गतिशीलता की तथा 'सागर' कर्मठता का प्रतीक है। इसी प्रकार 'मेघ' पुरूषत्व तथा 'धरती' नारीत्व के रूप में प्रयुक्त है।

(iii) वन घासें हम
उन सबकी हैं सखा
सखाहीन जो।[35]

यहाँ 'वनघासें' उन सभी पीड़ित, दलित, निरीह और अस्तित्वहीन लोगों के प्रतीक रूप में प्रयुक्त है।

(iii) जितने जल उतने ही संशय-
वृद्ध कगूँरे
दुहरित जल में-साँप हो रहे,[36]

यहाँ 'जल' चेतना या व्यक्तित्व की विभिन्नता तथा 'साँप' विकारों का प्रतीक रूप में प्रयुक्त है।

इस प्रकार उनके काव्य में आकाश, जल, वन, फूल, सूर्य, वैशाख इत्यादि शब्द विशिष्ट अर्थ के घोतक हैं। सम्यक् भावाभिव्यक्ति हेतु प्राकृतिक प्रतीकों का बड़ा ही सार्थक प्रयोग उनके खण्ड-काव्योंः- संशय की एक रात, महाप्रस्थान, प्रवादपर्व आदि तथा मुक्त काव्यः- बोलने दो चीड़ को, उत्सवा, अरण्या, आखिर समुद्र से तात्पर्य आदि में पूर्णरूपेण दृष्टिगोचर होता है। प्राकृतिक उपकरणों का प्रतिकाभिव्यंजना हेतु प्रयोग उनके काव्य की विशेषता है।

4. वैज्ञानिक प्रतीकः वैज्ञानिक प्रगति के साथ नये कवियों ने वैज्ञानिक उपकरणों को प्रतीकवत् ग्रहण किया है। नरेश मेहता के काव्य में वैज्ञानिक उपकरणों से संबंधित प्रतीक भी दृष्टिगोचर होता है। यथा-

(i) एटम ''औ'' उद्रजन बम हैं नभगामी महलों के कर में,
चाह रहे जो सृष्टिधरा को केवल हिरोशिमा कर देना।[37]

यहाँ 'एटम' और 'उद्रजन बम' को संहारक एवं विध्वंसक शक्ति के रूप में प्रयोग किया गया है।

(ii) दौड़ रही है गन्धक और फासफोरस की पीली लपटें,
जिसमें उस जापान देश का सदियों का संगीत जल गया,[38]

यहाँ 'गन्धक' और 'फासफोरस' महाविनाश का प्रतीक है। 'गन्धक और फासफोरस की पीली लपटें' से तात्पर्य है, भयंकर अग्निकांड, भयंकर ज्वाला के रूप में प्रतीकवत् प्रयुक्त हुआ है।

5. यौन प्रतीकः उनके काव्य में यौन प्रतीकों का प्रयोग भी दृष्टिगोचर होता है। निम्नलिखित उदाहरण दृष्टव्य है।

(i) और तुम
इस भाषा जैसी पृथिवी को गर्भवती बनाओ
प्रकाश के घृत्स्नु-अश्वों के पुरूषत्व के लिए
यह पृथिवी ही महायोनि है।[39]

यहाँ 'पृथिवी' (पृथ्वी) को महायोनि के प्रतीक रूप में प्रयोग हुआ है।

(ii) ये घृत्स्नु-अश्व
कामोद्दीप्त सांडो की भाँति
दिशाओं की देहों को, योनियों को सूँघ रहे हैं
और उन्हें गर्भवती बनाने के लिए कैसे आकुल हैं।[40]

यहाँ 'घृत्स्नु-अश्व' कामोद्दीप्त सांडों के रूप में प्रतीकवत् प्रयुक्त हैं। साथ ही 'दिशाओं की देह' के लिए 'योनि' का प्रयोग प्रतीक रूप में हुआ है।

6. कलात्मक प्रतीकः कलात्मक प्रतीक धर्म, दर्शन, विज्ञान आदि के प्रतीकों की तरह स्पष्ट और निश्चित होते हैं। ये प्रायः कल्पनाजन्य होते हैं। नरेश मेहता के काव्य में कलात्मक प्रतीक से संबंधित निम्नलिखित उदाहरण दृष्टव्य हैं। यथा-

(i) भिक्षुणियों के मुखों सी
ओ सान्ध्य दीर्घाओं!
अपने इस कपोती एकान्त को बोलने दो
मुझे हर एकान्त शिलालेख लगता है।[41]

यहाँ 'भिक्षुणियों के मुखों सी, सान्ध्य दीर्घाओं' के माध्यम से कलात्मक प्रतीक का सृजन हुआ है।

(ii) गायों के झुण्ड-सी पर्वत उतरती ये नदियाँ,
पृथिवी-के उत्तरीय-सी ये वनस्पतियाँ
इस गान्धर्व-उपनिषद के हृष्टान्त नहीं तो और क्या हैं?[42]

यहाँ 'नदियों' के लिए 'गायों के झुण्ड तथा 'वनस्पतियों' को पृथिवी के उत्तरीय के लिए प्रयोग प्रतीकवत् हुआ हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि नरेश मेहता के काव्य में प्रयुक्त प्रतीक उनकी मौलिकता एवं सूक्ष्म कौशल को उद्घाटित करते हैं। सांस्कृतिक संदर्भों एवं वैदिक वाङ्मय के साथ-साथ सभी प्रमुख कलाओं और क्षेत्रों से उन्होंने सार्थक प्रतीकों का चयन कर उनका प्रयोग आवश्यकतानुसार अपनी भावनाओं के स्पष्टीकरण हेतु किया है। उन्होंने प्रकृति के अपार वैभव को चित्रांकित करने एवं अपनी काव्य भाषा में भाषिक सौन्दर्य को उद्घाटित करने हेतु प्रतीकों का प्रयोग किया है। वास्तव में, उनकी प्रतीक योजना ने उनके सम्पूर्ण काव्य में अनुपम कलात्मकता तथा अनूठे लालित्य की सृष्टि की है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ. संसार चन्द्र उद्धृत, रमेश दिविक : हिन्दी काव्य में अन्योक्ति, पृ0.68 नये कवियों के काव्य शिल्प सिद्धान्त, प्रथम सं0.1991 पृ0.265, पराग प्रकाशन, नई दिल्ली-02
2. सिन्हा, डॉ. प्रेम निवासः नरेश मेहता के काव्य का शैलीवैज्ञानिक अध्ययन (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध.1995), पृ0.188 काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ0प्र0
3. Chadwick, Charles: Symbolism. (1971). Page. 2-3.Routledge. Library Edition.
4. श्रीवास्तव, डॉ.रवीन्द्र नाथ : संरचनात्मक शैलीविज्ञान, प्रथम सं0-1979, पृ0.198 आलेख प्रकाशन, नई दिल्ली-02
5. वर्मा, लक्ष्मीकांतः नये प्रतिमान : पुराने निकष, पृ0.164 लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0
6. वर्मा, लक्ष्मीकांतः नये प्रतिमान : पुराने निकष, पृ.281 लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0
7. Wellek, Rene' and Warren, Austin: Theory of Literature, First Edition. 1949, U.S.A. Reissued. 1985. Page. 188-189. Penguin Books. Newzealand.
8. मिश्र, डॉ.भगीरथः काव्यशास्त्र, 28वाँ संस्करण.2018, पृ0.272 विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, उ0प्र0
9. William York Tindall: The Literary Symbol. First Edition.1956, Page-193, Reprint 2007-2008, Cambridge University Press, London.
10. दास, श्याम सुन्दर (सम्पादक): भाग-3, हिन्दी शब्द सागर, सं0. (1922-1529) नागरी प्रचारणी सभा, काशी, उ0प्र0

    उद्धृत, सिन्हा, डॉ.प्रेम निवासः नरेश मेहता के काव्य का शैलीवैज्ञानिक अध्ययन, (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध-1995), पृ0.431 काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ0प्र0
11. Encyclopaedia Britanica: Vol. 21, First Edition. 1768, Page. 700-701
12. Encyclopaedia of Religions & Ethics: Vol. xii, Edition. 1908, Page. 139, T & T Clark Edinburgh, U.K.
13. Cuddon, John Anthony Bowden : A Dictionary of Literary Terms and Literary Theory. First Edition. 1977, Fourth Edition 1998, Reprinted 1993, Page. 939, Basil Blackwell Ltd. Oxford.
14. Wales, Katie: A Dictionary of Stylistics. First Edition. 1989. Page. 445, Longman Group, London.
15. Lewis, Cecil Day: The Poetic Image. First Edition. 1951, Second Edition. 2008, Page. 40, Bloomsbury Group, London.
16. ऋग्वेद संहिताः वि0सं0.2010, पृ0.141
17. शुक्ल, आचार्य रामचन्द्रः चिन्तामणि, भाग-2, प्रथम सं0 1939, द्वितीय सं0 1945, पृ 109, सरस्वती मन्दिर प्रकाशन, काशी
18. डॉ.नगेन्द्र : मानविकी पारिभाषिक कोश, साहित्य खण्ड, प्रथम सं0.1981, पृ 247, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
19. डॉ.नगेन्द्र : मानविकी पारिभाषिक कोश, साहित्य खण्ड, प्रथम सं0.1981, पृ0.247, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
20. मिश्र, डॉ.भगीरथः काव्यशास्त्र, 28वाँ संस्करण, 2018, पृ0.271 विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, उ0प्र0
21. स्नातक, डॉ.विजयेन्द्र उद्धृत, शर्मा, प्रभाकर : हिन्दी साहित्य कोश, पृ0.471नरेश मेहता के काव्य, विमर्श और मूल्यांकन, : प्रथम सं0.1979, पृ0.63, पंचशील प्रकाशन, जयपुर
22. Maurice Bowra : Heritage of Symbolism. First Edition.1943, Page 73, Macmillan. London.
23. Wellek, Rene' and Warren, Austin: Theory of Literature. First Edition.1919, Revised in 1985, Page. 190, Penguin Books, London.
24. Urban. Wilbur Marshal: Language and Reality, First Edition 1939. Page. 414, George Allen Amp Unwin Ltd. London.
25. मोहन, डॉ.नरेन्द्रः आधुनिक हिन्दी कविता में अप्रस्तुत विधान, प्रथम सं0.1972, पृ0-57, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली-02
26. मिश्र, डॉ.भगीरथः काव्यशास्त्र, 28वाँ संस्करण-2018, पृ0.274 विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, उ0प्र0
27. सिन्हा, डॉ.प्रेम निवास : नरेश मेहता के काव्य का शैलीवैज्ञानिक अध्ययन (अप्रकाशित शोध प्रबन्ध-1995), पृ0. 431काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उ0प्र0
28. मेहता, नरेशः बोलने दो चीड़ को, सं. 2010, पृ0. 44, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0
29. मेहता, नरेशः संशय की एक रात, प्रथम सं0- 1962, पृ0.6, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0 प्र0,
30. मेहता, नरेशः उत्सवा, प्रथम सं0.1979, पृ0.79, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0
31. मेहता, नरेशः संशय की एक रात, प्रथम सं0.1962, पृ0.77-78, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0
32. मेहता, नरेशः दूसरा सप्तक, संपादक-अज्ञेय, प्रथम सं0.1951,पृ0.141, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली-03
33. मेहता, नरेशः पिछले दिनों नंगे पैरों, प्रथम सं01989, पृ0.35, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0

34. मेहता, नरेशः दूसरा सप्तक, संपादक-अज्ञेय, प्रथम सं0.1951, पृ0.130, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली-03,

35. मेहता, नरेशः वनपाखी! सुनो!!, प्रथम सं0.1957, पृ0.31लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0

36. मेहता, नरेशः बोलने दो चीड़ को, सं0.2010, पृ028, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र

37. मेहता, नरेशः दूसरा सप्तक, संपादक-अज्ञेय, प्रथम सं0.1951 पृ0.138, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली-03,

38. मेहता, नरेशः दूसरा सप्तक, संपादक-अज्ञेय, प्रथम सं0.1951, पृ0.141, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली-03,

39. मेहता, नरेशः अरण्या, प्रथम सं0.1985, पृ0.42, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0,

40. मेहता, नरेशः अरण्या, प्रथम सं0.1985, पृ0.42 लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0,

41. मेहता, नरेशः बोलने दो चीड़ को, सं0.2010, पृ0.59, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0

42. मेहता, नरेशः उत्सवा, प्रथम सं0.1979, पृ0.107, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, उ0प्र0,

●

अज्ञेय के उपन्यास 'नदी के द्वीप' का समाजशास्त्रीय अध्ययन

श्रेयसी सिंह एवम् डॉ0 सत्यपाल शर्मा***

बीसवीं शताब्दी के हिन्दी उपन्यासकारों में सच्चिदानन्द हीरानंद वात्सायन 'अज्ञेय' का स्थान विशिष्ट है। व्यक्ति-चेतना और सामाजिक-चेतना की अभिव्यक्ति की दृष्टि से अज्ञेय का कथा संसार बहुचर्चित रहा है। कविता, कहानी, उपन्यास, संस्मरण, निबंध, आत्मवृत्त, यात्रावृत्त और आलोचना के क्षेत्र में अज्ञेय ने आधुनिक हिन्दी साहित्य को समृद्ध बनाया है। अज्ञेय के तीन प्रकाशित उपन्यास हैं- 'शेखर : एक जीवनी', 'नदी के द्वीप' और 'अपने-अपने अजनबी'। अज्ञेय ने व्यक्ति और समाज के संबंधों की पड़ताल की है। व्यक्ति-जीवन पर समाज की द्वन्द्वमूलक एवं संश्लिष्ट स्थितियों के व्यापक प्रभाव को अज्ञेय ने बहुत निकट से देखा और उसे अपनी कृतियों में अंकित किया है। व्यक्ति को समाज की मूल इकाई मानकर अज्ञेय ने व्यक्ति के आंतरिक सरोकारों को सामाजिक स्थितियों के परिपार्श्व में चित्रित किया है। व्यक्ति के माध्यम से समाज को देखने और सामाजिक स्थितियों व समस्याओं के दबाव में नेपथ्य में व्यक्ति के जीवन में तनाव को चित्रित करने की प्रवृत्ति अज्ञेय के उपन्यासों में दिखाई पड़ती है। उपन्यासकार अज्ञेय ने व्यक्ति के आंतरिक रूपों का विभिन्न स्तरों पर चित्रण किया है। इसके साथ ही इनके उपन्यासों में सामाजिक जीवन में बहुविध रूपों में प्रत्यक्ष होने वाले शोषण को चित्रित करते हुए आर्थिक पराधीनता, सामाजिक अत्याचार तथा व्यवस्थाजन्य विसंगतियों के नेपथ्य में व्यक्ति की कुंठा, संत्रास और संघर्ष को नये रचनात्मक संदर्भ दिये गये हैं। व्यक्ति और समाज के संबंधों और इन दोनों की परस्पराश्रितता के बारे में अज्ञेय के विचार नितांत मौलिक एवं प्रासंगिक रहे। भारतीय एवं पाश्चात्य साहित्य के गहन अध्येता अज्ञेय के व्यक्तित्व पर कई प्रभाव लक्षित होते हैं किन्तु उन्होंने अपने विवेक के बल पर अपनी रचनाओं में मौलिक विचारधारा को समावेशित किया है। व्यक्ति को केन्द्र में रखकर सामाजिक जीवन के आंतरिक यथार्थ का निरूपण करना उपन्यासकार अज्ञेय का लक्ष्य रहा। व्यक्ति की प्रतिष्ठा पूरी मजबूती के साथ करना और स्वस्थ समाज की संरचना में व्यक्ति की भूमिका को निरूपित करना अज्ञेय का लक्ष्य रहा है। अज्ञेय के उपन्यासों में व्यक्ति और समाज के संबंधों और वैयक्तिकता एवं सामाजिकता की अंतःक्रियाओं को विभिन्न घटनाओं के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास लक्षित होता है। सामाजिक विडंबनाओं के नेपथ्य में पात्रों के मनोविश्लेषण के आधार पर अज्ञेय ने अपने उपन्यास साहित्य की निर्मिति की है। यथार्थ स्थिति को स्वीकार करने, उसके प्रति असंतोष को प्रकट करने, उससे पलायन करने और उसके विरुद्ध विद्रोह करने के संदर्भों में व्यक्ति-जीवन में संघर्ष को अज्ञेय ने अपने उपन्यासों में मार्मिक ढंग से अंकित किया है।

साहित्य को समाज का प्रतिबिंब माना जाता है। व्यक्ति से ही समाज की निर्मिति होती है। उस व्यक्ति मात्र की भावनाएं विचार, मूल्य, अधिकार आदि संवेदनाओं से संस्पर्शित होकर शब्द और भाषा के माध्यम से लिपि रूप में अभिव्यक्ति पाते हैं। तब साहित्य की निर्मिति होती है और उपन्यास वह विधा है जिसमें अभिव्यक्ति अपने सर्वांगीण रूप में विस्तार पाती है।

समाजशास्त्र एक ऐसा व्यवस्थित तथा वैज्ञानिक विषय है जो एक सामाजिक प्राणी के रूप में मनुष्य का, उसके समाज और विभिन्न समूहों का, उनकी प्रथाओं और संस्थाओं का तथा मनुष्य द्वारा विकसित उन सभी प्रक्रियाओं का अध्ययन करता है जो समाज को स्थिर बनाती हैं अथवा उसमें परिवर्तन उत्पन्न करती हैं।

साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन वह है, जो सामाजिक समस्याओं का विश्लेषण करे; कार्य कारण संबंधों का पता लगाए और सामाजिक तथ्यों को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करे। साहित्य पर जिन आंतरिक एवं बाह्य कारकों का प्रभाव पड़ता है- पर्यावरण, कृतिकार का व्यक्तित्व, लेखक की दृष्टि, कृति का शाश्वत सत्य आदि का भी इसमें अध्ययन किया जाता है। दरअसल हम साहित्य से समाज का, सामाजिक विचारधारा का, वादों का संबंध मानते हैं किन्तु अनुवर्ती रूप में। साहित्य की अपनी सत्ता के अंतर्गत उसके निर्माण में इसका स्थान है। ये उसके उपादान और हेतु हुआ करते हैं, नियामक और अधिकारी नहीं। साहित्य की अपनी सत्ता है, यद्यपि यह सत्ता जीवन सापेक्ष है। जीवन निरपेक्ष कला के लिए भ्रांति है, जीवन सापेक्ष कला के लिए सिद्धान्त है।

साहित्य के समाजशास्त्रीय अध्ययन में साहित्य को एक सामाजिक तथ्य के रूप में स्वीकार किया जाता है। समाजशास्त्र की ही तरह साहित्य का मुख्य सरोकार मनुष्य का सामाजिक जगत् होता है। उपर्युक्त कथन से यह स्पष्ट होता है कि साहित्य और समाजशास्त्र अपने उद्देश्य में एक ही बात स्पष्ट करते हैं कि वे दोनों किसी एक बिन्दु पर आकर मिल जाते हैं। समाज की सभी समस्याओं से साहित्य का संबंध होता है। समाज की विचारधाराओं,

* शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

समस्याओं, संरचनाओं की अभिव्यक्ति साहित्य में होती ही है। अतः जब साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन किया जाता है तब उसमें सामाजिक प्रतिबिंबों को ही नहीं खोजा जाता अपितु उनमें छिपे मानव मूल्यों को भी खोजा जाता है। समाजशास्त्रियों ने साहित्य को एक संस्था माना है। साहित्य का अपना एक समाज होता है जिसे लेखक, आलोचक और पाठक के अन्तःक्रियात्मक संबंधों में समझा जा सकता है। साहित्य को समझने के लिए उसके घटकों को समझना चाहिए।

'नदी के द्वीप' अज्ञेय का दूसरा उपन्यास है। इसका प्रकाशन सन् 1951 ई0 में हुआ। उपन्यास में नदी 'समाज' और द्वीप 'व्यक्ति' के पर्याय रूप में प्रयुक्त हुआ है। नदी के द्वीप अज्ञेय की एक कविता भी है। ''व्यक्ति और समाज की आन्तरिक क्रिया-प्रतिक्रिया में व्यक्तित्व कैसे बनता है। इसे एक रूपक के माध्यम से लेखक ने अपनी कविता 'नदी के द्वीप' में अलग से चित्रित किया है।''[1]

अज्ञेय की दृष्टि में नदी के द्वीप व्यक्ति चरित्र के उद्घाटन का उपन्यास है। उपन्यास की सामाजिकता के विषय में उनकी मान्यता है कि ''उपन्यास अनिवार्यतः पूरे समाज का चित्र हो, यह माँग बिल्कुल गलत है। उपन्यास की परिभाषा के बारे में यह भ्रांति (जो देश में या कम से कम हिन्दी में काफी फैली हुई मालूम होती है) साहित्य के सामाजिक तत्व को गलत समझने का परिणाम है।''[2] अज्ञेय कहते हैं कि नदी के द्वीप मूलतः चार-पाँच वैयक्तिक संवेदनाओं का अध्ययन है। उसमें जो विकास है वह चरित्रों का नहीं, संवेदना का ही है। ''नदी के द्वीप समाज के जीवन का चित्र नहीं है, एक अंग के जीवन का है।''[3] उपन्यास में व्यक्ति के भावनात्मक स्तर पर जुड़ने तथा बौद्धिक स्तर पर टूटने की कथा चार पात्रों (भुवन, रेखा, चन्द्रमाधव, गौरा) के जीवन सूत्रों के माध्यम से विकसित होती है। अज्ञेय लिखते हैं कि 'हम जीवन की नदी के अलग-अलग द्वीप हैं- ऐसे द्वीप स्थिर नहीं होते, नदी निरंतर उनका मार्ग गढ़ती चलती है।'

द्वीप अलग-अलग होकर भी निरंतर घुलते और बनते रहते हैं- नया घोल, नये अणुओं का मिश्रण, नयी तलछट, एक स्थान से मिटकर दूसरे स्थान पर जमते हुए नये द्वीप।''[4] डा0 ए0 अरविन्दाक्षन की दृष्टि में उपन्यास का पूरा संघर्ष द्वीपवत अवस्था बनाये रखने को लेकर है। ''यह संघर्ष उस अधूरेपन के प्रति है जहाँ हमारा नैतिक बल एकदम भोथरा हो चुका है। खुलने के बजाय एकदम संकीर्ण होते जाने वाले अनैतिक उपक्रम के विरुद्ध इन द्वीपों का संघर्ष कई अर्थों में प्रासंगिक है।''[5] नदी के द्वीप में अज्ञेय वस्तुगत एकांतिकता से हटकर व्यापक समष्टिगत चिंतन की ओर बढ़ते हैं। उपन्यास के नायक भुवन के माध्यम से वे कहते हैं कि ''जीवन की बात जब मैं कहता हूँ, तब अपने जीवन से बड़े एक संयुक्त, व्यापक, समष्टिगत जीवन की बात सोचता हूँ। उसी से एक होना चाहता हूँ। अगर वह बहुत बड़ा प्रवाह है, तो उसकी धारा को बाँहों में घेर लेना चाहता हूँ।[6] उपन्यास के पात्र यद्यपि समाज के मूल्यों को, दर्शन को चुनौती देते हैं परन्तु वे अपनी दृष्टि या जीवनानुभूतियों के लिए समाज के ही ऋणी रहे हैं। भुवन का निम्न कथन उपन्यास के वास्तविक मंतव्य को प्रकट करता है- ''कितना बड़ा है जीवन, कितना विस्तृत, कितना गहरा, कितना प्रवाहमान और उसमें व्यक्ति की ये छोटी-छोटी इकाईयाँ-प्रवाह से अलग जो अस्तित्व नहीं रखतीं, कोई अर्थ नहीं रखतीं, फिर भी संपूर्ण हैं, स्वायत्त हैं, अद्वितीय हैं, और स्वतः प्रमाण हैं, क्योंकि अन्ततोगत्वा आत्मानुशासित हैं, अपने आगे उत्तरदायी हैं।''[7] नदी के द्वीप में व्यक्तिवादी दर्शन को प्रतिष्ठित करते हुए एक ओर इस बात पर बल दिया गया है कि समाज अपने स्वस्थ विकास के लिए व्यक्तियों को स्वतंत्र विकास का अवसर प्रदान करे वहीं दूसरी ओर उसमें दुःख द्वारा व्यक्तित्व में निखार आने की ओर भी संकेत किया गया है। दुःख सबको मांजता है इस सूत्र की पुष्टि ही उपन्यास का मुख्य उद्देश्य है। उपन्यास में मध्यवर्ग से संबंधित प्रेम, विवाह, दाम्पत्य जीवन की समस्याएँ मुख्य रूप से अभिव्यक्त हुई हैं। ''इस उपन्यास में व्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रश्न, तीक्ष्णता से लेखक ने उभारा है। भुवन और रेखा के संबंधों को समाज के नैतिक मानदण्डों से नापा जाए या नहीं, यह एक प्रमुख प्रश्न है।

उपन्यास की नायिका रेखा कहती है कि ''भीतर से जो प्रेरणा है अगर उसके साथ ही पाप का, अपराध का, बोध नहीं जुड़ा है तो वही ठीक है, यही नैतिक है यह नैतिकता अधूरी हो सकती है, पर इसलिए कि उसे देने वाला व्यक्ति अधूरा है।''[8] नेमिचन्द्र जैन की मान्यता है कि ''नदी के द्वीप स्त्री-पुरुष के संबंधों के विषय में समाज की खोखली मान्यताओं के प्रति व्यक्ति के तीखे विद्रोह को व्यक्त करता है।''[9] नर-नारी के प्रेम-संबंध के उपन्यास के रूप में यह महाकाव्य है जिसमें नैतिक-अनैतिक, स्वीकृत-वर्णित, स्वप्न-यथार्थ, घुल-मिलकर उसे श्रेष्ठता प्रदान करते हैं।''[10] नदी के द्वीप के आरंभ में दो उदाहरण उद्धृत किये गये हैं, एक शेली का और दूसरा अज्ञेय का। ये उपन्यास में निहित जीवन दर्शन की ओर संकेतित करते हैं। 'दर्द में भी जीवन में आस्था, जीवन का आश्वासन है' और दर्द से मंजकर व्यक्तित्व का स्वतंत्र विकास, ऐसा स्वतंत्र विकास कि दूसरों को भी स्वतंत्र करे। ये दोनों सूत्र उपन्यास के प्रमुख पात्र भुवन और रेखा के चरित्र को रेखांकित करते हैं। 'नदी के द्वीप' दुःख या पीड़ा के स्वतः वरण का दर्शन है। अज्ञेय जीवन में क्षण को महत्व देते हैं। उपन्यास में क्षणवादी दर्शन विशेष रूप से प्रयुक्त हुआ है। रेखा कहती है- ''मेरे लिए काल का प्रवाह भी, प्रवाह नहीं, केवल क्षण और क्षण का योगफल है- मानवता की तरह ही काल-प्रवाह भी मेरे निकट युक्ति सत्य है वास्तविकता क्षण की ही है। क्षण सनातन है।[11]

उपन्यास में कुल दस प्रकरण हैं, जिस प्रकरण में जिस पात्र-विशेष को प्रमुखता मिली है, उसी के आधार पर उसका नामकरण किया गया है। आठ प्रकरण पात्रों के नाम पर, दो प्रकरण अंतराल

के रूप में और अंत में उपसंहार है। अज्ञेय ने भुवन, चन्द्रमाधव, रेखा और गौरा- इन चार पात्रों के द्वारा चार संवेदनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। स्थूल घटनाओं के चित्रण के स्थान पर बाह्य वस्तु के साथ पात्रों की अंतरक्रियाओं और उनकी सूक्ष्म, तरल अनुभूतियों की व्यंजना ही उपन्यास का लक्ष्य रही है। अज्ञेय के शब्दों में ''नदी के द्वीप'', एक दर्द भरी प्रेम कहानी है। दर्द उनका भी जो उपन्यास के पात्र हैं, कुछ उनका भी जो पात्र नहीं हैं। किसी हद तक वह कहानी असाधारण भी है- जैसे कि किसी हद तक पात्र भी असाधारण हैं- सब नहीं तो चार में से तीन के अनुपात से।''[12]

अज्ञेय कहते हैं नदी के द्वीप उस (संवेदनात्मक) समाज का, उसके व्यक्तियों के जीवन का जिसका वह चित्र है, सच्चा चित्र है। नेमिचन्द्र जैन की मान्यता है कि ''नदी के द्वीप व्यक्तिगत तथा निजी अनुभूतियों की गाथा है। जिसकी भाव- वस्तु, तीव्रता, गहनता और एकाग्रता में अनूठी है। और सघन में लगभग काव्यात्मक है। यह प्रेम की उपलब्धि का, उसकी प्रौढ़ और प्रबल अनुभूति का, उसके द्वारा व्यक्तित्व के प्रस्फुटन और परिपूर्णता का उपन्यास है।''[13]

उपन्यास के पात्रों (रेखा, भुवन, गौरा और चन्द्रमाधव) में प्रत्येक का अपना विशिष्ट प्रभाव है। विशिष्ट दिशा है। सभी अज्ञेय के 'नदी' के स्वतः स्वतंत्र द्वीप हैं। जो तल पर परस्पर सम्बद्ध होते हुए भी प्रत्यक्षतः विभिन्न जल-लहरियों से आबद्ध होकर भी पृथक हैं। नाटकीय कथा कहने के साथ-साथ नदी के द्वीप अज्ञेय की एक ऐसी रचना है, जिसमें मानव चेतना का दोहरा रूपक प्रतीत होता है। पहले रूपक की दृष्टि से इस उपन्यास के पात्र निम्नलिखित प्रतिनिधित्व करते प्रतीत होते हैं- 'भुवन' चिन्तन प्रधान व्यक्तित्व का, 'चन्द्रमाधव'- संवेदन प्रधान व्यक्तित्व का, 'रेखा'- अनुभव प्रधान व्यक्तित्व का, 'गौरा'- प्रेरणा प्रधान व्यक्तित्व का। दूसरे रूपक के स्तर पर चिन्तन प्रधान भुवन की चेतना की विकास-यात्रा उसे अपने अचेतनवासिनी अनुभव करण शक्ति का प्रतीक रेखा से साक्षात्कार करती है, जिसमें प्रेरणकरण शक्ति का प्रतीक गौरा तथा संवेदनकरण शक्ति का प्रतीक उसके सहयोगी होते हैं।''[14] पात्रों की सामाजिकता के विषय में अज्ञेय कहते हैं कि ''नदी के द्वीप के पात्र किसी हद तक अवश्य असाधारण हैं। वैसे ही जैसे भारत में पढ़ा-लिखा व्यक्ति किसी हद तक असाधारण अवश्य है। किन्तु समाज के जिस अंग से नदी के द्वीप के पात्र आये हैं, उसका वे गलत प्रतिनिधित्व नहीं करते। मेरे लिये उनकी इतनी सामाजिकता पर्याप्त है। इसके आगे उनमें से प्रत्येक चरित्र एक सही सुनिर्मित विश्वास्य व्यक्ति-चरित्र हो और जीवंत होकर सामने आ सके। यही मेरा उद्देश्य रहा और इतना भाव मैं कलात्मक उद्देश्य मानता हूँ। यूँ दूसरे भी उद्देश्य हो सकते हैं। यह अलग बात है।[15]

शिल्प की दृष्टि से भी नदी के द्वीप एक सशक्त रचना है। उपन्यास में कथा को प्रवाहमय बनाने के लिए अज्ञेय ने मनोविश्लेषणात्मक शैली, विवरण शैली, प्रतीक योजना, संकेत शैली, दृश्य विधान शैली का निरुपण तो किया ही है, परन्तु मुख्य रूप से उपन्यास में परम्परागत शिल्प की दृश्यात्मक और परिदृश्यात्मक प्रविधि प्रयुक्त हुई है। भाषा प्रयोग और रचना संघर्ष की दृष्टि से 'नदी के द्वीप' एक अप्रतिम रचना है।

संदर्भ ग्रंथ

1. रामस्वरूप चतुर्वेदी, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, पृ0 211
2. अज्ञेय, आत्मनेपद, पृ0 67
3. उपरिवत्, पृ0 57
4. अज्ञेय, नदी के द्वीप, पृ0 315
5. अरविन्दाक्षन, डा0 ए0 : अज्ञेय की उपन्यास यात्रा, पृ0 136
6. अज्ञेय, नदी के द्वीप, पृ0 21
7. वही, पृ0 335
8. अज्ञेय, नदी के द्वीप, पृ0 238
9. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी, अज्ञेय सहचर, पृ0 249
10. विश्वम्भर मानव, हमारे प्रतिनिधि लेखक, पृ0 37
11. अज्ञेय, नदी के द्वीप, पृ0 36
12. अज्ञेय, आत्मनेपद, पृ0 57
13. डॉ0 चन्द्रकान्त वांदिवेडकर, कथाकार अज्ञेय, पृ0 62
14. डॉ0 ज्वाला प्रसाद खेतान, अज्ञेय : चेतना के सीमान्त, पृ0 46

●

कालिदास की कृतियों में आगमोक्त : आचार एवं व्रतोत्सव

डॉ0 धीरज कुमार दुबे[*]

सनातन अथवा हिन्दू धर्म की संस्कृति संस्कारों पर ही आधारित है। हमारे ऋषि-मुनियों ने मानव जीवन को पवित्र एवं मर्यादित बनाने के लिए संस्कारों का आविष्कार किया। धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक दृष्टि से भी इन संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व है। भारतीय संस्कृति की महानता में इन संस्कारों का महती योगदान है। प्राचीन काल में हमारा प्रत्येक कार्य संस्कार से आरम्भ होता था।

भारतीय समाज में प्रायः प्रत्येक सम्प्रदाय में आचार तथा दैनन्दिन कर्मों का विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है। मनु ने पाँच महायज्ञों का प्रतिपादन किया है—

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम् ।

होमो दैवो बलिर्भूतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥[1]

शुचिता धार्मिक जीवन का प्रथम सोपान है। इससे मन प्रसन्न होता है। शौच से बुद्धि विमल होती है और आध्यात्मिक ज्ञान बढ़ता है।[2] भागवतमहापुराण में भी गृहस्थों के नित्य-कृत्य का निरूपण हुआ है।[3] श्रमण संस्कृति में भी गृहस्थों के आचार का विधान है। वस्तुतः आचार परक सभी साहित्य सामान्य कहे जा सकते हैं।

आगम-ग्रन्थों में आचार तथा दिनचर्या के विषय का विस्तृत रूप से प्रतिपादन किया गया है। पाञ्चरात्र आगम में वैष्णवों के दैनन्दिन आचार पंचकाल प्रक्रिया में विहित हैं। पंचकाल का तात्पर्य एक दिन अर्थात् अहोरात्र में होने वाले भिन्न-भिन्न कर्मों से है। ये पंचकाल पांचरात्र आगम के अनुसार—(1) अभिगमन (2) उपादान (3) इज्या (4) स्वाध्याय और (5) योग है।[4]

ब्रह्म मुहूर्त से सूर्योदय काल के समय तक कायिक, वाचिक, मानसिक रूप से युक्त होकर भगवान् का जप, अर्चन, ध्यान और पाणदि करना चाहिये। जगत्कारण नारायण के चरणों में जाना ही अभिगमन काल कहा गया है। तत्पश्चात् भगवत् पूजन के लिए फल पुष्पादि का अर्चन करना चाहिए। इस दूसरे काल को उपादान काल कहते है। इसको कर्मकाल भी कहा जाता है। **हे नारद! अष्टाङ्ग योग के द्वारा परमेश्वर के पूजन कर्म को करे।** इस तृतीय काल को इज्या काल कहते हैं। हे मुनिसत्तम! जिस काल में भगवत् कथा का श्रवण, मनन, पाठ तथा व्याख्यान किया जाता है उस काल को स्वाध्याय काल कहते है। जो चतुर्थ काल-बोधक है। यह पूजन दिन की समाप्ति काल में पूर्ण करना चाहिए। रात्रि के अंतिम समय में अपने अन्तःकरण को पूर्ण निष्ठा से भगवान् के चरणों में स्थापित कर सम्बन्ध स्थापित करने को ही योगकाल कहते है जो ब्रह्म की सिद्धि प्रदान करता है। जीवन में आचार का महत्त्वपूर्ण स्थान है। महाभारत में उल्लिखित है—

आगमानां हि सर्वेषामाचारः श्रेष्ठ उच्यते।

आचारप्रभवो धर्मो धर्मादायुर्विवर्धते॥[5]

कुलार्णवतन्त्र के अनुसार सदाचार युक्त परमात्मतत्त्व के निरूपक होने और दिव्यगति देने के कारण ही इसके 'आगम' नाम की चरितार्थता है—

आचारकथनाद्दिव्यगतिप्राप्तिविधानतः।

महात्मतत्त्वकथनादागमः कथितः प्रिये॥[6]

आचार की महत्ता यहाँ तक निरूपित है कि छः अंगों के साथ चारों वेदों का ज्ञाता हो किन्तु सदाचारी न हो— उस वेद पाठी को वेद भी पावन नहीं कर सकते है। वैखानस आगम में संस्कारों द्वारा बहुदुर्लभ इस मनुष्य शरीर को भगवद् आराधन योग्य बनाने का पथ प्रशस्त हुआ है। इन संस्कारों का क्रम अधोलिखित है—(1) ऋतुसंगमन (2) गर्भाधान (3) पुंसवन (4) सीमान्त (5) विष्णुबलि (6) जातकर्म (7) शय्योत्थान (8) नामकरण (9) अन्नप्राशन (10) निष्क्रमण (11) पिण्डवर्धन (12) चौल (13) उपनयन (14) पारायण (15) व्रतबन्ध (16) विसर्ग (17) उपाकर्म (18) समावर्तन और पाणिग्रहण इन अठारह संस्कारों का निरूपण किया गया है।[7]

कालिदास का अभिमत है कि संस्कारों से जीवन में शुद्धता आती है—

''कुमाराः कृत संस्कारास्तेधात्रीस्तन्यपायिनः॥''[8]

''फलानुमेयाः प्रारम्भाः संस्काराः प्राक्तना इव।''[9]

''क्षत्रियकुमारस्य जातकर्मादि विधानं तदस्य भगवताव्यवनेनाशेष-मनुष्ठितम् ।''[10]

''विधिवदस्याभिरनुष्ठिजातकर्मादिक्रिय पुत्र एष शाकुन्तलेयः।''[11]

''भगवता कृतसंस्कारे सर्वमस्मिनाशास्महे।''[12]

कालिदास ने प्रसङ्गानुकूल दश संस्कारों का सुस्पष्ट उल्लेख किया है—

---

* धर्मागम विभाग, संस्कृतविद्या धर्मविज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

(1) गर्भाधान—

अथ नयनसमुत्थं ज्योतिरत्रैरिव द्यौः सुरसरिदिव तेजो वह्निनिष्ठधूतमैशम् ।

नरपतिकुलभूत्यै गर्भमाधत्त राज्ञी गुरुभिरभिनिविष्टं लोकपालानुभावैः॥[13]

(2) पुंसवन—

सुरेन्द्रमात्राश्रितगर्भगौरवात्प्रयत्नमुक्तासनया गृहागतः।

तयोपचाराञ्जलिखिन्नहस्तया ननन्द पारिप्लवनेत्रया नृपः॥[14]

(3) जातकर्म—

स जातकर्मण्यखिले तपस्विना तपोवनादेत्य पुरोधसा कृते।

दिलीपसूनुर्मणिराकरोद्भवः प्रयुक्तसंस्कार इवाधिकं बभौ॥[15]

(4) चूड़ाकरण—

स वृत्तचूलश्चलकाकपक्षकैरमात्यपुत्रैः सेवयोभिरन्वितः।

लिपेर्यथावद्ग्रहणेन वाङ्मयं नदीमुखेनेव समुद्रमाविशत् ॥[16]

(5) विद्यारम्भ—

साङ्गं च वेदमध्याप्य किंचिदुत्क्रान्तशैशवः।

स्वकृतिं गापयामास कविप्रथमपद्धतिम् ॥[17]

(6) उपनयन—

अथोपनीतं विधिवद्विपश्चतो विनिन्युरेनं गुरवो गुरुप्रियम् ।

अवन्ध्ययत्नाश्च बभूवुरत्र ते क्रिया हि वस्तूपहिता प्रसीदति॥[18]

(7) गोदान—

अथास्य गोदानविधेरनन्तरं विवाहदीक्षा निरवर्तयद्गुरुः

नरेन्द्रयान्यास्तमवाप्य सत्पतिं तमोनुदं दक्षसुता इवाबभुः॥[19]

(8) विवाह—

इति स्वसुर्भोजकुलप्रदीपः संपाद्य पाणिग्रहणं च राजा।

महीपतीनां पृथगर्हणार्थं समादिदेशाधिकृतानधिश्रीः॥[20]

(9) नामकरण—

स तौ कुशलवोन्मृष्टगर्भक्लेदौ तदाख्यया।

कविः कुशलवावेव चकार किल नामतः॥[21]

(10) अन्त्येष्टि—

विससर्ज तदन्त्यमण्डनामनलायागुरुचन्दनैधसे।[22]

आगमिक प्रणाली में श्रद्धा मूलवृत्ति है समस्त प्रवृत्तियों का केन्द्र है। वही व्यवहारों की भी प्रतिष्ठा है। त्रिपुरारहस्य के ज्ञानकाण्ड में कहा गया है-

श्रद्धा हि जगतां धात्री श्रद्धा सर्वस्य जीवनम् ।

अश्रद्धो मातृविषये बालो हि जीवते कथम् ॥[23]

श्रद्धा प्रेममयी माता है, वह सब कुतर्कों से सुरक्षित रखती है। श्रद्धा न रखने पर लक्ष्मी, कीर्ति, सुख साथ छोड़ देते हैं।[24] संकर्षणसंहिता का कहना है—

श्रद्धया साध्यते धर्मो नान्योपायेन केनचित् ।

धर्मार्थकाममोक्षाणां श्रद्धा परमसाधनम् ॥[25]

कालिदास का कहना है कि मेध को निर्देश देते हुए यक्ष कह रहा कि हिमालय की शिला पर शिव के पैर की छाप को सिद्ध लोग निरन्तर पूजा किया करते हैं। तुम भी भक्ति भाव से उसकी प्रदक्षिणा कर लेना। श्रद्धा से पूर्ण होने पर सभी पाप धुल जाते हैं। तथा शरीर त्याग के पश्चात् सदा शिव शक्ति हो जाते है।[26]

महाकवि कालिदास ने मुख्यतः सोमतीर्थ,[27] त्रिवेणी-सङ्गम[28], सरयू-सङ्गम[29], गङ्गा-यमुना-सङ्गम[30], शचीतीर्थ[31], गोकर्ण[32], पुष्कर-तीर्थ एवं अप्सरस् तीर्थ[33], इत्यादि तीर्थ स्थानों का उल्लेख किया है। महाकवि ने इन तीर्थों के प्रति अति प्राचीन काल से चली आ रही शास्त्रीय श्रद्धा को अपनी कृति में दुहराया है। उनका विश्वास है कि इन पवित्र नदियों तथा उनके सङ्गमों में स्नान कर मनुष्य पापों से मुक्त हो जाता है तथा उसे मोक्ष प्राप्त हो जाता है।

तन्त्रागमीय नित्य मीमांसा के अनुसार सुख का केन्द्र आन्तरिक श्रेष्ठता, उदारता और आत्मनिग्रह में है। तदनुसार 'तीर्थानां हृदयं तीर्थं शुचीनां हृदयं शुचिः' अर्थात् मनुष्य का हृदय ही तीर्थ स्थल है, उसकी शुचिता ही तीर्थ है।

मनुष्यत्व की पूर्णता सद्गुणों के विकास, शुचिता, समन्वय तथा सहिष्णुता में है क्योंकि देह ही 'देवालय है और जीव' ही शिव है। वह पिण्ड और ब्रह्माण्ड को व्यक्ति और विराट् विश्व को चर-अचर सभी प्राणी को समभाव से देखता है।

महर्षि व्यास ने आगम की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा है कि **''श्रुतिप्रमाणागममङ्गलैश्च शेते जरामृत्युभयादभीतः।''**[34] अर्थात् श्रुति का प्रमाण तथा आगम का अनुष्ठान सम्पादित कर मनुष्य अभ्युदय निःश्रेयस को प्राप्त कर लेता है। इससे यह सिद्ध होता है कि आगमिक परम्परा में पूजा विधान एवं कर्मानुष्ठान का प्रामुख्य है। अनुष्ठान में व्रत एवं उत्सव अपरिहार्य रूप से मान्य हैं। एतत्सम्बन्धी विविध पद्धतियाँ और संकलन भी इन शास्त्रों से अलग करके यथा समय प्रकाश में लायी जाती रही है। डॉ0 पी0वी0 काणे ने अपने धर्मशास्त्र के इतिहास में पर्याप्त विमर्श किया हैं।[35]

व्रत शब्द वैदिक है तथा ऋग्वेद में इस शब्द के बहुसः प्रयोग वर्णित हैं। वैदिक संहिताओं में व्रत शब्द दैवीय आदेश या आचार सम्बन्धी नैतिक विधानों के अर्थ में प्रयुक्त हैं।[36] आगम परम्परा में व्रत-चर्या का विशद विवेचन निर्दिष्ट है। पाञ्चरात्र आगम के

पाद्मसंहिता में उल्लिखित है कि व्रत के द्वारा पुरुषार्थचतुष्टय की प्राप्ति हो जाती है।[37] इसी संहिता में ही अन्यत्र वर्ष के सभी महीनों के व्रतों तथा प्रत्येक पक्ष की तिथि, व्रतों और उनके मंत्रों का उल्लेख है। सात्वतसंहिता में व्रत-विधि का वर्णन उपलब्ध हैं।[38]

पारमेश्वरसंहिता के त्रयोदश अध्याय में व्रत-चर्या का विस्तार से वर्णन है।[39] इसी संदर्भ में कहा गया है कि शास्त्र विधि से सम्पन्न व्रत का आचरण करना चाहिए।

तदुपरान्त ब्राह्मणों को भोजन, दक्षिणा आदि से प्रसन्न करके उनका विसर्जन करना चाहिए और इस तरह चातुर्मास्य व्रत सम्पन्न करना चाहिए इससे जन्म कृतार्थ हो जाता है।

व्रत नियमों की महिमा में महाकवि का अचल विश्वास है और इतिहास-पुराण के अनुसार जब-जब व्रत या तप के प्रसङ्ग आये हैं, तब-तब उन्होंने निष्ठ और तन्मयता से वर्णन किया है।

व्रत का विस्तृत वर्णन, 'रघुवंश' के दूसरे सर्ग में देखने को मिलता है। जिसमें निःसंतान राजा दिलीप संतति के लिए धेनु सेवा वत करते और फलस्वरूप रधु सा दिग्विजयी पुत्र प्राप्त करते है। उस प्रसङ्ग में कवि ने अत्यन्त सूक्ष्म और विस्तृत वर्णन सेवक राजा और सेव्या धेनु का किया है –

व्रताय तेनानुचरेण धेनोर्न्यषेधि शेषोऽप्यनुयायिवर्गः ।

न चान्यतरतस्य शरीरक्षा स्ववीर्यगुप्ता हि मनोः प्रसूतिः ।।[40]

महाकवि कालिदास की कृतियों में यथा-स्थान व्रतों का सांगोपांग विवरण प्राप्त होता है। ये व्रत कई लक्ष्यों की पूर्ति के लिए किये जाते हैं। रघुवंश में राम के द्वारा व्रत पालन का वर्णन है।[41] विक्रमोर्वशीयम् में व्रतों का विशद विवेचन उल्लिखित है। मनोकामना की पूर्ति तथा आत्मिक शुद्धि के लिए व्रत के दिन शरीर तथा मन को अधिक से अधिक शुद्ध और वासनारहित रखने के लिए स्त्रियाँ बहुत ही सीमित तथा सादी वेशभूषा को धारण करती थीं। साथ ही पवित्र दूर्वाङ्कुर तथा लाच्छादि वस्तुओं को धारण कर गर्व का त्याग कर देती थी—

सितांशुका मंगलमात्रभूषणा पवित्रदूर्वाङ्कुरलांछितालका।

व्रतापदेशोजितगर्ववृत्तिना मयि प्रसन्ना वपुषैव लक्ष्यते।।[42]

विक्रमोर्वशीयम् में ही रानी के द्वारा प्रिय को प्रसन्न करने के लिये प्रियानुप्रसादनं नामक एक व्रतविशेष का विधान किया गया है—

आर्यपुत्रं पुरस्कृत्य कोऽपि व्रतविशेषः मया सम्पादनीयः।[43]

किं नामधेयमेतद् देव्याः व्रतम् ।

भर्तुप्रियानुप्रसादनं नाम।।[44]

वहीं विदूषक ने भी रानी की किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए व्रतपरायणता का उल्लेख किया है।[45] तृतीय अंक में ही कंचुकी ने भी नियमपूर्वक व्रतपालन का उल्लेख किया है—

आदिष्टोऽस्मि सनियमया काशिराजपुत्र्या व्रत सम्पादनार्थ।[46]

पुनः राजा विदूषक के वार्तालापक्रम में भी उक्त क्रम के परमार्थत्व तथा अनिष्टनाशकत्व की बात कही गयी है—

किं परमार्थत एव देव्या व्रतनिमित्तोऽमारम्भःस्यात् ।[47]

व्रत के द्वारा शरीर को क्लेश दिया जाता था तथा ऐसा व्रत आदरणीय होता था—

अनेनकल्याणिमृणालकोमलं व्रतेनमात्रं ग्लपयस्यकारणम् ।

प्रसादमाकांक्षति यस्तवोत्सुकः स किं त्वया दारुजनः प्रसाद्यते।।[48]

विदूषक इस व्रत के बहुफलत्व की ओर भी संकेत करते हुए यह कामना करता है कि रानी के द्वारा किया जाने वाला व्रत बहुफलदायक हो।[49]

अभिज्ञानशाकुन्तल के द्वितीय अंक में ''पुत्रपिण्डपालन'' नामक व्रत विशेष का उल्लेख किया गया है। जिसके उपवास एवं पारणा दो अंग बतलाए गये हैं—

आगमिचतुर्थदिवसे पुत्रपिण्डपालनो नाम प्रवृतपारणो मे उपवासो भविष्यति।[50]

इसी प्रकार 'शाकुन्तल' के सातवे अंक में शकुन्तला पति के घर लौटने के लिये व्रत करती हैं –

वसने परिधूसरे वसाना नियमक्षाममुखी धृतैकवेणिः ।

अतिनिष्करूणस्य शुद्धशीला मम दीर्घं विरहव्रतं विभार्त।।[51]

कुमारसम्भव में भगवती पार्वती अपने मनोभिलषित की प्राप्ति के लिये मृणालि तथा कापेलवादि व्रतों के द्वारा अपने अंगों को तपाती हुई अपने अभिलाषा को प्राप्त करती है—

मृणालिकापेलवमेवमादिभिर्व्रतैः स्वमंगं क्लपयन्त्यहर्निशम् ।

तपः शरीरै कठिनैरुपार्जितं तपस्विनां दूरमधश्चकार सः।।[52]

व्रत के उपवासांग का वर्णन कर महाकवि ने प्रकारान्तर से पारणा का भी उल्लेख किया है। रघुवंश के द्वितीयसर्ग में दो स्थलों पर महाकवि ने दिलीप के व्रत पालन में संलग्न सिंह के लिए अनायास उपस्थित गौ एवं दिलीप रूप भोजन को पारणा की संज्ञा दी है।[53] रघुवंश के त्रयोदश सर्ग में भरत के द्वारा ''असिधार'' नामक व्रत की बात कही गयी है।[54] यहाँ कालिदास के टीकाकार मल्लिनाथ ने यादव के वचन को उद्धृत करते हुए प्रकृत व्रत को परिभाषित भी किया गया है।[55]

उत्सव

पाञ्चरात्र आगम के विभिन्न संहिताओं में उत्सवों की लम्बी सूची प्राप्त होती है। जैसे- कृत्तिकोत्सव[56], जयन्ती उत्सव[57], तीर्थ उत्सव[58], विजया दशमी उत्सव[59], ब्रह्म उत्सव[60], महोत्सव, मासोत्सव आदि।

विविध उत्सवों के आलोडन से स्पष्ट है कि आगम साहित्य का उत्सव विधान कालिदास के काव्यों में अत्यन्त उत्साह एवं समारोह पूर्वक सम्पादित होते थे। वस्तुतः ये उत्सव समाज की आध्यात्मिक उन्नति के स्रोत कहे जाते थे।

इस प्रकार महाकवि का व्रताचरण से सम्बन्धित धारणा पूर्णतया आगम शास्त्र से समर्थित है।

आगम लोकजीवन को गतिमान् बनाये रखते हैं। सरसता, समरसता, सौहार्द, सहयोग समन्वय और सुख की सृष्टि उत्सवों से ही होती है। सामाजिक जीवन में उत्सवों का विशेष महत्त्व होता है। उत्सवों से जनजीवन में उत्साह और उमंगों का सञ्चार होता है। भारत एक उत्सवप्रधान देश है। सामान्यतः उत्सव शब्द उत् पूर्वक 'सू' धातु में 'अप्' प्रत्यय के साथ निष्पन्न होता है, जिसका अभिप्राय पर्व, हर्ष या आनन्द के अवसर का परिचायक है।[61] 'सू' धातु प्रसव-ऐश्वर्य (प्रसवैश्वर्ययोः) या 'षु अभिषेक' (षुञ्) धातु की महत्ता अभिषवन अर्थ में रही है।'

समूर्तार्चनाधिकरण ने उत्सव को परिभाषित करते हुए कहा है-

उत्सवं सर्वलोकानां शान्तिपुष्टिकरणं विदुः ।

सवो यज्ञः समाख्यातः सर्वयज्ञविशेषतः॥

उत्कृष्टोऽयं यतस्तस्मादुत्सवस्त्विति कीर्त्यते ॥[62]

अर्थात् 'सव' को यज्ञ कहा गया है। यज्ञ से उत्कृष्ट होने के कारण भगवदाराधन-रूप इस क्रियाविशेष को उत्सव कहते हैं। उत्सव के द्वारा लोक में शान्ति और पुष्टि होती है। पाञ्चरात्र आगम की नारदीयसंहिता में भी यही परिभाषा दी गयी है।[63]

उत्सव सामान्य रूप से तीन तरह के होते है – (1) नित्योत्सव, (2) शान्त्युत्सव तथा (3) श्रद्धोत्सव।[64]। बारहों माह के प्रत्येक मास में नित्य संकल्पित किया जाने वाला उत्सव नित्योत्सव कहा जाता है। भय, दुर्भिक्ष, व्याधि, ग्रहपीडादि की शान्ति के लिये किये जाने वाले उत्सवाचरण को शान्त्युत्सव कहते हैं। श्रद्धा द्वारा किये जाने वाले उत्सव को श्रद्धोत्सव कहते हैं।

आगम शास्त्र के अनुसार उत्सव का प्रारम्भ तीन तरह से होता है (1) ध्वजारोहणपूर्वक (2) देवताह्वानपूर्वक (3) अंकुरार्पणपूर्वक। सामान्यतः सभी उत्सवों में ध्वजारोहण, देवताह्वान तथा अंकुरार्पण किया जाता हैं।[65]

उत्सव के लिए अधोलिखित काल कहे गये है- मार्गशीर्ष मास, श्रवण नक्षत्र, द्वादशी विषुव तथा राजा या यजमान के जन्म नक्षत्र तिथियों में उत्सवाचरण विहित है।

कालिदास के काव्य में लोकजीवन सभी सांस्कृतिक उपादानों से समन्वित होकर अत्यन्त सिद्ध एवं सुसंस्कृत था। समाज में समारोह एवं महोत्सव लोक जीवन को सरस एवं सजीव करते हुए जन सामान्य को 'उत्सवप्रिय'[66] बनाते थे। प्रकृति परिवर्तन पर पुष्पों को प्रस्फुटित पाकर प्रकृति प्रेमी जन आनन्द मनाने लगते थे- वसन्तोत्सव, ऋतूत्सव, वसन्तावतार, कौमुदी महोत्सव आदि[67] इसी लोक जीवन की सरस प्रवृत्ति के प्रतीक हैं। मदनोत्सव, दोलोत्सव, पुत्र-जन्मोत्सव, विवाहोत्सव, राज्याभिषेकोत्सव, गृह प्रवेश आदि अनेक सामयिक[68] समारोहों का भी लोक जीवन में प्रचुर प्रचलन था। जल क्रीडा, मृगया, द्यूतक्रीड़ा, लोकनृत्य संगीत, चित्रकला, काव्य-कथा, आख्यायिका-श्रवण, कन्दुक क्रीडा आदि अनेक मनोविनोद[69] लोकजीवन में प्रचलित थे।

पर्वोत्सव- 'उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः' (अभि.शा. षष्ठांक) की कालिदास की उक्ति से समाज में आनन्दित-आह्लादित होकर उक्त पर्व मिल-जुल कर मनाने की मानव की प्राकृतिक अभिव्यक्ति होती है। ऋतु सम्बन्धी प्रकृति-परिवर्तन पर उसके अनिर्वचनीय सौन्दर्य को देखकर, नयी फसल पाने पर, परमात्मीय प्रवासी जन के दीर्घकाल पश्चात् मिलने पर, राज्य-सिंहासन लाभ, शत्रुविजय-प्राप्ति, विवाह, सन्तोनोत्पत्ति, नये गृह में प्रवेश करने पर, बाहर से राजा के आने पर स्वागत आदि के लिये उत्साह, उमंग और आनन्द में यथा समय विभिन्न पर्वोत्सव मनाये जाते थे। महाकवि कालिदास ने इनका यथा स्थान अपनी कृतियों में सरस उल्लेख किया है।

कौमुदी महोत्सव- ऋतूत्सवों में प्रमुख कौमुदी महोत्सव शरत्पूर्णिमा (आश्विन शुक्ल 15 तिथि) पर धूमधाम से मनाया जाता था। वात्स्यायन ने इसे 'कौमुदीजागरः' कहा हैं[70] जबकि भोज के श्रृंगारप्रकाश' में इस उत्सव को 'कौमुदी-प्रचार' बताया गया है। इस महोत्सव का देश व्यापी प्रचलन था। विशाखदत्त ने अपने 'मुद्राराक्षस' नाटक में इसका उल्लेख किया है। किन्तु कालिदास ने इसका संकेतात्मक उल्लेख **'पर्याप्त चन्द्रेव शरत त्रियामा'**[71] ज्योत्सना दुकूल आदि अनेक स्थलों में किया है, जिससे इस उत्सव की प्राचीन काल में लोकप्रियता प्रकट होती है।

वसन्तोत्सव- महाकवि ने इसे 'वसन्तोत्सव वसन्तावतार, 'ऋतूत्सव' नाम से वर्णित किया है। वसन्त ऋतु में यह उत्सव धूम-धाम से मनाया जाता था, किन्तु कभी-कभी किसी दुःखद घटना से इसे मनाना स्थगित कर दिया जाता था।[72]

'अनात्मज्ञे दैवेन प्रतिषिद्धे वसन्तोत्सवे त्वमाम्रकलिकाभंगं किमारभसे? किं न खलु ऋतूत्सवेऽपि निरुत्सवारम्भमिव राजकुलं दृश्यते।'

मालविकाग्निमित्र के तृतीय अंक में 'वसन्तावतार' रूप से इसे इस प्रकार वर्णित किया गया है-

''अथैव प्रथमावतारसुभगानि रक्तकुरबकाण्युपायनं प्रेष्य नववसन्तावतार-व्यपदेशेनेरावत्या निपुणिकामुखेन प्रार्थितो भवेत् .....''[73] (पृ.93)

यह उत्सव अनेक दिनों तक चलता रहता था, जिसमे निम्नलिखित क्रीडामय उत्सव समाहित थे। यथा- मदन महोत्सव, अशोक दोहद, दोला नाटक आदि।

मदन महोत्सव में कामदेव की पूजा आम्र मंजरियों से की जाती हैं, जैसा कि अभिज्ञानशाकुन्तल' के षष्ठांक में संकेतित है—

'यावदग्रपादस्थिता भूत्वा चूतलतिकां गृहीत्वा कामदेवार्चनं करोमि।'

कामसूत्र में इसे 'सुवसन्तक' कहा गया है, जो नृत्यगीतवाद्य प्रधान पर्व है। जैसा कि यशोधर ने 'जयमंगला' में प्रतिपादित किया है-

'सुवसन्तो मदनोत्सवः तत्र नृत्यगीतवाद्यप्रायाः क्रीडा।'[74]

'अशोक दोहद' वसन्तोत्सव का ही एक अंग था। यह उत्सव प्रायः अन्तःपुर के प्रमदवन में मनाया जाता था। सुन्दरस्त्री के पैर प्रहार से अशोक में फूल लग जाते थे। प्रायः पादाघात रानी किया करती थी, यही पदाघात दोहद कहा जाता था। (मालविका, 3 तथा पाँचवें अंक में यह उत्सव वर्णित है।)

दोला- वसन्तोत्सव के साथ प्रमद वन में राजा-रानी दोनों दोलोत्सव में भाग लेते थे। राजाओं के दोले उनके परिजन हिलाते थे, किन्तु रानियाँ दोला झूलने में पटु होती थीं। कभी-कभी आलिंगन सुख के लिये दोले की रस्सी छोड़कर राजा के गले में अपनी बाँहें डाल देती थी। राजा भी ऐसे अवसर का सहर्ष स्वागत करते थे। जैसा कि रघुवंश में वर्णित है-

''अनुभवन्नवदोलमृतूत्सवं पटुरपि प्रियकण्ठजिघृक्षया ।

अनयदासनरज्जुपरिग्रहे भुजलता जलतामबलाजनः ॥''[75]

राजाओं के झूले प्रमदवन के जिस स्थान विशेष में पड़े रहते थे, उन्हें 'दोलागृह' कहा जाता था।- 'ननु सम्प्राप्ते स्वो दोलागृहम्'[76]

नाट्योत्सव- पुत्रजन्म, राज्याभिषेक, ऋतूत्सव आदि शुभ अवसरों पर नाट्योत्सव भी आयोजित होते थे। वसन्तोत्सव में 'मालविकग्निमित्रम्' नाटक जनता के मनोविनोदार्थ सर्वप्रथम अभिनीत हुआ था।[77]

पुत्रजन्मोत्सव- प्रायः पुत्र जन्म पर आमोद-प्रमोदमय उत्सव मनाया जाता है। नृत्य एवं गीत की धूम मचाती सुन्दर वारवनिताएँ वर्णित हैं। रघु-जन्म पर यह उत्सव इस प्रकार द्रष्टव्य है-

सुखश्रवा मंगलतूयनिस्वनाः प्रमोदनृत्यैः सह वारयोषिताम् ।

न केवलं सद्मनि मागधीपतेः पथि व्यजृम्भन्त दिवोकसामपि ॥[78]

पुत्र जन्म की प्रसन्नता में प्रायः इस उत्सव में बन्दियों को भी कारागार बन्धन से विमुक्त कर दिया जाता था। यथा-

न संयतस्तस्य बभूव रक्षितुर्विसर्जयेद्यं सुतजन्महर्षितः।

ऋणाभिधानात्स्वयमेव केवलं तदा पितृणां मुमुचे स बन्धनात् ॥[79]

विवाहोत्सव- महत्त्वपूर्ण संस्कार रूप में विवाहोत्सव रघुवंश कुमारसंभव के अनेक स्थलों में विस्तार पूर्वक वर्णित है।[80] विवाहोत्सव स्थल पर अक्षत, खीलें वरवधू पर डालकर उनके मनोरंजनार्थ नाटक का अभिनय भी होता था-

तौ स्नतकैर्बन्धुमता च राज्ञा पुरन्ध्रिभिश्च क्रमशः प्रयुक्तम् ।

कन्याकुमारौ कनकासानस्थावार्द्राक्षतारोपणमन्वभूताम् ॥[81]

तौ सन्धिषु व्यंजितवृत्तिभेदं रसान्तरेषु प्रतिबद्धरागम् ।

अपश्यतामप्सरसां मुहुर्तं प्रयोगमाद्यं ललितांगहारम् ।''[82]

राज्याभिषेकोत्सव-राज्याभिषेक के लिए चार खंभों पर आश्रित एक नया विमान (मण्डप) निर्मित होता था। यथा-

ते तस्य कल्पयामासुरभिषेकाय शिल्पिभिः ।

विमानं नवमुद्वेदि चतुः स्तम्भप्रतिष्ठितम्॥[83]

भद्रपीठ पर विराजमान नवीन राजा को समस्त तीर्थों के जल पूर्ण हेमकुम्भ से स्नान कराया जाता था। चारों ओर तूर्य, पुष्कर आदि मंगल वाद्य बजाये जाते थे। दूर्वा, यवाङ्कुर, वट की छाल, मधूक पुष्प से राजाकुल वृद्ध राजा की नीराजना करते थे। अथर्ववेद के मंत्रोच्चारण सहित पुरोहित को आगे कर ब्राह्मण को स्नान कराते थे तथा चारण गण राजा की प्रशंसा में गीत गाते थे।

अभिषेक के पश्चात् स्नातकों को दान दिया जाता था, जो राजा को आशीष देते थे।

तत्रैनं हेमकुम्भेषु संभृतैस्तीर्थवारिभिः ।

उपतस्थुः प्रकृतयो भद्रपीठोपवेशितम् ॥

ननद्भिः स्निग्धगम्भीरं तूर्यैराहतपुष्करैः।

अन्वमीयत कल्याणं तस्याविच्छिन्नसंततिः॥

दूर्वाङ्कुरप्लक्षत्वगभिन्नपुटोत्तरान् ।

ज्ञातिवृद्धैः प्रयुक्तान्स भेजे नीराजनाविधीन् ॥[84]

स्तूयमानः क्षणे तस्मिन्नलक्ष्यत् स बन्दिभिः ।

प्रवृद्ध इव पर्जन्यः सारंगैरभिनन्दितः ॥

स तावभिषेकान्ते स्नातकेभ्यो ददौ वसु ।

यावत्तेषां समाप्येरन्यज्ञाः पर्याप्तदक्षिणाः ॥

ते प्रीतमनसस्तस्मै यमाशिषमुदैरयन् ।

सा तस्य कर्म निर्वृत्तैर्दूरं पश्चात् कृता फलैः॥[85]

राज्याभिषेक की प्रसन्नता में बन्दियों को कारागार से राजा मुक्त कर देता था, मृत्युदण्ड माफ हो जाता था। बोझा ढोने वाले पशुओं के कंधों से जुए उतार दिये जाते थे। गाय का दूध बछड़ों के लिये छोड़ दिया जाता था। क्रीडा पक्षी पिंजड़ों से छोड़ दिये जाते थे। तत्पश्चात् राजा को हाथी दाँत के सिंहासन पर बैठाकर प्रसाधक हाथों को धोकर सुगन्धित द्रव्यों के धूम्र से केशान्त सुखाते थे तथा राजा का श्रृंगार कर परिचारिकाएँ जय-जयकार के साथ चँवर डुलाली हुई उसे सभा मण्डप में लाती थी। सभा में वितान तना रहता था। पैर के पास 'भद्रपीठ' रखा जाता था जिस पर अन्य अधीन राजा शिर रखकर प्रणाम करते थे।[86] हाथी पर बैठकर नगर भ्रमणहेतु निकले राजा को नागरियाँ गृह-गवाक्षों से देखती थी।

राजा के प्रत्यागमन पर उत्सव- अपने राज्य से बाहर चले गये राजा के बहुत दिन बाद राजधानी लौटने पर उसके स्वागतार्थ नगर को पहले ही से सुसज्जित कर लिया जाता था। स्वागत स्थलनगर के किसी उद्यान को अलंकृत कर वहाँ राजा को विश्रामार्थ ठहराकर जातिबन्धु स्वागतार्थ उससे भेंट करने आते थे, तत्पश्चात् उत्सव पूर्वक मंगल वाद्यों की ध्वनि, छत्र, चॅवर सहित नगर में प्रवेश करता था। प्रजाजनों से सत्कृत होता हुआ इस प्रकार राजा अपने प्रासाद में प्रवेश करता था।

गृह-प्रवेशोत्सव- नवगृह निर्माणपूर्ण होने पर विधिवत् उसका पूजन होता था तथा गृहप्रवेशोत्सव में शंख घड़ियाल की मंगलध्वनि के साथ पशूपहार दिया जाता था। यथा-

'ततः सपर्या सपशूपहारां पुरुः परार्ध्यप्रतिमगृहायाः ।
उपोषितैवास्तुविधानेविद्भिर्निवर्तयामास रघुप्रवीरः ।' [87]

पानभूमि रचनोत्सव- इस उत्सव में सब एक साथ मिलजुलकर आमोद-प्रमोद पूर्वक आज कल की 'कॉक टेल पार्टी' की तरह मदिरा पान करते थे। महाकवि ने इस सामाजिक उत्सव का अनेक स्थलों में उल्लेख किया है।[88]

धार्मिक पर्वोत्सव- विविध धार्मिक पर्वोत्सवों का भी महाकवि ने अपनी कृतियों में उल्लेख किया है, जिनमें वृष्टि के देवता इन्द्र को प्रसन्न करने एवं उनके प्रति श्रद्धा-आदर प्रकट करने के लिये पुरुहूतोत्सव-प्रायः भाद्रपद की शुक्ल पक्षीय अष्टमी से द्वादशी तक पाँच दिन मनाया जाता था। राजा वृष्टि के लिए इन्द्र की पूजा करता था-

एवं यः कुरुते यात्रामिन्द्रकेतो युधिष्ठिरः ।

पर्जन्यः कामवर्षी स्यात्तस्य राज्ये न संशयः ॥

मल्लिनाथ ने 'शक्रध्वज' को इस उत्सव में महत्त्वपूर्ण मानते हुए कहा है-

चतुरस्त्रं ध्वजाकारं राजद्वारे प्रतिष्ठितम् ।

आहुः शक्रध्वजं नाम पौरलोकसुखावहम् ॥[89]

काकबलि उत्सव- प्रवासीपति की कुशलता के लिए पत्नी पति के लौटने की तिथि तक फूल लेकर प्रतिदिन एक-एक उन्हें पृथक् रखकर काकबलि उत्सव मनाती थी, जिसका उत्तरमेघदूत में उल्लेख इस प्रकार है'

''आलोके ते निपतति पुरा सा बलिव्याकुलता वा ।[90]

शेषान् मासान् विरहदिवसप्रस्थापितस्यावधेर्वा

विन्यस्यन्ती भुवि गणनया देहलीदत्तपुष्पैः।

मत्संगं वा हृदयनिहितारम्भमास्वादयन्ती

प्रायेणैते रमणविरहेष्वंगनानां विनोदाः।''

तीर्थ- अमंगलनिवारणार्थ, पुण्यप्राप्ति, शरीरपावनता के लिए अमावस्या, पूर्णिमा, मकर संक्रान्ति आदि पुण्य तिथियों पर गंगा-यमुना संगम, सोमतीर्थ,सरयू-गंगा संगम, गंगा-सागर आदि तीर्थों पर सामूहिक रूप से एकत्रित होकर पर्वस्नान कर देव-पितृध्यान पूजा, अर्चन, दान आदि धार्मिक क्रियाएँ करते थे।

उत्सव का अन्तिम अङ्ग तीर्थोत्सव होता। इसका विस्तार से विवेचन प्राप्त होता है।[91]

तीर्थयात्रा के पश्चात् पुष्पया का अवसर आता है। पुष्पयाग का पूर्ण विधान प्रतिपादित है।[92]

संक्षेप में कह सकते हैं कि कविकुलगुरु कालिदास का व्रत पर्वोत्सव वर्णन पूर्णतया तथ्ययुक्त है। आध्यात्मिक उत्कर्ष, सांस्कृतिक संरक्षण एवं उन्नयन के लिए इन व्रतपर्वोत्सवों को यथा समय विधिवत् हमें अवश्य मनाना चाहिए।

सेवन पाञ्चरात्र आगम के विभिन्न संहिताओं में उत्सवों की लम्बी सूची प्राप्त होती है। जैसे कृत्तिकोत्सव[93], जयन्ती उत्सव,[94] तीर्थ उत्सव[95], विजयादशमी उत्सव,[96] ब्रह्म उत्सव[97], महोत्सव, मासोत्सव आदि।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि महाकवि कालिदास की कृतियों में प्रतिपादित उत्सव समारोह आगमोक्त साहित्य में निरूपित उत्सवों से पूर्णतः प्रभावित हैं। वस्तुतः उत्सव समाज की आध्यात्मिक उन्नति के स्रोत हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मनुस्मृति 3/70.
2. हारितगृहस्थ रत्नाकर, पृ0 522.
3. (क) श्रीमद्भागवत महापुराण-- 8/4/1725. (ख) वही, 7/14/106.
4. जयाख्यसंहिता 22/568-73.
5. महाभारत अनुशासनपर्व 104/155.

6. कुलार्णवतन्त्र 17/34.
7. वैखानस गृह्यसूत्र, प्रश्न-1, खण्ड-1, सूत्र-2.
8. रघुवंश 3/17.
9. वही, 10/78.
10. विक्रमो0, अंक-4.
11. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, पृ0 558.
12. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, पृ0 558.
13. रघुवंश 2/75
14. वही, 3/11.
15. वही, 3/18.
16. वही, 3/28.
17. वही, 15/33.
18. वही, 3/29.
19. वही, 3/33.
20. वही, 7/29.
21. वही, 15/32.
22. वही, 8/71.
23. त्रिपुरारहस्य, ज्ञानकाण्ड, 7/25.
24. वही, 7/24.
25. संकर्षणसंहिता, आचारात्रम् 1/24.
26. मेघदूत 1/59.
27. शाकुन्तलम्, अंक-1.
28. रघुवंश 6/48.
29. पूर्वमेघ 55.
30. रघुवंश 8/95.
31. वही13/58.
32. शाकुन्तल पञ्चमोऽङ्क
33. रघुवंश 8/32.
34. महाभारत, शान्तिपर्व मोक्षधर्मपर्व, 219/46.
35. धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग-1, अध्याय 1-4.
36. वही भाग-1, पृ0 07.
37. पाद्मसंहिता, चर्यापाद 15/134.
38. सात्वतसंहिता परिच्छेद-7.
39. पारमेश्वरसंहिता- 13/113-115.
40. रघुवंश 2-4
41. वही 16/49.
42. विक्रमोर्वशीयम् -3/12.
43. वही, अंक-3.
44. विक्रमोर्वशीयम् अंक-3.
45. अथवा व्रतत्यपदेशेन मुक्तरोषा भवतः प्रणिपातलंघनं प्रमार्ष्टु कामेति।- वही, अंक-3.
46. वही, अंक -3.
47. अथवा व्रतत्यपदेशेन मुक्तरोषा भवतः प्रणिपातलंघनं प्रमार्ष्टु कामेति। वही, अंक-3.
48. वही, 3/13.
49. स्वस्ति भवत्यै। बहुफलं तवैतदव्रतं भवतु। वही-3.
50. अभिज्ञानशाकुन्तल, अंक-2.
51. वही, 7-21
52. कुमारसम्भव- 5/29.
53. (क) न पारणा स्याद् विहिता तवैव। रघुवंश- 3/55.
(ख) उपस्थिता शोणितपारणा मे। वही - 3/55.
54. इयन्ति वर्षाणि तथा सहोऽग्रमभ्यस्यतीव व्रतमसिधारम् ।। वही13/67.
55. युवा युवत्या सार्धं यन्मुग्धभतृवदाचरेत् अन्तर्निवृत्तसंगत्यादासिधारव्रतंहि तत् ।। वही 13/67 की मल्लिनाथकृत टीका.
56. सात्वतसंहिता- 7/11-37.
57. नारदीयसंहिता- 24/8-22.
58. पाद्मसंहिता चर्यापाद- 11-210-236.
59. ईश्वरसंहिता-3 / 127-176.
60. वैखानस आगमः एक अध्ययन, पृ0 255.
61. पाणिनीयधातुपाठसमीक्षा, पृष्ठ 512-513
62. समूर्तार्चनाधिकरण 54/2-3
63. नारदीयसंहिता 18/1-2
64. विमानार्चनकल्प, पटल 51
65. समूर्तार्चनाधिकरण 54
66. अभि. शा. अंक.6 पृ.104 'उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः'।
67. वही 4/9 अंक 6 पृ. 101, 103, रघु. 6/46, मालविका, अंक 3 पृ0 292
68. वही. अंक 6, पृ0 102, मालविका, अंक 3ख पृ0 293, 301 रघु. 3/19, 20 7/4, 5, 28, 17/13, 15/17
69. रघु 9/37, 19/9श 16/13, 54,58,6/48,, पू. मे. 37, अभि. शा 2/5, रघु. 6/18
70. कामसूत्र 1/4/42.
71. कुमार 7/26, ऋतु, 3/1, 3/7.
72. अभिज्ञानशाकुन्तल का षष्ठ अंक.
73. मालविकाग्निमित्र, पृ0 93.

74. जयमाला- 1/4/42.
75. रघु. 9/46.
76. मालविकाग्निमित्र- तृतीय अंक.
77. मालविकाग्निमित्र- प्रथम अंक.
78. रघुवंश 3/19.
79. वही 3/20.
80. वही 7/4, 5-6-7-8-9 कुमारसम्भव 7/57-58-59-60-61.
81. वही 7/28.
82. वही 7/29.
83. रघुवंश 17/9.
84. वही 7/10-12.
85. रघुवंश, 17/15-17-18.
86. वही 17/18-29.
87. वही 16/39.
88. रघुवंश, 4/42, 7/49, 19/11.
89. वही 4/3 (टीका मल्लिनाथ).
90. वही 4/3 (टीका मल्लिनाथ).
91. ज्ञानकाण्ड-89, विमानार्चनकल्प, पटल 54
92. विमानार्चन, पटल 54
93. सात्वतसंहिता 7/11-37.
94. नारदीसंहिता- 24/8-22.
95. पाद्मसंहिता चर्मापाद 11-210-23.
96. ईश्वर संहिता 3/127-146.
97. वैखानस आगमः एक अध्ययन पृ0255.

●

यजुर्वेद में मन की गति का वर्णन

राकेश कुमार प्रजापति, डॉ0 सुशील कुमार दूबे** एवम् डॉ0 शंकर त्रिपाठी****

अध्ययन–अध्यापन का प्राचीनतम स्रोत वेदों को माना जाता है जिन्हें अपौरुषेय ग्रन्थ के रूप में भी स्वीकार किया गया है। 'वेद' शब्द विद् धातु और घञ् प्रत्यय के योग से बना है जिसका अर्थ 'ज्ञान' है। वह ज्ञान जो स्वयं से प्राप्त हुई हो।

वेदों की संख्या

वेदों की संख्या चार है ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद।

ऋग्वेद – इसमें ऋचाओं का संग्रह है ।

यजुर्वेद – इसमें कर्मकाण्डपरक मंत्रो का वर्णन है।

सामवेद – यह वेद संगीतात्मक है।

अथर्ववेद – इसमें चिकित्सा विज्ञान से संबन्धित मंत्रो का वर्णन है।

प्रत्येक वेद के चार-चार भाग है संहिता, ब्राह्मण, अरण्यक और उपनिषद्।

संहिता – इसे मन्त्र भाग भी कहा जाता है जो यज्ञ अनुष्ठान में प्रयुक्त किया जाता है।

ब्राह्मण - इसमें कर्मकाण्डों में प्रयोग किये जाने वाले मन्त्रों की व्याख्या है।

अरण्यक – इसमें यज्ञ अनुष्ठान की आध्यात्मिक विवेचना है।

उपनिषद् – इसमें आत्मा, जीव, जगत आदि की दार्शनिक विवेचना है।

यजुर्वेद

यजुर्वेद दो शब्दों यजुस् और वेद से मिल कर बना है। यजुस् का तात्पर्य यज्ञ से है और वेद का ज्ञान से है; इस प्रकार यजुर्वेद का अर्थ हुआ 'यज्ञ का ज्ञान'। यज्ञ का भलीभाँति ज्ञान कराने वाला ग्रन्थ यजुर्वेद है। यह वेद गद्यात्मक है। इसमें यज्ञ की विधियों का उल्लेख है। यज्ञ का आशय केवल परंपरागत हवन से ही नहीं, उस ज्ञान से भी है जो कल्याणकारी हो, जिसके द्वारा मनुष्य अपना तथा दुसरों का जीवन सार्थक बना सके और भवबन्धनों से मुक्त हो सके।

यजुर्वेद दो भागों में प्राप्त होता है-

1.शुक्ल यजुर्वेद

2.कृष्ण यजुर्वेद

शुक्ल यजुर्वेद की दो शाखाएँ प्राप्त होती है- माध्यान्दिन या वाजसनेयी और काड्व शाखा।

कृष्ण यजुर्वेद की 4 शाखाएँ- तैत्तिरीय, मैत्रायणी, कठ और कपिष्ठल शाखा है।

शुक्ल यजुर्वेद के दो उपनिषद् (ईशावास्योपनिषद् और बृहदारण्यकोपनिषद्) तथा कृष्णयजुर्वेद के चार उपनिषद् (कठोपनिषद्, तैत्तिरीयोपनिषद्, श्वेताश्वतरोपनिषद् और मैत्रायणीयोपनिषद्) है। यजुर्वेद तथा इससे सम्बन्धित उपनिषदों में मन की गति का अद्भुत् वर्णन प्राप्त होता है जो इस लेख का मुख्य बिषय है।

मन विमर्श

जिसके द्वारा मनन किया जाय, चिंतन किया जाय और ज्ञान प्राप्त किया जाय वह मन है। मन को देखा नहीं जा सकता, केवल महसूस किया जा सकता है; इसे स्पर्श भी नहीं किया जा सकता है। कुछ विद्वान इसे अन्तःकरण, अंतरात्माभी कहते है। इसके द्वारा ही ज्ञानशक्ति विकसित होती है। सामान्य रूप से यह ज्ञानशक्ति का साधन है। आत्मज्ञानी, चिन्तन-मनन के द्वारा ही ज्ञान की पराकाष्टा को प्राप्त होते है।

मन के पर्याय

मनके विविध नाम है– मानस, इच्छा, अंतःकरण, चित्त, मत, विचार इत्यादि। अमरकोष के अनुसार चित्त, चेत, हृदय, स्वान्त, हृत और मानस शब्दोंको मन का पर्याय बताया गया है।

चित्तन्तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृत्मानसं मनः।[1]

हम अपने मन के द्वारा ही परिस्थितियों के साथ समायोजन स्थापित कर पाते है।

मन के गुण

यजुर्वेद में मन के चार गुण बताये गए है जो इस प्रकार है- क्रत्वे, दक्षाय, जीवसे और दृशे ।[2]

---

* शोध छात्र, क्रिया शारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** सहायक प्रोफेसर, क्रिया शारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
*** सहायक प्रोफेसर, क्रिया शारीर विभाग, आयुर्वेद संकाय, चिकित्सा विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

क्रत्वे – करने वाला अर्थात ज्ञान ग्रहण करने वाला। प्राणी जीवित होते हुए भी बिना मन के कुछ भी नहीं कर सकता। मन में जब आवेग उत्पन्न होता है तो इन्द्रियाँ कार्य हेतु शरीर को प्रेरित करती है। शरीर इन्द्रियों से प्रेरित होता है और इन्द्रियाँ मन से प्रेरित होती है। इस प्रकार मन ही प्रेरणा का मूल कारण है। इन्द्रियों से युक्त शरीर केवल निमित्त मात्र है। कार्य भले ही भौतिक जगत से सम्बन्धित हो या आध्यात्मिक जगत से, पर करने वाला तो मन ही है।

दक्षाय – दक्षता (निपुणता) स्थापित करने वाला। मन, कार्य करने की कुशलता प्रदान करने वाला है। मन इन्द्रियों को कार्य हेतु साधता है। बार-बार पुनरावृत्ति से इन्द्रियाँ या इन्द्रियों से युक्त शरीर सरलता पूर्वक कार्य को सम्पन्न कर देता है। यदि मन कुशल न होता तो इन्द्रियों को कार्य करने के लिए प्रेरित न करता। इस प्रकार मन की कुशलता सिद्ध हो जाती है।

जीवसे – जीवन यापन करने वाला। जीवन का आधार मन है। प्राणी मन से प्रेरित होकर जीवन यापन करता है या जीवन से मुक्त होता है। प्राणी का यथारूप मन तथारूप जीवन के लिए उत्तरदाई होता है। मन ही बन्धन और मोक्ष का कारण होता है। विषयों से मुक्त हुआ मन मोक्ष के लिए और विषयों में भटकता हुआ मन बन्धन के लिए होता है। मन ही मनुष्यों को सांसारिक विषयों में बाँधता है। जीव अज्ञान के प्रभाव में आकर संसार में भटकने लगता है जिसके परिणाम स्वरूप उसे अनेकों प्रकार के दैहिक, दैविक और भौतिक दुखों का सामना करना पड़ता है।

दृशे – दृश्य को प्राप्त करने वाला। मन इन्द्रियों के द्वारा दृश्यों को धारण करता है। अतः इसके लिए दृशे शब्द का प्रयोग हुआ है जो इसकी विशेषता को प्रकट करता है।

चरक के अनुसार अणुत्व और एकत्व मन के गुण बताए गये है -

अणुत्वमथ चैकत्वं द्वौ गुणौ मनसः स्मृतौ।[3]

मन आनन्द से युक्त, प्राणों को सुख देने वाला परमात्मतत्व से युक्त है-

सत्यात्म प्राणारामं मनः आनंदम् ।[4]

आत्मा मनोमय कोश से युक्त है और पूर्णतः पूर्ण है। यह मनोमय कोश पुरुष रूप है। इस पुरुष में अनुगत होने से ही इसकी आकृति पुरुष जैसी है। यजुर्वेद ही इसका शिर है। ऋग्वेद ही इसका दक्षिणा पक्ष है। सामवेद उत्तर पक्ष है। आदेश ही आत्मा है।

तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयादन्योऽन्तर आत्मा मनोमयः । तेनैष पूर्णः। स वा एष पुरुष विधः एव। तस्य पुरुषविधातामन्वयं पुरुष विधः। तस्य यजुरेव शिरः। ऋग्दक्षिणः पक्षः। सामोत्तरः पक्षः। आदेश आत्मा।[5]

मन से युक्त ज्ञानेन्द्रियों सहित कोश मनोमय कहलाता है –

मनस्तु ज्ञानेन्द्रियैः सहितं सन्मनोमयकोशो भवति।[6]

देखने वाला व्यक्ति जब अपनी इन्द्रियों से किसी लौकिक वस्तु का प्रत्यक्ष करके यह निश्चित हो जाता है कि यह वस्तु वही है या कोई और है, इस प्रकार का संकल्प या विकल्प करता है तो यह संकल्पविकल्पात्मक क्रिया मनोमय कोश में होती है।

वाणी भी मन का ही अनुगमन करती है –

वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह ।[7]

मन ही ब्रह्म है ऐसा (ऋषि भृगु के द्वारा) जान लिया जाता है। मन के कारण ही सभी प्राणी जन्म लेते है और जन्म के पश्चात जीवित रहते है तथा मृत्यु के बाद भी मन को ही प्राप्त होते है और उसी में समाहित हो जाते है।

मन ही छाया, मन ही माया, मन ही जग उपजाये। अर्थात मन सर्वत्र विराजमान है, मन के कारण ही प्रकृति अपना नव सृजन करती है जिससे यह संसार उत्पन्न हुआ है।

मनो ब्रह्मेति व्यजानात्। मनसो ह्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। मनसा जातानि जीवन्ति। मनः प्रयन्त्यभि संविशन्तीति।[8]

मनो वै यज्ञस्य ब्रह्मा।[9]

मन के द्वारा लोक मंगल की भावना से बड़े-बड़े यज्ञकर्म सम्पन्न किये जाते है। उस यज्ञ का प्रत्यक्ष द्रष्टा, कर्ता और भोक्ता मन है। यज्ञ सम्पादनार्थ मन को शान्ति प्राप्ति की कामना की जाती है। मन शान्त होने से यज्ञ का प्रतिफल कल्याणकारी होता है। मन को अच्छे परिणाम की प्रतीति होती है। अतः मन यज्ञ का स्वरूप है।

मनसा हि कामान् कामयते ।[10]

संसार में कर्मों का अन्त नहीं है और कामनाएँ भी अनन्त है। कामनाएँ जीव में जन्म लेती है और जीव उन कामानाओं को पूर्ण करने के लिए प्रेरित होता है; तथा करता है। यह प्रेरणा मन के द्वारा प्राप्त होती है। अतः मन ही प्रेरक है जिसके द्वारा कामनाएँ पूर्ण होती है। वैसे तो अनन्त कामनाएँ पानी में बुलबुले की भाँति उत्पन्न होती है और समाप्त हो जाती है; किन्तु कुछ विशेष कामनाएँ ही जीव को कार्य हेतु आगे ले जाती है। कामनाएँ दो तरह की होती है, एक कल्याणकारी होती है जो शुद्ध होती है और दूसरी अमङ्गलकारी कामना होती है जिन्हें अशुद्ध कहते है; जो मानवता के लिये अभिशाप सिद्ध होती है।

मनो वै सम्राट परमं ब्रह्म ।[11]

जीव जन्म लेता है जिसका कारण मन है। जीव में कामनाएँ जन्म लेती है, कर्म हेतु इन्द्रियाँ गतिमान होती है। ये इन्द्रियाँ मन के

द्वारा ही कभी गति को प्राप्त होती है तो कभी नियंत्रण को। इस प्रकार सञ्चालन का कार्य एक शासक ही कर सकता है जिसके पास वैसा कार्य करने का अधिकार होता है। अधिकारी वही है जो समर्थ है। इस प्रकार मन ही कर्मों का अधिकारी, सम्राट व श्रेष्ट ब्रह्म है।

प्राणायाम के दौरान योगी अपने समस्त इन्द्रियों को मन के द्वारा हृदय में सन्निविष्ट करता है –

त्रिरुन्नतं स्थाप्य समं शरीरं हृदीन्द्रियाणि मनसा सन्निवेश्य ।

ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान् स्त्रोतांसि सर्वाणि भयानकानि ॥[12]

अर्थात विद्वान व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने शरीर के उभरे हुए तीन स्थानों जैसे शिर, गर्दन और वक्षस्थल को एक सीध में करके, समस्त इन्द्रियों को मन के द्वारा हृदय में सन्निविष्ट करके ब्रह्म विषयक ध्यान रूपी नौका से समस्त भयानक बाधाओं को पार कर जाते है।

मन दिव्यता से युक्त है, आत्मा का दर्शन कराने वाला है और समस्त सीमाओं (भूत, भविष्य, वर्तमान) को पार कर जाने वाला है। प्राणी के जाग्रत अवस्था में रहने पर उसका मन दूर तक विचरण करता है और सोते हुए अवस्था में उसका मन वापस आ जाता है। यह समस्त प्रकाशों में एक प्रकाश है। इसको जान पाना कठिन है। इसके द्वारा ही मनुष्य कल्याण को प्राप्त करता है।

यज्जाग्रतो दूरमुदैति देवं, तदु सुप्तस्य तथैवैति ।

दूरं गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[13]

मन के द्वारा ही मन पर अधिकार रखने वाले मनीषि व अपने नियत कर्मों में निष्ठा रखने वाले कर्मनिष्ठ लोग धैर्य पूर्वक कर्मों को करते है तथा यज्ञो का संपादन करते है। यज्ञनिष्ठ लोग यज्ञ में आहुति समर्पित करते है। मन ही प्रजाओं के अन्तर्भाग में स्थित रहने वाला, समस्त इन्द्रियों को वशीभूत करने वाला, प्रथम पूज्य है।

येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः ।

यद्पूर्वं यक्षमन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[14]

मन के द्वारा ही समस्त कार्य किये जाते है। क्या करना है, क्या नहीं करना है, क्या उचित है, क्या अनुचित है; इन सब बातों का निर्णायक मन है। व्यावहारिक जीवन में प्रायः देखा जाता है कि लोग कभी-कभी ऐसा कहते है; आज मेरा मन ऐसा करने को कह रहा है। आज मेरा मन ऐसा करने को नहीं कह रहा है। इससे यह पता चलता है कि शरीर (व्यक्ति) मन से प्रेरित होकर कर्म करता है। इससे मन की श्रेष्ठता प्रकट हो जाती है।

मन ही विशिष्ट ज्ञान का माध्यम है। इसके द्वारा ही श्रेष्ठ से भी श्रेष्ठ ज्ञान प्रकट होता है, विशेष ज्ञान भी मन के द्वारा ही प्रकट होता है। यह लोगों में धैर्य के रूप में अन्तः करण में ज्योति स्वरूप विद्यमान रहता है। इसके बिना कोई भी कर्म नही किया जा सकता है। समस्त ज्ञान-विज्ञान का माध्यम मन है। प्राचीन काल में ऋषि गहन से गहन ज्ञान की सीमा को प्राप्त कर रहस्यों का उद्घाटन किया करते थे। आज भी बड़े-बड़े अनुसन्धान अनुसंधानकर्ताओं के द्वारा किया जाता है। ये सब मन को साधने से ही संभव हो पाता है। मन के चञ्चल होने के कारण अनेको विचार उत्पन्न होते रहते है। किन्तु चञ्चल मन शान्त हो कर जब एकाग्रता में प्रवेश करती है तब एकाग्र मन से बड़े से बड़े उद्देश्य का प्राप्त होना स्वाभाविक हो जाता है।

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृति श्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु ।

यस्मान्न ऋते किंचन कर्म न क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[15]

मन की शास्वतता

मन शास्वत है। इसके द्वारा ही भूतकाल, भविष्यत् काल और वर्तमान काल भलीभांति जान लिया जाता है। इसके द्वारा ही सप्त होताओं – होतृ, पोतृ, मैत्रावरुण, ग्रावस्तुत, ब्राह्मणाच्छंशी, अच्छावाक, अग्नीघ्र से युक्त यज्ञ सम्पादित किये जाते है। विचार करने पर यह प्राप्त होता है कि इन्द्रियाँ, मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त, आत्मा व प्रकृति सप्त होता के रूप है जिनके द्वारा यज्ञ विषयक समस्त कार्यसम्पादित किये जाते है।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत् परिगृहीतममृतेन सर्वम् ।

येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[16]

सम्पूर्ण शरीर रथ के समान है। इस रथ रूपी शरीर को ले जाने वाला मन है। इसमें वेदों के समस्त ज्ञान पहिये में लगे अरे अर्थात् तीलियों के समान है। यदि तीलियाँ मजबूत रहती है तो पहिया भी मजबूत तथा सक्रिय होता है। उसी तरह वेदों के ज्ञान से बुद्धि सबल व सक्रिय होता है। इस मन में ही ऋग्वेद के मन्त्र, सामवेद के मन्त्र, यजुर्वेद के मन्त्र विद्यमान है। इस मन में ही समस्त प्राणियों का सार्वभौमिक पदार्थ विषयक ज्ञान भरा हुआ है। जिसका वर्णन इस प्रकार है –

यस्मिनृचः सम यजूंषि यस्मिन्प्रतिष्ठिता रथनाभा विवाराः।

यस्मिश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानाम् तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[17]

जिस प्रकार कुशल सारथी लगामों के द्वारा तीव्रगामी घोड़े को एक सही दिशा में ले जाता है उसी तरह मन मनुष्यों को इन्द्रियों के द्वारा ले जाता है। मन मनुष्यों के हृदय में स्थित रहता है। मन कभी बृद्ध नही होता; शरीर भले ही बृद्धता को प्राप्त हो जाये पर वह सदैव बचपन से बृद्धावस्था तक समान रूप से सक्रिय रहता है । मन अत्यंत वेग से चलने वाला है।

सुसारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान् नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिना इव।

हृतप्रतिष्ठंयदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥[18]

मन लगाम सदृश

कठोपनिषद् में मन को लगाम के समान बताया गया है। रथरूपक शरीर का वर्णन करते हुए यमराज नचिकेता को उपदेश करते है कि आत्मा इस शरीर रूपी रथ पर बैठने वाले या सवारी करने वाले शासक (राजा) के समान है। इस शरीर रूपी रथ को चलाने वाला सारथी बुद्धि है। बुद्धि के द्वारा हम अपने शरीर को अमुक कार्य के लिए तत्पर करते है। इस शरीर रूपी रथ में इन्द्रियाँ घोड़े के समान है, जिनका नियंत्रण मन रूपी लगाम के द्वारा बुद्धि रूपी सारथी करता है। ये इन्द्रियाँ रूपी घोड़े शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध नामक विषयों के मार्गों पर गमन करती है। किसी भी इन्द्रिय रूपी घोड़े को अपने विषय रूपी मार्ग पर कब और कितना चलना है इसका निर्णय बुद्धि करती है जो मन के माध्यम से इन्द्रियों को प्रेरित या नियन्त्रित करती है। मन के विना, बुद्धि भी इन्द्रियों का नियन्त्रण नहीं कर सकती। इस प्रकार मन की शरीर में श्रेष्ठ स्थिति का पता चलता है जैसा कि-

आत्मानं रथिनं विद्धि, शरीरं रथमेव तु ।

बुद्धि तु सारथि विद्धि, मनः प्रग्रहमेव च ॥[19]

इन्द्रियाणि हयानाहुः विषयाः तेषु गोचरान् ।

आत्मेंद्रिय मनो युक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥[20]

निष्कर्ष

मन एवं इन्द्रियों के सहयोग से ही विषयों का ज्ञान होता है। इन्द्रिय, मन एवं आत्मा के सहयोग के बिना चेतनता नहीं आती है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार – बिना संवेदी अंगों (सेन्स आर्गन) के सहयोग से सूचनाएँ प्रसारित नहीं होती। यहाँ पर तंत्रिका-तंत्रों (नर्वस सिस्टम्स) के माध्यम से एवं शिर, हृदय तथा सुषुम्ना नाणी के सहयोग से ही समस्त अच्छे एवं बुरे कार्यों का संपादन किया जाता है ।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि यजुर्वेद में जो मन की गति का वर्णन किया गया है वह ज्ञानास्पद व अनुशीलन के योग्य है, जिसके अध्ययन से हम मन की गति को जानने में समर्थ होते है। इसकी सहायता से अच्छे व बुरे कर्मों में भेद करके सन्मार्गगामी बना जा सकता है जो कि शरीर को स्वस्थ रखने में अत्यंत उपयोगी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. अमरकोष
2. ऋग्वेद 1/57/4
3. चरक संहिता शारीरस्थान 1/19
4. तैत्तिरीयोपनिषद् शीक्षावल्ली 6/16
5. तैत्तिरीयोपनिषद् ब्रह्मानन्दवल्ली 3/8
6. सदानन्द का वेदांत सार-74
7. तैत्तिरीयोपनिषद् ब्रह्मानन्दवल्ली 9/27
8. तैत्तिरीयोपनिषद् भृगुवल्ली 4/4
9. बृहदारण्यक उपनिषद् 3/1/6
10. बृहदारण्यक उपनिषद् 3/2/7
11. बृहदारण्यक उपनिषद् 4/1/6
12. श्वेताश्वतरोपनिषद् 2/8
13. यजुर्वेद 34/1
14. यजुर्वेद 34/2
15. यजुर्वेद 34/3
16. यजुर्वेद 34/4
17. यजुर्वेद 34/5
18. यजुर्वेद 34/6
19. कठोपनिषद् 1/3/3
20. कठोपनिषद् 1/3/4

●

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कविता और कवि केदारनाथ सिंह

प्रेमलता राय एवम् डॉ0 सत्यपाल शर्मा***

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी जगत में जिन कवियों की कविताओं ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तथा जिनकी कविताएँ एक ओर आधुनिकता बोध से जुड़ती हैं तो दूसरी ओर इतिहास से भी जुड़ती हैं, वे हैं- अज्ञेय (असाध्य- वीणा, नदी के द्वीप, बावरा अहेरी, हरी घास पर क्षण भर), मुक्तिबोध (अंधेरे में, ब्रह्मराक्षस, चाँद का मुँह टेढ़ा है), धर्मवीर भारती (अंधा युग, कनुप्रिया, ठण्डा लोहा), शमशेर बहादुर सिंह (बात बोलेगी), केदारनाथ अग्रवाल (हे मेरी तुम, युग की गंगा), नागार्जुन (हरिजन गाथा), धूमिल (पटकथा), नरेश मेहता (संशय की एक रात) इत्यादि। इसके अलावा विजयदेव नारायण शाही, कुँवर नारायण, राजेश जोशी, मंगलेश डबराल तथा विश्वनाथ प्रसाद तिवारी आदि हैं। इन कवियों ने अपने युग के यथार्थ और त्रासदी को झेला ही नहीं बल्कि अपनी कविताओं में चित्रित भी किया। इसी कड़ी के महत्वपूर्ण कवि हैं केदारनाथ सिंह।

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कविता के महत्वपूर्ण कवि केदारनाथ सिंह की काव्य संवेदना में जितनी व्यापकता है उतनी ही विविधता भी। इनकी कविता गाँव से कस्बे तक और शहर से महानगर तक की सजीव यात्रा है। कवि की रचनात्मकता में गाँव की उपस्थिति लगातार बनी रही है। आधुनिकता के जबरदस्त मोहक रूप के बीच भदेस गाँव की बात बहुत लोगों को असुविधाजनक लगती है, लेकिन कवि प्रखर विवेक के साथ गहरी लोकोन्मुखी दृष्टि से अपने गाँव व जानी पहचानी दुनिया में लौटता है और बार-बार उसको अपनी कविता में रचता है। इस संदर्भ में 'चिट्ठी' नामक कविता को देख सकते हैं-

कल गाँव से एक चिट्ठी आयी

बहुत दिनों बाद

शायद नदी ने भेजी थी

न दिन न तारीख

न सिरनामा

बस ऊपर कोने में एक बूँद की तरह टका था छोटा-सा प्यारा-सा

गाँव का नाम

'चकिया'।[1]

केदारनाथ सिंह ने हिन्दी जगत में जब कविता लिखना शुरू किया तब देश आजाद हो गया था। प्रयोगवाद का दौर समाप्त होने वाला था और नयी कविता की शुरुआत हो गयी थी। 'तीसरा सप्तक' के माध्यम से केदारनाथ सिंह नयी कविता के दौर में प्रवेश कर चुके थे। कवि केदारनाथ सिंह के शब्दों में- ''नयी कविता से मेरा परिचय तार-सप्तक के माध्यम से हुआ था। तब बनारस की कवि-गोष्ठियों में शंभुनाथ सिंह के गीतों की गूँज थी। त्रिलोचन शास्त्री की रचनाएँ कम समझी जाती थीं। नामवर सिंह लिखते थे, पर कम-कम। मेरी आरम्भिक कविताओं पर इन सबका असर था।''[2]

केदारनाथ सिंह की सम्पूर्ण कविता-यात्रा को तीन चरणों में बाँटा जा सकता है- प्रथम चरण- 'तीसरा तारसप्तक', 'अभी बिल्कुल अभी', 'जमीन पक रही है', 'यहाँ से देखो'। द्वितीय चरण- 'अकाल में सारस', 'उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ', 'बाघ'। तृतीय चरण- 'तालस्ताय और साइकिल', 'सृष्टि पर पहरा'।

'तीसरा सप्तक' में प्रकाशित कवि की कविताएँ लोक भावभूमि पर रचित कविताएँ हैं। इसमें प्रकृति परक कविताएँ, प्रेमपरक कविताएँ और भविष्य के प्रति आस्था जगाने वाली कविताएँ हैं। इन कविताओं में ठेठ ग्रामीण जीवन की सुगन्ध और मिठास देखते बनती है। कवि की प्रेमपरक कविता का उदाहरण द्रष्टव्य है-

''रात पिया, पिछवारे पहरू ठनका किया!

कँप कँप कर जला दिया,

बुझ बुझ कर यह जिया,

मेरा अंग अंग जैसे,

पछुवे ने छू दिया,

बड़ी रात गये कहीं पंडुक पिहका किया!''[3]

'तीसरा सप्तक' के अपने वक्तव्य में केदारनाथ सिंह ने कुछ ऐसी बातें कही हैं, जो उनकी कविता को समझने में सहायक हैं। वे कहते हैं- ''समाज के प्रगतिशील तत्वों और मानव के उच्चतर मूल्यों की परख मेरी रचनाओं में आ सकी है या नहीं, मैं नहीं जानता। पर उनके प्रति मेरे भीतर एक विश्वास, एक लालसा, एक लपट जरूर है, जिसे मैं हर प्रतिकूल झोके से बचाने की कोशिश करता हूँ, करता रहूँगा।''[4]

---

* शोध छात्रा, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

** एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सन् 1959 में तीसरा सप्तक प्रकाशित होता है जिसमें केदारनाथ सिंह की प्रारम्भिक कविताएँ शामिल हैं। ये कविताएँ लोक जीवन के मार्मिक प्रसंगों तथा प्रायः लोकगीतों को प्रस्तुत करती हैं। कवि केदारनाथ सिंह का 'अभी बिल्कुल अभी' शीर्षक काव्य संग्रह सन् 1960 में प्रकाशित हुआ। इस काव्य संग्रह में 'तीसरा सप्तक' में संकलित कविताओं में से आठ कविताएँ भी शामिल हैं। इस संग्रह की कविताओं में लोकजीवन व गीतात्मकता में कमी आयी तथा कविता में वैचारिक प्रौढ़ता दिखाई देती है। इस संग्रह की पहली कविता 'प्रक्रिया' एक प्रभावशाली कविता है, जो कवि व्यक्तित्व को बड़े सहज रूप में पाठकों के समक्ष ला खड़ा कर देती है। केदारनाथ सिंह की कविता की निम्न पंक्तियाँ देखी जा सकती हैं-

''चलते-चलते
झुककर
रास्ते की धूल से
एक शब्द उठाता हूँ
और पाता हूँ कि अरे
गुलाब!''[5]

इस कविता का वह शब्द जो गुलाब हो जाता है, वह गुलाब नेहरू युग के मोह को तो नहीं दर्शा रहा है। नेहरू का गुलाब अभिजात्यता का प्रतीक है और वह कोट के बटन होल में रहता है जबकि कवि केदारनाथ का धूल से सना शब्द गुलाब है यानी साधारण जनता से जुड़े हुए शब्दों में कवि गुलाब की प्रतीति करता है। एक अन्य रचना 'नीला पत्थर' में 'नीला पत्थर जनता का ही प्रतीक है। जब कवि अकेला होता है तो अकेलापन दूर करने के लिए वह कवि के पास लुढ़क कर चला आता है। कवि कहता है-

''अब वह नीला पत्थर
मेरे साथ-साथ रहता है
सोता हूँ तो सिरहाने है
उठता हूँ
तो कब से जगा रहा है
गाने की कोशिश करता हूँ
तो हर शिरा उपशिरा में
छटपटा रहा है नीला पत्थर
खाली पत्थर!''[6]

केदारनाथ सिंह का दूसरा काव्य संग्रह 'जमीन पक रही है' 1980 में प्रकाशित हुआ। इस संग्रह का प्रकाशन पहले संग्रह 'अभी बिल्कुल अभी' के प्रकाशन के एक लम्बे अन्तराल (20 वर्षों) के बाद हुआ। इन बीस वर्षों में भारत के इतिहास में आमूल-चूल परिवर्तन हुए। भारत-चीन युद्ध, भारत-पाक युद्ध, गैर कांग्रेसी सरकार का गठन, कम्युनिस्ट पार्टी का विभाजन, हिन्दी काव्य परिदृश्य में नित नये-नये काव्य आन्दोलन आदि। वे बदलते परिवेश को लगातार देखते हुए गुजरते हैं और उसे अपनी कविताओं में बिम्बों के माध्यम से लिखते हैं। 'मुक्ति' नामक कविता में 'पेड़' शब्द लिखना दरअसल पेड़ का गुणधर्म अपनाना है। वे कहते हैं-

''मुक्ति का जब कोई रास्ता नहीं मिलता
मैं लिखने बैठ गया हूँ
मैं लिखना चाहता हूँ पेड़
यह जानते हुए कि लिखना पेड़ हो जाना है
मैं लिखना चाहता हूँ पानी

x x x x

यह जानते हुए कि लिखने से कुछ नहीं होगा मैं लिखना चाहता हूँ।''[7]

केदारनाथ की आस्था मोहभंग की अवस्था में भी उन्हें सम्भाले हुए है। नंद किशोर नवल कहते हैं- ''उन्होंने किसी भी कविता में अपनी आस्था का आख्यान नहीं किया है, सिर्फ अलग-अलग चीजों का इस तरह से वर्णन किया है कि वह वर्णन इस बात का सूचक हो गया है कि जो कुछ भी सुन्दर और मूल्यवान है उसके प्रति उनके मन में अपार आकर्षण है और दुनिया को बेहतर बनाने वाली शक्ति के प्रति वे आशावान हैं।''[8]

कवि का तीसरा काव्य संग्रह 'यहाँ से देखो' है। इस संग्रह के केन्द्र में साधारण मनुष्य है। इस संग्रह में जानवर, कीड़े की मृत्यु, जनहित का काम, शीत लहरी में एक बूढ़े आदमी की प्रार्थना और सन् 47 को याद करते हुए कविता देखी जा सकती है। 'कीड़े की मृत्यु' कविता में कीड़े का मरना कवि को दुःख पहुँचाता है-

मरा पड़ा है कीड़ा
उसको देख पड़ा यों गुमसुम
क्यों होती है पीड़ा
क्यों मैं ठिठक गया हूँ
क्यों मैं खोज रहा हूँ उसमें तड़पन
कोई हरकत
क्या मुझको लगता है उसका होना
बहुत जरूरी था।

यहाँ कीड़े की मृत्यु कवि को एक आम आदमी की मृत्यु प्रतीत होती है। उसका होना कवि के लिए, मानवता के लिए जरूरी था। 'शहर में रात' कविता में कवि कहता है- ''वे क्यों चुप हैं जिनको आती है भाषा।''[9] दरअसल भाषा की सार्थकता उसके बोलने में है, और बोलना मनुष्य की ऐसी क्रिया है जिससे उसके व्यक्तित्व का पता चलता है। इस संग्रह की कविताएँ प्रश्न पूछती हैं, उनके काव्य संसार में शंका, संदेह, जिज्ञासा वगैरह सब हैं।

कवि का अगला महत्वपूर्ण संग्रह 'अकाल में सारस' है। इस संग्रह की प्रतिनिधि कविता 'अकाल में सारस' है। यहाँ सारस एक प्रतीक मात्र नहीं है। वह मानव जाति की क्रूरता और दोहन से पीड़ित प्रकृति का चित्रण भी है। धीरे-धीरे पक्षियों की प्रजाति विलुप्त होती जा रही है। ऐसे समय में सारस का दिखना व्यक्ति को कौतूहल से भर देता है-

''लेकिन सारस
उसी तरह करते रहे
शहर की परिक्रमा
न तो उन्होंने बुढ़िया को देखा
न जल भर कटोरे को
सारसों को तो पता तक नहीं था
कि नीचे रहते हैं लोग
जो उन्हें कहते हैं सारस
पानी को खोजते
दूर-देशावर से आये थे वे
पानी को खोजते
दूर देशावर तक जाना था उन्हें।''[10]

इसी काव्य संग्रह में 'एक और अकाल' शीर्षक एक कविता है जिसमें कवि ने यह दिखाया है कि महानगरों के मानवीय सम्बन्धों में कैसे दूरियाँ बढ़ रही हैं। इसने कवि को लिखने पर मजबूर किया होगा जो आज के समय पर सार्थक होता है-

''मैं एक एक से मिला
मैंने एक एक से बात की
मुझे आश्चर्य हुआ
लोगों को तो लोग
जानते तक नहीं थे!''[11]

नन्द किशोर नवल 'अकाल में सारस' संग्रह की कविताओं के विषय में कहते हैं- '' 'अकाल में सारस' की कविताएँ अमूर्तीकरण के लिहाज से विशिष्ट हैं। इसमें शहर भी है, गाँव भी, मनुष्य भी है, प्रकृति भी, साथ में कुछ दूसरी चीजें भी, जैसे घण्टी, चाकू, खून का धब्बा, बोझे, अनाज के दाने, मेले में बिकने के लिए जाते हुए बैल, पिल्ले, बनता हुआ घर आदि। जाहिर है कि अपनी कविताओं में केदार जी ने इनका केवल रूपांकन नहीं किया, बल्कि वैसा करते हुए इन्हें एक 'आइडिया' में तब्दील करने का प्रयास किया है।''[12]

सन् 1995 में 'उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ' नामक काव्य संग्रह आता है। इस संग्रह में पहली बार इतिहास से चरित्र उठाया गया है- मध्यकाल से कबीर व आधुनिक काल से भिखारी ठाकुर। इन दोनों कवियों में केदारनाथ काफी समानता देखते हैं क्योंकि ये दोनों ही कवि विद्रोही व्यक्तित्व अपनाकर समाज में एक सार्थक हस्तक्षेप करते हैं। हिन्दी के तथाकथित शिष्ट साहित्य ने परम्परा के नाम पर कबीर को भुला दिया, उसी तरह उसने लोक कवि भिखारी ठाकुर को भी। यहाँ तक कि लोरी जैसा लोकगीत जिसमें माँ और शिशु की आत्मा बसती है, उसे भी इस उपभोक्तावादी संस्कृति और शहरी सभ्यता ने भुला दिया-

''यह कैसी सभ्यता है- मैंने सोचा
कि इसके पास अपनी कोई लोरी तक नहीं
उन यात्रियों के लिए
जिनकी गाड़ियाँ लेट हैं।''[13]

'बाघ' कवि का अगला काव्य है जो 1996 में प्रकाशित होता है। इस कविता में बाघ के विविध रूप हैं, बाघ एक खूँखार जंगली जानवर का प्रतीक है। दूसरे खण्ड में बाघ का शहर में आने और चुपचाप वापस चले जाने का चित्रण है। खण्ड में बाघ और लोमड़ी का संवाद है जो मानव जीवन के शाश्वत प्रश्न दुःख और उसके कारण से जुड़ा हुआ है। इस कविता में कवि बाघ व लोमड़ी जैसे प्रतीकों के माध्यम से सभ्यता, संस्कृति तथा मनुष्यता को बचाये रखने के लिए चिंतित रहता है। कवि की आशावादी विचारधारा निराशा के क्षण में भी आशा की लौ लिए हुए दिखाई देती है। कवि कहता है-

''दोस्तों, यह सदी बीत रही है
बीत रहे हैं सारे पहाड़ और नदियाँ
और हावड़ा का पुल
और हवाई जहाज के डैने
x x x
पर दोस्तों, हमें जीना होगा
जीना होगा बाघ के साथ
और बाघ के बिना भी जीना होगा।''[14]

कवि का अगला काव्य संग्रह है ''तालस्ताय और साइकिल'। इस संग्रह में कवि आधुनिकता के पतन और इसकी विसंगति की पहचान के साथ सभ्यता स्मृति और इतिहास से सर्जनात्मक संवाद करता है। कवि सभ्यता व बर्बरता के बीच छिड़े हुए विकट संघर्ष में मनुष्यता की तमाम उपलब्धियों, संचित ज्ञान नीतियों के नष्ट हो जाने की आशंका से त्रस्त है। संग्रह की कविता 'पाण्डुलिपियाँ' में कवि जब पाण्डुलिपियों पर 'धूल के कापीराइट पर एक मजबूत- ठप्पा' लगा होने की बात करता है तो उसके विषय में बहुत समय से चली आती हुई हमारी लापरवाही की ओर संकेत करता है। कविता में 'कापीराइट' शब्द उसको आधुनिक परिप्रेक्ष्य प्रदान करता है।

''हालांकि ध्यान से देखें
तो सारी पाण्डुलिपियों पर
कहीं न कहीं लगा होता है
धूल के कापीराइट का
एक मजबूत ठप्पा।''[15]

कविता संग्रह में कवि सजग इतिहास बोध और चेतस मन के साथ सभ्यता व इतिहासबोध के सही मायनों की तलाश करता है। केदारनाथ सिंह यथार्थ के बाह्य विकिरणों के बजाय उसके आशयों व निष्कर्षों में अधिक रमते हैं। वह कविता में ऊँची से ऊँची उड़ान में भी अपने पाठकों को सहजतापूर्वक साथ रखते हैं। इतिहास की दुर्घटनाओं की चर्चा करते हुए वह किसी विलाप में नहीं डूबते अपितु मानवी जिजीविषा से युक्त करने के लिए उसमें गहरी चुनौती का भाव प्रकट करते हैं।

संदर्भ ग्रन्थ

1. केदारनाथ सिंह, प्रतिनिधि कविताएँ, राजकमल प्रकाशन, पृ0सं0 140-41
2. केदारनाथ सिंह, तीसरा सप्तक (वक्तव्य), अज्ञेय, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन, पृ0सं0 125
3. केदारनाथ सिंह, रात, सं0 अज्ञेय, तीसरा सप्तक, पृ0सं0 135
4. केदारनाथ सिंह, रात, सं0 अज्ञेय, तीसरा सप्तक, पृ0सं0 125
5. केदारनाथ सिंह, अभी बिल्कुल अभी, पृ0सं0 25
6. केदारनाथ सिंह, नीला पत्थर, अभी बिल्कुल अभी, पृ0सं0 37
7. केदारनाथ सिंह, मुक्ति, जमीन पक रही है, पृ0सं0 66
8. नन्दकिशोर नवल, समकालीन काव्य यात्रा, पृ0सं0 141
9. केदारनाथ सिंह, शहर में रात, यहाँ से देखो, पृ0सं0 37
10. केदारनाथ सिंह, अकाल में सारस, पृ0सं0 23
11. केदारनाथ सिंह, एक और अकाल, अकाल में सारस, पृ0सं0 74
12. नंदकिशोर नवल, समकालीन काव्य यात्रा, पृ0सं0 155-56
13. केदारनाथ सिंह, लोरी, उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ, पृ0सं0 32
14. केदारनाथ सिंह, बाघ, पृ0सं0 54
15. केदारनाथ सिंह, पाण्डुलिपियाँ, तालस्ताय और साइकिल, पृ0सं0 19

●

साहित्यक रचनाओं के दूर-दर्शन द्वारा प्रसारण की सार्थकता पर डॉ० माधवेन्द्र नाथ दुबे की जिज्ञासाओं पर वरिष्ठ चिन्तक विद्वानों की प्रतिक्रियाऐं

डॉ0 माधवेन्द्र नाथ दुबे[*]

प्रश्न- एक ही भाषा के साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण, जैसे महाकाव्य का उपन्यास में, कहानी का प्रगीत में, गीति नाट्य का कहानी में, नाटक का कहानी में करना आदि-क्या उचित है?

उत्तर- एक ही भाषा के साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण निरन्तर होता रहा है। मुख्यतः महाकाव्यों का उपन्यास विधा में रूपान्तरण हुआ है। प्रसिद्ध लेखक नरेन्द्र कोहली ने महाभारत, रामायण जैसे महाकाव्यों का रूपान्तरण उपन्यास विधा में किया है। यह रूपान्तरण करने वाले की क्षमता पर निर्भर करता है कि वह उसका रूपान्तरण बेहतर करता है या कि बद्तर कर डालता है।

नरेन्द्र कोहली ने महाकाव्यों के पात्रों को केन्द्र में रखकर कहानी को लिखा। दूसरे विद्वानों ने पुराने महाकाव्यों के कुछ पात्रों को लेकर लिखा है। जैसे- महाभारत के प्रमुख पात्र **कर्ण** और **द्रौपदी** पर अधिक लिखा गया है। द्रौपदी के चरित्र की जटिलता को आज का रचनाकार आज के सन्दर्भ में विकसित तो करता है, पर उसमें अपेक्षित कौशल दिखाई नहीं देता है। इसी प्रकार कर्ण का प्रसंग है। इसमें जाति की जटिलताओं को उसकी खराबी को रखने या व्यक्त करने की कोशिश आज का रचनाकार करता है। तो उसके रूपान्तरण का मतलब दिखायी देता है।

प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण के रूपान्तरण में लोगों की भावनाओं का शोषण किया गया है। इसी प्रकार महाभारत में अनेक जगह ऐसे प्रसंग हैं, जो आधुनिक समाज के द्वन्द्व को प्रदर्शित करते हैं। जो संवाद एवं पटकथा की दृष्टि से बेहतर है। पुरानी रचनाओं को दूसरे माध्यम में रूपान्तरित करने में व्यावसायिक दृष्टि की अपेक्षा कलात्मक दृष्टि को अधिक महत्व देने की आवश्यकता है।'

प्रश्न- रूपान्तरित विधा के अति प्रचलन से मूल विधा के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है?

उत्तर- कभी-कभी धारावाहिक के रूप में रूपान्तरण के कारण मूल-साहित्यिक रचनाओं की लोकप्रियता में इजाफा होता है। इसके साथ ही साहित्यिक रचनाओं का समसामायिक महत्व भी बढ़ता है। जैसे प्रसिद्ध रचनाकार भीष्म साहनी द्वारा रचित उपन्यास **तमस** को लेकर जो धारावाहिक प्रसारण हुआ उनके उपन्यास को गोविन्द निहलानी ने धारावाहिक में रूपान्तरित किया। इस रूपान्तरण में रचना का उद्देश्य ध्यान में रखा गया था। इसमें साथ ही कथा को दृश्यों में बदलने का काम निर्माता-निर्देशक का है। मूल रचना का उद्देश्य बदलना ही मुख्य सवाल बन जाता है। तमस धारावाहिक के प्रसारण के दौरान ही मूल कृति को लोकप्रियता हासिल हुई, जिसके कारण उसकी बिक्री पर भी असर दिखायी पड़ा।

प्रश्न- साहित्यिक विधाओं के वृत्तचित्रात्मक-प्रर्दशन से मूल-स्वरूप में क्या गुणात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते हैं?

उत्तर- साहित्यिक विधाओं के वृत्तचित्रात्मक-प्रर्दशन से मूल-स्वरूप में गुणात्मक और ऋणात्मक दोनों ही प्रकार के पहलू बन सकते हैं। जैसे प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक गुलजार ने लेखक प्रेमचन्द की रचनाओं का जो रूपान्तरण किया है, जो अन्ततः रद्दी सिद्ध हुआ है। प्रेमचन्द्र की रचनाओं पर फिल्म बनी जैसे- **गोदान, गबन, कर्मभूमि** इनके रूपान्तरण के बाद भी लोगों को ये रचनाएँ तो याद रहीं। लेकिन फिल्मों को लोग भूले गये। सही निर्माता-निर्देशक द्वारा किया गया रूपान्तरण रचना का भला या बुरा दोनों कर सकता है।

प्रश्न- दूर-दर्शन पर क्रमिक (सीरियल)-प्रर्दशन से साहित्यिक कृति के मूल-स्वरूप के क्या धनात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते है?

उत्तर- पहले तो यह स्वतः सिद्ध यह है कि कोई भी मूल-रचना तो अपने स्वतन्त्र रूप में मौजूद है। प्रेमचन्द की फिल्में देखकर यह समझने की कोशिश नहीं होती है कि उसमें कहाँ कितनी जटिलता है। रचना के रूपान्तरण में कुछ भी जोड़ने या घटाने से कहानी की आत्मा बदलती है। साथ ही रचना के अर्थ का विस्तार करती है या संकोच करती यह महत्व-पूर्ण होता है। रचना के मूल भाव को अगर प्रदूषित नहीं करती उससे मूल-स्वरूप को लोकप्रियता बढ़ती है।

प्रश्न- साहित्यिक रचना के दूरदर्शन पर प्रदर्शन में किन विशेष सावधानियों की आवश्यकता है?

उत्तर- मुख्य रूप से साहित्य की ओर से, फिल्म की ओर विचार नहीं करना है। साहित्य का अपना स्वभाव होता है, ऐसे ही फिल्म का अपना अलग स्वभाव होता है। केवल एक के स्वभाव को दूसरे में बदलना महत्वपूर्ण होता है। साहित्यिक रचना की आत्मा या स्वभाव को अजर-अमर नहीं समझना चाहिए, बल्कि उसकी प्रस्तुति पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रस्तुतिकरण में ईमानदारी बरतने की नितान्त आवश्यकता है।

---

* सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, सन्त कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सोनभद्र

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित आप द्वारा देखी गयी हिन्दी साहित्य की रचनाओं की उत्कृष्ता के सम्बन्ध में आप के निजी विचार क्या है?

उत्तर- मेरी दृष्टि से दूरदर्शन पर प्रसारित साहित्यक रचनाओं में तमस, नीम का पेड़, गण देवता, श्रीकांत आदि श्रेष्ठतम है।

डा0 इन्द्रनाथ चौधरी

(पूर्व प्रोफेसर, हिन्दी केन्द्रीय विदेशी भाषा संस्थान हैदराबाद, पूर्व सचिव-साहित्य अकादमी नई-दिल्ली, पूर्व चेयरपरसन, इंडिया ऑफिस लाईब्रेरी लंदन)

प्रश्न- एक ही भाषा के साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण जैसे महाकाव्य का उपन्यास में, कहानी का प्रगीत में, गीति नाट्य का कहानी में, नाटक का कहानी में कराना आदि- क्या उचित है?

उत्तर- साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विथा में रूपान्तरण अनुचित नहीं है। महाकाव्यों का उपन्यास में रूपान्तरण हम तभी कर सकते है, जब हम उपन्यास की रचना-पद्वति से पूरी तरह से परिचित हों, इसी तरह से हम कहानी का रूपान्तरण प्रगीत में कर सकते हैं, यदि हमें विधि की समझ हो। मन के भाव जिस प्रकार एक निश्चित रूप में प्रकट होते हैं। दूसरे रूप में ठीक उसी प्रकार के नहीं हो सकते हैं।

तीसरी बात यह उठती है, जैसे एक विचार आया उसका सम्बन्ध पाठक के साथ जुड़ता है। पाठक काल और देश के अनुसार अपनी विचार धाराओं के अनुसार उसकी व्याख्या करता है। यहाँ पर ध्वनि सिद्धान्त कार्य करता है इसके उपयोग से जहाँ वह मतलब को बदल देता है वहीं ध्वनि का उपयोग ही प्रधानता रखता है। यह मनोरंजक व्यंग्य भी हो सकता है। प्रमुख रूप से दो चीजों के कारण ध्वनि की प्रधानता रहती है। ध्वनि के स्वरूप-विचार से जूझ कर ही आप रूपान्तरण कर पाते है।

प्रश्न- रूपान्तरित विधा के अति प्रचलन से मूल विधा के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता हैं?

उत्तर- रूपान्तरण में हमें यह देखना चाहिए कि लेखक ने मूलतः क्या बात कही है। अगर हम उसे बचाकर रखें, जैसे-प्रेमचन्द की हम कोई कहानी उठाएँ तो प्रेमचन्द की कहानी में हम इस तरह की आजादी नहीं ले सकते। इसी तरह किसी अन्य भाषा के बड़े कहानीकार की किसी कृति के रूपान्तरण में आप वह आजादी नहीं ले सकते है। हमें यह देखना होता है कि आखिर वह कहानी कहीं-न-कहीं उसके मानस पटल पर भी एक बार घटित हुई होगी। जिसको उसने शब्द दिये होगें या शब्द देने से पहले वह घटित होती रही होगी। जिसको उसने शब्द देकर कहानी का रूप दिया है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रचना की मूल-आत्मा क्या है? उसके मूल कत्थ्य क्या है? जो बहुत जरूरी है। जैसे आशापूर्णा देवी द्वारा रचित प्रथम प्रतिश्रुति में स्त्री-पात्रों के द्वंद्व एवं तत्कालीन समय-धारा में आते विचारों में बदलाव की आहट की सूचना देते है।

जिस प्रकार उपन्यास के धरातल पर पाठक, अपने एक अलग संसार की कल्पना से उपन्यास के पात्रों से स्वंय को जोड़कर देखता है। उसी तरह उसी उपन्यास को दूर-दर्शन में फिल्माकंन क पात्रों के साथ स्वयं को तभी जोड़ेगा जब उपन्यास और धारावाहिक की पटकथा में सामान्जस्य को ध्यान में रखते हुए निंमाता धारावाहिक की पटकथा तैयार करें। उपन्यास और धारावाहिक दोनों में एक विशेष अन्तर यह है कि उपन्यास पाठक को उसकी कल्पना भूमि से जोड़ता है। वहीं धारावाहिक में पटकथा-लेखक को यथार्थ स्वरूप में घटते हुए पर्दे पर दिखाना है, यहाँ सबसे महत्वपूर्ण तत्व ध्वनि एवं प्रकाश का इन्द्रधनुषीय प्रभाव होता है। जो पात्रों की संवेदना के साथ-साथ उसकी कल्पना को भी समयानुकूल बार-बार देख सकता है। जो उपन्यास के धरातल पर कम ही हो जाता है। ध्वनि का चक्र-व्यूह जहाँ उसे अपने में बाँधे रखता है। चाहे वह प्रकृति में होने वाले बादलों की गड़गड़ाहट हो, पानी का बरसना हो, कोई दर्द भरा गीत हो, या खुशी की अभिव्यक्ति हो, ध्वनि के मेल से उसमें विशेष रोचकता आ जाती है, वह उस ध्वनि के आलोक में स्वयं को उन पात्रों के साथ जुड़ा हुआ महसूस करने लगता हैं।

प्रश्न- साहित्यिक विधाओं के वृत्त-चित्रात्मक प्रर्दशन में मूल के स्वरूप में क्या गुणात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते हैं?

उत्तर- पटकथा-लेखक उपन्यास अथवा कहानी का रूपान्तरण करते समय आवेश बस अपनी संकल्पना को मूल-कृति से जोड़ने का प्रयास करता है। तो मूल-कृति को एक तरह जहाँ दर-किनार करता है, वहीं उसके मूल-भावों पर चोट करता है जिससे कृति को हानि पहुँचती है अतः किसी भी कृति को रूपान्तरित करते समय मूल भावों से बिना छेड़-छाड़ किये हुए रूपान्तरण की क्रिया को सम्पन्न करना चाहिए रूपान्तरण करते समय मूल-तत्वों पर बिना आघात किये हुए, उसे किस प्रकार की पटकथा के साँचे में ढाला जाये? इसका सही निर्धारण करना चाहिए। जिस तरह से पटकथाकार स्वर्गीय राही मासूम रजा ने अपने उपन्यास नीम का पेड़ का रूपान्तरण करते समय **बुधिया** नामक पात्र के चरित्र को बिना किसी रंजना के उतना ही प्रभावशाली बनाया जितना वह मूल कृति में था।

प्रश्न- दूरदर्शन पर क्रमिक (सीरियल) प्रदर्शन से साहित्यिक-कृति के मूल स्वरूप पर क्या धनात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते है?

उत्तर- जितनी तेजी से उपन्यास के चरित्रों का फिल्माकंन होता गया, उतनी ही तेजी के साथ उसमें दूसरे-दूसरे प्रकार के विचार भी आते गये। जैसे शरतचन्द्र के देवदास के साथ हुआ। पुरानी देवदास फिल्म में देवदास का चरित्र जितना सौम्य था वही आधुनिक देवदास फिल्म में उपन्यासों के पात्रों के साथ जिस प्रकार की छेड़-छाड़ की गयी, उससे पात्रों का स्वरूप तो विकृत हुआ ही साथ-ही-साथ

उपन्यास के मूल-स्वरूप को भी क्षति पहुँची। यही कारण है कि आज का पटकथा लेखक उस समसामायिक-परिवेश से अनिभिज्ञ होता चला आ रहा है। जिस समसामायिक-परिवेश में लेखक ने अपनी कृति के पात्रों की अवधारणा की थी। उस समसामायिक-परिवेश को सामने रखकर आज के सामाजिक-परिवेश के कैनवास में उन पात्रों को फिट करने का असफल प्रयास करता है। जिसके कारण वह न तो मूल कृति के साथ-न्याय कर पाता है, और न ही पात्रों के साथ ही।

प्रश्न- साहित्यिक-रचना के दूर-दर्शन पर प्रर्दशन में किन विशेष सावधानियों की आवश्यकता है?

उत्तर- साहित्यिक-रचना के दूर-दर्शन पर प्रर्दशन में किसी धर्म जाति, देश, व्यक्ति-विशेष, राजनैतिक दल या सरकारी-नीति का अनावश्यक उल्लेख करने या टिप्पणी बगैरह अराजक ढंग से करना नियमों के विरूद्ध है। किसी प्रकार की विकलागंता विभिन्न भाषा-भाषी लोगों के बोलने के ढंग, गाली-गलौज की अनुमति नहीं है। प्रर्दशित-कार्यक्रमों के मँहगें सैट, वेशभूषा, सजावट और आडम्बर-युक्त विषयों को न चुना जाये। दृश्यों की संख्या गैर जरूरी ढंग से मत बढ़ाइये। छोटे-छोटे दृश्य नाटक की लय बिगाड़ते हैं। आधे घन्टे के नाटक में तीन या चार दृश्यों के कथानक का निरूपण आसानी से प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। संवादों को बोझिल मत बनाइये। दृश्य-तत्व द्वारा अपनी बात कहिए। संवाद-लेखन में भाषा पात्रानुकूल होने के साथ सर्वाग्राही भी होनी चाहिए।

चरित्रों के विकास, कलाकारों के अभिनय का उपयोग और संवादों के अतिरिक्त एक्शन और विजुअल के प्रयोग, सब मिलकर दूरदर्शन- नाटक के पात्रों की संख्या सीमित कने के लिये दबाव डालते हैं। अवधि की सीमा के कारण मुख्य-कथानक के अधिक विस्तार पूर्वक निंवाह की गुजांइश होती है। धारावाहिक की तरह नाटकों मे उपकथा या अति-कथाओं के विकास की सम्भावना नहीं होती हैं।

फिल्म और दूरदर्शन-धारावाहिक में कथा निरूपण के स्तर में भी अन्तर होता है। फिल्म की कहानी नायक या नायिका प्रधान होती है। जिसका एक लक्ष्य होता है। लक्ष्य की प्राप्ति में कई बाधाएँ होती है जिससे जूझ-कर वह लक्ष्य तक पहुँचता है। कहानी का आदि-मध्य और अंत होता है। वहीं दूरदर्शन-धारावाहिक की कहानी में कई-कई नायक-नायिकाएँ होती है। वह एक निश्चित-अवधि में पूरी दिखा देने के लिये अथवा पात्रों की जिन्दगी का एक निश्चित कालक्रम ही दर्शाने के लिये ही नहीं लिखी जाती। उसका कोई सुनिश्चित अंत नहीं होता है। फिल्म में उपकथाएँ कम-से-कम रखी जाती है। उन्हें मूल-कथा में खूबसूरती से पिरोआ जाता है। वहीं दूरदर्शन-धारावाहिक में एक दूसरे से जुड़ती बिछुड़ती कई-कई कथा धाराएँ होती है। जिनमें से कभी किसी को प्रमुखता का दर्जा मिल जाता है तो कभी किसी को। दूसरे शब्दों में हर कथा महत्वपूर्ण होती है और किसी भी समय आ सकती है।

धारावाहिक में लम्बी और जटिल सी कहानी चाहिए। ऐसे संवादों की भरमार भी होनी चाहिए। जिनसे चरित्र-चित्रण होता है। सूचनाएँ मिलती है और हर दृश्य में नाटक और कौतूहल पैदा होता हो। दूरदर्शन-धारावाहिक इस मायने में उपन्यास और मंच के नाटक और फिल्म की विधाओं को मिलाकर बनायी गयी चाट है जिसमें फिल्म का अंश सबसे कम होता है। दूरदर्शन-धारावाहिक में इस बात का ध्यान रखना होता है कि ब्रेक से पहले ऐसा कुछ हो, कि दर्शक के मन में आगे देखने का कौतूहल बना रहे। हर एपिसोड के अंत में निश्चय ही ऐसा नाटकीय मोड़ प्रस्तुत हो, कि दर्शक बेसब्री से अगले एपिसोड का इन्तजार करें।

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित आप द्वारा देखी गयी हिन्दू-साहित्य की रचनाओं की उत्कृष्टता के सम्बन्ध में आप के निजी विचार क्या है?

उत्तर- मेरी दृष्टि में दूरदर्शन पर प्रसारित साहत्यक रचनाओं में श्रेष्ठतम कृति **श्रीकांत** और **भूतनाथ** है। इनमें मूल कृति से कम से कम छेड़-छाड़ हुई है।

श्री देवशंकर झा 'नवीन'-

(सम्पादक हिन्दी अनुभाग) नेशनल बुक ट्रस्ट नई दिल्ली

प्रश्न- एक ही भाषा के साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विघा में रूपान्तरण जैसे महाकाव्य का उपन्यास में, कहानी का प्रगीत में, गीतिनाट्य का कहानी में, नाटक का कहानी में करना आदि क्या उचित है?

उत्तर- दूरदर्शन, रेडियो पर हो रहे रूपान्तरणों में समान्यतः कहानी और उपन्यास इन का सामान्य स्थिति में नाटकों में रूपान्तरण हो रहा है। नाटक का कहानी में या गीति-नाट्य का उपन्यास में रूपान्तरण, यही दिखाता है। रामायण, रामचरित मानस, महाभारत ग्रन्थ की भाषा-टीका दिखाती है अगर इसे महाकाव्य माने तो इनकी टीकाओं का ही प्रसारण कर दिया गया है। टीका रूपान्तरण नहीं है, फिर भी रूपान्तरण का जिस रूप में हुआ है, वह भी सराहनीय है। डा0 प्रसाद द्विवेदी के प्रसिद्ध उपन्यास ''**रामदास की पोथा**'' फणीश्वर रेणु के उपन्यास ''**मैला-आँचल**'' भीष्म साहनी का उपन्यास तमस, को धारावाहिक के रूप में दिखाया गया है।

इन रूपान्तरणों में महाकाव्य का अर्थ ही बताया जा सकता है, उससे व्यक्त होने वाली ध्वनि का नहीं। उदाहरण के लिये राजकमल चौधरी के अनुसार यह आदमी को तोड़ती नहीं है, बल्कि उसे कमर के बल झुका देती है। जैसे – ''**रामदास की पोथा**'' उपन्यास में है। ''**मेरी कमर** की हड्डी में चोट है'' या ''वियतनाम में जो युद्ध **चल रहा है**'' इसकी हम व्याख्या ही कर सकते हैं। इसका रूपान्तरण करना असम्भव है।

उपन्यास और कहानी का रूपान्तरण नाटक में हो रहा है। ऐसा करते समय अगर नाटक की पटकथा कमजोर है और निर्देशक

समझदार है तो बहुत ज्यादा असर नहीं दिखेगा। हर विधा की अपनी सीमाएँ होती है। महाकाव्य का कथासार में, कहानी का प्रगीत में रूपान्तरण होता है, आज की कहानी में कहीं-कहीं कथानक नहीं है। यह बनावट से लोकप्रिय हो गयी है। आज की कहानी में हम शब्द में बीच में जो बिन्दु-बिन्दु रखते हैं, कॉमा, सेमीकॉलम, डैश-हाईफन देते है, उसमें भी कहानी का अंश होता है। जिसकी व्याख्या की जा सकती है, किन्तु रूपान्तरण नहीं।

प्रश्न- रूपान्तरति विधा के अति-प्रचलित से मूल विधा के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?

उत्तर- उपन्यास और कहानी का नाटक में रूपान्तरण हो रहा है। पटकथाकार, निर्माता-निर्देशक सभी का व्यक्तित्व ठीक रहे, तो रचना पर ठीक असर पड़ता है। यह असर हम **'तीसरी-कसम'** फिल्म में देख पाते है। फणीश्वरनाथ रेणु के समय सभी ठीक थे। रेणु जी के द्वारा खुद रूचि लेने के कारण फिल्म के अनुसार उन्होंने अपनी रचना में कुछ रद्दों-बदल किया था। जो काफी प्रभावशाली रहा था। इसके बाद के नाटककार और पटकथा-लेखक अपने विवेक की सर्वोच्च के गुरूर में रहते है। निर्माता-निर्देशक धारावाहिक के निर्माण के समय बाजार को देखते है। इसके लिए वे कहानी के मूल में परिवर्तन करते रहते हैं, उन्हें तो लाभ मिलना चाहिए, कहानी भले जाए चूल्हेभाड़ में।

प्रश्न- साहित्यिक विधाओं के वृन्तचित्रात्मक प्रर्दशन में मूल के स्वरूप में क्या गुणात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते हैं?

उत्तर- पटकथा-लेखक और निर्देशक दोनों की सीमाएँ हैं। निर्माता-निर्देशक मूल-रचना का ख्याल नहीं रखते हैं। वह लेखक की आत्मा को समझने की कोशिश नहीं करते है। वे केवल अपना लाभ देखते है।, हीरो, हीरोइन या अपना लाभ ही देखते है, अतएव वे इस फितरत में रहते है कि कैसे वे पटकथा को लेकर जनता के बीच रोचकता पैदा कर लोकप्रियता हासिल करें और उनकी भावुकता का दोहन कर अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

प्रश्न- दूरदर्शन पर धारावाहिक के रूप प्रर्दशन से साहित्यिक कृति के मूल-रूप के क्या धनात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते हैं?

उत्तर- प्रसिद्ध उपन्यास **तमस, मैला-आंचल, गण-देवता, कब तक पुकारूँ, नीम का पेड़** आदि पर दूरदर्शन-धारावाहिक का निर्माण हुआ। जिनके प्रसारण के उपरान्त इनके लेखकों की किताबों की बिक्री पर भी असर पड़ा है। उनमें निरन्तर वृद्धि होती गयी है। फिर भी सही स्थिति यह है, कि प्रसिद्ध साहित्यिक-कृति का बहुत सारा अंश ये लोग (पटकथा लेखक और निर्देशक) लेते ही नही हैं। ऐसी चीजे. जो बाजारू नहीं है। उन्हें ये लोग नहीं लेते। धारावाहिक की टी.आर.पी. कैसे बढ़ायी जाये? इसी ओर इनका सारा ध्यान होता है।

विभिन्न विषयों पर निर्माता-निर्देशक क्या सोचता है? वही से प्रदूषण शुरू होता है। हम दूरदर्शन में प्रस्ताव दे भी तो, जो कवि उपन्यासकार कहानीकार, नाटककार, जो अभी अनाम है, अपरचित हैं, प्रभावशाली पदों पर नही है उनको पटकथा लेखक के रूप में मान्यता नही मिलेगी। रचना तब और भी महत्वहीन हो जायेगी। जिस समय उसने बाजार का लक्ष्य तय कर लिया होता है कि मुझे वहाँ जाना है। हम रचना को अधिक जीवंत कर सकते है, यदि यह लक्ष्य रहे कि हमें कितना पाना है? तो हम उसे पा सकते है, किन्तु जब धन कमाना ही लक्ष्य हो तो रचना की गुणवत्ता की फिक्र कहा. होगी?

प्रश्न- साहित्यिक रचना के दूरदर्शन पर प्रर्दशन के किन विशेष सावधानियों की आवश्यकता है?

उत्तर- पटकथा-लेखक को यह सावधानी रखनी चाहिए कि संवाद के रूप में उसमें जो लिखा है, उसे रहने दे और वातावरण-निर्माण के लिये मूल-लेखक ने जिस तरह की परिस्थिति की आवश्यकता बताई है, उसे समय के साथ बदलना चाहिए। भाषा और परिवेश को बदलने की आवश्यकता नहीं है। काल और पात्र की विश्वसनीयता जरूरी है, जिससे कहानी की आत्मा बनी रहे।

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित आप द्वारा देखी गई, हिन्दी-साहित्य की रचनाओं की उत्कृष्टता के सम्बन्ध में आपके निजी विचार क्या है?

उत्तर- 'तीसरी कसम' श्रेष्ट रचना थी, परन्तु उसके ओडियो-विजुअल रूप से बेहतर है उसकी मूल कृति **'मारे गये गुलफाम'** किताब पढ़ना जो अभी भी फिल्म से बेहतर लगेगा। दूरदर्शन पर जिन धारावाहिकों का प्रसारण हुआ है। उन्हें साहित्यिक-दृष्टि से दृष्टिगत रखते हुए हमें जोखिम उठाना पड़ता है। उस कृति को देखने के लिये वहाँ न तो पटकथा-लेखन, न सही निर्माता, न सही निर्देशन होता है। वहाँ पर कैमरामैन भी अपनी भूमिका का सही निंवाह नहीं करते हैं।

प्रो0 रामजन्म शर्मा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.आर.टी.)

प्रश्न- एक ही भाषा के साहित्य की किसी विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण, जैसे महाकाव्य का उपन्यास में कहानी का प्रगीत में, गीति नाट्य का कहानी में, नाटक का कहानी में कराना आदि क्या उचित है।?

उत्तर- किसी भी भाषा साहित्य की अनेक विधाओं का अपना अलग-अलग महत्व होता है। एक ही भाषा के साहित्य का उसी विशेष भाषा की किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण एक महत्वपूर्ण कार्य है। हम पाठक या प्रेक्षक के पास किसी भी विधा के मूल-कत्थ्य को सहज रूप में पहुँचाने के लिये किसी भी माध्यम का

उपयोग कर सकते है। कई लोग उपन्यास पढ़ने के बजाए नाटक विधा में रूचि लेते है। इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण यह है कि रूपान्तरण करते समय मूल-कत्थ्य से हटा न जाये। मेरी दृष्टि में रूपान्तरण तो होना ही चाहिए।

प्रश्न- रूपान्तरित विधा के अति प्रचलन से मूल-विधा के आस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ सकता हैं?

उत्तर- रूपान्तरण विद्या के अति प्रचलन से मूल-विधा के अस्तित्व पर प्रभाव तो पड़ता ही है। क्योंकि लेखक ने जिस मूल विधा में लिखा है, रूपान्तरण करते समय मूल-कत्थ्य से पटकथाकार अक्सर भटक भी जाता है। उसी बात को रूपान्तरित करने में भाषा तथा प्रस्तुतिकरण के स्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। विधाओं के बीच वृत्तचित्र बनाते समय पटकथा-लेखक और निर्देशक हमेशा यह ध्यान रखते हैं, कि वृत्तचित्र में दिया गया। कत्थ्य साहित्यक-विधा से अलग न हो जाए। बड़े उपन्यास, कहानी या अन्य विद्याओं पर वृत्तचित्र बनाते समय कवल मूल-कत्थ्य ही लेना पड़ता है। साहित्यिक विधाओं पर वृत्तचित्र बनाते समय सबसे बड़ी कठिनाई यह होती है, कि मूल-कथा के सूत्र टूटने न पाये और वृत्तचित्र देखकर दर्शकों को ऐसा लगे कि मूल-कत्थ्य की कोई चीज वृत्तचित्र से गायब है।

कई बार साहित्यिक-विधाओं पर वृत्तचित्र बनाते समय वृत्तचित्र की डयूरेशन पर भी निंभर करता है कि कथा या उपन्यास के किन पक्षों को सम्पदित किया जाये? मेरी दृष्टि में कई बार चीजों को छोड़ना पड़ता है, ताकि वृत्तचित्र में नीरसता न आने पाए।

प्रश्न- साहित्यिक-विधाओं के वृत्तचित्रात्मक प्रर्दशन में मूल के स्वरूप में क्या गुणात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते है?

उत्तर- दूरदर्शन के धारावाहिक प्रर्दशन से साहित्यिक-कृति के मूल स्वरूप के धनात्मक या ऋणात्मक दोनों पहलू आते है। दोनों ही पहलू बन सकते है। कई बड़े निर्देशक ने इस तरह की शरारत की है। इस कार्य से साहित्यक कृति के मूल स्वरूप की क्षति होती है, कब तक पुकारू, अथवा भीष्म साहनी के तमस को आप इस दृष्टि से देख सकते है।

प्रश्न- साहित्यक रचना के दूरदर्शन पर प्रदर्शन में किन विशेष सावधनियों की आवश्यकता है।

उत्तर- साहित्यक रचना के दूरदर्शन पर प्रर्दशन में इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि किसी भी जाति वर्ण विशेष, सम्प्रदाय आदि पर निगेटिव टिप्पणी न हो भारत की साझी संस्कृति एवं विरासत पर उस धारावाहिक में चोट न किया गया हो। सामाजिक मर्यादा और परिवारिक सम्बन्धों को ध्यान रखना आवश्यक होता है। सैक्स का भोड़ा प्रर्दशन दर्शक को टी.वी. बन्द करने पर करता है दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक बनाते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि उसे परिवार की तीन या चार पीड़ी एक साथ मिलकर देख सके।

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित, आप द्वारा देखी गई, हिन्दी साहित्य की रचनाओं की उत्कृष्ठाा के सम्बन्ध में आप के निजी विचार क्या है?

उत्तर- दूरदर्शन पर अब तक जो धारावाहिक प्रसारित हुये है उनमें **तमस, कब तक पुकारू, नीम का पेड़ मैला-आंचल** आदि मेरी दृष्टि में सर्वोतम है। इन धारावाहिकों में साहित्यिक रचनाओं की दृष्टि से छेड़-छाड़ न्यूनतम हुई है।

प्रश्न- कोई विशेष दिशा-निर्देश जो श्रीमान मुझ जैसे अल्पज्ञ शोधार्थी को देना चाहें।

उत्तर- साहित्यिक कृतियों के दूरदर्शन प्रसारण के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए यह कहना अप्रसांगिक नहीं होगा कि जिन धारावाहिकों में, भारतीय समाज की छवि अवश्य देखने को मिले। उनमें दूर-दराज के गाँवों में बैठे लोगों की समस्या पर प्रकाश डालनेवाले साहित्यिक कृतियों के सीरियल प्रसारित होने चाहिए। दलित, आदिवासी, स्त्रियों की समस्याओं से सम्बन्धित दूरदर्शन-धारावाहिक बनाये और प्रसारित किए जाने चाहिए। ऐसा मैं इसलिए कर रहा हूँ कि मुझे विश्वास है कि आप आगे चलकर स्वयं कई धारावाहिकों का निर्माण करेगें।

प्रायः ग्रामीण-कृषक-जीवन से सम्बन्धित बहुत कम सीरियल देखने को मिलते है। किसी भी सीरियल में नैतिक शिक्षा सम्बन्धित विचार धारा को सीधे-सीधे दिखाए जाने पर दर्शक के मन में उबाऊ-पन आता है। अतः सीरियल बनाते समय अच्छे लेखक की कहानी का चुनाव करना चाहिए। भारतीय भाषाओं के बड़े लेखक लक्ष्मी शिव शंकर पिल्लई, सुनील गंगोपाध्याय, शरतचन्द्र, रवीन्द्रनाथ टैगोर आदि की रचनाओं पर सीरियल बनाकर दूरदर्शन पर प्रसारित करने चाहिए। आज जेसे युवकों से आशा की जानी चाहिए की आज के प्रसारणों की कमियों को देखते हुए आगे आप लोग भले प्रसारण करायेगें।

साहित्यिक कृतियों के दूरदर्शन-प्रसारण पर दर्शको एवं लेखकों की प्रतिक्रियायें

श्री अमरनाथ 'अमर'- (कार्यक्रम अधियासी निर्माता-निर्देशक भारतीय दूरदर्शन) केन्द्र नई दिल्ली

प्रश्न- एक ही भाषा के साहित्य की किसी एक विधा का उसी भाषा की किसी दूसरी विधा में रूपान्तरण जैसे-महाकाव्य का उपन्यास में, कहानी का प्रगीत में, गीति-नाट्य का कहानी में, नाटक का कहानी में करना क्या उचित है?

उत्तर- एक ही भाषा के साहित्य की एक विधा में दूसरी विधा में रूपान्तरण उचित है। सच तो यह है, कि शिक्षा, गरीबी-अमीरी, जानने की इच्छा, पढ़ने की लगन तथा दिलचस्पी की जहाँ तक बाज है, तो इसमें विभिन्नता है। किसी भी अमीर के घर में किताबों की

विभिन्नता हो सकती है और किसी भी गरीब के घर में आर्थिक अभाव के बावजूद पढ़ने की लगन और उत्कण्ठा हो सकती है, जिसे वह दूर-दूर के पुस्तकालयों और वाचनालयों में जाकर या मित्रों की सहायता से पूरी कर सकता है।

जहाँ तक किसी उपन्यास या कहानी के टेलीफिल्म, फिल्म या धारावाहिक के रूप में रूपान्तरित विधा का प्रश्न है, तो यह अपने आप में उचित है, क्योंकि आप फिल्मों की बात करेगें, तो बहुत सारी फिल्मों को जन-जन ने पहचाना और स्वीकारा है। उदाहरण के लिये **प्रेमचन्द के गबन, शतरंज के खिलाड़ी** पर बनी फिल्में फणीश्वर नाथ रेणु की **मारे गये गुलफाम** पर बनी फिल्म **तीसरी कसम,** भगवती चरण वर्मा के उपन्यास पर बनी फिल्म **चित्रलेखा** आदि। अक्सर यह आशंका जताई जाती है कि फिल्मों में मूल-कहानी की आत्मा को मार दिया जाता है, लेकिन इन फिल्मों को देखकर ऐसा नहीं लगता। बल्कि इन फिल्मों ने मूल कहानी या उपन्यास को और भी प्रतिष्ठित किया। जिससे सिर्फ साहित्यकारों या बुद्धिजीवियों तक यह कहानी सीमित नहीं रही। उनका विस्तार हुआ।

फिल्मों के अलावा यही बात दूरदर्शन पर भी लागू होती है। जहाँ तक दूरदर्शन की बात है, तो दूरदर्शन में **रामायण, महाभारत, हमलोग, बुनियाद, तमस, भारत एक खोज, निर्मला, श्रीकांत** आदि कृतियों पर टेलीफिल्मों या धारावाहिकों का र्निमाण हुआ, जिससे इन कृतियों की लोकप्रियता न केवल बढ़ी बल्कि वह जन-जन में लोकप्रिय भी हो गई। इसी से आज भी साहित्यकारों की कृतियों पर दूरदर्शन द्वारा टेलीफिल्मों और धारावाहिकों का निर्माण जारी है।

प्रश्न- रूपान्तरति विधा के अति प्रचलन से मूल विधा के अस्तित्व पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उत्तर- वैसे तो उपयुर्क्त कृतियों पर बनी फिल्मों, धारावाहिकों से स्पष्ट होता है कि इन कृतियों के रूपान्तरण के बाद भी, इनके मूल-अस्तित्व पर कोई खतरा नहीं आया। फिर भी इसके प्रतिलोगों में एक आशंका बनी रहती है। कभी-कभी इन कृतियों के मूल से छेड़-छाड़ की शिकायत भी मिलती रहती है। ऐसे उदाहरण फिल्मों के अलावा धारावाहिकों में भी सुनने को मिलते हैं।

प्रश्न- साहित्यक विधाओं में वृत्त चित्रात्मक प्रर्दशन में मूल के स्वरूप में क्या गुणात्मक या ऋणातमक पहलू बन सकते हैं?

प्रतिक्रियाओं के इस अध्ययन के लिए व्यापक स्तर अनेका-नेक लोगों से संम्पर्क किया गया। अनावश्यक विस्तार से बॅचने और उपयोगी तत्यों को भँली-भाति प्रस्तुत करने के लिए केवल उन्हीं गणमान्य और प्रखर मेधा के अध्ययनशील लोगों के प्रतिक्रिया को ही यहाँ प्रस्तुत करना श्रेयस्कर समझा गया अतः उसी के अनुरूप इस अध्याय में प्रतिक्रियाएँ संग्रहित की गई है- शोधार्थी

निर्माता-निर्देशक और पटकथा-लेखक दोनों की अपनी सीमायें होती है। लेकिन लाभ उठाने की चाह के चलते निर्माता-निर्देशक कही-कही लेखक की रचना की आत्मा को सुरक्षित नहीं कर पाते है। कहानी में कुछ नया जोड़ने और घटाने से कहानी की आत्मा बदल जाती है।

प्रश्न- दूरदर्शन पर धारावाहिकों के प्रर्दशन से साहित्यक-कृतियों के मूल-रूप के क्या धनात्मक या ऋणात्मक पहलू बन सकते है?

उत्तर- साहित्यक कृतियों का अपना एक आत्मा बदल जाती है। इसमें कुछ जोड़ने या घटाने से कहानी की आत्मा बदल जाती है। रचना के अर्थ का विस्तार अथवा तिरस्कार भी करती है। निर्माता अपने लाभ के चलते कहानी के मूल से छेड़-छाड़ करते है। जिसके चलते मूल-कृति को क्षति पहुँचती है। धारावाहिक बनाते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि मूल-कृति से कम-से-कम छेड़-छाड़ हो। प्रस्तुतिकरण प्रभावशाली हो। विषय से अलग कोई संवाद न हो। पात्रों की अदाकारी में किसी तरह की नाटकीयता से बचा जाए।

प्रश्न- साहित्यक-रचना के दूर-दर्शन पर प्रर्दशन में किन विशेष सावधानियों की आवश्यकता है?

उत्तर- दूरदर्शन पर किसी भी कृति पर टेलीफिल्म या धारावाहिक बनाने के क्रम में सबसे पहला ध्यान तो यही रहात है कि उनमें मूल से छेड़-छाड़ न हो, प्रस्तुति प्रभावशाली हो, पात्रों की अदायगी में किसी तरह की नाटकीयता से बचाव किया जाय। अत्यन्त आवश्यक होने पा भी जोड़-घटाओं या परिवर्तन-परिवर्द्धन किया जाए।

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित, की गयी तथा आप द्वारा देखी गई हिन्दी साहित्य की रचनाओं की उत्कृष्टता के सम्बन्ध में आप के निजी विचार क्या है?

उत्तर- इतिहास साक्षी है कि दूरदर्शन पर हिन्दी-साहित्यक-कृतियों पर बनी टेलीफिल्मों और धारावाहिकों का अपनी उत्कृष्ठता के साथ जर्बदस्त सम्बन्ध रहा है। चाहे बात **रामायण, महाभारत, चाणक्य, तमस, मैला-आंचल, श्रीकांत** या अन्य धारावाहिक की भी रही हो। हर दृष्टि से ये प्रस्तुतियाँ उत्कृष्ट थी। रामायण और महाभारत ने तो भारतीय-जीवन-पद्वति की परम्परा को न केवल फिर से पुर्नजागरित किया। बल्कि पुनःस्थापित भी किया है। रामायण और महाभारत दोनों की भाषा-शैली न केवल साहित्यक थी, बल्कि एक हद तक क्लिष्ट भी थी। लेकिन इसे प्रबुद्ध वर्ग के साथ-साथ, मजदूरों-किसानों-तथा आम जनता द्वारा भी उतना ही पसन्द किया गया। यहाँ तक कि उत्तर भारतीय रूझानों से अपरचित रहने वाले दक्षिण भारतीयों द्वारा भी इसे पसन्द किया गया। एक तरह से ये धारावाहिक हिन्दी-भाषा के प्रचार-प्रसार का काम कर गये। जो किसी भी दूसरे औपचारिक तरीके से सम्भव नहीं था। इन धारावाहिकों ने उत्तर-भारतीयों और दक्षिण-भारतीयों में भाषायी-सद्भावना को न केवल स्थापित किया, बल्कि इसे जन-जन तक पहुँचाया। ये

धारावाहिक समसमायिक थे, पारम्परिक थे। प्रासंगिक होने के कारण यही इनकी लोकप्रियता का मूल आधार था।

प्रश्न- कोई विशेष दिशा-निर्देश जो श्रीमान मुझ जैसे अबोध शोधार्थी को देना चाहे।

उत्तर- देखो भाई दूरदर्शन जनहित का माध्यम है। इसके सारे कार्यक्रम लोक-सेवा के रूप में प्रसारित होते है। शायद इसीलिये इसे फैमिली-चैनल कहा जाता है। आज जहाँ अनेकों चैनलों पर अपराध, ज्योतिष,भूत-प्रेत आदि के कार्यक्रम बड़े चाव से परोसे जाते है, वहाँ दूरदर्शन आज भी जनहित में उन कार्यक्रमों को ही दिखाना पसन्द करता है, जिसमें लोक-हित, जीवन-मूल्य और राष्ट्र-हित सर्वोपरि हो। इसमें हर तरह के साहित्यिक कार्यक्रम शामिल किए जाते है। आज भी दूरदर्शन पर इन टेलीफिल्मों और धारावाहिकों को बनना गलातार जारी है, और यही बात साहित्य के लिये शुभ संकेत है। आप जैसे नवयुवक शोधार्थी से अपेक्षा है कि वे जन-जन में यह भावना जगाऐं कि भोड़े-भँड़ती युक्त कार्यक्रमों की जगह लोग देश की समस्याओं का समाधान करने वाले तथा प्रगति के पथ पर ले जाने वाले कार्यक्रमों के प्रति सजग बनें।

श्री वीरेन्द्र कुमार बरनवाल (पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त एवं पटकथा-लेखक-मुम्बई)

प्रश्न- भावों-विचारों के अभिव्यक्तीकरण के जो माध्यम-मुद्रण-माध्यम (प्रिंट मीडिया) और वैद्युतिक माध्यम (इलैक्ट्रानिक मीडिया) आज के जमाने में बहु प्रचलित है, भारत के आम आदमी तक अपने भावों-विचारों को पहुँचाने के लिए उनमें से आप अपनी रूचि में किस माध्यम को वरीयता देंगे और क्यों?

उत्तर- इलैक्ट्रा-मीडिया (वैद्युतिक माध्यम) के माध्यम से बहुत सामान्य से विचारों का सम्प्रेषण ही सम्भव है। गम्भीरतर विचारों के लिये निश्चय ही मुद्रण-माध्यम (प्रिंट मीडिया) को ही वरीयता देनी होगी। क्योंकि आप इस माध्यम के द्वारा अपने विचारों को पूर्ण स्वतन्त्रता के साथ सम्प्रेषित कर पाते है।

प्रश्न- रचियताओं द्वारा रची गयी, साहित्यिक-कृतियाँ-पत्र-पत्रिकाएँ तथा सामान्य-पुस्तकों के माध्यम से जब एक बार जनता के सामने सम्प्रेषित की जा चुकी होती है, तब उसके बाद इन मौद्रिक-माध्यमों में भी रचियता को आप अपनी पूर्व-परिचित रचनाओं में परिवर्तन, परिवर्द्धन, संक्षेपण, प्रक्षेपण, सुधार-परिष्कार आदि करने देना स्वीकार करेंगे?

उत्तर- कोई भी रचना छपने के बाद जब इलैक्ट्रानिक-मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत की जाती है, तो माध्यम की जरूरतों के हिसाब से निश्चय ही उसमें कुछ जरूरी परिवर्तन-परिवर्द्धन की और सम्पादन की आवश्यकता होती है। पुस्तक के माध्यम से रचना का मंच, पाठक का मनोमष्तिक होता है, जबकि इल्क्ट्रनिक-मीडिया के माध्यम से स्थूल दृश्यात्मक (विजुअल) प्रस्तुति के समय, सम्प्रेषण के लिये रचनात्मकता की कई और टेक्नीक्स होती है। बिम्ब, प्रतीक, पार्श्व-संगीत, पात्रों के मनोभावों की मुख-मुद्रा और शरीर-भाषा (बॉडी लैग्वेंज) के जरिये अभिव्यक्ति करने में रचना के मूल रूप से थोड़ी छेड़-छाड़ हो ही जाती है, क्योंकि ऐसा किये बिना वह सम्भव नही है।

प्रश्न- रचियता स्वयं अगर अपनी रचनाओं में ज़रा भी हेर-फेर नही कर सकता, तो ऐसी स्थिति में, माध्यम-परिवर्तन, अर्थात् मौद्रिक-माध्यम (प्रिंट मीडिया) से वैद्युतिक-माध्यम (इलैक्ट्रानिक-मीडिया), रेडियो, फिल्म, दूरदर्शन पर प्रसारित होने के लिये मूल रचनाकार तो क्या साधारण-से-साधारण निर्माता, निर्देशक-पटकथा लेखक द्वारा मनचाहा परिवर्तन कर देना क्या उचित है?

उत्तर- पटकथा-लेखकों के अपने-अपने बौद्धिक स्तर होते है और अलग-अलग रचनात्मक समझ होती है। चाहे नया साधारण पटकथा लेखक हो अथवा सिद्धहस्त अनुभवी पटकथा-लेखक हो। उसे यथा-संम्भव अगर रचनाकार उपलब्ध हैं, तो उससे माध्यम की विवशता को ध्यान में रखते हुए परामर्श अवश्य करनी चाहिए। मूलकृति में पटकथा लेखन के समय परिवर्तन, परिवर्द्धन और सम्पादन यदि उपलब्ध रचनाकार की सहमति और समझ के साथ हो, तो निश्चय ही प्रस्तुति अधिक प्रभावी बन सकती है।

प्रश्न- दूर-दर्शन रेडियों से प्रसारित गम्भीर-से-गम्भीर कार्यक्रमों के बीच बेतुके-बेमोल जोकरई, करते व्यावसायिक-विज्ञापनों की भरमार-जैसे कि प्रसारित हो रही कथा में करूणार्द्र-मृत्य के दृश्य के तुरन्त बाद खुशी के बम फोड़ते-भौड़े नाच-गान करते व्यावसायिक कार्यक्रमों से प्रसारण में जो व्यवधान आता है, उसके सम्बन्ध में आपके क्या विचार है।

उत्तर- इस प्रकार के भौड़े व्यावसायिक विज्ञापन दरअसल रस को भंग कर देने के जिम्मेदार है। लेकिन शायद रचनाकारों और संवेदनशील दर्शकों की हर संवेदना के बावजूद इस प्रकार की विज्ञापनों से फिलहाल मुक्ति का मार्ग दिखाई नहीं पड़ता है।

प्रश्न- रेडियो-दूरदर्शन पर साहित्यिक कृतियों के जो प्रसारण आप सुन-देख चुके है, उनमें उनके रचनात्मक मूलरूप या मौद्रिक-माध्यम (प्रिंट मीडिया) से प्रसारित मूलरूप के साथ किए गये प्रसारणों के उन पक्षों के सम्बन्ध में कुछ बतलाएँ, जहाँ वे-मूल के अनुरूप लगने लगे या मूल से उत्कृष्ट लगे या मूल से महा निकृष्ट लगे।

उत्तर- जहाँ तक मुझे स्मरण है **श्रीकांत, गण-देवता, मैला-आँचल, निर्मला, राग-दरबारी, कब तक पुकारूँ** जैसी कृतियों की दूरदर्शन से प्रस्तुति में कुछ खास छेड़-छाड़ नही की गई थी और इसलिये शायद वो मूल के प्रति निष्ठा के फलस्वरूप इन कृतियों की प्रस्तुति अधिक प्रभावशाली बन सकी है।

फिल्म के माध्यम से **''शतरंज के खिलाड़ी, गोदान, गबन, चित्रलेखा, हीरा-मोती, सद्गति, उसने कहा था, पवित्र-पापी, स्त्री (अभिज्ञान-शाकुन्तलम) सरस्वती चन्द्र''** जैसी साहित्यक-रचनाओं की प्रस्तुति में जो परिवर्तन और परिवर्द्धन किये गये, उससे उसकी प्रभाव शीलता निश्चय ही बढ़ी। ''उसने कहा था।'' शतरंज के खिलाड़ी में तो काफी स्वतन्त्रता ली गई। लेकिन उससे मूल-रचना की आत्मा आहत नहीं हुई। त्रासदी (ट्रेजडी) अंत की जगह, उनका परिवर्तित अंत खलता नहीं है।

प्रश्न- 'भारतीय-दूरदर्शन-प्रसारण-सेवा' की जिम्मेदारी अगर आपको दे दी जाए। और उसमें हिन्दी-साहित्य की कृतियों को चुन कर प्रसारण हेतु उनकी सारणी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी जाए, तो आप किन-किन रचनाओं को प्रसारित करवाना आवश्यक और उपयोगी समझेंगी।

उत्तर- दूरदर्शन से प्रस्तुत किये गये हिन्दी के छायावादी कवियों के गीतों की प्रस्तुति का मुझे स्मरण है। प्रसाद के गीत **''बीती विभवरी जागरी''** वे कुछ दिन कितने सुन्दर थे'',। महादेवी वर्मा के गीत, निराला जी के गीत जिस ढ़ग से (विजुअल) दुश्यात्मक प्रस्तुति के जरिए दूरदर्शन ने प्रसारित किये थे, निश्चय ही अत्यन्त भोंड़े और फिल्मी-शैली में प्रस्तुत सस्ते मुम्बईया फिल्मों के गीतों की प्रस्तुति जैसे ही लगते थे। निश्चय ही छाया-वादी कवियों के श्रेष्ठ-गीत, प्रस्तुति के कौशल और संवेदना माँग करते है। उसमें सफलता कोसों दूर सिद्ध हुई। सन् 1988-89 में दूरदर्शन पर हिन्दी कहानियों की कुछ, प्रस्तुति निश्चय ही याद करने योग्य रही। उसमें सूर्यबाला की कहानी **''न बिन्नी न''** की प्रस्तुति का मुझे अब भी स्मरण है। अपनी रूचि की साहित्यिक कृतियों को छाँटने के लिए मुझे कुछ समय की जरूरत होगी। अतः उसे बाद में ही बता सकेंगे।

प्रश्न- भारतीय दूरदर्शन-प्रसारण सेवा में विशेषतः हिन्दी-साहित्य की तथा सामान्यत भारतीय-साहित्य की रचनाओं को प्रसारित करने में किन सावधानियों की आप अपेक्षा करते है।

उत्तर- भारतीय-भाषाओं की साहित्यिक कृतियों की प्रस्तुति के लिये पटकथा-लेखक के पास रचनाकार और उसकी रचना की समझ आवश्यक है। बेहतर हो कि किसी सम्बन्धित-विधा के किसी समझदार रचनाकार की सेवाएँ एवं परामर्श, पटकथा-लेखन के समय प्राप्त कर ली जाये।

प्रश्न- आप ने तीसरी-दुनिया के देशों-विशेषतः अफ्रीकी-साहित्य की कृतियों को हिन्दी में मौद्रिक-माध्यम से लाने की पहल की है। हिन्दी जन-मन के लिए वह कहाँ तक उपयोगी है?

उत्तर- मैं साफ कहूँ, तो यह कटु सत्य होगा कि सामान्य जन-मन व्यक्ति का जुड़ाव अपनी भाषाओं की रचनाओं से दिनों-दिन कम होते हुए वर्तमान त्रासद-स्थिति में पहुँच गया है। तो किसी विदेशी-भाषा के अज्ञात कुलशील कवियों और उनकी रचनाओं में सामान्य-हिन्दी-पाठकों की अभि-रूचि की बात सोचना एक क्रूर दिवास्पप्न जैसा लगता है। हाँ, यह अवश्य है कि हिन्दी-कविताओं को संवेदनशील सुधी पाठकों द्वारा (जिनकी संख्या बहुत कम है) मेरे अश्वेत कवियों के अनुवाद पसन्द किये गये। स्वर्गीय हरिशंकर परिसाई, स्वर्गीय रामविलास शर्मा (म0प्र0) गोपाल राय, डा0 नामवर सिंह, डा0 केदार नाथ सिंह, राजेन्द्र यादव, डा0 बच्चन सिंह, लीलाधर जूगड़ी, डा0 विश्वनाथ त्रिपाठी, डा0 विश्वनाथ प्रसाद तिवारी व डा0 महेन्द्र नाथ दुबे, ज्ञान-रंजन आदि जैसे महत्वपूर्ण लोगों न उसकी विशेष सराहना की। ज्ञान-रंजन जी ने तो यहाँ तक कहा था कि अगर मेरे पास संसाधन होते, तो मै इन अनूदित अश्वेत कविताओं की हजारों प्रतिलिपियों को हिन्दी जगत में बँटवा देता।

प्रश्न- हिन्दी-भाषा में प्रसारित हो रही दूर-दर्शन सेवा मे आप किन रचनाओं को प्रसारित करना पसन्द करेंगें। उनकी साधारण भारतीय-जनता के लिए क्या उपयोगिता होगी?

उत्तर- मै सोचता हूँ कि अश्वेत-अफ्रीका के सामान्यजन की सम्स्यायें, लगभग वही है, जो सामान्य-भारतीय जन की है। भ्रष्ट और बद्द-दिमाग नेताओं नौकर शाहों और व्यावसायिक वर्ग ने लगता है कि समूचे देश को बन्धक बना रखा है। भ्रष्टाचार कि समस्या जैसी हमारे देश में है, वेसी ही या उससे अधिक समस्यायें अश्वेत अफ्रीकी देशों में है। शिक्षा, स्वास्थ, चिकित्सा के क्षेत्र में जैसा घोर उपेक्षा-भाव सामान्यजन के प्रति हमारे देश में है, वैसा ही अश्वेत अफ्रीकी देश में है। इन्हें लेकर बड़ी ऊँचे दर्ज की धार्मिक रचनाएँ अश्वेत अफ्रीकी रचनाकों ने रची है। प्रो0 बोलेशोयंका, चिनुआ अचेवे, बेनओकरी और न्गोबी की कई ऐसी कृतियाँ है जो अनुदित किये जाने के बाद बहुत कुछ हमारी अपनी ही यथा-कथा कहती हुई लगेंगी। यदि सम्भव हो सके, तो मै चाहूँगा कि प्रो0 बोलशायेन्का का प्रसिद्ध उपन्यास **'द इन्टर प्रेटर',** अचेवे का उपन्यास **''रिगस पाल ए पॉट'',** बेन ओकरी का **''फेमिस्ट रोड'',** आदि तथा शोयिंका के कई नाटक जिसमें **''द रोड''** प्रमुख है यदि हिन्दी सहित अन्य-भारतीय भाषाओं में आयेगें, तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी।

असगर वजाहत

(वरिष्ठ प्रोफेसर जामिया मिलिया इस्लामिया)
फिल्म पटकथा लेखक, वृत्त चित्र एवं धारावाहिकों के रचनाकार

प्रश्न- किसी भी रचनाधर्मी की रचना पहले उसके मन की गहराईयों में अंकुरित होती है फिर कल्पना से उसे ध्वनि, चित्र, मूर्ति-वास्तुकला क्षेत्रों में किसी एक के अनुरूप वह रूपाकार देता है। मन की गहराई में उपजी रचना को जनाब अपनी सहज स्थिति में पहले किस विशेष कला-विद्या में रचना करना पसंन्द करेगें।

उत्तर- किसी भी विद्या का चयन, विषय-वस्तु के आधार पर किया जाता है। रचना के लिये जिस क्षेत्र से संम्बन्धित विषय चुना जाता है, वह विषय वस्तु स्वयं यह निर्धारित करती है कि वह किस विधा के अनुकूल है। कोई विषय-वस्तु कहानी के अनुकूल होती है, तो कोई नाटकों के रचना विशेष-क्षेत्र चुन लेने के बाद ही मै उस विषय क्षेत्र को प्रभावशाली ढंग से सम्प्रेषित कर सकनेवाली रचना-विधा का चुनाव करना पसन्द करता हूँ।

प्रश्न- भाव-गाम्भीय या अर्थ-गौरव की चीज को भी शब्द की वैसाखी पर ही अभिव्यक्ति दी जा सकती है। शब्द में स्वर, व्यंजन की जुगलबन्दी से जो अभिव्यक्ति रूप दिया जाता है, उसे रचनाकार लेखनी टंकण, मुद्रण, समाचार पत्र पत्रिकाएं एवं पुस्तकों के माध्यम से जन-समाज के समक्ष सम्प्रेषित करता है। आप अपनी रचना को इनमें से शुरू में किसे आधार बनाते है? रचना-विशेष को मुद्रण-प्रकाशन-विधा में से किस विशेष में प्रकाशित करना आप अधिक उपयुक्त समझते है?

उत्तर- मुख्यतः लेखनी ही हर कृति का आधार बनती है। उसके बाद उसका मुद्रण रूप ही जनमानस में अपनी पहचान बना जाता है। इसलिये मुद्रण को ही सबसे उपयुक्त विधा मानता हूँ। एक बार मुद्रण-विधा में रचना के ढल जाने, प्रचारित हो जाने के बाद फिर दूसरे-दूसरे माध्यमों के अनुरूप उसकी पुनः सर्जना की जा सकती है।

प्रश्न- वैद्युतिक (इलैक्ट्रानिक) प्रसारण माध्यमों के आ जाने पर मैद्रिक प्रकाशनों पर क्या असर पड़ा है?

उत्तर- दोनों ही माध्यम परस्पर एक-दूसरे के सहयोगी है। दोनों ही एक-दूसरे को आगे बढ़ाने का काम करते है ओर एक-दूसरे के लिये जगह बनाते है। जहाँ मुद्रण-माध्यम (प्रिन्ट मीडिया) वैद्युतिक माध्यम (इलैक्ट्रानिक मीडिया) के लिये, वही इल्क्ट्रानिक मीडिया – प्रिन्ट मीडिया या मैद्रिक माध्यम के लिये जब जगह बनाता है। जिस प्रकार तेजी से अखबारों की प्रकाशन संख्या में वृद्धि हुई है, उसी प्रकार निजी टेलीविजन चैनेलों की संख्या भी बढ़ी है। दोनों ही एक दूसरे के सहायक प्रतीत होते है। उनमें कही भी परस्पर विरोध नही दिखाई पड़ता है।

प्रश्न- मैद्रिक प्रकाशन माध्यमों से अपनी रचना प्रकाशित करवाने और इल्क्ट्रानिक माध्यम-रेडियो और दूरदर्शन, फिल्म माध्यमों से अपनी रचना को प्रकाशित करवाने में से, आप किसे विशेष माध्यम को चुनना पसन्द करेंगें।

उत्तर- साहित्यक रचनाओं पर ही सारा कुछ निर्भर करता है। कुछ साहित्यक रचनाएँ दूरदर्शन पर प्रसारित करने लायक होती है, तो कुछ रचनायें रेडियो पर प्रसारित करने के लायक होती है। दोनों ही माध्यम अपनी प्रधानता रखते है। पर आजकल वैद्युतिक माध्यम (इलैक्ट्रनिक मीडिया) का प्रभाव दिनो-दिन बढ़ रहा है। इस कारण हर रचनाकार का ध्यान इलैक्ट्रनिक-मीडिया की तरफ ही बढ़ता चला जा रहा है।

प्रश्न- आपके विचारों से फिल्म और दूरदर्शन से साहित्यक-कृति के सुचारू प्रकाशन में क्या कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

उत्तर- मुख्य रूप से यह ध्यान में रखना चाहिए कि लेखक ने क्या बात कही है। चरित्र के विकास-कलाकारों के अभिनय का उपयोग और संवादों के अतिरिक्त, एक्शन और विजुअल के प्रयोग,सब मिलकर दूरदर्शन-नाटक के पात्रों की संख्या सीमित करने के लिऐ दबाव डालते है। प्रसारण-अवधि की सीमा के कारण मुख्य-कथानक से अधिक के निंवाह की गुजांइश नही होती। द्वश्यो को गैर-जरूरी ढंग से मत बढ़ाइये। छोटे-छोटे दृश्य, नाटकों की लय बिगाड़ सकते है। आधे-घन्टे के नाटक में तीन या चार दृश्यों के कथानक का निरूपण आसानी से प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। संवादों को बोझिल मत बनाइये। दृश्य-तत्व द्वारा भी अपनी बात कहिए। संवाद-लेखन में भाषा पात्रानुकूल होने के साथ-साथ सर्वाग्राही भी होनी चाहिए। किसी धर्म, जाति, देश, व्यक्ति-विशेष, राजनैतिक-दल या सरकारी-नीति का उल्लेख अथवा उन पर की गई टीका-टिप्पणी नियमों के विरूद्ध है।

प्रश्न- आप अपनी रचनाओं के दूरदर्शन-प्रसारण में से किस-किस कृति के प्रसारण से अधिक संन्तुष्ट है?

उत्तर- मुख्य रूप से नाटकों के प्रसारण से मै अधिक संन्तुष्ट हूँ। जैसे कि **'सरगम गोला' ओर 'ऐन्ना की आवाज़'** जिसका निर्देशन चमन बग्गा जी ने किया था। उसे दूरदर्शन पर प्रसारण के बाद बहुत सराहा गया। अनिल चौधरी ने इसका रेडियो रूपान्तरण भी किया था उसकी भी सराहना की गई। दूरदर्शन पर प्रसारित हुए नाटक कुछ अपनी भूमिका का सही ढंग से निंवाह कर पाते है, तो कुछ नहीं कर पाते है।

प्रश्न- दूरदर्शन-प्रसारण की सीमित-समय-सीमा, बीच-बीच में व्यावसायिक-प्रसारणों के हस्तक्षेप-दर्शक-वर्ग की अपनी व्यस्तताओं के चलते प्रसारित कृति के बीच-बीच के अंश देखने से छूट जाने से जो व्यवच्छेद या क्रमभंगता आती है, उसके कारण आप की रचनाओं में सम्प्रेषण में क्या कठिनाइयाँ आती हैं?

उत्तर- दूरदर्शन का अपना स्वरूप है। जहाँ विज्ञापन अपनी प्रधानता रखता है। प्रसारित कार्यक्रमों के बीच में विज्ञापन जरूरी है। विज्ञापन के प्रसारण से रचना बाधित होती है। रचना का क्रम भी टूटता है। परन्तु उस माध्यम को जीवित रखने के लिये विज्ञापन जरूरी है दर्श-गण अब पूरी तरह से अभ्यस्त हो चुका है। वह विज्ञापन के साथ ही रचना को ग्रहण करने लगा है। माध्यमों की विवशताओं को सहते हुए रचना का आस्वाद लने की कला दर्शक सीख गए है।

प्रश्न- दूरदर्शन पर प्रसारित साहित्यक-कृतियों के मूल्यांकन में एक शोधार्थी को क्या सावधानियाँ बरतनी चाहियें?

उत्तर- साहित्यक-कृतियों के मूल्यांकन में कृति की मूल-आत्मा से छेड़-छाडत्र नही करना चाहिए। कृति किस रूप में है। हमें यह देखना होगा कि मूलतः लेखक ने क्या बात कही है। कृति से हम किसी तरह की आज़ादी नही ले सकते। हमें यह देखना होता है कि आखिर वह कहानी कही-न-कही लेखक के मानस-पटल पर भी एक बार घटित हुई होगी, जिसको उसने शब्द रूप दिये होगें। उन्हीं शब्दों-रूपों को लेकर उसने उसे कहानी का रूप दिया होगा। हमें यह देखना होगा कि उसकी मूल आत्मा क्या है? उसके मूल कत्थ क्या है? यह एक शोधार्थी के लिये जानना अत्यन्त आवश्यक होगा।

प्रश्न- साहित्यक-कृतियों के दूरदर्शन-प्रसारण के दौरान कौन-कौन और व्यवस्थाएँ कर दी जाएँ तो साहित्यक-कृतियाँ अधिक प्रभावशाली ढंग से सम्प्रेषित की जा सकेंगी?

उत्तर- पहले कोई भी विष्य लेकर आप उसे विजुअलाइज़ कीजिए, अपने दर्शक-वर्ग को ध्यान में रखिए कि किस प्रभावी-वर्ग के लिये, आप क्या करने वाले है। वैसा ही चरित्र बनाइयें, वैसी ही उसके लिये भाषा बनाइए। फिर उसमें पिरेई हुई गतिविधियाँ इस तरह की हों, कि उन्हें किसी ध्वनि के जरिए या संवाद के जरिए या भाषा के टूल्स से या परिस्थितिजन्य स्थितियों के हिसाब से, आप एक शॉट से दूसरे शॉट को जोड़कर सीन बना दें। फिर एक सीन से दूसरे सीन को जोड़ दें। साहित्यक-कृति को अधिक प्रभावशाली ढंग से सम्प्रेषित करने के लिऐ पहले पटकथा का स्वरूप तैयार करें, जिसे आप किसी परिचित को कहानी रूप में बताएँ। उसको उद्देश्य बताएँ कि हम क्या बनाना चाहते है और क्यों बनाना चाहते है? फिर बातचीत में हमने चरित्रों का मूल्यांकन किया कि उन चरित्रों की क्या-क्या निजी आवश्यकता है? यानि पूरी तरह से चरित्रों को विश्लेषण किया। यह सब जब हमने तय कर लिया और कहानी का एक प्रारम्भिक ढाचाँ बन गया, तब उसे एपिसोडस में बाटँना शुरू कर दिया। यानि पूरी कहानी को नैरेट करके उसको टेप कर लिया। फिर उसे ज्यों-का-त्यों टाइप करवा लिया। इस तरह आपको अपना पहला ड्राप्ट मिल जायेगा। फिर उसमें काँट-छझँट कर कहानी का खाक़ा तैयार हो जायेगा और आपकी साहित्यक-कृति अधिक प्रभावशाली ढंग से सम्प्रेषित की जा सकेगी।

प्रश्न- व्यक्तिगत रूप से मुझ जैसे अल्पज्ञ शोधार्थी को आप क्या सलाह देना चाहेगें।

उत्तर- शोधार्थी को अधिक-से-अधिक तमाम भारतीय-भाषाओं और विदेशी भाषा-साहित्य, जिसमें उनकी रूचि हो, उसे पढ़ना चाहिए। इसके साथ-साथ यह देखना चाहिए कि उसमें टेक्नीकल चीज़ें क्या आयी है? जैसे आजकल स्पेशल इफेक्ट्स इतने आ गये हैं, जो शुरू में नही थे। शोधार्थी को थोड़ी जानकारी मशीनी-ज्ञान के बारे में भी होनी चाहिए। जो मशीने इस तरह के प्रभाव (स्पेशल इफेक्ट्स) पैदा करती है, तो इसके लिये मॉस-कम्युनिकेशन जैसी संस्थाओं से ट्रेनिंग ली जा सकती है। जो बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। लोगों के बीच आप सीधे जाइए। उनसे मेल-जोल बढ़ाइये भाषा को वहाँ से लेकर आइए जहाँ वह बोली जाती है। तभी आप अच्छा सोच पैदा कर सकेंगे और तभी आप की समझ हमारी जनता के हित में कुछ करने लायक बन जायगी।

श्री अरूण प्रकाश

पटकथा लेखक
(सम्पादक, समकालीन भारतीय साहित्य)

प्रश्न- श्रीमान् हिन्दी साहित्य-सर्जकों की उस अतिशय विशिष्ट श्रेणी के सजग रचनाकार है। जिनकी रचनाएँ मौद्रिक-प्रकाशन के साथ-साथ प्रायः एक ही समय में वैद्युतिक माध्यमों (दूरदर्शन-रेडियो) से भी प्रसारित होती रही है। कृपया बतलाएँ कि इनमें से किस विशेष माध्यम से जनता के बीच पहुँचना आप अधिक श्रेयस्कर मानते है।

उत्तर- मौद्रिक-प्रकाशन (प्रिन्ट मीडिया) और वैद्युतिक-माध्यम (इलैक्ट्रनिक मीडिया) दोनों का ही अपना-अपना महत्व है। यह रचना पर निर्भर करता है कि उसका सम्प्रेषण किसे अपना आधार बनाता है। मौद्रिक-माध्यम में एक बार रचना प्रकाशित हो जाने पर वह लम्बे समय तक लोगों के बीच अपनी जगह बना पाती है। वहीं वैद्युतिक-माध्यम (इलैक्ट्रनिक मीडिया) से प्रसारित हुई रचना थोड़े समय उपरान्त लोगों के मन-मस्तिष्क से निकल जाती है और लोग उसे भूल जाते है। ऐसे में मौद्रिक-प्रकाशन ही ज्यादा प्रभावशाली दिखाई पड़ता है। क्योंकि उसमे मूल-कत्थ से कही भी हटना नहीं पड़ता है। जबकि इलैक्ट्रनिक-मीडिया में मूल-रचना में पटकथा लेखक जरूरत के हिसाब से फेर-बदल कर देते हैं, जिससे रचना की मूल-आत्मा प्रभावित होती है।

प्रश्न- दूरदर्शन प्रसारण के लिये आप की रचनाएँ जो अक्सर प्रसारित हुई हैं, उनमें दो स्पष्ट वर्ग दिखाई पड़ते है।

1. पहली वे जो रचना के अनन्तर पत्र-पत्रिका या पुस्तक...से प्रचारित-प्रसारित हो चुकी थी, फिर दूरदर्शन-प्रसारण के अनुरूप बनाने के लिये अपने स्वंय कभी पटकथा लिखी अथवा और किसी ने लिखी।

मेरे द्वारा पूछे गये प्रश्नों को सुनते ही आदरणीय अरूण प्रकाश जी ने बतलाया कि ऐसे ही प्रश्नों का उत्तर वे एक अन्य साक्षात्कार में दे चुके हैं जो राधा-कृष्ण प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक-''टेलीविजन लेखन'' में जनाब अजगर वजाहत और श्री प्रभात रंजन द्वारा प्रकाशित किया जा चुका है। अतः व्यस्ताओं के चलते फिलहाल में अति संक्षेप में उत्तर दे पाँऊगा। उन्हें विस्तार में समझने के लिए आप उक्त पुस्तक में प्रकाशित मेरे साक्षात्तकार में देखें। और आवश्यकता अनुसार उसमें से उपयोगी सामग्री का संचयन करें- शोधार्थी

---

2. दूसरी वे जिन्हें आपने सीधे-साधे दूरदर्शन, फिल्म अथवा रेडियो से प्रसारित करने के लिये लिखा। इन दोनों वर्गो की रचनाओं में से आप के विचार में किस वर्ग विशेष की रचनाएँ साधारण-जनता में अधिक प्रभाव-पूर्ण सम्प्रेषण कर सकी है।

उत्तर- पटकथा-लेखन की कोई ट्रेनिंग तो नही ली मैने, लेकिन नाटकों में मेरी रूचि रही है, कई नाट्य रूपान्तर किये मैनें। कई नाटकों का निर्देशन भी किया है। जैसे कि **''थैंक यू मिस्टर ग्लाड''** का निर्देश्न मैने किया। स्वर्गीय राही मासूम रज़ा के खण्ड-काव्य **''सन सन्तावन''** को नृत्य नाटिका के रूप में पेश किया है। पटकथा-लेखन की शुरूआत जो हुई वो यूँ हुई, कि मेरे एक उपन्यास में मुम्बई की एक प्रोडक्शन-कंम्पनी ने रूचि दिखाई। उसकी स्क्रिप्ट लिखने मैं मुम्बई गया। कुल तीन महीने मेरा मुम्बई में रहना हुआ। वहाँ पहुँच कर मैने समझा कि तब तक बहुत सी चीजों से अनभिज्ञ था। कई चीजों को तो मैं जानता भी नहीं था। सांउड के बारे मं, कैमरा मूवमेंट के बारे कमें, शॉट टेकिंग के बारे में, एक्टिंग के बारे में। वहाँ एडिटर, कैमरामैन, साउन्ड-रिकार्डिस्ट से मिलने के उपरान्त मुझे इतनी तकनीकी जानकारी हुई जितनी एक पटकथा-लेखक को होनी चाहिए। उसके उपरान्त में दिल्ली आ गया। जहाँ ज्यादा काम डाक्यूमेंट्री का किया। लेकिन इसमें मेरी अपनी कोई दक्षता नहीं थी, लेकिन कमलेश्वर जी ने मुझे इसके लिए प्रेरित किया। वे चाहते थे कि मैं यह सीखूँ।

जो पहली डाक्यूमेंट्री मैनें की, वह काफी सराही गयी। उसका नाम था- **''पानी में दरारें''।** इसके साथ कमलेश्वर जी के साथ-साथ रहते हुए उनके साथ कई परियोजनाओं में मैने रिर्सच किया। कही कहानी बनाई, कही स्क्रीन-प्ले लिखा। कई बार ऐसा होता है कि अच्छा काम सिर्फ स्क्रीन-प्ले से नहीं होता है। मसलन एक स्क्रीन-प्ले है- **''मसीहा''।** मैने उस पर शोध भी किया है, स्क्रीन-प्ले भी लिखा है। उसमें कमलेश्वर जी का विशेष सहयोग मुझे प्राप्त हुआ। वह अविभाजित पंजाब के सर छोटूराम की जिंदगी पर है। पर कोई निर्माता उसे बना नही पाया। आज भी कोई उस स्क्रीप्ट को लेकर कोई उसे बनाए, तो नायाब चीज़ होगी।

मेरे द्वारा दूरदर्शन और रेडियों के लिऐ सीधे प्रसारित करने के लिए जिन नाटकों और कहानियों को लिखा गया, उन्हें भी सराहना प्राप्त हुई। परन्तु वह प्रसारण के कुछ समय तक ही अपनी-अपनी छाप श्रोताओं के मन मस्तिष्क पर बना पाये। दूरदर्शन या रेडियो पर प्रसारित करने के लिये रचना को कम समय प्राप्त होता है। इस प्रतिस्पर्द्धा और प्रतियोगिता के जमाने में दशकों की ऐसी चीज़ है कि वह उसे अगली बार देखने को लालयित रहे। कहानी का आदि, मध्य और अंत होता है। दूरदर्शन धारावहिक की कहानी में एक निश्चित अवधि में ही उसे पूरी दिखा देने के लिये अथवा पात्रों की भी जिन्दगी का एक निश्चित कालक्रम ही दर्शाने के लिये नहीं लिखी जाती। उसका कोई सुनिश्चित अंत नहीं होता। दूरदर्शन धारावाहिकों में एक दूसरे से जुड़ती-बिछुड़ती कई-कई धाराएँ होती है, जिनमें कभी किसी को प्रमुख-कथा का दर्जा मिलता है, तो कभी किसी को। दूसरे शब्दों में हर कथा महत्वपूर्ण होती है। जो किसी भी समय आ सकती है।

दूरदर्शन धारावाहिक में बड़ी लम्बी और जटिल सी कहानी चाहिए। ऐसे संवादों की भरमार हो, जिससे चरित्र-चित्रण होता हो, आवश्यक सूचनाएँ मिलती हो हर दृश्य में नाटक ओर कौतूहल पैदा होता हो, हर कर्मशियल ब्रेक में एकसा कुछ हो कि दर्शक का मन आगे देखने के लिये लालायित रहे। हर एपिसोड के अन्त में ऐसा नाटकीय मोड़ प्रस्तुत हो कि दर्शक वेसब्री से अगले एपिसोड का इन्तजार करें। मेरे हिसाब से मुद्रित रचनाओं में आप अधिक स्वतन्त्रता ले सकते है। वही दूरदर्शन या रेडियो के लिये रचना करने में आपको अधिक सावधानियाँ भी रखनी पड़ती है।

प्रश्न- कृपया अपनी कुछ उन रचनाओं के नाम बताएँ, जिनमें दूरदर्शन प्रसारण से आप परम संन्तुष्ट है।

उत्तर- मेरे द्वारा दूरदर्शन के लिऐ अनेकों रचनाएँ लिखी ओर प्रसारित हुई हैं, जिन्हें काफी सराहा भी गया है। जैसे **''थैंक्क यू मिस्टर ग्लाड''** स्वर्गीय राही मासूम रजा के खण्ड काव्य **''सन सन्तावन''** पानी में दरारें, आदि अनेकों रचनाऐं है। प्रसिद्ध साहित्यकार कमलेश्वर जी के सहयोग से मेरे कई नाटक, कहानियों को दूरदर्शन पर दिखाया गया है। उनके सहयोग से मैने रविन्द्र नाथ टैगोर के प्रसिद्ध उपन्यास **''गोरा''** पर भी काम किया है, परन्तु वह अब तक प्रसारित नहीं हो पाया।

प्रश्न- अपनी रचनाओं के अतिरिक्त कृपया हिन्दी-साहित्य के उन विशिष्ट रचनाकारों और उनकी रचनाओं की ओर इशारा करें, जिनके दूरदर्शन प्रसारण से आप सन्तोष का अनुभव करते है।

उत्तर- प्रसिद्ध साहित्कार कमलेश्वर जी की कई फिल्में जैसे- **बदनाम बस्ती, सरा आकाश, फिर भी, रजनीगंधा** और व्यावसायिक फिल्म **अमानुष,** देवकी नन्दन खत्री के प्रसिद्ध उपन्यास **चन्द्रकांता** की पटकथा उनके द्वारा लिखी गयी। उनके द्वारा लिखी गई अनकों कहानियों/ प्रसिद्ध रचनाकार मनोहर श्याम जोशी जी के उपन्यास **बुनियाद, कक्का जी कहिन, हम लोग** भीष्म साहनी के उपन्यास **तमस,** शरतचन्द्र के उपन्यास श्रीकांन्त, फणीश्वरनाथ रेणु का उपन्यास **मैला आंचल** आदि अनेकों श्रेष्ठ रचनाएँ है, जो प्रसारण के दौरान काफी सराही गयी थीं, उनकी प्रसारण काफी संतोषजनक रहा है।

प्रश्न- मूल रचयिता अगर दूरदर्शन-प्रसारण के लिये स्वयं पटकथा लेखक नहीं है, तो उस पटकथा लेखक को क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए।

उत्तर- मैं पटकथा से भी ज्यादा जरूरी समझता हूँ, कहानी बुनने की कला को अगर आप को बुनना आता है, तो आप सिनेरियो बढ़िया लिख सकते हैं। अच्छे सिनेरियो के बिना अच्छी पटकथा

नहीं बन सकती। अच्छे सीन न हों, तो पटकथा-लेखक का क्या मतलब है? अच्छा सीन वह होता है, जिसकी शुरूआत अच्छी होती हो और अंत अच्छा होता हो, और बीच में तलब बिल्कुल एक जैसी हो। अगर आपकी कथा टुकड़ों में दर्शकों को नही बाँध पाती है, तो सम्पूर्णता में भी नहीं बाँध जायेगी।

मुझे लगता है कि धारावाहिक अच्छा बनाने के लिये अच्छे संवाद की स्थिति बनानी चाहिए। अच्छी स्थिति तभी बनती है, अगर आप प्लाट में गुजांइश रखते है। दूसरे हर सिनेरियो के भीतर आपको बात पैदा करनी होगी जिससे कि अच्छे संवाद की स्थिति पैदा हो सके। दूरदर्शन में सिनेरियों ही सफलता की कुंजी है। दूरदर्शन-लेखन में आपको मेक्रो नहीं, माइक्रो थिकिंग की जरूरत होती है। दूरदर्शन-डायरेक्टर का माध्यम नहीं है। वह निश्चित रूप से लेखक का माध्यम है। अगर अच्छा लेखक है और निर्देशन वहाँ सिर्फ तकनीकी अनुवाद बनकर खट्टा हो जाए, तो वह चीज़ देखने लायक होगी। दूरदर्शन में एक चीज़ होती है। सब्जेक्ट होता है। जहाँ थीम हो, सब्जेक्ट हो, वहाँ निश्चत रूप से अच्छे लेखकों की आवश्यकता होती है।

प्रश्न- एक कृतिकार के रूप में आप हम जैसे अल्पज्ञ शोधार्थी को क्या निर्देश देना पसन्द करेंगे? जिससे हमें दूरदर्शन-रेडियो पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के मूल्यांकन में मदद मिले।

उत्तर- शोधार्थी को मूल कृति से भेदभाव नहीं करना चहिए। मूल-कत्थ क्या है? इसका ध्यान रखना चाहिए। हम कृति से किसी तरह की आज़ादी नहीं ले सकते। कहानी की मूल आत्मा से छेड़-छाड़ नहीं कर सकते। विषय वस्तु-चयन का आधार होता है। शोधार्थी को अधिक से अधिक तमाम भारतीय तथा विदेशी भाषाओं की कृतियों के प्रकाशित रूप का मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए। उन्हें प्रसारणों को देखना चाहिए। प्रसारण के दौरान हुए प्रयोगों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अपने अनुभव ज्ञान को बढ़ाइयें। आप सीधे लोगों के बीच जाइए तब आप जन-साधारण से सम्पर्क बनायें। उनकी आवश्यकताओं को समझें उनकी भावनाओं के अनुरूप दूरदर्शन, रेडियों, फिल्म आदि की पटकथाओं को समुचित मोड़ दें। हमें आशा है आप निश्चय ही सफल होगें।

श्री अरूण माहेश्वरी

संचालक वाणी-प्रकाशन

प्रश्न- हिन्दी के नामी प्रकाशक होने के कारण रचनाकार-साहित्यकारों की रचनाओं से आपका सबका पड़ता है। आप अपनी स्वतन्त्र अभिरूचि के अनुसार किस प्रकार की रचनाओं को प्रकाशित और प्रसारित करना उचित समझते हैं?

उत्तर- मुख्यतः साहित्यिक, समसामयिक, प्रासंगिक एवं समाज-परिपेक्ष्य से जुड़ी रचनात्मक एवं सन्देश-परक रचनाओं को प्रकाशित एवं प्रसारित करवाना उचित समझता हूँ।

प्रश्न- आप के द्वारा अथवा किसी भी प्रकाशक के द्वारा किसी भी रचनाकार की कोई रचना जब एक बार एक विशेष रूप में प्रकाशित प्रसारित-लोक-प्रचलित हो चुकती है। तो उसके बाद के उसके दूसरे अथवा किसी भी संस्करण में उन रचनाओं में फिर बदलाव करना आप क्या उचित समझते है? यदि हाँ तो फिर क्यों?

उत्तर- कभी-कभी स्थिति ही ऐसी आ जाती है, जब रचनाओं में बदलाव अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। आज का विचार और कल के विचारों में संसोधन आवश्यक है। संसोधित विचार हमेशा ही ऊँचाई की तरफ जाता है। गिरावट की तरफ नहीं। कल के विचारों का आज के सम्दर्भों में संसोधन हमेशा ही फायदेमन्द रहता है।

प्रश्न- लोक-विख्यात हो चुकी रचना में आप किस प्रकार के परिवर्तन को उचित मानेगे-

(1) परिवर्द्धन कर देने या बढ़ा देने

(2) सीमित कर देने या संक्षिप्त कर देने

(3) आगे पीछे-बीच-बीच में नये प्रसंग जोड़ कर बढ़ा देने

(4) आपत्तिजनक अंशो को हटा कर निर्विरोधी रूप देने

(5) अनजाने में छुट गई या भूल से रह गई भूलों को सुधारने में

(6) विरोध किये जाने पर मूलरूप में बदलाव कर देने में।

उत्तर- यह प्रश्न मुख्य रूप से रचनाकार के लिये है। इसमें रचनाकार अपनी मूल-कृति में किसी भी प्रकार के संसोधन के लिये पूरी तरह से स्वतन्त्र होता है और किसी भी समय अपनी कृति में मन-माफिक संसोधन कर सकता है।

प्रश्न- प्रकाशक द्वारा प्रकाशित की जा चुकी रचना के मूल-रूप से छेड़-छाड़ को आप किस सीमा तक स्वीकार करते है।

उत्तर- रचनाकार द्वारा अपनी कृति के मूल-रूप में प्रकाशन से पहले तो छेड़-छाड़ की जा सकती है, किन्तु जब एक वह मुद्रित हो चुकी हो, तो कृति में छेड़-छाड़ की गुंजाइश कम ही रह जाती है।

प्रश्न- बाहरी दबावों के चलते रचनाकार अगर स्वयं अपनी रचना में विवश होकर परिवर्तन करता है तो क्या आप परिवर्तित-रूप को प्रकाशित करना उचित समझेगे।

उत्तर- बाहरी दबावों के चलते रचनाकार अगर स्वयं अपनी रचना में विवश होकर परिवर्तन करता है तो यह उसका अपना विशेषाधिकार है। मेरी नजर में पुस्तक का प्रकाशन महत्वपूर्ण होता है। प्रकाशित होने के उपरान्त पुस्तक को मिली लोकप्रियता हासिल हो रही है उसी के आधार पर हमें कृति का आँकलन करना चाहिए।

प्रश्न- रेडियो-प्रसारण, दूरदर्शन-प्रसारण, वृत्तचित्र-प्रसारण की तकनीकी माँगों के कारण आप द्वारा प्रकाशित रचना में जो अपरिहार्य परिवर्तन-परिवर्धन-संक्षेपण किये जाते है, तो उसे आप किस सीमा तक स्वीकार करेगें?

उत्तर- मौद्रिक-माध्यम और वैद्युतिक माध्यमों में तकनीकी-भागों के कारण जो परिवर्तन-परिवर्धन-संक्षेपण किये जाते है, उससे कृति की मूल-आत्मा का हास होता है कृति में किसी प्रकार का परिवर्तन उस मूल-कृति की हत्या के बराबर है और में इसका साझीदार होना पसंन्द नहीं करूँगा।

प्रश्न- आप के संस्थान द्वारा प्रकाशित जो रचनाएँ रेडियो, दूरदर्शन या वृत्तचित्र के माध्यम से प्रसारित-प्रचारित होकर आप के लिये हर्ष या विषाद का कारण बनी हैं, तो ऐसे कुछ अपने अनुभव को बताए।

उत्तर- किसी कृति का लोकप्रिय होना खुशी का विषय है। लेखक और प्रकाशक दोनों ही काफी कठिनाइयों का सामना कर कृति को लोकप्रिय बनाते है। जैसे **''तसलीमा नसरीन''** जैसी प्रख्यात लेखिका को राजनैतिक-दृष्टिकोण से पुस्तक में लेकप्रियता हासिल हुई, जो एक दुख की बात है लेखक को उसकी कृति के अनूरूप ही लोकप्रियता हासिल हो यह मेरे लिए हर्ष का विषय होगा।

●

सफलता का मूलमंत्र, आशावादी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण :मनोवैज्ञानिक अध्ययन

डॉ0 माया सिंह[*]

प्रस्तुत शोधपत्र में परीक्षा तनाव सफलता एवं असफलता के प्रति हाईस्कूल परीक्षा में शामिल बच्चों एवं उनके माता-पिता की भूमिका के सन्दर्भ में विचार विमर्श किया गया है। वैयाक्तिक विभिन्नता की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक परीक्षार्थी के माता-पिता को परीक्षा की अवधि के दौरान उन्हें होने वाले तनाव तथा परीक्षाफल आशानुरूप न होने पर बच्चों के साथ माता-पिता का व्यवहार कैसा होना चाहिए? इसके बारे में सुझाव प्रस्तुत किया गया है। सफलता प्राप्ति का मूल मंत्र आशावादी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण है। ऐसे बच्चे जो परीक्षा में असफल हो जाते हैं और उन्हें परिवार एवं समाज द्वारा सहयोग नहीं दिया जाता तो निराशा की इस घड़ी में वे आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लेते हैं क्योंकि उन्हें अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगता है। संकट की इस घड़ी में प्रत्येक माता-पिता से अपने बच्चों को भरपूर स्नेह मिलना चाहिए तथा उन्हें अभिप्रेरित करना चाहिए जिससे पुनः बच्चे पूर्ण मनोयोग से परीक्षा की तैयारी करें एवं सफलता प्राप्त करें। बच्चों के साथ माता-पिता को भी जीवन के प्रति सकारात्मक, आशावादी एवं सन्तुलित दृष्टिकोण होना अत्यन्त आवश्यक है।

असफलता को सफलता में बदलने की दृष्टि से आशावादी एवं सकारात्मक सोच अत्यन्त महत्वपूर्ण है[1]। बड़ी बेसब्री से परीक्षाफल का इन्तजार करते परीक्षार्थियों में कुछ तो बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर एक सुखद एवं सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होते हैं क्योंकि अच्छे अंक प्राप्त कर ऐसे बच्चे माता-पिता, परिवार, समाज, सबके लिए प्रशंसनीय होते हैं, उनका मनोबल ऊँचा होता है और उन्हें और अच्छा करने की प्रेरणा प्राप्त होती है, परन्तु, बहुत से परीक्षार्थी औसत अंक प्राप्त करते हैं जो औसत से अच्छा करने की लगन में पूर्ण मनोयोग से जुड़ जाते हैं। बहुत अच्छे एवं औसत अंक प्राप्त करने के अलावा परीक्षार्थियों का एक ऐसा भी वर्ग होता है जो औसत से नीचे अंक प्राप्त करता हैं। वैयक्तिक विभिन्नता की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए यहाँ उल्लेखनीय तथ्य यह है कि परीक्षा में शामिल सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते हैं अपितु उनमें बौद्धिक एवं मानसिक स्तर पर विभिन्नताएँ देखने में आती हैं। 'योनियों में मनुष्य अनोखा है' इसे दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा में जिन बच्चों के अंक अच्छे नहीं आते हैं उनके लिए माता-पिता, परिवार समाज की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाती है। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का दबाव उनके निष्पादन को बहुत प्रभावित करता है। इस सन्दर्भ में हाईस्कूल में परीक्षा में शामिल बच्चों एवं उनके माता-पिता का साक्षात्कार के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया कि माता पिता की इसमें भूमिका तथा परीक्षा में बच्चों के प्रदर्शन पर पड़ने वाला प्रभाव बच्चों पर कैसा प्रभाव डालता है? साक्षात्कार के माध्यम से स्पष्ट हुआ कि अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों से उम्मीद करते हैं कि वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। बच्चों ने बोर्ड परीक्षा के दौरान चिन्ता एवं तनाव के स्तर को अधिक बताया। यहाँ यह तथ्य उल्लेखनीय है कि चिन्ता एवं तनाव का मध्यम स्तर कार्य (निष्पादन) के लिए अच्छा होता है इसका उच्च स्तर कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। ज्यादातार अभिभावक यह आशा करते हैं कि उनके बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करें। बच्चों पर इसका दबाव भी रहता है परन्तु जब परिणाम आशा के विपरीत आते हैं तो ऐसी विकट परिस्थिति में कम अंक पाने वाले छात्र हताशा एवं निराशा के घोर अंधकार में डूब जाते हैं[2]। स्थिति तब और भी भयावह हो जाती है जब निराशा की इस घड़ी में बच्चों को अपने अभिभावकों, परिवार एवं समाज से कोई सहयोग नहीं मिलता अपितु उन्हें बार-बार यह एहसास कराया जाता है कि देखो तुम्हारे साथ पढ़ने वाले तुम्हारी कक्षा के उस बच्चे ने कितना अच्छा किया है, तुम जीवन में क्या करोगे, प्रतियोगिता बहुत कड़ी होता है, तुम कैसे सफल होगे? बार-बार यह एहसास दिलाया जाना कि तुमने बहुत खराब प्रदर्शन किया है, बच्चों को बहुत कमजोर कर देता है और मानसिक तनाव बहुत बढ़ जाता है[3]। ऐसी स्थिति में कुछ बच्चे तो निराशा की इस घड़ी में आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं, उन्हे इस दबाव एवं तनाव की स्थिति से निकलने की कोई राह नही सूझती है और उन्हे जीवन समाप्त करने के अलावा कुछ भी नहीं सूझता, न ही उन्हें इसका कोई विकल्प नजर आता है[4]। कहीं न कहीं परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का दबाव और तनाव उन्हें विचलित कर देता है और अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होने पर सिर्फ और सिर्फ विकट परिस्थिति के इस मकड़जाल से बाहर निकलने का उन्हें सिर्फ एक रास्ता नजर आता है और वे अपना जीवन समाप्त कर देना चाहते हैं[5]। बच्चों के इस दुःखद तनावग्रस्त घड़ी में उन्हें जरूरत होती है अपने माता-पिता के सहयोग की। चैरासी लाख योनियों को पार कर यह जीवन प्राप्त हुआ इसे इतनी सी बात पर समाप्त कर लेना कायरता का ही प्रतीक है[6]।

वर्तमान समय में सिर्फ भारतवर्ष में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में आत्महत्या एक गम्भीर एवं विकराल समस्या बन चुकी है। क्या जीवन इतना सस्ता है कि सिर्फ परीक्षा में अंक ही उसको मापने का एकमात्र पैमाना रह गया है? परीक्षाओं में सफलता के लिए पूर्णरूपेण आशान्वित माता-पिता, जिनके बच्चों का प्रदर्शन आशा

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर, टी0 डी0 पी0 जी0 कालेज, जौनपुर।

के अनुरूप नहीं रहा, साक्षात्कार के द्वारा उनके विचारों को ज्ञात किया गया। ज्यादातार माता-पिता ने बच्चों की असफलता पर गहरी हताशा एवं निराशा को व्यक्त किया तथा बच्चों से अपनी नाराजगी व्यक्त की। जब बच्चा स्वयं तनाव से गुजर रहा होता है तो ऐसी स्थिति में परीक्षा में कम अंक पाने वाला छात्र गहरे अवसाद में डूब जाता है, उसे समाधान का कोई रास्ता नजर नही आता, हताशा निराशा की घोर स्थिति में उसे अपना भविष्य अंधकारमय नजर आने लगता है। उसे अपना जीवन निरर्थक प्रतीत होने लगता है ऐसी गम्भीर स्थिति में वह आत्महत्या जैसा कायरतापूर्ण कदम उठा लेता है और अपने पीछे छोड़ जाता है एक रोते-विलेखते परिवार को जो आजीवन इस पीड़ा को झेलने को मजबूर हो जाते हैं[7]।

बच्चों द्वारा हताशा एवं निराशा में आत्महत्या जैसे घातक कदम का दूरगामी परिणाम आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज का बालक युवा बनकर देश कि प्रगति एवं विकास में अपना योगदान देता है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए भी बच्चों को अपनी क्षमतानुसार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के सन्दर्भ में माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संकट की इस घड़ी में माता-पिता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि अगर बच्चे को माता-पिता, परिवार का पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्राप्त होता है तो शायद एक जीवन असमय काल के गाल में समाने से बच जाता है। बच्चों को हमेशा अहसास कराना कि वो हमारे लिए अनमोल हैं, सिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना ही सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं है अपितु जीवन में बच्चे को सफलता के लिए अनेक विकल्प मौजूद हैं, बच्चों को कम अंक आने पर उन्हे डाँटने-फटकारने, अन्य बच्चों जिन्होंने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किये हैं, उनसे तुलना करने की बजाय, उसे यह अहसास कराइये कि आपका बच्चा आपके लिए जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है माता-पिता द्वारा बच्चों को भविष्य में बेहतर करने के लिए अभिप्रेरित करना अत्यन्त आवश्यक है, उसे भरपूर प्यार, समर्थन एवं सहयोग दिया जाना चाहिए ताकि वह निराशा एवं हताशा की इस स्थिति से बाहर आये और कोई गलत कदम न उठाये। बच्चों द्वारा हताशा एवं निराशा में आत्महत्या जैसे घातक कदम का दूरगामी परिणाम बच्चे की अभिक्षमता एवं उसके बौद्धिक एवं मानसिक अवस्था को ध्यान में रखते हुए उसके लिए उचित विकल्प की तलाश माता-पिता द्वारा की जाय और उसके लिए उसे अभिप्रेरित किया जाय। नकारात्मक सोच को दूर कर उसे सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए न सिर्फ माता-पिता द्वारा अभिप्रेरित किया जाय अपितु उसे पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया जाय। बच्चों की हॉबी को विकसित होने का अवसर दिया जाय क्योकि बच्चों में अपार संभावनाएं छिपी होती हैं जरूरत है तो उसे पहचानने की और उसके विकास के लिए अनुकूल अवसर, सहयोग प्यार एवं समर्थन प्रदान किये जाने की क्योंकि बच्चा अपने माता-पिता के निकट सबसे ज्यादा रहता हैं[8]। कुछ अभिभावक बच्चे की इस अवस्था को पहचानते हैं, परन्तु ज्यादातर अभिभावक लीक से हटकर कुछ नया नहीं सोच पाते हैं और बच्चे के शैक्षणिक प्रदर्शन को ही सफलता का एकमात्र पैमाना मानकर बच्चे को डाँटते हैं, अन्य बच्चों से उनकी तुलना कर उसे एहसास दिलाते हैं कि तुम कमजोर हो। अभिभावकों को भी इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि उनके बच्चे उन्हें अंकों से ज्यादा प्यारे हैं और एक नये सिरे से माता-पिता, परिवार, विद्यालय शिक्षक, समाज को अपनी भूमिका पर गहन मंथन की आवश्यकता है। इन सभी बातों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्कूलों में मनोवैज्ञानिक सलाहकारों की नियुक्ति की जाती है, जो बच्चों को समय-समय पर उचित परामर्श के द्वारा उसे अभिप्रेरित कर सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। आवश्यकता होने पर माता-पिता की भी काउन्सिलिंग की जाती है और उन्हें बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है।

सदैव इस बात को ध्यान में रखना आवश्यक है कि जीवन में सफलता का मनोवैज्ञानिक आधार प्रसन्नता है, जीवन की प्रत्येक घड़ी अनमोल है। कठिन से कठिन परिस्थिति का धैर्यपूर्वक सामना करते हुए हर हाल में खुश रहने की कला सीखनी चाहिए जिससे उत्तम मानसिक स्वास्थ्य के साथ वातावरण में संतुलित ढंग से समायोजन बना रहे। कामयाबी एवं प्रसन्नता के लिए निराशावादी सोच का पूरी तरह परित्याग कर, सदैव सकारात्मक एवं आशावादी बने रहना चाहिए क्योंकि भाग्य केवल उनकी मदद करता है जो अपनी मदद स्वयं करते हैं। इसलिए प्रत्येक अभिभावक को अपने बच्चे के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे अपनी अभिक्षमता के अनुरूप आगे बढ़ाने का अवसर दिया जाना चाहिए। दुःख के गहन अंधकार के बाद सुख का प्रकाश अवश्य आयेगा। बच्चे को निरन्तर अच्छे एवं श्रेष्ठ साहित्य को पढ़ने के लिए तथा संगीत एवं कला को अपना मित्र बनाने के लिए प्रेरित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। बच्चे को कर्मप्रधान जीवन जीने के लिए अभिप्रेरित करना चाहिए, कभी भी कल पर काम को टालना नहीं चाहिए। माता-पिता एवं बच्चे के आस-पास जो भी लोग हैं उन्हें बच्चे की खुलकर प्रशंसा करनी चाहिए क्योंकि प्रशंसा से बड़ी दूसरी कोई औषधि नही है। अपने बच्चे के अच्छे कार्यों की खुलकर प्रशंसा कीजिए। खुश रहना एक कला है, इसे सीखकर अपने जीवन में अपनाते हुए बच्चों को डाँटने-फटकारने की बजाय उन्हें अपना अवलम्बन प्रदान करना अत्यन्त आवश्यक है। अपने बच्चे की कमजोरी को उसकी ताकत बनाइये। तनाव को कभी भी अपने एवं अपने बच्चे के ऊपर हावी न होने दीजिए क्योंकि सारे रोगों की जड़ तनाव है। निराशावादी सोच सफलता की राह में बाधा उत्पन्न करती है, इसलिए कामयाबी की सीढ़ी चढ़ने के लिए सदैव आशावादी दृष्टिकोण रखिये[9]। बच्चे को यह एहसास दिलायें कि वह आपके लिए अनमोल है उसे महान पुरुषों की जीवनी पढ़ने, श्रेष्ठ एवं अच्छे साहित्य को अपनाने के लिए प्रेरित करिए। बच्चे को अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए सदैव अभिप्रेरित करते हुए उसके साथ

दोस्ताना व्यवहार करिये। वह आपके लिए अंको से ज्यादा महत्वपूर्ण एवं कीमती है, उसे आपके व्यवहार से सदैव यह महसूस होना चाहिए कि सुख एवं दुःख दोनों स्थितियों में आप उसके साथ हैं आज दुःख है तो कल सुख की घड़ी भी आयेगी क्योंकि जीवन में सुख और दुःख आते रहते है।

इच्छित परिस्थिति हर किसी को प्राप्त नही होती। कुछ न कुछ अभाव और असन्तोष हर किसी को बना रहता है। कठिनाइयों के साथ जूझते, प्रतिकूलताओं के साथ ताल-मेल बिठाते और जो अपरिहार्य है उसे धैर्य एवं साहसपूर्वक सहने से ही समायोजन बना रहता है और प्रसन्नता की प्राप्ति होती है। विषम परिस्थितियाँ सदैव नहीं रहेगी। प्रसन्नता का सूरज अवश्य ही आपके बच्चे के जीवन में नई आशा का संचार करेगा। इसलिए परीक्षा में कम अंक प्राप्त करने पर उसे बार-बार डाँटने-फटकारने के बजाय उसे भरपूर प्यार, समर्थन एवं सहयोग दीजिए ताकि आपका बच्चा इस विकट स्थिति से उबरकर एक नई आशा के साथ जीवन में अपना श्रेष्ठ करने के लिए अभिप्रेरित हो क्योंकि आपका यह व्यवहार आपके बच्चे के लिए किसी संजीवनी बूटी से भी ज्यादा कारगर साबित होगा। समस्या समाधान के रास्ते अनेक हैं, हिम्मत से डँट कर मुकाबला करना एवं जीवन के प्रति सकारात्मक, आशावादी एवं संतुलित दृष्टिकोण होना अत्यन्त आवश्यक है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. सिंह, माया एवं सिंह, अनिता, प्रसन्नता का मनोवैज्ञानिक आधार, अखिल गीत शोध दृष्टि, दिसम्बर 2013, निधि शैक्षिक एवं शोध संस्थान आजमगढ़ (उ0प्र0) भारत द्वारा प्रकाशित।
2. दत्ता, दमयन्ती, दबे पाँव आ पहुँची महामारी, 4 मार्च, 2015, इण्डिया टुडे, पृ0 44-51
3. सिंह अरूण कुमार (2004), आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान, नरेन्द्र प्रकाशन जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, दिल्ली।
4. सिंह आर0एन0; कुरेशी ए0एन0 एवं भारद्वाज एस0एम0 (2013) मनोविकृति विज्ञान के आधार, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
5. Suicide: An Indian perspective- NCBI – NIH https://www.ncbi.nlm.nih.gov>NCBI> by R. Radhakrishna – 2012
6. त्रिपाठी, विभा एवं सिंह, माया, आत्महत्या : मनोवैज्ञानिक एवं विधिक दृष्टिकोण, शोध हस्तक्षेप ISSN : 2231-4644, सोसाइटी फार एजुकेशनल इम्पॉवरमेन्ट वाराणसी, उ0प्र0 भारत द्वारा प्रकाशित।
7. Exam Stress: How can parents deal with it, cited at 16/12/2018, 8:00pm, https//www. white swan foundation article / exam stress.how–can-parents death with it/
8. Role of Parents in Reducing Exam stress, visited at 16/12/2018 8:10pm, www.adgamschool.com/rde of - exam- in reducing exam-stress
9. Can we Really Prevent Suicide? visited at 16/12/2018/ 08:20pm, http// www.ncbi.nim.nihogov/pmc/articks/pmc 3492539/

●

शैली वैज्ञानिक अनुशीलन में शैली तात्त्विक सौन्दर्य के आधारभूत तत्त्वों का संक्षिप्त परिचय और शब्दों (पदों) का चयन-कौशल

डॉ0 मीनाक्षी दुबे[*]

प्रत्येक कला अपने दर्शक, श्रोता या भावक के प्रति कुछ विशिष्ट कथ्य संप्रेषित करती है। कथ्य के संप्रेषण के लिये हर एक कला का अपना विशिष्ट तानाबाना होता है। अपनी विशिष्ट बनावट होती है। बनावट की यह विशिष्टता ही वैसी होती है। शैली की यथाभाव-अनुरूपता ही उनका सौन्दर्य होती है। शैली कथ्य के जितने ही अनुरूप होगी, संप्रेषण उतना ही प्रभावकारी होगा। काव्य-विधा श्रुति-ग्राहय प्रतीको पर आश्रित होती है। अतः काव्य-शैली का चमत्कार श्रुतिग्रह अर्थात सुनने-समझने योग्य बिम्बों के सुन्दर समायोजन में ही दृष्टिगोचर होता है। अधिक लिखाई और छपाई के अविष्कार के पश्चात लिखित या छपे हुए रूप में काव्य बहुत कुछ दृष्यबिम्बों पर ही आश्रित होने लगा है, फिर भी ये दृष्टिगोचर नेत्र-ग्राहय बिम्ब भी काव्य के क्षेत्र में अन्ततः पाठक या दर्शक के मन में पड़े या देखे गए अंगो में निहित श्रवण-गोचर प्रतीकों को ही उभारते हैं। उनकी श्रवण संवेदना को ही उद्‌बुद्ध करते, हैं तब कहीं जाकर काव्य के कथ्य का आस्वाद पाठक या दर्शक को हो पाता है। फलतःकाव्य विधा की शैली प्रधानतः भाषिक प्रतीकों पर ही निर्भर है।

भाषिक प्रतीक एक विशिष्ट प्रकार की सामाजिक व्यवस्था होते हैं। भिन्न-भिन्न समाज अपनी प्राकृतिक क्षमताओं और दैनन्दिनी आवश्यकताओं के अनुरूप विशिष्ट प्रकार की भाषा को अपनी सामाजिक स्वीकृति देता हैं। तभी एक विशेष सामाजिक परिवेश में एक विशेष भाषा मान्य होती है। भाषा की भी लघुतम इकाई वाक्य होते हैं, क्योंकि वाक्यों द्वारा अभिव्यक्त हुए बिना भाव संम्प्रेक्षित नहीं हो पाता। वाक्यों की संरचना, सार्थक पदों, पद-बन्धों मुहावरों लोकोक्तियों के भाषा के नियमों के अनुरूप समायोजन से होती है। अतः उस विशेष भाषा से अभ्यस्त श्रोता-पाठक-दर्शक या भावक के कर्ण-कुहरों से प्रविष्ट हो उसके मन के भावों को जाग्रत कर कवि या सर्जक के मूल भावों की छवि उनमें जगा कर अभीप्सित भावों के सौन्दर्य-रस का भरभूर आस्वादन करवा देती है। ऐसी दशा में भाषा विशेष की रचना का आस्वादन शैली विज्ञान तभी करवा सकता है जब उस विशिष्ट काव्य रचना को अधिकाधिक प्रभावपरक बनाने के लिए रचनाकार जिन विशेष कौशल का प्रयोग करते हैं उनका विश्लेषण करने पर वैज्ञानिक दृष्टि से निम्नलिखित कौशल प्रत्यक्ष होते है।

शैली वैज्ञानिक दृष्टि से पद या शब्द का अर्थ या भाव की प्रकृष्टता के अनुसार प्रयोग कौशल की दृष्टि से निम्नलिखित कौशल प्रत्यक्ष होते है।

(1) चयन-कौशल

(क) ध्वनि चयनः- किसी भी भाषा में ऐसे तो अनन्त प्रकार की ध्वनियों होती हैं। मगर कुछ बात ध्वनियों विशेष प्रयोजन में प्रयुक्त होती हैं। कवि जब रचना करता है तो उसका भाव जिस पद या शब्द से संप्रेषित हो सकता है। पहले उसकी ध्वनियों को तौलता है। एक भाव को व्यक्त करने के कई शब्द होते है। मगर एक विशेष संदर्भ को व्यक्त करने में वे सभी शब्द सक्षम नहीं हो सकते। दरसल उन शब्दों की ध्वनियों व्यवस्था को निरख परख कर लेने के बाद जिसकी ध्वनियों व्यवस्था भाव-संप्रेक्षण के लिये अधिक अनुकूल होती है। कवि उसे ही चुनता है। भावानुरूप ध्वनि की पहचान और उसका चुनाव करना ही ध्वनि चयन है।

कवि भावों की अभिव्यक्ति अर्थ के आधार पर कर लेता हैं। वह शब्दों में प्रयुक्त ध्वनियों का चयन करता है। जरूरत पड़ने पर परिवर्तन भी कर लेता है। जैसे-तैसे उसे उपयोगी बनाता है। यही स्थिति ध्वनि चयन है। अर्थ संप्रेषण में ध्वनि का महत्वपूर्ण योग रहता है। यह परम् आवश्यक है कि कोई भी रचनाकार अपनी कृति में ध्वनि का चयन बहुत सोच समझ कर ही करें। यदि भाव के अनुरूप ध्वनि योजना नहीं हुई तो सौन्दर्य नष्ट हो जाता है। जबकि भाव के अनुसार होने पर उसमें चार चाँद लग जाता है। बिहारी को ऋृंगार रस का सम्राट कहा जाता है। दरसल ऋृंगार भाव के अनुरूप ध्वनि में उन्हें बड़ी महारत हासिल है जैसे उनका निम्नलिखित दोहा ही देखेंः-

रस सिंगार मंजन किए, कंजनु भंजनु नैन।
अबनुँ वचन हूँ बिना कंजनु भंजनु नैन॥

भाव की मुदुलता के अनुरूप कहाँ ध्वनि चयन के माध्यम से कंजनु भंजनु, खंजनु, मंजनु शब्द का उन्होने बड़ी ही सार्थक प्रयोग किया है।

(ख) बलाघात और बल की स्थिति से विशेष सौन्दर्य की सृष्टि

बलाघात

जब किसी भी भाषा को बोलने से उच्चारण में किसी शब्द या शब्दांश पर बल पड़ता है, तो बलाघात कहते है। प्रायः किसी

---

* लेखिका/अनुवादक/वरिष्ठ विद्‌याविद्‌, भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, संस्थान मार्ग, आगरा (उ. प्र.)

एक शब्द या अक्षर पर हमेशा ही बल नहीं दिया जाता है। यह स्थिति शब्द प्रयोग की स्थिति पर ही आधारित होती है। अर्थ को उभारने के लिये वाक्य के किसी पद पर या पद्यांश पर बल दिया जाता है। इस स्थिति के द्वारा शब्द अथवा पद्यांशों में सौन्दर्य की सृष्टि होती है, जो लेखक अथवा वक्ता के मनोभावों को स्पष्ट रूप से प्रकट करती है। यह स्थिति शब्द ध्वनि, पद वाक्य सभी रूपों में बराबर रूप से प्रकट करती है। यह वक्ता लेखक के कथन के भावों आश्चर्य, हर्ष, दुःख प्रवाह आज्ञापालन इत्यादि को प्रकट करती है।

वाक्य में अपने बल 'तुम' पद पर दिया गया तो अर्थ होगा कि तुम्हें जाना है, किसी और को नहीं सो और कोई जाय न जाए तुम अवश्य जाओ। और अगर बल 'जाओ' पर दिया गया है तो मतलब होगा कि तुम्हें जो बहुत सारे काम करने है उनमें से अभी जाने का कार्य ही करना आवश्यक है। अतः किसी हिचक में मत पड़ो 'जाओ'।

यह स्थिति वक्ता की मनःस्थिति पर ही निर्भर करती है कि वह किसी भी पद को विशिष्टता प्रदान करने के लिये उस पर बल दें।

(ग) लयः- बोलने में भाषा में सुर के आरोह अवरोह या उतार चढ़ाव में लय की स्थिति होती है। यह भाषा में स्वर तन्त्रियों के कम्पनी द्वारा प्रकट होता है। जब ध्वनि का कम्पन अधिक होता है तो स्वर तन्त्रियों क्रियाशील हो ऊपर नीचे होती है। यह शोध ध्वनियों में ही क्रियाशील रहती है। लय या टोन की अनेक कोटियाँ होती है जैसे-उदान्त, अनुदान्त एवं स्वरित आदि। एक ही शब्द अथवा वाक्य को विभिन्न अनुदानों या दान में उच्चरित करके हम भिन्न-भिन्न भावों की अभिव्यक्ति कर सकते है।

(घ) ध्वनि समान्तरताः- ध्वनियों का रचनाओं में समान्तर प्रयोग ही ध्वनि समान्तरता है। जिसके द्वारा मधुर लय, तान और मधुर नाद सौन्दर्य की सृष्टि होती है। ध्वनि समान्तरता का प्रयोग आदिकाल से लेकर आज तक के कवियों की रचनाओं में समान रूप से देखने को मिलती है। इसका प्रयोग, यमक, अनुप्रास आदि अलंकारों का प्रयोग किया जाता है। भारतीय काव्यशास्त्र में भी अलंकारों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसके अन्तर्गत क्रिया की प्रयोग पद्धति का सामंजस्य तथा इस सामंजस्य से उत्पन्न वैशिष्ट्य, वितरण का सामंजस्य शब्द समूह का सामंजस्य आदि आते है। इसके अध्ययन से ही पूरी कविता में व्याप्त कुछ ऐसे विविध कलात्मक प्रयोगों का पता चलता है। जिनके द्वारा कविता के भाविक तत्वों का ज्ञान होता है। हैलिडे के अनुसार-

सामंजस्य का तात्पर्य है- शब्द समूह और व्याकरणिक नियमों के अतुर्दिक वर्णनात्मक कोटियों का प्रस्तुतिकरण। भाषिक संरचना में सामंज्य विभिन्न स्तरों पर होता है। सामंजस्य ऋँखलागत सम्बंध है। व्याकरणिक कोटि सम्बंधी ध्वनि समान्तरता का एक अच्छा उदाहरण प्रसाद जी की निम्नलिखित पंक्तियों में दिखाई पड़ता है-

'चमक रही थी, लालसा की दीप्ति महिमा
ज्योतिर्मय, हातमयी, विकल, विलासमयी'-।

काव्यविधा के क्षेत्र में ध्वनि चयन प्रक्रिया और उसकी लयात्मक या अनुतान प्रक्रिया की इतना अधिक महत्ता है कि भले ही शब्द सार्थक हो, व्याकरण की दृष्टि से शत-प्रतिशत शुद्ध हो मगर की अनुकूलता के अनुरूप यदि ध्वनियों की योजना नहीं हुई या भावार्थ के सही संदर्भ के अनुरूप अगर लय या अनुतान प्रयुक्त नहीं हुई तो सब कुछ नष्ट हो जाता है। इसी से अगर एक विशेष अनुतानमें हम किसी को महापंडित कहते है तो भी अर्थ 'महामूर्ख' का संप्रेषित होता है, तो अगर केई एक भिन्न लहजे में अपने को महागधा कहता है तो भी आप उसे महागधा न समझकर उसकी विनय शीलता समझते हैं।

काव्य पाठ में अगर धीमे स्वर में वीर रस की कविता भी पढ़ी गई तो हास्य रस का द्योतन कराती है। और हास्य रस की कविता की भी लय अगर प्रसंगानुकूल हुई तो ऐसे बेसुरे काव्य पाठक पर हँसी की जगह रूलाई ही आती है।

(2) पद या शब्द चयन कौशल

पद प्रयोग की स्थिति वही है, जो शब्द प्रयोगों में बतलाई गई है। वस्तुतः हिन्दी में शब्द 'पद' की जगह प्रायः ही पद के अर्थ में प्रयुक्त होता है। वाक्य में प्रयुक्त होने पर शब्द पद हो जाता है। अतः कविता में शब्द चयन की जो बातें है, दरसल वे पद-चयन की ही स्थितियाँ है। मुक्तिबोध की कविता में पदचयन की स्थिति शब्द-चयन की स्थिति के अनुरूप ही समझी जानी चाहिये।

महर्षि पाणिनी ने शब्द के साथ उसमें ध्वनि रूप और अर्थ की प्रकृति पर जोर दिया है। आचार्य कुतक ने इसी प्रकार रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति या औचित्य के व्याकरणिक विधानों को ध्यान में रखकर-सौन्दर्य को दो भागों में विभाजित किया है

(क) पहला पद पूर्वाद्ध जिसके उन्होंने आठ भेद किये है।

(ख) दूसरा पद- परार्धविक्रता जिसके अन्तर्गत धातु प्रत्यक्ष और प्रत्यय आदि को रखा गया है। कुंतक ने काव्य शैली में विपथन का प्रयोग किया है।

कालिदास ने अपने 'कुमारसंभव' महाभाष्य के पंचम सर्ग में शिव की संस्तुति की है। इस संदर्भ में शिव के दो पर्यायरूपों कपाली, और पिनाकी शब्द का प्रयोग किया है।

(1)'द्वयंगता सम्प्रति शोधनीयता समागत प्रार्थना कपालिनः
कला च सा कान्तिमती कलावत त्वमस्य लोकस्यच कौमुदी
(कुमारसंभव 5171)

(2) कृष्णासारे दवध्यवुस्त्वति-धधिज्युकामुकेन।
मृगानुसरिणः साक्षारपश्यमिव पिमा किमम्॥

यहां अर्थ की दृष्टि से 'पिनाकी' और 'कपाली' में कोई अंतर नहीं है। क्योंकि दोनो ही भगवान शंकर के लिए प्रयुक्त होते हैं अवश्य हम श्लोकों में कोई भी शब्द प्रयुक्त किया जा सकता है। इसके परिवर्तन से पाठक को अर्थ की प्रतीति अथवा छन्द-विधान में कोई अन्तर नहीं दिखेगा। किन्तु यदि इसका शैली विज्ञानकी दृष्टि से अध्ययन करें, तो दोनों श्लोक रचना-संदर्भों में दोनों के अलग-अलग नये अभिसाध्य दृष्टिगोचर होते है।

शिव के वीभत्स रूप की व्यंजना के समय 'कपाली' का प्रयोग उपयुक्त है। क्योकिं 'कपालधारी' शब्द के द्वारा ही शिव के असुन्दर रूप की व्यंजना अभीष्ट है। श्मसार से वीभस्मलेपी शिव के वीभत्स रूप की याद दिलाकर ही कुमारी कन्या गौरी को डराकर उनसे विरत किया जा सकता है। दूसरे शब्द 'पिनाकी' में पिनाक को धारण करने वाले जिसका अर्थ धर्नुधर के रूप में किया जाता है। प्रसंग के अनुकूल है। व्युत्पत्ति पर आश्रित होने के कारण ही यह सौन्दर्य अर्थगत न होकर रूप गति या शैलीगत होने से शैली सौन्दर्य का विधायक है।

शब्द प्रयोग में इतनी सावधानी बरतने की भारतीय परिपाटी बहुत पुरानी है। यह रचना कार्य को और अधिक सुन्दर बनाती है।

(3) वाक्य चयन

वाक्य को लिखने में सभी लेखकों कवियों, सामान्यजनों के अपने तरीके होते है। कोई छोटा वाक्य लिखता है। कोई बड़ा, कोई लच्छेदार वाक्य में विश्वास करता है तो कोई साधारण। इन सभी की चयन प्रणाली अलग-अलग है। वाक्यगत सौन्दर्य पर उनकी चयन प्रणाली अलग-अलग प्रकार की होती है।

1- अपने ही दरों के लुटेरे इलाकों में जोरदार 'मुक्तिबोध'

2- फिर भी क्यों मुझको तुम अपने बादल में घेरे लेती हो। मैं निगोड़ा बन गया स्वयं जिसमें तुम आँच गयी अपनी सुरमई सॉवलापन हो

शमशेर

3- सपना है जगत एक
पल में होता विलीन
समझा सच उसे देवे
जोड़े नाते अनेक

नेमिचन्द्र जैन

मुक्तिबोध ने अपनी कविताओं में वाक्यों का चयन अत्यन्त प्रभावशाली ढंग से किया है, जिसके करण उनकी कवितायें सशक्त और विषय प्रधान हो उठी है। वाक्यों के छोटे-छोटे टुकड़े भी अपनी बात को बड़े साफ सुथरे ढंग से प्रस्तुत करती हैं। उनका एक शब्द भी अपने में एक विषय के अथाह समूह को समेटे हुए है।

वाक्यों का उतार चढ़ाव कवि की मन की गहराईयों का ही उतार चढ़ाव होता है। जो उन्हें अपनी जीवन के अनुभवों से प्राप्त हुए थे। मुक्तिबोध की कवितायें कहीं से भी सशक्त नहीं दीखती वरन् उनकी कविताओं में विचारों का ऐसा रूझान हुआ है कि जैसा अन्य किसी कवि की रचनाओं में देखने का नहीं मिलता। मुक्तिबोध की कविता यथार्थ की पृष्ठभूमि को उजागर करती है। जिसमें मानवीय जीवन को अत्यन्त निकट में देखा-परखा गया है। इन सब में शैली शिल्प की विविधता भरी हुई है। अपनी विशिष्ट शैली के माध्यम से उन्होंने नये-नये शिल्प गढ़े है, जिससे काव्यभिव्यक्ति का शील्पिक विकास हुआ है।

इसके अतिरिक्त लिपिबद्ध साहित्यिक भाषा अर्थो के विविध स्तरों- अभिधा, लक्षणा व्यञ्जना पर आश्रित होती है, जो भाषा विज्ञान की सीधी-सपाट बोली और समझी जाने वाली व्यवस्था से सर्वथा अलग प्रकार की चीज़ है। अर्थ यूं भी पदार्थ या भाव-बोधक होते हैं, अतः वे भी भाषा के उच्चारण श्रवण व्यवस्था की सीमा में नहीं आते। अतः विशुद्ध भाषा वैज्ञानिकों के मत से शैली विज्ञान और शैली वैज्ञानिक समीक्षा भाषा वैज्ञानिक क्षेत्र की वस्तु नहीं है। वह तो बहुत बाद में नाना प्रकार के तर्को-वितर्को के सहारे शैली विज्ञान को भाषा विज्ञान की एक शाखा के रूप में मान्यता मिली।

शैली वैज्ञानिक समीक्षा के विरूद्ध एक प्रश्न चिन्ह साहित्य अनुरागियों ने भी लगाया कि जब यह भाषा वैज्ञानिक क्षेत्र की चीज़ है तो इसकी घुसपैठ साहित्य में क्यों हो? साहित्यिक मूल्यांकन के अपने ही आधार बहुत पुष्ट प्रामाणिक और पर्याप्त है फिर इसकी क्या आवश्यकता? परन्तु समय बीतने के साथ-साथ शैली वैज्ञानिक समीक्षा साहित्यानुरागियों को भी स्वीकार्य हो गई है।

●

पूर्व-सोवियत और उत्तर-सोवियत समाज के पारिवारिक मूल्यों में बदलाव

नीरज धनकड़[*]

समाजीकरण की प्रक्रिया के साथ मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के मानव समुदायों ने मनुष्य के आचरण संबंधी नियमों का विधान किया। इन नियमों में समय-समय पर परिवर्तन भी हुए। मानव समाज को संचालित करने वाले ये नियम देश और काल सापेक्ष होते थे। मानव जीवन को बेहतर बनाने में आचरणगत नियमों का महत्त्व है, लेकिन आदर्श मानव जीवन के लिये वे पर्याप्त नहीं थे। मानव जीवन का आदर्श प्राप्त करने के लिए मूल्यों की आवश्यकता महसूस की गई।

मूल्य, मानव जीवन के उन आदर्श गुणों को कह सकते हैं जो मानव जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनिवार्य हों। इन मूल्यों का नीति आधारित होना अपरिहार्य था। इसलिए मूल्यों के साथ 'नैतिक' विशेषण अनिवार्य रूप से जुड़ गया। मूल्य, नियम से इस अर्थ में अलग हैं कि नियमों को मानना बाध्यकारी होता है और उसके उल्लंघन की दशा में व्यवस्था दंडित करती है। इसके बरक्स मूल्य अन्तःप्रज्ञा और अन्तःप्रेरणा पर आधारित माने जाते हैं। अतः इनके पालन की अपेक्षा समाज प्रत्येक मनुष्य से करता है। नियमों की तरह व्यवस्था द्वारा ये बाध्यकारी नहीं होते। फिर भी इतिहास गवाह है कि विश्व के विभिन्न देशों के समाजों के मानव जीवन को बेहतर बनाने में मूल्यों की भूमिका नियमों से कम नहीं रही है।

कालांतर में मूल्य भी अनेक प्रकार के हुए, यथा-पारिवारिक मूल्य, सामाजिक मूल्य, धार्मिक मूल्य, सांस्कृतिक मूल्य आदि। परिवार, समाज की प्रारंभिक इकाई है। समाज की संरचना 'परिवार' नामक इकाई पर निर्भर है। 'परिवार' नामक संस्था को बचाये रखने और उसे बेहतर बनाने में पारिवारिक मूल्यों का योगदान अहम है। पारिवारिक मूल्य, उन मूल्यों को कहते हैं जो परिवार को बचाये रखने और उसे बेहतर बनाने के लिए आवश्यक हों और जिनका पालन परिवार के प्रत्येक सदस्य से अपेक्षित हो। पारिवारिक मूल्य, व्यक्तिगत मूल्यों और सामाजिक मूल्यों के बीच सामंजस्य की कड़ी होते हैं। मानव सभ्यता के विकास के साथ, देश और काल में परिवर्तन के साथ पारिवारिक मूल्यों में भी बदलाव होते रहे हैं। पारिवारिक मूल्यों के निर्धारण और परिवर्तन में विविध कारक भूमिका निभाते रहे हैं।

धर्म, राजनीतिक व्यवस्था, विज्ञान, भौतिक विकास, औद्योगीकरण, नगरीकरण आदि ने पारिवारिक मूल्यों को गहरे रूप में प्रभावित किया। बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में सूचना क्रांति और भूमंडलीकरण पारिवारिक मूल्यों को गहराई से प्रभावित कर रहा है। बीसवीं शताब्दी में दुनिया भर में पारिवारिक मूल्यों में तेजी से बदलाव हुआ। रूसी समाज भी इससे अछूता नहीं था। पूर्व-सोवियत, सोवियत और उत्तर-सोवियत समाज के पारिवारिक मूल्यों में एक ही शताब्दी के भीतर काफी बदलाव देखने को मिलता है।

बीसवीं शताब्दी के रूस को सामाजिक-राजनीतिक रूप से हम तीन कालों में बाँट सकते हैं-1. पूर्व-सोवियत समाज (सन् 1917 ई0 पहले) 2. सोवियत समाज (सन् 1917 से 1990 तक) 3. उत्तर-सोवियत समाज (सन् 1990 के बाद)। तीनों कालों के रूसी समाज के पारिवारिक मूल्यों का अध्ययन करने के लिए तत्कालीन प्रसिद्ध रूसी रचनाकारों की निम्न प्रतिनिधि रचनाओं को आधार बनाया गया है-1. सुज्बा चिलावेका (मिखाइल शोलोखोव) 2- पस्लेद्नी स्त्रोक (वेलेन्तीन रस्पूतिन), 3. स्त्रीलेत्स (विक्तोरिया तोकारेवा) मिखाइल शोलोख़ोव की लंबी कहानी सुज्बा चिलावेका हिन्दी में 'इंसान का नसीब' शीर्षक से अनूदित होकर प्रकाशित हुई है। वेलेन्तीन रस्पूतिन का लघु उपन्यास पस्लेद्नी स्त्रोक हिन्दी में 'अन्तिम घड़ी' नाम से अनूदित होकर प्रकाशित हुआ। विक्तोरिया तोकारेवा का उपन्यास 'स्त्रीलेत्स' हिन्दी में 'धनुराशि का पुरुष' शीर्षक से अनूदित हुआ है।

मिखाईल शोलोखोव की लम्बी कहानी 'इंसान का नसीब' सन् 1956-57 में प्रकाशित हुई। इस कहानी का नायक अन्द्रेई सोकोलोव, हजारों रूसियों का ही नहीं, बल्कि पूरे रूसी समाज का प्रतिनिधित्व करता है। यह उसकी नहीं, बल्कि रूसी समाज और रूसियों की त्रासद कहानी है। शोलोखोव की यह कहानी द्वितीय विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि पर लिखी गई है, जिसे लिखने में लेखक को सात वर्ष का समय लगा। इस कहानी में युद्ध द्वारा जनता पर, समाजवादी रूस पर ढाये गए कहर और कभी न मिटने वाले प्रभावों और जख्मों को मार्मिक रूप से चित्रित किया गया है। यह कहानी विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य में बची अच्छाई और मानवता पर आधारित है।

नायक अन्द्रई सोकोलोव का जन्म पूर्व सोवियत रूस में सन् 1900 में हुआ। अक्टूबर क्रांति सन् 1917 के समय रूस में हुए गृह-युद्ध में वह लाल सेना में रहा। उसका छोटा सा परिवार था, जिसमें माता-पिता और बहन थीं। सन् 1922 के अकाल के समय सोकोलोव के परिवार के सभी सदस्य भुखमरी का शिकार हो गए। इस दुनिया में वह अकेला रह गया। रूस में सत्ता परिवर्तन हो चुका था। जार शासन के बदले समाजवादी समाज की स्थापना हो चुकी

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर, रसियन, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी

थी। परन्तु देश की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब थी। लोगों के पास खाने के लिए कुछ नहीं था, रहने के लिए उचित घर भी नहीं था। परन्तु नए समाजवादी रूस में सभी साथ मिलकर विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए, आगे बढ़ रहे थे। लोगों में देश और समाज की निःस्वार्थ सेवा की भावना थी।

सोकोलोव की शादी एक अनाथ लड़की से होती है। दो अनाथ मिलकर, नए जीवन की शुरूआत करते हैं। दोनों ने ही जीवन में अनेक दुःख-मुसीबतें झेली। सोकोलोव की पत्नी हँसमुख, समझदार और मधुर स्वभाव की थी। वह उसकी सेवा और देखभाल में कोई कसर न छोड़ती। साधनों के अभाव में भी वे सुखी और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे थे। कभी-कभी रूढ़िवादी पुरुष की तरह सोकोलोव अपनी पत्नी पर बहुत गुस्सा होता, परन्तु उसकी पत्नी कभी उसके इस व्यवहार का सख्ती या रुखाई से जवाब नहीं देती। सोकोलोव के हद से ज्यादा पीने पर भी वह उसे कभी कुछ न कहती। उसकी पत्नी समझदार थी, जिसके कारण उनके बीच एक प्रेमपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण रिश्ता था। रूस में हुए सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन का प्रभाव अभी परिवार पर नहीं पड़ा था। रूढ़िवादी रूस समाजवादी सोवियत समाज में बदल चुका था। परन्तु पारिवारिक रिश्तों और मूल्यों में अभी बदलाव नहीं हुए थे।

जल्दी ही वे तीन बच्चों के माता-पिता बन गए। पहला-बेटा और फिर दो बेटियां। धीरे-धीरे सोकोलोव अपने परिवार के लिए अपने में परिवर्तन करता है। उसने पीना छोड़ दिया था। उसके लिए उसका परिवार और परिवार की खुशी महत्त्वपूर्ण थी। वह परिवार के जिम्मेदार मुखिया की तरह अपने कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करता है। धीरे-धीरे उनके पास सब कुछ था-घर, खाना, कपड़ा और काम। वे अपना जीवन खुशी से व्यतीत कर रहे थे, तभी सूचना मिलती है कि जर्मनी ने रूस पर आक्रमण कर दिया है।

सोकोलोव को युद्ध में बुलाया जाता है। शोलोखोव ने कहानी में सोकोलोव और उसके परिवार की विदाई का मार्मिक और भयावह चित्र प्रस्तुत किया है। युद्ध के दौरान सोकोलोव ने अनेक मुश्किलों का सामना किया। वह जर्मनों द्वारा बन्दी बनाया गया और वहाँ विभिन्न शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेलीं। परंतु उसने कभी हार नहीं मानी और साहस से काम लिया। वह जर्मनों को धोखा देकर किसी तरह अपने देश आने में सफल हो जाता है। अपने साथ वह जर्मन अफसर और गोपनीय दस्तावेजों को भी लाता है। सोकोलोव जैसे हजारों रूसियों की देशभक्ति, दृढ़निश्चय और साहस के कारण ही रूस ने जर्मन की मजबूत और विशाल सेना पर विजय प्राप्त की।

अपने देश में आकर सोकोलोव को अत्यंत दुखद खबर मिलती है कि जर्मनों का बम सीधे उसके घर पर आकर गिरा; जिससे उसका परिवार खत्म हो गया और उस जगह एक बड़ा सा गड्ढा हो गया है। उसे अपना जीवन निरर्थक लगने लगा। वह जीना नहीं चाहता था। तभी उसे मालूम होता है कि उसका बेटा जीवित है और कप्तान के ओहदे पर, एक तोपखाने की कमान संभाले है। अब तक उसे छः तमगे और पदक मिल चुके हैं। वह फिर से नए परिवार के सपने देखने लगता है। बेटे की शादी करेगा, दादा बनकर उसके बच्चों का ख्याल रखेगा। परन्तु उसके ये सपने महज सपने रह गए। 9 मई, 1945 को रूसियों ने जर्मनों पर विजय प्राप्त की, उसी दिन सुबह एक जर्मन निशानची ने उसके बेटे को मार डाला।

यह कहानी सिर्फ सोकोलोव की नहीं, बल्कि रूसी समाज की है, जिसमें हजारों रूसियों ने अपने परिवार को खोया और हजारों बच्चे अनाथ हो गए। चारों ओर विनाश ही विनाश। सब खत्म होने के बाद भी सोलोकोव के जीवन में, फिर नई रोशनी आती है। वह एक अनाथ बच्चे से मिलता है, जिसके माँ-बाप युद्ध में मारे गए हैं। वह उस अनाथ बच्चे को अपनाता है। फिर से दो अनाथ मिलकर, नया जीवन शुरू करते हैं। यह कहानी मनुष्य के विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य बने रहने की कहानी है-''यह रूसी, यह अदम्य इच्छाशक्तिवाला आदमी सब कुछ सह जायेगा, टूटेगा नहीं और यह लड़का अपने पिता की स्नेह-छाया में रहकर एक नये सांचे में ढलेगा। वह एक ऐसा आदमी बनेगा, जो देश की पुकार पर कड़ी से कड़ी मुसीबत सह सकेगा और बड़ी से बड़ी बाधा की कलाई मरोड़ सकेगा।''[1]

नायक सोलोकोव का जन्म पूर्व-सोवियत समाज में होता है। 1917 ई0 की क्रांति के समय हुए गृह-युद्ध में सोलोकोव रेड आर्मी की तरफ से लड़ता है। अकाल और भुखमरी के कारण इसका पूरा परिवार नष्ट हो जाता है। सोवियत काल में इसका परिवार बसता है। रूढ़िवादी पूर्व-सोवियत समाज, समाजवादी सोवियत समाज में बदल चुका है। पितृसत्ता, विषमता की जगह समाज में समता की स्थापना हो चुकी है, लेकिन पारिवारिक मूल्यों में अभी बदलाव नहीं हुआ है। नायक सोलोकोव समाजवादी सोवियत समाज का हिस्सा होते हुए भी पूर्व-सोवियत समाज के पारिवारिक मूल्यों का निर्वाह करता है। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम, सौहार्द और वफादारी बनी रहती है। नायक मुखिया की तरह अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है। द्वितीय विश्व युद्ध के समय उसका परिवार समूल नष्ट हो जाता है। विपरीत परिस्थितियों में भी वह धैर्य और इंसानियत नहीं खोता है। सोलोकोव एक अनाथ बच्चे को अपनाकर उसके पिता की जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। यह पारिवारिक मूल्यों के साथ मानवीय मूल्यों के बचे रहने की कहानी है। सोलोकोव अपने समय का प्रतिनिधि पात्र है।

वेलेन्तीन रस्पूतिन का चर्चित उपन्यास 'अन्तिम घड़ी' सन् 1970 में प्रकाशित हुआ। यह एक ग्रामीण रूसी बूढ़ी-विधवा 'आन्ना' की त्रासद कथा है। यह उपन्यास वृद्ध के जीवन के अन्तिम तीन दिनों की घटनाओं पर आधारित है। वह अस्सी वर्ष पूरे कर चुकी है और मरणासन्न है। इन तीन दिनों में वह अपने समस्त जीवन के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करती है। इस उपन्यास में

समाजवादी रूसी समाज की विभिन्न घटनाओं और नीतियों का चित्रण किया गया है।

बूढ़ी आन्ना ने अनेक बच्चों को जन्म दिया, परन्तु केवल पाँच ही जीवित रहे। वह अपने छोटे बेटे मिख़ाईल के साथ गाँव में ही रहती थी। उसकी बड़ी बेटी वार्वारा पास के गांव में रहती थी। बड़ा बेटा इल्या और मझली बेटी ल्यूस्या शहर में रहते थे। सबसे छोटी बेटी तात्याना (तान्चोरा) कीयेव में रहती थी। छोटी बेटी तात्याना सबसे दूर रहती थी।

बूढ़ी आन्ना की स्थिति बहुत खराब थी और किसी वक्त भी उसकी मृत्यु हो सकती थी। मिख़ाईल अपने भाई-बहनों को तार भेजकर, माँ की स्थिति की सूचना देता है। अगले दिन की शाम तक सभी भाई-बहन, केवल तान्चोरा को छोड़कर, घर आ जाते हैं। वे सभी अपनी माँ को देखते हैं, जो कि जीवन के अन्तिम मोड़ पर थी। वे सभी अनेक वर्षों से घर नहीं आये थे। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और औद्योगिक परिवर्तनों का असर परिवार पर इस तरह पड़ा कि गाँव में अधिकतर बच्चे शहर में जा बसे। वे अपने शहरी जीवन में इतने व्यस्त हो गए कि वहाँ जाकर अपने गाँव, समाज और पारिवारिक रिश्तों को भी भूल गए। जहाँ वे बड़े हुए, जिस माँ ने अनेक मुश्किलों का सामना करते हुए अकेले उन्हें पाला, उसे भी भूल गए। आज भी बूढ़ी आन्ना के बच्चे उससे मिलने नहीं, बल्कि माँ को अन्तिम विदाई देने आए हैं।

अभी बूढ़ी माँ की साँसे चल रही थीं, वहीं उसके बच्चे उसके विदाई समारोह की तैयारियाँ कर रहे थे। इल्या और मिख़ाईल माँ के विदाई भोज में गाँव वालों को पिलाने के लिए वोदका की क्रेट खरीद कर लाते हैं। वहीं ल्यूस्या माँ की अन्त्येष्टि में पहनने के लिए काले रंग का फ्रॉक सिल रही है। वे सभी माँ की मृत्यु का इतंजार कर रहे हैं। मृत्यु के उपरान्त किए जाने वाले रीति-रिवाजों को पूरा करने की चिंता ज्यादा थी। किसी को मरणासन्न माँ में दिलचस्पी नहीं थी। अगली सुबह माँ की स्थिति में सुधार होने लगता है। सभी बच्चों को घर पर देखकर माँ अत्यधिक प्रसन्न होती है, तथा तान्चोरा का इंतजार करने लगती है। अब बूढ़ी आन्ना के बच्चों को समझ नहीं आ रहा, कि क्या करें। जिस मनःस्थिति में वे घर आए थे, उसके विपरीत हो रहा था।

ल्यूस्या परेशान थी, न जाने कितने दिन और रुकना पड़ जाए। इल्या और मिख़ाईल सुबह से ही वोदका पीने लगते हैं। तान्चोरा तो अभी तक आयी भी नहीं, जैसे उसे मालमू हो कि माँ की स्थिति में सुधार हो रहा है।

ल्यूस्या और वार्वारा कहने को सगी बहने हैं, परन्तु दोनों में कोई रागात्मक लगाव नहीं था। ल्यूस्या का मन न तो किसी को देखने और न ही किसी से मिलने का हो रहा था। शहर जाकर या समझ के साथ ल्यूस्या पूरी तरह बदल गई थी। वह अपनों के प्रति संवेदनहीन हो गयी थी। इल्या को लग रहा था, कि माँ नाटक कर रही है। मिख़ाईल का मानना था कि यही सही वक्त है, मर जाना चाहिए। सभी लोग घर आए थे और तैयार भी थे। कुछ दिनों बाद मरने पर उसको फिर से सबको तार भेजना पड़ता और तब कोई आता या न आता।

उपन्यास में नया मोड़ तब जाता है, जब माँ को तान्चोरा के लिए अत्यधिक परेशान होता देखकर, मिख़ाईल झूठ बोलता है कि उसने तान्चोरा को तार भेज कर मना कर दिया है कि वह न आये, माँ की स्थिति में सुधार हो रहा है। यह सुनते ही माँ बिफर पड़ती है और मिख़ाईल पर आरोप लगाती है, कि यह सब इसने जानबूझकर, मुझे तंग करने के लिए किया है। माँ सबसे मिख़ाईल के बुरे बर्ताव के बारे में भी बताती है कि वह शराब पीकर उसे भला बुरा कहता है। वह उस पर बोझ बन गई है। वह चाहता है कि जितना जल्दी हो सके, मर जाए। यह सुनकर सभी भाई-बहन मिख़ाईल को भला-बुरा कहते हैं। वे मिख़ाईल से पूछते हैं कि माँ को तंग करने का अधिकार उसे दिया किसने? मिख़ाईल को भी गुस्सा आता है और उन सभी के उपदेश से तंग आकर वह अपने भाई-बहनों से माँ को अपने साथ ले जाने के लिए कहता है। माँ के साथ-साथ वह एक गाय देने का भी वादा करता है। लेकिन सभी को साँप सूँघ जाता है। कोई भी माँ को अपने यहाँ ले जाने के लिए तैयार नहीं होता। मिख़ाईल और ल्यूस्या में कहा-सुनी भी हो जाती है। मिख़ाईल सबको सुनाते हुए कहता है कि अगर माँ को नहीं ले जा सकते, तो उसे नसीहत न दे कि माँ की देखभाल कैसे करनी है।

बूढ़ी आन्ना ने अपना सारा जीवन बच्चों को समर्पित कर दिया था। उसने सभी मानवीय कर्तव्य निभाये थे, जो उसके, समाज परिवार और बच्चों के लिए जरूरी थे। ''बूढ़ी आन्ना का जीवन बहुत साधारण रहा था-बच्चों को जन्म दिया, काम किया, नये दिवस से पहले कुछ देर के लिए शय्या पर लेटीं, फिर से उठीं, बुढ़ाई, और यह सब वहीं हुआ, जहाँ वह जन्मी थीं।''[2] जीवन के अन्तिम समय में बूढ़ी आन्ना को सबसे ज्यादा जरूरत अपने बच्चों के साथ की थी। लेकिन उसके बच्चों के पास उसके लिए समय नहीं था। बूढ़ी आन्ना और जीना नहीं चाहती थीं। उसने उदास, तनावपूर्ण और कटु मौन के साथ ईश्वर से प्रार्थना की, ''हे ईश्वर, मुझे मुक्ति दें, मैं जाती हूँ। मेरी मृत्यु ला दे, मैं तैयार हूँ।''[3]

परन्तु बूढ़ी माँ आन्ना का जीवन अभी शेष था। अगली सुबह भी उन्होंने देखी। बीते हुए कल की सुबह को देखकर उन्हें प्रसन्नता हुई थी। कल उन्हें अनेक आशाएं थीं। परन्तु आज उन्हें अपना जीवन फालतू और निरर्थक लग रहा था। उन्हें सभी से घृणा हो गयी थी, किसी को उनकी आवश्यकता नहीं थी-''तो फिर वह अपनी परवाह क्यों करे, यदि और किसी को उनकी परवाह नहीं है?''[4]

रात की घटना के बाद मिख़ाईल और ल्यूस्या के सम्बन्ध खत्म होने की स्थिति में थे। केवल बूढ़ी आन्ना ल्यूस्या से विनती करती है कि मिख़ाईल के साथ सुलह कर ले। इस तरह भाई-बहन

के रिश्ते को खत्म न करें। परन्तु ल्यूस्या माँ की बात नहीं मानती। बाकी भाई-बहन को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अन्त में ल्यूस्या उसी दिन वापस शहर जाने का निश्चय करती है। वह इल्या को बताती है कि वह जा रही है, अगला स्टीमर तीन दिन बाद है और वह इतने दिन यहाँ नहीं रुक सकती। इल्या भी उसी दिन जाने को तैयार हो जाता है। वार्वारा भी उन्हीं के साथ चल देती है। बूढ़ी माँ और मिख़ाईल के कहने पर भी वे सभी नहीं रुकते। बूढ़ी आन्ना उनसे, रोते हुए कही जा रही थी-''मैं मर जाऊँगी, मर जाऊँगी। देख लेना। आज ही चल दूँगी। ज़रा रुक जाओ। बस थोड़ा और रुक जाओ। मुझे और कुछ नहीं चाहिए। ल्यूस्या! और इल्या, तू भी! ज़रा रुक जाओ। मैं तुम्हें कह रही हूँ कि मर जाऊँगी, जरूर मर जाऊँगी।''[5] उन पर माँ की बातों का कोई असर नहीं हुआ और वे चले गये। उसी रात बूढ़ी आन्ना के प्राण निकल गये।

इस उपन्यास के माध्यम से रस्पूतिन ने बीसवीं शताब्दी के मध्य में सोवियत रूसी समाज के पारिवारिक मूल्यों में हो रहे बदलाव और तीव्र ह्रास को व्यक्त किया है जिसका कारण रस्पूतिन ने मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध में आए बदलाव और तत्कालीन समय में मनुष्य की प्रकृति से दूरी को माना है।

बीसवीं सदी के मध्य में रूसी शहरी और ग्रामीण जीवन में भिन्नताएँ आ गई हैं। शहरी जीवन पर पश्चिम देशों का प्रभाव दिखाई देता है। वहीं ग्रामीण जीवन पारस्परिक रूसी संस्कृति से जुड़ा हुआ है। रस्पूतिन का ग्रामीण जीवन से लगाव उपन्यास में साफ दिखाई देता है। वह उपन्यास के माध्यम से रूसी ग्रामीण महिलाओं के संघर्ष, बलिदान और साहस की सराहना करते हैं। समाजवादी समाज में रूस के विकट समय में रूसी महिलाओं ने पुरुषों से अधिक काम किया। ''पिछली लड़ाई में आधी जीत तो गाँव की औरतों ने दिलवाई थी।''[6] ग्रामीण महिलाएँ ही प्रकृति के नियम को निरंतर आगे बढ़ा रही हैं यानी बच्चों को जन्म दे रही हैं, ''क्योंकि संसार में आने का मनुष्य का यही उद्देश्य है, ताकि संसार में लोगों की कमी न हो''[7] जैसे बूढ़ी आन्ना और उसकी बेटी वार्वारा और मिख़ाईल की पत्नी नाद्या।

शहरी महिलाओं के बारे में उपन्यास में रस्पूतिन ने लिखा है, ''उसके जीवन का उद्देश्य ही यही है कि वह अपने को दिखाये। मुख्य बात तो यह है कि कुछ करना नहीं जानतीं, किसी काम के योग्य नहीं हैं। शीघ्र ही पैदा करना भी भूल जायेंगी।''[8] जैसे ल्यूस्या, तान्चोरा और इल्या की पत्नी।

वेलेन्तीन रस्पूतिन की लंबी कहानी 'पस्लेद्नी स्रोक' में एक बूढ़ी-विधवा महिला की त्रासद कथा है। महिला की पाँच सन्तानें हैं, लेकिन बुढ़ापे में जब उसे अपनी संतानों की सबसे ज्यादा जरूरत है तो सब कन्नी काटने लगते हैं। अंततः उसकी मौत हो जाती है। यह पारिवारिक मूल्यों के ह्रास की ही कहानी नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों के भी ह्रास की कहानी है। यह कहानी बीसवीं शताब्दी के मध्य में सोवियत रूसी समाज के पारिवारिक मूल्यों में हो रहे बदलाव और ह्रास को व्यक्त करती है। संभवतः यह केवल रूसी समाज का सच नहीं बल्कि उस युग के भारतीय समाज सहित दुनिया के बड़े हिस्से का सच है। इसका गहरा संबंध उस समय के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, औद्योगिक परिवर्तनों से है।

विक्तोरिया तोकारेवा का लघु उपन्यास 'स्त्रीलेत्स' सन् 2005 में प्रकाशित हुआ। विक्तोरिया तोकारेवा प्रसिद्ध समकालीन रूसी महिला साहित्यकार हैं। समाजवादी सामाजिक व्यवस्था के स्थान पर अब रूस में पूँजीवादी व्यवस्था आ चुकी है। रूस के विघटन के बाद रूस में आया सामाजिक और पारिवारिक बदलाव, तोकारेवा के साहित्य की मुख्य विषयवस्तु है।

इस लघु उपन्यास में तोकारेवा उत्तर-सोवियत समाज के यथार्थ का बखूबी-चित्रण करती हैं। इस उपन्यास का नायक रूस के विघटन और उत्तर-सोवियत पूँजीवादी व्यवस्था का परिणाम है। 'कोस्त्या' इस उपन्यास का नायक है, जो सोवियत समाज में इंजीनियर था। विघटन के बाद वह बेरोजगार हो गया और निजी गाड़ी चलाने का काम करने लगा। उसका छोटा सा परिवार है, जिसमें पत्नी, बेटा और सास हैं। कोस्त्या का परिवार आर्थिक तंगी में किसी तरह गुजारा कर रहा है। कोस्त्या को काम करना पसंद नहीं था, न ही कोई जिम्मेदारी निभाना। तोकारेवा के अनुसार कोस्त्या 21वीं सदी का 'इवगेनी ओनेगिन' (अलक्सांद्रेइ, पुश्किन के उपन्यास का नायक) था, जिसे अवांछित व्यक्ति कहते हैं।

एक दिन कोस्त्या की कात्या नाम की कामकाजी महिला से मुलाकात होती है। कोस्त्या को पहली ही मुलाकात में कात्या से प्यार हो जाता है। दूसरी मुलाकात में दोनों के बीच शारीरिक सम्बन्ध भी बन जाते हैं। वह कात्या के प्रति अपनी अनुभूतियों के लिए अपने परिवार को छोड़ देता है। कोस्त्या अच्छी तरह जानता है कि उसके परिवार का वह एकमात्र सहारा है। परन्तु सब कुछ जानते हुए भी वह ऐसा करता है।

आधुनिक समाज में परिवार को छोड़ना और विवाहेत्तर अवैध संबंध बनाना आम बात है। रूसी समाज में पहले ऐसा नहीं होता था। तोकारेवा लिखती हैं कि पुरुष तो सदा से ऐसे ही रहे हैं। परन्तु नए पूँजीवादी रूसी समाज में स्त्रियाँ भी अपने परिवार के साथ विश्वासघात करने से पीछे नहीं हैं। कात्या भी शादीशुदा महिला है। कात्या जानती है कि कोस्त्या के साथ उसके संबंध उचित नहीं हैं। फिर भी वह अपने को कोस्त्या के साथ संबंध बनाने से नहीं रोकती।

कात्या व्यावहारिक महिला है। वह पैसे कमाना चाहती है । वह जानती है कि पूँजीवादी व्यवस्था में पैसा ही सब कुछ है। कोस्त्या पैसे कमा नहीं सकता, इसलिए वह उससे प्यार और उसकी इज्जत नहीं कर सकती। पैसा-यथार्थ है। कोत्स्या के जीवन में अनुभूतियों के लिये कोई स्थान नहीं है। कात्या यह सब जानते हुए भी कोत्स्या से क्यों सम्बन्ध बनाए रखती है। इसका जवाब शायद

उसके पास भी नहीं है। समाज में आए अनेक परिवर्तनों ने मनुष्य के चरित्र को बहुत ही जटिल बना दिया है। उसे खुद नहीं पता वह क्या और किसलिए कर रहा है। कात्या अपने पति के साथ भी रिश्ता बनाए रखना चाहती है, क्योंकि वह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति है जिसके पास पैसा और इज्जत दोनों है। कात्या अपने, विवाहेत्तर सम्बन्धों को गुप्त रखना चाहती है।

उपन्यास में कोस्त्या को पैसों से भरा थैला प्राप्त होता है। इन पैसों का संबंध समाज में तेजी से विकसित हो रहे माफिया तंत्र से है। सोवियत समय में लोगों ने अभाव में जिंदगी व्यतीत की और निःस्वार्थ समाज की सेवा की। परन्तु आज लोगों को समाज, देश और परिवार में कोई दिलचस्पी नहीं है। आज के लोग सिर्फ अपने बारे में सोचते हैं। कोई भी गलत काम करने में उन्हें डर नहीं लगता। समाज, व्यवस्था, परिवार और प्रेम सब जगह पैसा महत्त्वपूर्ण हो गया है।

यह उपन्यास उत्तर-सोवियत समाज में बदलते पारिवारिक मूल्यों के कड़वे यथार्थ को उजागर करता है। इसका नायक कोत्स्या है जो सोवियत-समाज में इंजीनियर था। सोवियत संघ के विघटन के बाद बेरोजगार होकर ड्राईवर बनता है। बदले आर्थिक-सामाजिक हालात में वह निकम्मा हो जाता है। पारिवारिक सम्बन्धों के प्रति वह ईमानदार नहीं रहता और अपनी जिम्मेदारियों से भागता है। विवाहेतर अवैध संबंध भी बनाता है। प्यार और सेक्स अब अलग चीजें हैं। समाज, व्यवस्था, परिवार और प्रेम सब जगह पैसा महत्त्वपूर्ण हो गया है। पैसे के लिए व्यक्ति कुछ भी कर सकता है। यह कहानी उत्तर-सोवियत समाज में पारिवारिक मूल्यों के तीव्र ह्रास को चित्रित करती है।

उल्लिखित रचनाओं के आधार पर कहा जा सकता है कि पूर्व-सोवियत, सोवियत और उत्तर-सोवियत समाज के पारिवारिक मूल्यों में लगातार विघटन हुआ है। सन् 1917 की क्रांति के बाद के सोवियत समाज में पारिवारिक मूल्यों में तेजी से विघटन होता है। सोवियत संघ के विघटन के बाद उदारीकरण, निजीकरण, भूमंडलीकरण के दुष्प्रभाव पारिवारिक मूल्यों पर भी पड़े। उत्तर-सोवियत समाज पारिवारिक मूल्यों की दृष्टि से संकट के दौर में है। पारिवारिक मूल्यों के विघटन से परिवार नाम की संस्था पर संकट खड़ा हो गया है जो कि समाज की आधारभूत इकाई है।

संदर्भ ग्रन्थ

1. मि0 शोलोख़ोव, बीसवीं शताब्दी का साहित्य, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवं रादुगा प्रकाशन, मास्को, 1988, ISBN 5-05-002102-2, पृ0 163-164
2. व0ग्रि0 रस्पूतिन, तीन रूसी उपन्यास, अनुवादक हेमचन्द्र पांडे, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, 1996, ISBN 81-260-0114-3, पृ0 174
3. वही, पृ0 166
4. वही, पृ0 186
5. वही, पृ0 202
6. वही, पृ0 139
7. वही, पृ0 175
8. वही, पृ0 138

●

नारी और याज्ञवल्क्यस्मृति

डॉ0 पल्लवी त्रिवेदी[*]

शिवः शक्तया युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं

न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि।

अतस्त्वामाराध्यां हरिहरविरिञ्च्यादिभिरपि

प्रणन्तुं स्तोतुं वा कथमकृतपुण्यः प्रभवति।।[1]

नारी समाज की आधारशिला है, मानव सभ्यता के विकास में उसकी सृजनात्मक भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रकृति को संस्कृति का स्वरूप देने और उसे विकृतियों से बचाने में उसका अनुपम योगदान इतिहासनिष्ठ है। अपने विविध रूपों में नारी पुरुष को संवर्द्धन, प्रोत्साहन और शक्ति प्रदान करती है।

चूँकि नारी के क्रियाकलापों से तथा नारी की उपस्थिति से जीवन का कोई भी क्षेत्र पृथक् नहीं है अतः प्रत्येक वह क्षेत्र जिसका नारी से सम्बन्ध है जैसे की न्यायिक, सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक आदि से सम्बद्ध विभिन्न प्रमुख तथ्यों का प्रतिपादन स्मृतियों में किया गया है।

स्मृति जिसका तात्पर्य स्मरण एवं प्रत्यास्मरण से है वस्तुतः श्रुति (वेद) का ही अनुवर्तन करती है। समय-समय पर प्राचीन भारतीय समाजशास्त्रियों ने सामाजिक व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप देने के प्रयास में स्मृतियों की रचना की। स्मृतियों में स्मृतिकारों ने समाज के हर विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये हैं इसी क्रम में नारी भी स्मृतिकारों की दृष्टि में अदृष्ट नहीं रही है। स्मृतियों की मौलिक सामाजिक व्यवस्था में स्त्रियों को सम्पत्ति, ज्ञान और शक्ति का प्रतीक माना गया है। सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण में कन्या, पत्नी, माता तथा गृहणी के रूप में उसकी भूमिका अहम होती है।

नारी हित से सम्बद्ध तथ्य विभिन्न स्मृति ग्रन्थों में प्रतिपादित किये गये हैं किन्तु याज्ञवल्क्य स्मृति नारी हित के सन्दर्भ में विशिष्ट है क्योंकि स्मृतिकार याज्ञवल्क्य ने नारी को सामाजिक स्तर पर महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान करने के साथ-साथ उससे सम्बद्ध विभिन्न विषयों यथा- नारी सम्मान, कन्या का हित, कन्या भ्रूण हत्या, नारी के प्रति किये जाने वाले अपराधों के लिए दण्ड, स्त्रीधन, दायांश की व्यवस्था आदि पर विचार किया है।

नारी का सम्मान

नारी सर्वदा और सर्वत्र सम्मानित है। याज्ञवल्क्य के अनुसार पति, भाई, पिता, श्वसुर, देवर तथा अन्य पुरुषों के द्वारा भी स्त्री को सम्मान दिया जाना चाहिए-

भर्तृभ्रातृपितृज्ञातिश्वश्रूश्वशुरदेवरैः।

बन्धुभिश्च स्त्रियः पूज्या भूषणाच्छादनाशनैः।।[2]

मनुस्मृति में भी इस प्रकार का विचार व्यक्त किया गया है।

पितृभिर्भ्रातृभिश्चैताः पतिभिर्देवरैस्तथा।

पूज्या भूषयितव्याश्च बहुकल्याणभीप्सुभिः।।[3]

क्योंकि जिस कुल में स्त्रियाँ (स्त्री, पुत्रवधू, बहन, कन्यादि) दुःख पाती हैं वह कुल शीघ्र नष्ट हो जाता है और जिस कुल में सुखी रहती हैं वह कुल उन्नति करता है।[4]

वराहमिहिर का तो यहाँ तक कहना है कि लोग नारियों के गुणों को छोड़कर केवल दोषों का ही बखान करते हैं वे यह नहीं सोचते कि कौन सा ऐसा दोष है जो पुरुषों में नहीं पाया जाता। नारी में तो पुरुषों की अपेक्षा अधिक गुण पाये जाते हैं फिर नारी पत्नी तथा माता दोनों का ही स्वरूप है।[5]

नारी के प्रति स्मृतिकारों का यह सम्मानजनक दृष्टिकोण निश्चय ही अनुकरणीय है।

कन्या का हित- महर्षि याज्ञवल्क्य कन्याओं के प्रति विशेष रूप से उदार हैं। वे कहते हैं कि किसी कन्या का वास्तविक दोष भी प्रकाशित करने पर सौ पण और उस पर झूठा दोष लगाने पर दो सौ पण दण्ड दें-

शतं स्त्रीदूषणे दद्याद्वे तु मिथ्याभिशंसने।[6]

उन्होंने कन्या के अपहरण पर भी दण्ड व्यवस्था की है-

अलंकृतां हरन्कन्यामुत्तमं ह्यन्यथाऽधमम्।

दण्डं दद्यात्सवर्णासु प्रातिलोम्ये वधः स्मृतः।।[7]

कन्या भ्रूण हत्या- वर्तमान में कन्याभ्रूण हत्या एक व्यापक एवं विकराल बुराई है। संसार में स्त्री पुरुष का सम अनुपात बना रहे

* सेण्टेनरी विजिटिंग फेलो भारत अध्ययन केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

इसके लिए कन्याभ्रूण हत्या को रोका जाना एवं कन्या जन्म को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है। क्योंकि लोग यह नहीं समझते की कन्या ही वंश वृद्धि में सहायक है। स्त्री ही सन्तान को जन्म देकर सृष्टि प्रक्रिया को गति प्रदान करती है। महर्षि याज्ञवल्क्य ने इसी तथ्य की ओर सङ्केत कर अप्रत्यक्ष रूप से कन्याभ्रूण हत्या को हतोत्साहित किया है-

लोकानन्त्यं दिवः प्राप्तिः पुत्रपौत्रप्रपौत्रकैः।

यस्मात्तस्मात्स्त्रियः सेव्याः कर्तव्याश्च सुरक्षिताः॥[8]

नारी के प्रति किये जाने वाले अपराधों के लिये दण्ड-

नारियों के प्रति न्याय के लिए याज्ञवल्क्य ने कुछ महत्त्वपूर्ण विधान संकेतित किये हैं, उन्हें सदैव यह ध्यान रहा कि सामाजिक मर्यादाओं में जकड़ी नारी पुरुषों के किन अत्याचारों से कुण्ठा का शिकार हो सकती है। अतः याज्ञवल्क्य ने उन तथ्यों पर विचार कर दण्ड का प्रावधान किया जिनके माध्यम से स्त्रियाँ आक्रान्त की जाती थीं।

महर्षि याज्ञवल्क्य व्यभिचार सम्बद्ध तथ्यों को सबके समक्ष लाना चाहते थे ताकि व्यभिचारी व्यक्ति दण्डित हो और व्यभिचारोन्मुख अन्य व्यक्ति व्यभिचार में प्रवृत्त न हो। याज्ञवल्क्य के काल में बलात्कारी पुरुषों को वध का दण्ड मिलता था-

सजातावुत्तमो दण्ड आनुलोम्ये तु मध्यमः।

प्रातिलोम्ये वधःपुंसो....॥[9]

तथा- **दूषणे तु करच्छेद उत्तमायां वधस्तथा॥**[10]

यहाँ तक कि स्वैरिणी स्त्रियाँ जो पुरुष संसर्ग से अपनी आजीविका चलाती थीं उनसे भी इच्छा के विरूद्ध बलात्कार करने वाले पुरुषों के लिए महर्षि ने दण्ड विधान किया-

प्रसह्य दास्यभिगमे दण्डो दशपणः स्मृतः।

बहूनां यद्यकामाऽसौ चतुर्विंशतिकः पृथक्॥[11]

पति द्वारा अकारण ही पत्नी का त्याग कर देने की स्थिति में पति को पत्नी के भरण पोषण तथा उसे अपनी सम्पत्ति का एक तिहाई भाग देने का निर्देश किया-

आज्ञासंपादिनीं दक्षां वीरसूं प्रियवादिनीम्।

त्यजन्दाप्यस्तृतीयांशमद्रव्यो भरणं स्त्रियाः॥[12]

क्योंकि पत्नी का परित्याग उसके प्रति किया गया अपराध ही है। इस प्रकार पत्नी के लिए जब पति के स्नेह के सम्बल पर आघात हुआ तो उन्होंने धन का सम्बल प्रदान किया।

वर्तमान में स्त्री जाति को लेकर कहे गये अपशब्द अपराध की श्रेणी में नहीं आते और इसके लिए कोई दण्ड व्यवस्था भी नहीं है किन्तु हमारी संस्कृति में पूजनीया नारी को लेकर कहे गये अपशब्द क्या नारी का अपमान नहीं है?

इस संदर्भ में महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा किये गये दण्ड विधान से प्रेरणा लेकर वर्तमान में भी इस विषय को अपराध घोषित किया जाना चाहिए क्योंकि महर्षि ने माँ या बहन से सम्बन्धित अपशब्दों को कहने पर दण्ड की योजना की है-

अभिगन्तास्मि भगिनीं मातरं वा तवेति ह

शपन्तं दापयेद्राजा पञ्चविंशतिकं दमम्॥[13]

इस प्रकार के निर्देश महर्षि की स्त्रियों के प्रति सद्भावना को प्रकट करते हैं।

स्त्रीधन- स्मृतिकारों ने नारी के आर्थिक अधिकारों में विवाह में मिलने वाले स्त्रीधन की चर्चा की है। स्त्रीधन का जो निर्धारण किया गया है उसके अन्तर्गत मुख्यरूप से निम्नलिखित प्रकार के धन आते हैं- विवाह के समय अग्नि के सम्मुख दिया गया धन, पितृगृह से पतिगृह जाते समय दिया गया धन, प्रीतिकर्म में दिया गया धन, आधिवेदनिक शुल्क, बन्धुदत्त अन्वधिक, यौतक, रिक्थ, संविभाग, परिग्रह आदि द्वारा प्राप्त धन।[14] याज्ञवल्क्य स्मृति में भी स्त्रीधन के अन्तर्गत उपरोक्त प्रकारों का ही परिगणन है-

पितृमातृपतिभ्रातृदत्तमध्यग्न्युपागतम्।

आधिवेदनिकाद्यं च स्त्रीधनं परिकीर्तितम्॥[15]

बन्धुदत्तं तथा शुल्कमन्वाधेयकमेव च॥[16]

स्त्री का स्त्रीधन पर पूर्ण अधिकार होता है तथा माता का स्त्रीधन पुत्रियों को प्राप्त होता है-

मातुर्दुहितरः शेषमृणात् ताभ्य ऋतेऽन्वयः॥[17]

तथा-

अप्रजस्त्रीधनं भर्तुर्ब्राह्मादिषु चतुर्ष्वपि।

दुहितृणां प्रसूता चेच्छेषेषु पितृगामि तत्॥[18]

इस प्रकार महर्षि याज्ञवल्क्य ने स्त्रियों के लिए स्त्री धन की व्यवस्था कर उनकी स्थिति को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है।

स्त्री के लिए दायांश की व्यवस्था- जीवन के किसी भी क्षेत्र में कार्यों के सम्पादन में अन्य घटकों के साथ सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अर्थ की होती है। नारी से सम्बद्ध आर्थिक अधिकारों के निर्धारण में याज्ञवल्क्य का योगदान अप्रतिम है वे नारी के लिए स्त्रीधन की व्यवस्था के अतिरिक्त दायांश की भी व्यवस्था करते हैं। याज्ञवल्क्य पिता की सम्पत्ति में कन्याओं का भी अधिकार मानते हैं और कन्याओं को भाईयों के भाग का चौथा हिस्सा देने की व्यवस्था करते हैं-

भगिन्यश्च निजादंशाद्दत्त्वांशं तु तुरीयकम्॥[19]

वे पुत्रवधूओं के भी हित का ध्यान रखते हैं और उनके लिए भी दायांश की व्यवस्था करते हैं-

यदि कुर्यात्समानंशान् पत्न्यः कार्याः समांशिकाः।

न दत्तं स्त्रीधनं यासां भर्त्रा वा श्वशुरेण वा॥[20]

माता के धनाधिकारों की विवेचना करते हुए याज्ञवल्क्य ने निर्देश दिया है कि माता को विभाजन के समय पुत्रों के बराबर दायांश प्रदान करें-

पितुरुर्ध्वं विभजतां माताऽप्यंशं समं हरेत्॥[21]

स्पष्ट है कि नारी के इन आर्थिक अधिकारों का निर्माण महर्षि की दूरदृष्टि का परिचायक है।

बिन्दुओं के अतिरिक्त याज्ञवल्क्य ने स्त्रियों के कुछ विशेषाधिकारों का भी उल्लेख किया है।

यथा-पुत्रियों एवं बहनों जिनका विवाह हो गया हो किन्तु अभी वे अपने माता-पिता तथा भाईयों के साथ हों, गर्भवती स्त्रियों, अविवाहित पुत्रियों को सबसे पहले भोजन खिलाना चाहिए[22]-

- स्त्रीधन दस या बीस वर्षों तक दूसरे द्वारा उपभोग में लाये जाने के पश्चात् भी स्त्री के अधिकार से पृथक नहीं हो सकता।[23]

- पति की मृत्यु के पश्चात् पुत्ररहित विधवा धन की प्रथम दावेदार होती है-

पत्नी दुहितरश्चैव पितरौ भ्रातरस्तथा

तत्सुता गोत्रजा बन्धुशिष्यसब्रह्मचारिणः॥

एषामभावे पूर्वस्य धनभागुत्तरोत्तरः

स्वर्यातस्य ह्यपुत्रस्य सर्ववर्णेष्वयं विधिः॥[24]

इन विशेषाधिकारों के पीछे नारी के जीवन को विविध प्रकार के तिरस्कार एवं अवहेलनाओं से बचाने की मंशा निहित थी।

इस प्रकार याज्ञवल्क्य स्मृति में प्रतिपादित नारी हित से सम्बद्ध उपर्युक्त विचार महर्षि के नारी की मर्यादा एवं प्रतिष्ठा के प्रति सन्तुलित एवं सहिष्णु दृष्टिकोण को उपस्थित करता है। ध्यातव्य है कि महर्षि द्वारा प्रतिपादित नारी हित से सम्बद्ध तथ्य आज के समाज में भी उतने ही प्रासंगिक हैं क्योंकि विचारणीय है कि वर्तमान परिवेश में जबकि सर्वत्र ही नारी जागरण और नारी उत्थान से सम्बद्ध स्वरों और ध्वनियों का उद्घोष हो रहा है, उसमें व्यवहारिक रूप से नारी का हित कितना समादृत है। ऐसे समय में याज्ञवल्क्यस्मृति में की गयी नारी हित सम्बद्ध व्यवस्थाएँ निश्चय ही सराहनीय एवं अनुकरणीय हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. सौन्दर्यलहरी- शङ्कराचार्य
2. याज्ञवल्क्यस्मृति, 1/82
3. मनुस्मृति, 3/55
4. मनुस्मृति, 3/57
5. पी0वी0 काणे, धर्मशास्त्र का इतिहास, भाग-1, पृ0 327 पर उद्धृत
6. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/289
7. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/287
8. याज्ञवल्क्यस्मृति, 1/78
9. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/286
10. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/288
11. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/291
12. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/76
13. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/205
14. मनुस्मृति, 2/194
15. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/143
16. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/144
17. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/117
18. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/145
19. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/124
20. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/115
21. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/123
22. याज्ञवल्क्यस्मृति, 1/105
23. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/25
24. याज्ञवल्क्यस्मृति, 2/135, 136

●

भारतीय समाज के पुनर्जागरण में स्वामी विवेकानन्द का योगदान

*डॉ0 धर्मजंग**

आधुनिक भारत में स्वामी विवेकानन्द के योगदान पर चर्चा करने से पूर्व हमें एक बार तत्कालीन भारत की स्थिति पर भी विचार कर लेना चाहिए । यदि हम स्वामी विवेकानन्द के जन्म के समय से आरम्भ करें तो पाते हैं कि उनका जन्म सन् 1863 में हुआ था, और यह काल भारत में उथल-पुथल का काल था । सन् 1857 की गदर क्रान्ति को समाप्त हुए अभी मात्र छः वर्ष ही बीते थे और सम्पूर्ण भारतीय समाज इस क्रान्ति से गंभीर रूप से प्रभावित था और बंगाल का समाज तो विशेषकर, जहाँ से क्रान्ति की प्रथम चिंगारी फूटी थी । ऐसे समय में एक प्रबुद्ध मध्यमवर्गीय परिवार कभी भी तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव से अछूता-असंपृक्त नहीं रह सकता है । निश्चय ही ऐसा ही स्वामी विवेकानन्द या कहें तो 'नरेन' के साथ भी हुआ होगा । एक संभ्रान्त परिवार में जन्में और उच्च शिक्षा प्राप्त 'नरेन' के मन में भी तत्कालीन परिस्थितिजन्य आक्रोश, क्षोभ, निराशा, अवसाद के साथ प्रबल विरोध की आकांक्षा, कुछ कर गुजरने की तड़प, विद्रोह, चरम आशा इत्यादि का परस्पर विरोधी भाव अवश्य उपजा होगा, या यह कहें कि तत्कालीन परिस्थितियों ने उन्हें गहराई तक प्रभावित किया होगा और वास्तव में ऐसा हुआ भी, जैसा कि हम उनसे सम्बन्धित साहित्य के अध्ययन से समझ पाते हैं ।

सन् 1857 की गदर क्रान्ति ने यह तो स्थापित कर ही दिया था कि भारतवर्ष जो अभी तक विभिन्न राज्य शक्तियों का एक कमजोर सम्मुच्चय था, एक प्रबल विदेशी ताकत के अधीन 'एक राष्ट्र' के रूप में विश्व के नक्शे पर उभर रहा था । यद्यपि यहाँ एक बहुत बड़ा सत्य यह भी था कि भारत में विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग राज शक्तियाँ थी,और आधुनिक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में या 'एक राष्ट्र' के रूप में उसकी पहचान हम नहीं कर सकते हैं । परन्तु एक विशेष सांस्कृतिक, धार्मिक और सामंजस्य की अंतर्धारा उसे एक अदृश्य सूत्र में आबद्ध करती थी । भले ही राज करने वाली शक्तियाँ एक वृहद भौगोलिक 'भारतवर्ष' में भिन्न-भिन्न हों पर भारत की जनता आत्मिक रूप से उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक आपस में गहरे जुड़ी हुई थी । इस जुड़ाव को कई वर्ष पूर्व आदि शंकराचार्य ने भारत भूमि की चारों दिशाओं में चार पीठों की स्थापना करके एक अदृश्य आध्यात्मिक, धर्मिक चेतना के सूत्र से आबद्ध कर दिया था ।

ऐसे में केन्द्रीय सत्ता के रूप में स्थापित ब्रिटिश राज्य का पहला महत्त्वपूर्ण लक्ष्य यही था कि एक कठोर, सशक्त, केन्द्रीय राजनीतिक सत्ता के साथ-साथ भारतीय जनता के दिल और दिमाग पर भी अपना प्रभुत्त्व स्थापित करने का प्रयास किया जाए। अब चूँकि 1857 के विप्लव का प्रमुख क्षेत्र उत्तर भारत और पूर्वी भारत का क्षेत्र ही था अतः इस क्षेत्र में ही सर्वप्रथम और सघन रूप में ब्रिटिश शासन की प्रतिक्रियावादी नीतियों का प्रभाव परिलक्षित होता है । राजनीतिक रूप से तो सत्ता का स्थानान्तरण भारतीय हाथों से ब्रिटिश हाथों में हो ही गया था, साथ ही अब यह विदेशी शक्ति भारत को अपनी शासकीय नीतियों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर करने का निरंतर प्रयास कर रही थी । भारत से धन-सम्पदा का एकतरफा प्रवाह ब्रिटेन की तरफ हो रहा था । इस सन्दर्भ में एक सटीक टिप्पणी हमें ब्रिटिश राजनीतिज्ञ जान सुलीवान की मिलती है कि **''ब्रिटिश शासन प्रणाली एक ऐसे स्पंज की तरह कार्य करती है जो गंगा तट से प्रत्येक अच्छी वस्तु को सोख लेती है और फिर उसे टेम्स के तट पर निचोड़ देती है।''**[1] इसके साथ ही शासन और शासन द्वारा प्रायोजित-समर्थित मिशनरियाँ भी भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा पर भयंकर कुठाराघात कर रही थी और इसे सड़ा-गला, पुरातनपंथी, पोंगापंथी, अवैज्ञानिक आदि सिद्ध करने का प्रयास कर रही थी ताकि भारतीय जनता मनोवैज्ञानिक रूप से टूट जाए और ब्रिटिश साम्राज्य की श्रेष्ठता और संस्कृति की महानता को स्वीकार कर उनका शासन स्वीकार कर ले तथा भविष्य में फिर सिर उठाने का साहस न कर सके । ब्रिटिश शासन की शिक्षा नीति, उसकी प्रचार नीति, उसकी नियंत्रित शासन प्रणाली तथा ईसाई मिशनरियों को प्रश्रय देने की नीति के कारण भारत की सामान्य जनता बहुसंख्यक रूप में स्वयं को हीन, दमित तथा आत्मग्लानि से ग्रस्त महसूस करती थी । उसके पास शासन की बेधक, ताड़क और वैचारिक रूप से कमजोर करने वाली नीतियों का सामाजिक, आध्यात्मिक तथा दार्शनिक रूप से जवाब देने वाली किसी सशक्त वाणी का एक प्रकार से अभाव था । यद्यपि यहाँ पर कोई यह प्रश्न उठा सकता है कि विवेकानन्द के आविर्भाव के पूर्व भी तो भारत में कई महान विभूतियाँ अपना सक्रिय योगदान भारतीय समाज में कर रही थीं । जैसे कि राजाराम मोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, देवेन्द्रनाथ

* शोध सहायक, मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

ठाकुर, महादेव रानाडे इत्यादि, फिर विवेकानन्द को ही प्रमुखता क्यों दी जाए? उत्तर में यह कहना समीचीन होगा कि स्वामी विवेकानन्द के पूर्व भी कई मनीषियों, समाजसेवियों और विद्वानों ने अंग्रेजी शासन के कुप्रचार से लड़ने और भारतीय समाज में जागरण लाने का सफल प्रयास अवश्य किया, परन्तु उन सभी के प्रभाव क्षेत्र का फलक उतना व्यापक और वृहद नहीं था, जितना कि स्वामी विवेकानन्द का था ।

इसके अलावा हम पाते हैं कि स्वामी विवेकानन्द के जन्म से दो वर्ष पूर्व ही भारत में तीन ऐसे महान व्यक्तियों का जन्म होता है जो भारत की बहुसंख्यक जनता को अपनी विचारणा से, अपनी नेतृत्त्व शक्ति से व्यापक रूप से प्रभावित करते हैं । ये थे- पं० मोतीलाल नेहरु, पं० मदनमोहन मालवीय और गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर । इसी प्रकार हम कुछ और महान व्यक्तियों को भी चिह्नित कर सकते हैं । इन सभी ने अपनी-अपनी सीमाओं में भारत की जनता को गहरे प्रभावित किया । साथ ही उस समय भारत में कई धार्मिक और सामाजिक सुधार आन्दोलन भी चल रहे थे, जिनसे भी जनता गहरे प्रभावित थी। पर इन सबके बावजूद भी भारत की आत्मा जो मूल रूप में धार्मिक थी, जिसे स्वामी जी भी स्वीकार करते हैं और कहते हैं कि **''भारतीय मन पहले धार्मिक है फिर कुछ और अतः धर्म को सशक्त बनाना होगा ।''**[2] उस आत्मा का पुनर्जागरण करने का महती कार्य स्वामी विवेकानन्द ही करते हैं ।

तत्कालीन भारत में जितनी भी राष्ट्रवादी शक्तियाँ थी वे राजनीतिक और सामाजिक रूप से भारत की जनता का नेतृत्त्व करने का प्रयास तो कर रही थी परन्तु आध्यात्मिक रूप से भारतीय चिन्तनधारा, संस्कृति और दर्शन का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली चेतना शक्ति की कमी को हम ऐतिहासिक दृष्टि से परिलक्षित कर सकते हैं । विदेशी शक्ति की दुराग्रहपूर्ण प्रचार नीति के खिलाफ देश में एक ऐसी तार्किक, मुखर और सशक्त वाणी की आवश्यकता थी जो भारत की आम जनता की आवाज बन सके और साथ ही दमन की शिकार जनता के मन में आस्था और धर्म के सच्चे स्वरूप का दीप प्रज्ज्वलित कर सके । क्योंकि दमित जनता या तो ईश्वर तथा आत्मतत्त्व के प्रति अनास्था की शिकार हो जाती है या धार्मिक भ्रम की । ऐसे समय आत्मिक रूप से बिखरते जनमानस के बीच अद्वैत वेदान्त के दार्शनिक सूत्र का सरल किन्तु सशक्त प्रतिपादन कर स्वामी विवेकानन्द आम जनता में एक अद्भुत उर्जा का संचार करते हैं ।

हम तत्कालीन भारत में भारत की जनता का राजनीतिक नेतृत्त्व करने में सक्षम व्यक्तित्त्व तो बहुतायत में पाते हैं परन्तु आध्यात्मिक नेतृत्त्वकर्ताओं की ऐसी बड़ी संख्या हम परिलक्षित नहीं कर सकते हैं । देश को किसी ऐसे व्यक्तित्त्व की आवश्यकता थी, जो भारत की सनातन सांस्कृतिक परंपरा की महानता को, उसके धार्मिक वैशिष्ट्य को पुनर्स्थापित कर सके । स्वामी विवेकानन्द अपने अल्प जीवन में यही महान कार्य कर भारत की आत्मा का पुनर्जागरण करते हैं । वे कहते भी हैं कि **''हमारा धर्म ही हमारे तेज, हमारे बल, यही नहीं हमारे जातीय जीवन की मूल भित्ति है ।''**[3] वे भारत की समृद्ध दार्शनिक-आध्यात्मिक परंपरा का दुदुंभिघोष करके न केवल देश में विदेशी शासन और उनके मिशनरियों को करारा जवाब देते हैं बल्कि विश्व धर्म महासभा और उसके बाद अमेरिका और यूरोप में भी भारतीय संस्कृति के महान ध्वजवाहक सिद्ध होते हैं । इनका यह जयघोष स्वाभाविक रूप से भारतीय समाज में एक अद्भुत उर्जा का संचार करता है ।

यद्यपि आध्यात्मिकता विद्वतता की मांग नहीं करती है और तत्कालीन भारत की बहुसंख्यक जनता अधिक पढ़ी-लिखी न भी हो, पर उसमें आध्यात्मिक चेतना का स्फुरण अवश्य था । भारतीय जनमानस की सदियों की परंपरा से विकसित एक अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक-धार्मिक-आध्यात्मिक दृष्टि तो थी ही, जिस पर विदेशियों द्वारा गंभीर वैचारिक प्रहार कर उसे दोयम दर्जे की सिद्ध करने का प्रयास किया जा रहा था । इस सम्बन्ध में एक हास्यास्पद कथन एक अंग्रेज राजनीतिज्ञ लार्ड मैकाले का मिलता है जब वे 1835 के अपने महत्त्वपूर्ण स्मरण पत्र में कहते हैं कि **''भारत का सम्पूर्ण ज्ञान यूरोप की किसी एक लाइब्रेरी की एक आलमारी में समा सकता है ।''**[4] ऐसे कठिन समय में स्वामी विवेकानन्द का उदय भारतीय समाज में नवजीवन का संचार करने वाला था । उनका तार्किक रूप से प्रबुद्ध होना, उच्च शिक्षा प्राप्त होना तथा तत्कालीन शासकीय भाषा के दर्शन और भाषा का अच्छा जानकार होना, आम भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत था । वे अपने तीखे तर्कों से अंग्रेजों के वैचारिक प्रहारों का करारा जवाब देते हैं, जिससे आम जन के मन में अपनी धार्मिक-सांस्कृतिक विशिष्टता के प्रति विश्वास जगता है । जनता के अस्तित्त्वबोध को संबल मिलता है । स्वामी जी भारतीय समाज की खंडित आस्था का पुनर्निर्माण करते हैं । वे भारतीय समाज को आध्यात्मिक और भावनात्मक प्रशिक्षण देकर एक मजबूत विपक्षी से लड़ने में समर्थ बनाते हैं । स्वामी जी निरंतर संपूर्ण भारत में भ्रमण करते रहते हैं और इस क्रम में भारत की आम जनता, विद्वत समाज, राजा-महाराजा के बीच अपने गंभीर, तार्किक और वैचारिक उद्बोधनों के माध्यम से उनकी सुप्त चेतना शक्ति के जागरण का प्रयास करते हैं ।

मद्रास में एक सभा में 'भारत का भविष्य' विषय पर अपना व्याख्यान देते हुए वे कहते हैं कि **''भविष्य के भारत निर्माण का पहला कार्य, वह पहला सोपान, जिस युगों के उस महाचल पर खोदकर बनाना होगा, भारत की यह**

धार्मिक एकता ही है ।''[5] चूँकि उन्हें भारत की आत्मा की पूर्ण पहचान थी इसलिए वे स्पष्ट रूप से कहते हैं कि **''हमारी आध्यात्मिकता ही हमारा जीवन रक्त है।''**[6] वे भारतीय समाज के उस मर्मस्थल पर अपनी उंगली रखते हैं जो भारतीय समाज का सबसे सबल पक्ष था और जिस पर परिस्थितियों की धूल जमा हो गई थी । स्वामी जी अपने गंभीर विचारणा रूपी वायु प्रवाह से इस धूल-गर्द को साफ कर देते हैं । समाज में कर्म-ज्ञान-भक्ति के संदर्भ में एक वैचारिक भ्रम की स्थिति थी । यह आम धारणा थी कि साधु-सन्यासी को सामान्य सामाजिक जीवन से क्या लेना देना है, या एक बौद्धिक विद्वान व्यक्ति के लिए शारीरिक श्रम हेय है, या फिर शारीरिक श्रम से आजीविका प्राप्त करने वाले व्यक्ति के लिए ज्ञान और भक्ति का मार्ग सुलभ नहीं है । इस प्रकार के सभी भ्रमों को वे अपने तर्कों से दूर कर देते हैं । उनके लिए किसी विद्यार्थी का अध्ययन कक्ष, किसान का खेत, कोई कारखाना या किसी युवक का खेल का मैदान भगवद् साक्षात्कार के वैसे ही श्रेष्ठ और उत्तम स्थान थे, जैसे कोई मंदिर या साधु की कुटिया । उनके लिए मानव की सेवा और ईश्वर की पूजा, पौरुष तथा श्रद्धा, सच्चे नैतिक बल और आध्यात्मिकता में कोई अन्तर नहीं था ।

भारतीय मानस को अंधविश्वास, चमत्कार और अविचारणीय कर्मकाण्ड के प्रति सचेत करते हुए वे कहते हैं कि **''...परमात्मा के पास दुर्बल लोग नहीं पहुँच सकते हैं और ये सब लौकिक वस्तुएँ दुर्बलता उत्पन्न करने वाली हैं । अतः भूलकर भी इनके निकट न जाओ। इनसे मनुष्य केवल कमजोर बनता है, दिमाग में गड़बड़ी पैदा होती है, मन दुर्बल हो जाता है, आत्मा का नैतिक पतन होता है और नैराश्यपूर्ण संभ्रम ही इसका अन्तिम फल होता है।''**[7] एक अन्य स्थान पर वे कहते हैं कि **''जहां तक युक्ति से समझाया जा सकता है, वहाँ तक समझाने की कोशिश करूँगा । परन्तु मैं जो नहीं समझा सकता, उसके बारे में कह दूँगा, 'शास्त्र का यह कथन है', यह अन्धविश्वास करना ठीक नहीं। अपनी विचार शक्ति और युक्ति काम में लानी होगी । यह प्रत्यक्ष करके देखना होगा कि शास्त्र में जो कुछ लिखा है, वह सत्य है या नहीं । भौतिक विज्ञान तुम जिस ढंग से सीखते हो, ठीक उसी प्रणाली से धर्म विज्ञान सीखना होगा।''**[8] इस प्रकार वे जहाँ एक तरफ अपनी तार्किकता और बौद्धिकता से भारतीय समाज के धार्मिक भ्रम को स्पष्ट कर रहे होते हैं, वही अपने सबल तर्कों से हिन्दू धर्म विरोधी प्रहारों का सफल प्रतिकार भी करते हैं । वे कहते हैं, **''अनेकता में एकता प्रकृति का विधान है और हिन्दुओं ने इसे स्वीकार किया है । अन्य प्रत्येक धर्म में कुछ निर्दिष्ट मतवाद विधिबद्ध कर दिए गए हैं और सारे समाज को उन्हें मानना अनिवार्य कर दिया जाता है । वह समाज के सामने केवल एक कोट रख देता है, जो जैक, जॉन और हेनरी सभी को ठीक होना चाहिए । यदि वह जॉन या हेनरी के शरीर में ठीक नहीं आता, तो उसे अपनी तन ढकने के लिए बिना कोट के ही रहना होगा । हिन्दुओं ने यह जान लिया है कि निरपेक्ष ब्रह्मतत्त्व का साक्षात्कार, चिन्तन या वर्णन केवल सापेक्ष के सहारे ही हो सकता है, और मूतियाँ, क्रूस या नवोदित चन्द्र केवल विभिन्न प्रतीक हैं, वे मानों बहुत सी खूटियाँ हैं, जिनमें धार्मिक भावनाएँ लटकायी जाती हैं । ऐसा नहीं है कि इन प्रतीकों की आवश्यकता हर एक के लिए हो, किन्तु जिनको अपने लिए इन प्रतीकों की सहायता की आवश्यकता नहीं है, उन्हें यह कहने का अधिकार नहीं कि वे गलत हैं । हिन्दू धर्म में वे अनिवार्य नहीं हैं ।''**[9] इस प्रकार हम देख सकते हैं कि स्वामी विवेकानन्द अपनी तर्कणा शक्ति और प्रखर वाणी से भारतीय समाज में अलौकिक उर्जा का संचार करने में सफल होते हैं । उनका व्यक्तित्त्व न सिर्फ सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए अत्यन्त प्रेरणास्पद साबित होता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी वे अपनी प्रतिभा से असंख्यों को चमत्कृत करते हैं ।

भारतीय समाज के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के अतिरिक्त विवेकानन्द समाज के अन्य पक्षों पर भी अपनी पैनी दृष्टि रखते हैं, जैसे कि शिक्षा, स्त्रियों की दशा, दलित ओर निम्न वर्गीय समाज की स्थिती इत्यादि । इन बिन्दुओं पर भी वे अपनी गहन वैचारिक दृष्टि का परिचय देते हुए उचित सुधार की दिशा में अग्रसर होने को प्रेरित करते हैं । शिक्षा के वास्तविक अर्थ के रूपायित करते हुए इसे वे जानकारियों का संकलन मात्र न कह कर, इसके आत्मसातीकरण पर बल देते हैं। वे कहते हैं कि **'शिक्षा विविध जानकारियों की ढेर नहीं है, जो तुम्हारे मस्तिष्क में ठूँस दिया गया है और आत्मसात हुए बिना वहाँ आजन्म पड़ा रहकर गड़बड़ मचाया करता है । हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आश्यकता है, जो जीवन निर्माण, 'मनुष्य निर्माण' तथा चरित्र निर्माण में सहायक हो । यदि तुम केवल पाँच ही परखे हुए विचार आत्मसात कर उनके अनुसार अपने जीवन और चरित्र की निर्माण कर लेते हो, तो तुम एक पूरे ग्रन्थालय को कण्ठस्थ करने वाले की अपेक्षा अधिक शिक्षित हो । यदि शिक्षा का अर्थ जानकारी ही होता, तब तो पुस्तकालय संसार में सबसे बड़े सन्त हो जाते और विश्वकोष महान ऋषि बन जाते।''**[10] इसके साथ ही वे तत्कालीन विदेशी शासन व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित शिक्षा प्रणाली के दोषों को भी रेखांकित करते हुए भारतीय समाज के अनुकूल शिक्षा की बात करते हैं । उनका कहना था कि **''विदेशी भाषा में दूसरे कि विचारों को रखकर, अपने मस्तिष्क में उन्हें ठूँसकर और विश्वविद्यालयों की कुछ पदवियाँ प्राप्त करके,**

तुम अपने को शिक्षित समझते हो । क्या यही शिक्षा है? तुम्हारी शिक्षा का उद्देश्य क्या है? या तो मुंशीगिरी मिलना, या वकील हो जाना, या अधिक से अधिक डिप्टी मैजिस्ट्रेट बन जाना, जो मुंशीगिरी का ही दूसरा रुप है-बस यही न? इससे तुमको या तुम्हारे देश को क्या लाभ होगा ? आँखे खोलकर देखो; जो भारतखण्ड अन्न का अक्षय भण्डार रहा है, आज वहीं उसी अन्न के लिए कैसी करुण पुकार उठ रही है । क्या तुम्हारी शिक्षा इस अभाव की पूर्ति करेगी? वह शिक्षा जो जनसमुदाय को जीवन-संग्राम के उपयुक्त नहीं बनाती, जो उनकी चरित्र्य-शक्ति का विकास नहीं करती, जो उनमें भूत-दया का भाव और सिंह का साहस पैदा नहीं करती, क्या उसे हम 'शिक्षा' का नाम दे सकते हैं ?''[11] विवेकानन्द ऐसी शिक्षा पर बल देते हैं जिससे देश के नागरिकों का चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण हो सके । वे भारतीय समाज को स्वावलम्बी बनाने वाली, उसे सशक्त बनाने वाली शिक्षा की वकालत करते हैं । इस संदर्भ में वे कहते हैं कि **''हमें तो ऐसी शिक्षा चाहिए, जिससे चरित्र बने, मानसिक बल बढ़े, बुद्धि का विकास हो और जिससे मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके । हमें आवश्यकता इस बात की है कि हम विदेशी अधिकार से स्वतंत्र रहकर अपने निजी ज्ञान भंडार की विभिन्न शाखाओं का और उसके साथ ही अंग्रेजी भाषा और पाश्चात्य विज्ञान का अध्ययन करें । हमें यांत्रिक और ऐसी सभी शिक्षाओं की आवश्यकता है, जिनसे उद्योग-धन्धों की वृद्धि और विकास हो, जिनसे मनुष्य नौकरी के लिए मारा-मारा फिरने के बदले अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त कमाई कर सके और आपतकाल के लिए संचय भी कर सके।''**[12]

इसी प्रकार भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति पर भी स्वामी विवेकानंद अपना गंभीर चिंतन और विमर्श प्रस्तुत करते हैं। वे कहते हैं कि **''सभी उन्नत राष्ट्रों ने स्त्रियों को समुचित सम्मान देकर ही महानता प्राप्त की है । जो देश, जो राष्ट्र स्त्रियों का आदर नहीं करते, वे कभी बड़े नहीं हो पाये और न भविष्य में ही कभी बड़े होंगे।..... हमारे देश के इस पतन का मुख्य कारण यह है कि हमने शक्ति की इन सजीव प्रतिमाओं के प्रति आदर बुद्धि न रखी । ..... जहाँ ये स्त्रियाँ उदासीन और दुःखी जीवन व्यतीत करती हैं, उस कुटुम्ब या देश की उन्नति की कोई आशा नहीं हो सकती।''**[13] विवेकानन्द के इस कथन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वे स्त्रियों के सशक्तीकरण के कितने बड़े हिमायती थे । और यह सत्य भी है कि किसी समाज की आधी आबादी को सशक्त बनाये बिना उस समाज का सबलीकरण नहीं हो सकता है । भारतीय समाज में स्त्रियों के सशक्तीकरण एवं विकास के लिए विवेकानन्द उपयुक्त एवं व्यवस्थित शिक्षा को अपरिहार्य मानते हैं । एक जगह इसकी रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए वे कहते हैं कि **''सुशिक्षित और सच्चरित्रवती ब्रहमचारिणियाँ शिक्षा-कार्य का भार अपने ऊपर लें । ग्रामों और शहरों में केन्द्र खोलकर स्त्री शिक्षा के प्रचार का प्रयत्न करें । ऐसी सच्चरित्र, निष्ठावान उपदेशिकाओं के द्वारा देश में स्त्री शिक्षा का यथार्थ प्रचार होगा । इतिहास और पुराण, गृहव्यवस्था और कला-कौशल, गृहस्थ-जीवन के कर्त्तव्य और चरित्र गठन के सिद्धान्तों की शिक्षा देनी होगी । और दूसरे विषय, जैसे सीना-पिरोना, गृहकार्य-नियम, शिशु-पालन आदि भी सिखाये जाएँगे । जब, पूजा और ध्यान शिक्षा के अनिवार्य अंग होंगे । दूसरे गुणों के साथ उन्हें शूरता और वीरता के भाव भी प्राप्त करने होंगे ।''**[14] उनका यह सुव्यवस्थित चिंतन और संदेश समाज के एक बड़े वर्ग को प्रभावित और दिग्दर्शित करता है ।

भारतीय समाज में स्त्रियों के अतिरिक्त दलित और निम्न वर्ग के प्रति भी स्वामी विवेकानन्द के हृदयोद्गार सदैव उनके विभिन्न व्याख्यानों, लेखों में प्रकट होते रहते थे । वे समाज के एक बहुत बड़े वर्ग की दशा के बारे में सदैव चिन्तित रहते थे। एक स्थान पर वे कहते हैं कि **''भारतवर्ष के गरीबों और निम्न वर्ग के लोगों की दशा का स्मरण कर मेरा हृदय फटा जाता है । ये दिन-पर-दिन नीचे गिरते जा रहे हैं । नित्य समाज के द्वारा अपने ऊपर होने वाले आघातों का वे अनुभव तो करते हैं, पर वे जानते नहीं हैं कि ये आघात कहाँ से आ रहे हैं । वे यह भूल गए हैं, कि वे भी मनुष्य हैं । ..... हमारा महान राष्ट्रीय पाप है जनसमुदाय की उपेक्षा करना, और यही हमारे अधःपतन का कारण है । राजनीति चाहे जितनी अधिक मात्रा में रहे, पर उससे तब तक कोई लाभ न होगा जब तक भारतवर्ष की जनता पुनः एक बार सुशिक्षित न हो जाए, जब तक उसे भर-पेट भोजन न मिले और हर प्रकार से उसकी सुख-सुविधा की ओर ध्यान न दिया जाए।''**[15] उन्हें भारतवर्ष की वास्तविक स्थिति का पूर्ण भान था। क्योंकि उन्होंने अपने जीवनकाल में एक सन्यासी के रूप में पूरे भारतवर्ष में भ्रमण किया था । वे अपने व्याख्यानों में पूरे राष्ट्र के जागरण की बात करते हैं । वे कहते हैं कि **''स्मरण रहे, हमारा राष्ट्र झोपड़ियों में बसता है । वर्तमान समय में तुम्हारा कर्त्तव्य है कि तुम देश के एक भाग से दूसरे भाग में जाओ, और गाँव-गाँव जाकर लोगों को समझाओं कि अब आलस्य के साथ केवल बैठे रहने से काम नहीं चलेगा । उन्हें उनकी यर्थाथ अवस्था का परिचय कराओ और कहो, ''भाइयों,! सब कोई उठो! जगो! अब और कितना सोओगे!'' जाओ और उन्हें अपनी अवस्था सुधारने की सलाह दो, और शास्त्रों**

की बातों को विशद रूप से सरलतापूर्वक समझाते हुए उदात्त सत्यों का ज्ञान कराओ । उनके मन में यह बात जमा दो कि ब्राह्मणों के समान उनका भी धर्म पर वहीं अधिकार है । सभी को, चाण्डाल तक को भी, इन्हीं जाज्वल्यमान मन्त्रों का उपदेश दो। उन्हें सरल शब्दों में जीवन के लिए आवश्यक विषयों तथा वाणिज्य-व्यापार और कृषि आदि की भी शिक्षा दो ।''[16] उनका संपूर्ण प्रयास भारतीय जनमानस का केवल आध्यात्मिक उन्नतिकरण करना ही नहीं था, वरन् समाज का समग्र विकास उनके चिन्तन और कर्म का केन्द्र बिन्दु था।

भारतीय समाज के पुनर्जागरण में, उसके आत्मविश्वास में वृद्धि के अतिरिक्त उनके एक और महती योगदान को हम रेखांकित किए बिना नहीं रह सकते हैं और वह है उनके द्वारा 'रामकृष्ण मिशन' संस्था की स्थापना । यहाँ कोई यह भी कह सकता है कि 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना का पूर्ण श्रेय केवल स्वामी विवेकानंद को कैसे दिया जा सकता है जबकि इसकी स्थापना में परमहंस स्वामी रामकृष्ण के कई शिष्य सम्मिलित थे । तो यहाँ संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि किसी संगठन की स्थापना में चार महत्त्वपूर्ण कारक होते हैं- प्रेरक, नेतृत्त्वकर्ता, संगठनकर्ता और कार्यकर्ता । कई बार प्रेरक, नेतृत्त्वकर्ता और संगठनकर्ता एक ही व्यक्ति होता है । परन्तु रामकृष्ण मिशन के संदर्भ में प्रेरक तो स्वयं स्वामी रामकृष्ण थे और एक श्रेष्ठ नेतृत्त्वकर्ता और संगठनकर्ता की सशक्त भूमिका का निर्वहन प्रारम्भ में स्वामी विवेकानन्द ही करते हैं और अंतिम तत्त्व-कार्यकर्ता के रूप में तो एक ही भावभूमि के स्वामी रामकृष्ण के समस्त शिष्य थे ही । यहाँ यह ध्यातव्य है कि 'रामकृष्ण मिशन' पूर्णतः एक आध्यात्मिक संगठन के रूप में स्थापित होता है न कि एक राजनीतिक या सामाजिक संगठन के रूप में । परन्तु विवेकानन्द उसे अपने दार्शनिक और सैद्धान्तिक आयामों से एक ऐसे संगठन के रूप में खड़ा करते हैं जो कि आगे चलकर भारतीय समाज में अपनी महती सामाजिक भूमिका का उत्कृष्ट अवदान करता है । विवेकानन्द एक संगठन के निर्माण और उसके सुचारू संचालन के गंभीर संकटों से भी भली-भाँति परिचित थे तभी लंदन में सन् 1896 में 'संडे टाइम्स' के संवाददाता को दिए अपने एक साक्षात्कार में वे कहते हैं कि **''जब संगठन बनाए जाते हैं, तो उनकी देखरेख के लिए व्यक्तियों की आवश्यकता होती है और वे जिन्होंने सन्यास लिया है अर्थात् जिन्होंने सब सांसारिक पद, सम्पदा और ख्याति त्याग दी है तथा जिनका उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान की खोज है, इस काम को नहीं संभाल सकते और फिर वह दूसरों के हाथों में चला जाता है।''**[17] अतः वे प्रारम्भ से ही ऐसे कठोर नियमों, अनुशासनों से 'रामकृष्ण मिशन' को आबद्ध कर संचालित करने का प्रयास करते हैं जिससे कि आगे चलकर भी 'मिशन' अपने मार्ग से च्युत न हो पाए और इसके कार्यकर्ता तथा इसकी ख्याति पर कोई आंच न आने पाए और जहाँ तक मैं समझता हूँ कि आज भी वे अपने इस उद्देश्य में पूर्णतः सफल दिखाई पड़ते हैं, जब हम उनकी जन्म की 150वीं जयंती को कुछ वर्ष पूर्व उल्लासपूर्वक मना चुके हैं ।

निश्चित रूप से तत्कालीन समय में भारत को एक ऐसे संगठन की आवश्यकता थी जो आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से भारतीय समाज का मार्गदर्शन कर सके । चूँकि भारत की औपचारिक शिक्षा प्रणाली पर विदेशी शक्ति का प्रभाव था, अतः ऐसे समय 'रामकृष्ण मिशन' अपनी अनौपचारिक शिक्षण और मार्गदर्शन से भारतीय समाज को एक नवीन दिशा और उर्जा प्रदान करने में सफल होता है । इस महती आवश्यकता को स्वामी विवेकानन्द अत्यन्त प्रारम्भ से ही लक्षित कर लेते हैं । एक स्थान पर वे कहते हैं कि **''.....अतः यदि भारत को महान बनना है, उसका भविष्य उज्ज्वल बनाना है, तो इसके लिए आवश्यकता है संगठन की, शक्ति संग्रह की और बिखरी हुई इच्छा शक्ति को एकत्र कर उसमें समन्वय लाने की।''**[18] इसलिए उनके द्वारा स्थापित और संगठित 'रामकृष्ण मिशन' संस्था भारतीय समाज को दिए गए कई अवदानों में एक प्रमुख अवदान है । स्वामी विवेकानन्द के शुभ संकल्पों और महती प्रयासों से संगठित 'रामकृष्ण मिशन' आज न केवल भारत में बल्कि भारत के बाहर भी सम्पूर्ण मानवता के उत्तरोत्तर विकास में अपनी जिस स्पृहणीय और सराहनीय भूमिका का निर्वहन कर रहा है उसे देखते हुए हम स्वामी विवेकानन्द को ऋणी भाव से स्मरण किए बिना नहीं रह सकते हैं ।

अन्त में अपने आलेख को समाप्त करते हुए मैं यही कहना चाहूँगा कि स्वामी विवेकानन्द के योगदान को मात्र कुछ शब्दों, वाक्यों या पृष्ठों में वर्णित करने का प्रयास 'गागर में सागर भरने' या फिर 'सूरज को दीपक दिखाने' जैसा होगा । यह आलेख मात्र स्वामी जी को अत्यन्त कृतज्ञ और श्रद्धानवत भाव से स्मरण करने का एक लघु प्रयास है और मेरे, हम सबके प्रेरणास्रोत, युगपुरुष विवेकानंद को एक भाव श्रद्धांजलि है । अपनी बात को मैं स्वामी जी के एक कथन से समाप्त करना चाहूँगा कि **''अपने आप पर अगाध, अटूट विश्वास रखो, वैसा ही विश्वास, जैसा मैं बाल्यकाल में अपने ऊपर रखता था और जिसे मैं अब कार्यान्वित कर रहा हूँ । तुममें से प्रत्येक अपने आप पर विश्वास रखो । यह विश्वास रखो कि प्रत्येक आत्मा में अनंतशक्ति विद्यमान है, तभी तुम सारे भारतवर्ष को पुनरूज्जीवित कर सकोगे।''**[19]

सन्दर्भ सूची

1. ग्रोवर, बी०एल० एवं यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास एक नवीन मूल्यांकन, एस० चन्द एण्ड कम्पनी लि०, नई दिल्ली 2003, पृ०-441
2. विवेकानन्द साहित्य संचयन, प्रकाशक-रामकृष्ण मठ, नागपुर, संस्करण-2000, पृ०-125
3. वही, पृ०-124
4. आधुनिक भारत का इतिहास एक नवीन मूल्यांकन, पृ०-255
5. विवेकानन्द साहित्य संचयन, पृ०-123
6. वही, पृ०-124
7. वही, पृ०-50
8. वही, पृ०-60
9. वही, पृ०-12
10. स्वामी विवेकानन्द शिक्षा, रामकृष्ण मठ, नागपुर, 2009, पृ०-06
11. वही, पृ०-06
12. वही, पृ०-06
13. वही, पृ०-52
14. वही, पृ०-55
15. वही, पृ०-56
16. वही, पृ०-58
17. विवेकानन्द साहित्य संचयन, पृ०-212
18. वही, पृ०-131
19. वही, पृ०-135

●

अग्निपुराण के अनुसार रसस्वरूपविमर्श

वन्दना देवी[*] एवम् प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी[**]

संस्कृत साहित्यशास्त्र में रस को काव्य का सर्वोपरि तत्त्व काव्यात्म के रूप में स्वीकार किया गया है। रस शब्द की अत्यन्त परिष्कृत व्युत्पत्ति आचार्य भरत ने की है-

रस्यते आस्वाद्यते इति रसः[1]

अर्थात् जिसका आस्वादन किया जाए वह रस है अथवा जो आस्वाद्यमान हो वह रस है। आचार्य भरत कहते हैं कि जिस प्रकार से विविध व्यञ्जनादि से सुसंस्कृत भोज्य पदार्थ को बनाते हुए पुरुष रसों का आस्वादन करते हैं, उसी प्रकार सहृदय भी विभावादि सामग्री से व्यञ्जित रसों का आस्वादन करते हैं।

रस की महत्ता प्रतिस्थापित करते हुए तैत्तिरीयोपनिषद् में इस प्रकार कहा गया है-

रसो वै सः। रस, ह्यैवायं लब्ध्वाऽऽनन्दी भवति।[2]

यहाँ 'सः' से रस की महत्ता ईश्वर के समकक्ष स्थापित की गयी है। पुराणों में अनिर्वचनीय योगदान प्रदान करने वाले महर्षि वेदव्यास ने रस को ही काव्य का प्राणतत्त्व मानते हुए कहा है-

वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवाऽत्र जीवितम्।[3]

रस तत्त्व का मूल विचारक यद्यपि आचार्य भरत को माना जाता है तथापि यह भी माना जाता है कि आचार्य भरत से पूर्व आचार्य नन्दिकेश्वर ने भी रससिद्धान्त प्रस्तुत किया था, जिसका उल्लेख आचार्य राजशेखर ने अपने ग्रन्थ काव्यमीमांसा[4] के प्रथम अध्याय के अन्तर्गत किया है।

परन्तु आचार्य नन्दिकेश्वर का रससम्बन्धी कोई ग्रन्थ अद्यावधि प्राप्त न होने के कारण आचार्य भरत को ही रस सिद्धान्त का आद्याचार्य स्वीकार किया जाता है। यद्यपि आचार्य भरत से लगभग दो शताब्दी पूर्व वात्स्यायन के कामसूत्र में रस तत्त्व का उल्लेख प्राप्त होता है, जैसा कि आचार्य वात्स्यायन ने अपने ग्रन्थ कामसूत्र में कहा है-

तदिष्टं भावलीलानुवर्तनम् ।[5]

अर्थात् भावों का अनुवर्तन ही रस है। तथापि आचार्य भरत ने रस का सर्वाधिक सारगर्भित एवं निर्दुष्ट लक्षण प्रस्तुत कर रस तत्त्व को अन्य पूर्ववर्ती आचार्यों की अपेक्षा अत्यधिक स्पष्ट एवं प्रमाणिक रूप में प्रस्तुत किया है। आचार्य भरत रस तत्त्व की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहते हैं-

न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते।[5]

अर्थात रस के अभाव में कोई भी अर्थ प्रयुक्त नहीं होता है अथवा प्रवर्तित नहीं होता है।

आचार्य भरत ने अपने ग्रन्थ नाट्यशास्त्र में रसतत्त्व को इस प्रकार परिभाषित किया है-

विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः।[6]

अर्थात् विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी भावों से रस की निष्पत्ति होती है। यहाँ पर आचार्य भरत विभावादि को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि लोक में जो कारण कार्य एवं सहकारी होते हैं काव्य में वही विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी भाव कहलाते हैं।

आचार्य भरत के इस रससूत्र पर चार प्रमुख आचार्यों ने अपनी अपनी व्याख्याएँ प्रस्तुत की हैं जो इस प्रकार हैं-

1. आचार्य भट्टलोल्लट - उत्पत्तिवाद।
2. आचार्य शङ्कुक - अनुमितिवाद।
3. आचार्य भट्टनायक - भुक्तिवाद।
4. आचार्य अभिनवगुप्त- अभिव्यक्तिवाद।

इन चारों रससूत्र के व्याख्याकारों में आचार्य अभिनवगुप्त का रससिद्धान्त सर्वमान्य है, क्योंकि उन्होंने रस की अलौकिकता सिद्ध करने का प्रयास किया है।

प्रस्तुत लेख में पूर्ववर्ती आचार्यों के रस विषयक मत का प्रतिपादन करते हुए अग्निपुराण का रसविषयक मत एवं अग्निपुराण के पश्चात् परवर्ती आचार्यों के रस विषयक मत का विवेचन प्रस्तुत है।

पूर्ववर्ती आचार्यों में आचार्य भरत का मत प्रतिस्थापित किया जा चुका है तत्पश्चात् अग्निपुराण का रसविषयक मत द्रष्टव्य है, अग्निपुराणकार रस को दार्शनिक धरातल पर अवतरित करते हुए कहते हैं-

---

* शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, कला सङ्काय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
** प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, कला सङ्काय, एवं समन्वयक (भारत अध्ययन केन्द्र) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमलं विभुम्।

वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्॥

आनन्दः सहजस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।

व्यक्तिः सा तस्य चैतन्यचमत्काररसाह्वया॥[7]

अर्थात् वेदान्त में जिसे अक्षर, परब्रह्म, अलं, विभु (व्यापक), चैतन्य, ज्योतिर्मान (स्वयंप्रकाश) और ईश्वर कहा गया है उसका आनन्द सहज है, किन्तु उसकी अभिव्यक्ति कभी-कभी होती है, उसी अभिव्यक्ति का नाम चैतन्य चमत्कार या रस है। वेदान्त में परब्रह्म को अक्षर (अविनाशी), सनातन, अजन्मा, विभु (व्यापक) चैतन्य, ज्योतिर्मान और ईश्वर कहा गया है, वह परब्रह्म विद्या और अविद्या के भेद से दो प्रकार का होता है। उसमें विद्या के आश्रय चारों वेद हैं। वही एकीभूत रूप में सत् है, वही महाविष्णु है, उसका चित् रूप क्षेत्रज्ञ आत्मा है और उस चित् का गुणांश प्रधान (ब्रह्म) है।

महाविष्णु काल तथा क्षेत्रज्ञ आत्मा से अधिष्ठित त्रिगुणात्मक प्रधान को संक्षुब्ध कर और क्षेत्रज्ञ (आत्मा) को विकसित कर सत्त्व, रजस और तमस में तीन गुण अभिव्यक्त होते हैं। वही महाविष्णु से प्रेरित तथा क्षेत्रज्ञ से अधिष्ठित त्रिगुणात्मक प्रधान एकीभूत रूप में अव्यक्त कहलाता है। उस आनन्दमयरूप अव्यक्त ईश्वर का आनन्द सहज अभिव्यक्त होता है, उसी आनन्द की अभिव्यक्ति को चैतन्य चमत्कार रस नाम से अभिहित किया जाता है।

इस प्रकार अग्निपुराण में रस दार्शनिक धरातल पर पल्लवित हुआ है वह परब्रह्म की आनन्दरूप अभिव्यक्ति है। वेदान्त में इसी अभिव्यक्ति को चैतन्य कहा गया है। वह परब्रह्म अव्यक्त है परन्तु जब क्षेत्रज्ञ के रूप में अभिव्यक्त होता है तब चैतन्य कहलाता है। उसी ब्रह्मानन्द की चमत्कार पूर्ण अभिव्यक्ति ही रस है।

रस को और अधिक स्पष्ट करते हुए अग्निपुराण में कहा गया है-

आद्यस्तस्य विकारो यः सोऽहङ्कार इति स्मृतः।

ततोऽभिमानस्तत्रेदं समाप्तं भुवनत्रयम्॥

अभिमानाद्रतिः सा च परिपोषमुपेयुषी।

व्यभिचार्यादिसामान्याच्छृङ्गार इति गीयते॥[8]

अर्थात् परब्रह्म चैतन्य का प्रथम विकार महान् (महत्तत्त्व) है। उससे अभिमान (अहङ्कार) उत्पन्न होता है। उसी में भुवनत्रय (तीनों लोक) की परिसमाप्ति हो जाती है। उस अभिमान या अहङ्कार से रति की अभिव्यक्ति होती है और वही रति व्यभिचारी आदि भावों से परिपोषित होता है तथा उसे शृङ्गार कहते हैं।

परब्रह्म चैतन्य की सहज आनन्दाभिव्यक्ति रूप इस विशेष अवस्था में पहुँचकर अनेक रूपों में भाषित होता है। वह किस प्रकार विशेष अवस्था में पहुँचता है इसका निरूपण करते हैं- परमब्रह्म का सत्त्व, रजस् एवं तमस् इस गुणत्रय रूप जो प्रथम विकार है वह महान् (महत्तत्त्व) है और उसमें अभिमान की अभिव्यक्ति होती है, जिसे अहङ्कार कहते हैं। अर्थात् परब्रह्म का प्रथम विकार अहङ्कार है और अहङ्कार से अभिमान उत्पन्न होता है तथा अभिमान से रति और रति ही व्यभिचार्यादि भावों से परिपोषित शृङ्गार है।

अग्निपुराण में अहङ्कार से तात्पर्य अभिमान या गर्वोक्ति नहीं है, अपितु अहङ्कार में मनुष्य अपने प्रति अनुराग द्योतित करता है और उसी अहंभाव के कारण उसे अपने व्यक्तित्व का आभास होता है। जैसे किसी कामिनी के द्वारा स्निग्ध दृष्टि से देखे जाने पर पुरुष में आत्मज्ञान, आत्मविश्वास या आत्मानुराग की भावना जागृत होती है तथा उसे सहज आनन्द में विभोर कर देती है, उसी को अहङ्कार कहते हैं। आत्मज्ञान या आत्मप्रतीति होने के कारण वह सहज आनन्दरूप या रसरूप है। अभिमान का ही एक रूप रस है। इसे अभिमान इसलिए कहते हैं क्योंकि इसमें समस्त सुख-दुःखात्मक अनुभूतियाँ आनन्दप्रद होने के कारण अभिमत हो जाती है। यहाँ पर मनुष्य का अभिमान उत्तेजनाजन्य मिथ्या गर्व नही है अपितु वह तो आत्मस्थित विशेष गुण है जो रस्यमान होने के कारण रस है।

अग्निपुराण में शृङ्गार रस को ही प्रधान रस के रूप में प्रतिपादित किया गया है तथा अन्य रसों को इसी से अभिव्यक्त हुआ माना गया है जैसे-

तद्भेदाः काममितरे हास्याद्या अप्यनेकशः।

स्व-स्व स्थायिविशेषाश्च परिपोषादिलक्षणाः॥

सत्त्वादिगुणसन्तानाज्जायन्ते परमात्मनः॥[9]

अर्थात् उस अहङ्कार या शृङ्गार से ही कामशृङ्गार, हास्य आदि अनेक रस उद्भूत होते हैं।

वे सभी अपने-अपने स्थायी भावों की विशेषता के कारण अलग-अलग प्रतीत होते हैं। उनका स्वरूप उनके नाम से ही स्पष्ट है। ये परब्रह्म के सत्त्वादि गुणों के प्रसार से उत्पन्न होते हैं।

इस प्रकार अग्निपुराण में शृङ्गार रस का व्यापक अर्थ लिया गया है और उसे ही रस कहा गया है। उसी शृङ्गार रस से ही कामशृङ्गार, हास्य इत्यादि अनेक रस उद्भूत होते हैं।

वे सभी स्थायिभावों की विशेषता के कारण अलग-अलग लक्षण (स्वरूप) वाले होते हैं।

अव्यक्त परब्रह्म परमात्मा के विकारभूत अहङ्कार में सत्त्व, रजस् एवं तमस् तीनों गुण विद्यमान हैं, उनके प्रसार से ही कामशृङ्गार आदि अनेक रस उत्पन्न होते है।

इस प्रकार अग्निपुराण में रस को दार्शनिक दृष्टिकोण से देखते हुए उसे अभिमानरूप माना गया है तथा प्रथम रस के रूप में शृङ्गार रस को स्वीकार किया गया है तथा अन्य रसों को उसी से

उत्पन्न माना गया है। अग्निपुराण में शृङ्गार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक बीभत्स अद्भुत एवं शान्त नौ रस माने गये हैं, जो अपने-अपने भावों से उत्पन्न होते हैं-

शृङ्गारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानकाः।

वीभत्साद्ऽभुतशान्ताख्याः स्वस्वभावोद्भवाः रसाः॥[10]

इसके अनुसार अग्निपुराण में नौ रसों का वर्णन किया गया है परन्तु मुख्य रूप से चार ही रस अग्निपुराण में स्वीकार किये गये हैं।

जिससे अन्य चार रसों की अभिव्यक्ति होती है-

शृङ्गाराज्जायते हासो रौद्रात् तु करुणो रसः।

वीराश्चाद्भुतनिष्पत्तिः स्याद् बीभत्साद् भयानकः॥[11]

अर्थात् शृङ्गार से हास्य, रौद्र से करुण, वीर से अद्भुत एवं बीभत्स से भयानक रस की उत्पत्ति होती है। इन नौ प्रकार के रसों की योजना पूर्णतः कवि पर आश्रित होती है। उसे जैसा रुचता है वैसा करता है जैसा कि कहा गया है-

अपारे काव्यसंसारे कविरेव प्रजापतिः।

यथाऽस्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते॥

शृङ्गारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्।

स चेत् कविर्वीतरागो नीरसं व्यक्तमेव तत्॥[12]

इस अपार संसार में काव्य जगत् का निर्माता कवि ही है उसे जैसा रुचता है वह वैसी रचना करता है यदि कवि शृङ्गारी (सहृदय) है तो उसकी काव्य रचना रसमय (सरस) होगी और यदि कवि वीतरागी (नीरस) होगा तो उसका काव्य भी नीरस होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण काव्य योजना कवि पर आश्रित है।

रस का वर्णन करने के पश्चात् अग्निपुराण में भावों का वर्णन किया गया है क्योंकि बिना भाव के रस एवं बिना रस के भावों की कल्पना नहीं की जा सकती है। जैसा कि अग्निपुराण में कहा भी गया है-

न भावहीनोऽस्ति रसो न भावो रसवर्जितः।

भावयन्ति रसानेभिर्भाव्यन्ते च रसा इति।

स्थायिनोष्टौ रतिमुखाः शङ्काद्या व्यभिचारिणः॥[13]

अर्थात् रस भाव से हीन नहीं होता तथा भाव भी रस से हीन नहीं होता है। भाव रस को भावित करते हैं तथा रस भाव को भावित करते हैं। भाव एवं रस दोनों एक दूसरे के उपकारक तत्त्व हैं। जिस प्रकार गन्ध से हीन पृथ्वी नहीं होती है उसी प्रकार भावहीन रस एवं रसहीन भाव भी नहीं होता है।

भाव रसों को भावित करते हैं इसलिए भाव कहे जाते हैं। इस प्रकार भावों के द्वारा रस भावित होता है।

अग्निपुराण में रत्यादि आठ स्थायिभाव स्तम्भादि आठ सात्विक भाव एवं निर्वेदादि तैतींस व्यभिचारिभावों को माना गया है। इस प्रकार इन तीन भावों को मिलाने से भावों की संख्या 49 हो जाती है।

भावों में विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारी भावों की गणना की गयी है लोक में जिस प्रकार कारण कार्य एवं सहकारी होते हैं वे ही काव्य में विभाव अनुभाव एवं व्यभिचारी भाव के रूप में अभिव्यक्त होते हैं तथा वे ही रस की अभिव्यक्ति के कारण कार्य एवं सहकारी कहलाते हैं।

इस प्रकार अग्निपुराण में रस को दार्शनिक परिप्रेक्ष्य में वेदान्त की भूमिका पर अवतरित करते हुए उसका अलौकिक आस्वादन कराया गया है।

अग्निपुराण में प्रतिपादित रस सिद्धान्त को विवेचित करने के पश्चात् परवर्ती साहित्यशास्त्रीय आचार्यों के रस सम्बन्धी मत का अवलोकन करें तो आचार्य धनञ्जय ने अपने ग्रन्थ दशरूपक के चतुर्थ प्रकाश में रस तत्त्व का विवेचन करते हुए कहा है-

विभावैरनुभावैश्च सात्विकैर्व्यभिचारिभिः।

आनीयमानः स्वाद्यत्वं स्थायी भावो रसः स्मृतः॥[16]

अर्थात् विभावों, अनुभावों, व्यभिचारिभावों तथा सात्विकभावों के द्वारा आस्वाद की योग्यता को प्राप्त कराया गया (अर्थात् आस्वादन के योग्य बनाया गया) स्थायिभाव (ही) रस कहलाता है।

आचार्य धनञ्जय कहते हैं कि (श्रव्य काव्य) श्रोताओं (तथा पाठकों) एवं (दृश्य काव्य के) दर्शकों के हृदय में रति आदि स्थायिभाव काव्य में वर्णित अथवा अभिनय के द्वारा प्रदर्शित, विभाव, अनुभाव, व्यभिचारिभाव तथा सात्विक भावों के द्वारा विशेषरूप से स्पन्दित होते हुए जब आस्वादन के बिषय बना दिये जाते हैं, तब वही रस कहलाते हैं। यही कारण है कि सामाजिक अर्थात् दर्शक इत्यादि रसिक हैं और काव्य उस प्रकार के काव्य के उद्बोधन का कारण होने से रसवत् (रसात्मक सरस) कहलाता है जैसे कि लोक में आयु घृत है इत्यादि व्यवहार किया जाता है।

इसके पश्चात् आचार्य मम्मट का रस सम्बन्धी मत उल्लेखनीय हैं जो आचार्य भरत के रस सिद्धान्त का ही अनुकरण करते हुए कहते हैं-

कारणान्यथ कार्याणि सहकारीणि यानि च

रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाटयकाव्योः

विभावा अनुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः॥

व्यक्तः सः तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः॥[14]

अर्थात् लोक में रति, आदि रूप स्थायी भाव के कारण, कार्य एवं सहकारी होते हैं, वे यदि नाटक अथवा काव्य में प्रयुक्त होते हैं तो क्रमशः विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारिभाव कहलाते हैं, और उन विभाव (आलम्बन एवं उद्दीपन) आदि रूप, कारण, कार्य तथा सहकारियों के योग से व्यक्त वह (रति आदिरूप) स्थायिभाव 'रस' कहलाता है।

आचार्य मम्मट ने भी आचार्य भरत के समान रस की परिभाषा के उपरान्त रस सम्बन्धी चारों सिद्धान्तों (उत्पत्तिवाद अनुमितिवाद, भुक्तिवाद एवं अभिव्यक्तिवाद) का विवेचन किया है तथा अभिव्यक्तिवाद को ही सर्वमान्य सिद्ध करने का प्रयास किया है।

आचार्य मम्मट के पश्चात् आते हैं आचार्य विश्वनाथ जिनका रस विषयक मत साहित्यशास्त्र की परम्परा में अलग स्थान रखता है। आचार्य विश्वनाथ ने रस के विषय में कहा है-

विभावेनानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।

रसतामेति रत्यादिः स्थायी भावः सचेतसाम्॥[15]

अर्थात् सहृदय हृदय में (वासना रूप से विराजमान) रत्यादिरूप स्थायीभाव जब (कविवर्णित) विभाव, अनुभाव और व्याभिचारी भावों के द्वारा अभिव्यक्त हो उठते हैं तब आस्वाद अथवा आनन्द रूप हो जाते हैं और रस कहे जाते हैं।

आचार्य धनञ्जय के पश्चात् 17वीं शताब्दी के साहित्यशास्त्र में नव्यन्याय शैली में तत्त्वविचार के प्रवर्तक आचार्य जगन्नाथ ने अपने ग्रन्थ रसगङ्गाधर में रस सम्बन्धी विवेचन किया है। आचार्य जगन्नाथ ने रस को अग्निपुराण का अनुसरण करते हुए दार्शनिक धरातल पर अवतरित किया है तथा आचार्य मम्मट एवं अभिनवगुप्त के रसविषयक मतों का भी विवेचन किया है।

आचार्य जगन्नाथ वेदान्त के धरातल पर रस की प्रतिस्थापना करते हुए कहते हैं कि- **'समुचितललितसन्निवेशचारुणा'**[17] इत्यादि से अभिप्राय यह है कि अपने जीवन में मनुष्य अनेक प्रकार के भावों का अनुभव करता है, वह कभी किसी से प्रेम करता है, तो कभी किसी का चिन्तन, कभी किसी-पर क्रोध, तो कभी किसी से घृणा, कभी किसी से भय खाता है तो कभी किसी कार्य में उत्साह दिखलाता है, कभी किसी पर हँसता है तो कभी किसी बात पर आश्चर्य प्रकट करता है, इसी प्रकार वह कभी शान्ति का अनुभव करता है। ये अनुभव तो नष्ट हो जाते हैं परन्तु मनुष्य के हृदय में उसका संस्कार सदैव के लिए अमिट हो जाता है, अर्थात् वासनारूप में वे समस्तभाव मनुष्य के हृदय में बसने लगते हैं। वासनारूप में मनुष्य के हृदय में स्थित वे ही भाव साहित्यशास्त्र में रति, शोक, क्रोध, जुगुप्सा, भय, उत्साह, हास, विस्मय और राग इन नामों से स्थायी भाव कहलाते, जो वस्तुतः एक प्रकार की चित्तवृत्तियाँ हैं। ये चित्तवृत्तियाँ ब्रह्म के समान सत्य, विज्ञानरूप एवं स्वतः प्रकाशमान आत्मानन्द के रूप में अनुभूति होती है। सामाजिक को ब्रह्मानन्द स्वरूप की अनुभूति तब तक नहीं होगी जब तक उस पर अज्ञानरूपी आवरण चढ़ा रहता है, तथा इस बाह्य आवरण को हटाने के लिए आचार्य भट्टनायक 'भावकत्व' नामक नवीन व्यापार की कल्पना करते हैं और कहते हैं कि भावकत्व द्वारा रस भावित हो जाता है तथा 'भोजकत्व' व्यापार द्वारा उसकी भुक्ति होती है परन्तु आचार्य जगन्नाथ भट्टनायक के इस मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि रस की अनुभूति में भावकत्व एवं भोजकत्व नामक कोई व्यापार सहायक नहीं होते अपितु सहृदयों की अनुभूति ही रसास्वादन में प्रमाण है, इसके लिए भावकत्व नामक किसी नवीन व्यापार को मानने की आवश्यकता नहीं है।

अतः कहा जा सकता है कि अग्निपुराण का रससम्बन्धी सिद्धान्त सर्वथा मौलिक एवं सर्वग्राह्य जिसका अनुसरण परवर्ती प्रायः समस्त आचार्यों ने किया है। अग्निपुराण के रससिद्धान्त की मौलिकता का कारण यह है कि इसमें रस को साक्षात् परब्रह्म के समकक्ष स्थापित करने का प्रयास किया गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. नाट्यशास्त्र 6.33 वृत्ति, प्रथम संस्करण
2. तैत्तिरीयोपनिषद्- सप्तम अनुवाक (गीता प्रेस)
3. अग्निपुराण- 33.33
4. काव्यमीमांसा- 1 पृ0 3, प्रथम संस्करण
5. कामसूत्र- 1.65
6. नाट्यशास्त्र 6.33 वृत्ति, प्रथम संस्करण
7. नाट्यशास्त्र 6.33 वृत्ति, प्रथम संस्करण
8. अग्निपुराण- 339.1,2
9. अग्निपुराण- 339.3
10. अलङ्कारशास्त्रागम पृ0 74, सप्तमोभाग
11. अग्निपुराण- 339.1.7
12. अग्निपुराण- 339.10
13. काव्यप्रकाश- 4.28
14. साहित्यदर्पण- 3.1
15. दशरूपक- 4.1
16. दशरूपक- 4.2
17. रसगङ्गाधर, प्रथम आनन

प्राचीन एवं मध्यकालीन महत्त्वपूर्ण अवनद्ध वाद्य

*डॉ0 भीमसेन सरल**

भारत जैसे देश में हमें अवनद्ध वाद्यों का विपुल भण्डार व विस्तृत परम्परा प्राप्त होती है। ये वाद्य हमारे सङ्गीत में प्रयुक्त होकर सङ्गीत को पूर्णता प्रदान करने का कार्य करते हैं। वैदिक काल व उसके पूर्व सिन्धु घाटी की सभ्यता से ही हमें इस प्रकार के वाद्यों का उल्लेख मिलता है। कालचक्र और मानव-सभ्यता के विकास के साथ-साथ कुछ वाद्यों के स्वरूप में परिवर्तन हुआ और कुछ नवीन वाद्यों का निर्माण भी हुआ।

भारतीय संगीत में नाट्यशास्त्र और संगीत रत्नाकर जैसे ग्रन्थों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। अतः सर्वप्रथम 'नाट्यशास्त्र' और 'सङ्गीत रत्नाकर' में वर्णित कुछ प्रमुख अवनद्ध वाद्यों की हम चर्चा करते हैं। 'नाट्यशास्त्र' ग्रन्थ के 33वें अध्याय (अवनद्धातोद्यविधानाध्यायः) में अवनद्ध वाद्यों के उत्पत्ति, बनावट, वादन एवं अन्य आवश्यक परिभाषाओं का विस्तृत विवेचन किया गया है। भरत ने 'नाट्यशास्त्र' में जिन अवनद्ध वाद्यों का उल्लेख एवं वर्णन किया है, वे इस प्रकार हैं- पुष्कर, पणव, दर्दुर, मृदङ्ग, मर्दल, भूमिदुन्दुभि, दुन्दुभि, झल्लरी, पटह। स्वाति मुनि द्वारा निर्मित 3 प्रकार के मृदङ्ग, माटी के बने भरत ने बताये हैं तथापि भरत ने पणव, दर्दुर जैसे वाद्यों का काष्ठ का होना प्रतिपादित किया है।

भरत मुनि के 'नाट्यशास्त्र' के बाद दूसरा महत्वपूर्ण सङ्गीत ग्रन्थ शार्ङ्गदेवकृत 'सङ्गीत रत्नाकर' है। भरत तथा शार्ङ्गदेव के बीच के काल में कई आचार्यों ने सङ्गीत ग्रन्थों की रचना की किन्तु उन ग्रन्थों में तथा भरत के 'नाट्यशास्त्र' में उल्लिखित विचारों में विशेष अन्तर नहीं था। शार्ङ्गदेव ने अपने ग्रन्थ के छठवें अध्याय में वाद्यों का विस्तृत विवेचन किया है। मार्गी एवं देशी सङ्गीत के लिए उपयुक्त एवं उस काल में प्रयोग होने वाले जिन अवनद्ध वाद्यों का वर्णन किया है, वे इस प्रकार हैं- पटह, मर्दल, (मृदङ्ग, मुरज), हुडुक्का, करटा, घट, ढवस, डक्क, कुडुवा, घडस, रुंजा, डमरूक, मड्डिक्का, डक्कुली, सेल्लुका, झल्लरी, भाण, त्रिवली, दुन्दुभि, भेरी, निस्ताण, तुम्बकी।

नाट्यशास्त्र व सङ्गीत रत्नाकर में वर्णित कुछ वाद्य समान हैं और कुछ वाद्य ऐसे भी हैं जिनका उल्लेख सङ्गीत रत्नाकर में है किन्तु नाट्यशास्त्र में नहीं है।

नाट्यशास्त्र और संगीत रत्नाकर में वर्णित कुछ महत्वपूर्ण अवनद्ध वाद्य इस प्रकार है –

पुष्कर

पुष्कर शब्द का भरत मुनि ने अलग-अलग अर्थों में उल्लेख किया है। पुष्कर का वाम पुष्कर एवं दक्षिण पुष्कर कहकर बायें एवं दायें मुख के रूप में एवं मर्दल-मुरज का भी पुष्कर के रूप में उल्लेख किया है।[1] इसी प्रकार नाट्यशास्त्र के व्याख्याकार श्री बाबू लाल शुक्ल, शास्त्री कहते हैं कि '' 'पुष्कर' शब्द सामान्यतः लकड़ी से निर्मित अवनद्ध वाद्यों के सभी सामान्य प्रकारों के लिए प्रयुक्त किया गया प्रतीत होता है।''[2] वास्तव में पुष्कर वाद्य क्या था यह स्पष्ट नहीं हो पाता है, तथापि 'त्रिपुष्कर' के रूप में भरत ने जिन तीन अवनद्ध वाद्यों का वर्णन किया है उससे तीन मृदङ्ग प्रकारों, जो भरत ने बताये हैं- हरीतकी, यवाकृति, गोपुच्छाकृति का वर्णन प्राप्त होता है। ये तीन वाद्य आंकिक (हरीतकी), ऊर्ध्वक (यवाकृति) तथा आलिंग्य (गोपुच्छाकृति) थे। इन (त्रि) पुष्कर वाद्यों का वर्णन इस प्रकार है-

(क) आंकिक

यह वाद्य वर्तमान कालीन मृदङ्ग या पखावज के अनुसार होकर उसे भी लिटाकर बजाया जाता था। यह अधिकतर लकड़ी का बनाया जाता था। भरतकाल में मृदङ्ग मिट्टी के भी बने होते थे। इसकी लम्बाई $3\frac{1}{2}$ बिलात होकर यह मध्य में अधिक चौड़ा रहता था। बीच में से खोखला होकर इसके दो मुख होते थे। दोनों मुखों का व्यास 12 अंगुल होता था। दोनों मुखों पर चमड़े मढ़े रहते थे। यह चमड़ा गाय या बैल का दोषरहित, सफेद, चमकदार होता था। पूड़ी के चमड़े में छेद करके डोरी या बद्धी को इनमें से डालकर दोनों पूड़ियों को कसा जाता था। नये आंकिक वाद्य के पूड़ी (चमड़े) पर गाय के घी के साथ तिल को पीसकर तैयार किये गये मसाले का लेपन किया जाता था। आंकिक के दोनों मुखों पर आवश्यकतानुसार अलग-अलग स्वर स्थापना की जाती थी। इसके साथ ही आंकिक के स्वर स्थापना के आधार पर ऊर्ध्वक के ऊपर स्वर स्थापना की जाती थी, जिन्हें मार्जना कहते थे।

(ख) ऊर्ध्वक

यह वाद्य भी लकड़ी का बना होकर बीच में से खोखला होता था। इसके एक ही मुख होता था। इसको खड़ा रखकर बजाया

---

* तबला शिक्षक, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, वाराणसी

जाता था। इसकी ऊँचाई 4 बिलात तथा मुख का व्यास 14 अंगुल होता था। वर्तमान बायें (डग्गा) के अनुसार इसके मुख पर लगे चमड़े (पूड़ी) को डोरी से कस दिया जाता था। पुष्कर वाद्य के स्वर स्थापना में इसकी यह विशेषता थी कि इसे पंचम स्वर में मिलाया जाता था। अन्य बनावट, चमड़ा, लेपन आदि आंकिक के अनुसार ही होता था।

(ग) आलिंग्य

यह वाद्य भी लकड़ी का बना होकर बीच में से खोखला होता था। इसके एक ही मुख होकर इसे खड़ा रखकर बजाया जाता था। इसकी ऊँचाई तीन बिलात तथा मुख का व्यास 8 अंगुल का होता था। इसके ऊपर चमड़े की पूड़ी लगाई जाती थी, जिसे डोरी या बद्धी से कस दिया जाता था। इस वाद्य को खर्ज (खरज) स्वर में मिलाया जाता था। अन्य बनावट, चमड़ा, डोरी, लकड़ी, लेपन आदि आंकिक के समान ही होती थी।''[3]

नाट्यशास्त्र के वाद्याध्यय के श्लोक क्र॰ 23 से 44 तक का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि जहाँ सम्पूर्ण अंग वाद्य का उल्लेख करना हो वहीं पुष्कर शब्द का नाम उल्लेख भरत ने किया है, किन्तु जहाँ पर अलग-अलग पाटाक्षर निकालने के विधि का वर्णन किया है, वहाँ आंकिक, आलिंग्य तथा ऊर्ध्वक तीनों का अलग-अलग उल्लेख किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भरतकाल में मृदङ्ग वादन 3 मृदङ्गों को मिलाकर किया जाता था। जैसे आज तबला वाद्य कहने पर दायाँ एवं बायाँ दोनों उसके अन्तर्गत आते हैं, उसी प्रकार पुष्कर वाद्य कहने पर उसके अन्तर्गत आंकिक, आलिंग्य तथा ऊर्ध्वक ये तीनों मृदङ्ग आते थे। यहाँ पर निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि त्रिपुष्कर या पुष्करत्रय वाद्य माटी के बने होने के कारण ही भरत ने उनका मृदङ्ग नाम से उल्लेख किया होगा। 16 अक्षर, 4 मार्ग, विलेपन, 6 करण, 3 यति, त्रिलय, त्रिगत, त्रिपचार, त्रियोग, त्रिपाणि, पंचपाणिप्रहत, त्रिप्रहार, त्रिमार्जना, 18 जाति और 20 अलंकार इनका निष्पादन करने में जो वाद्य सक्षम हो उसे पुष्कर वाद्य कहेंगे।[4] उपरोक्त सारे नियमों का निष्पादन आंकिक, आलिंग्य तथा ऊर्ध्वक के संयुक्त वादन से ही सम्भव था। इसी कारण इन्हें त्रिपुष्कर कहा है।

शार्ङ्गदेव ने भरतकालीन पुष्कर वाद्य को अव्यवहारिक बताकर इसका वर्णन नहीं किया है (रत्नाकर- 6/1027)।[5]

भरत के बाद के काल में शनैः-शनैः त्रिपुष्कर वाद्य का विघटन होने लगा था। भरतकाल से लगभग ग्यारहवीं सदी तक के पुरातत्व सर्वेक्षण से यद्यपि त्रिपुष्कर एवं द्विपुष्कर वाद्यों के वादन के प्रमाण मिलते हैं तथापि भरतकाल के बाद कालान्तर में त्रिपुष्कर वाद्यों के विघटन से मुख्यतः दो प्रकार के स्वतन्त्र अवनद्ध वाद्यों का विकास प्रारम्भ हुआ। एक लिटाकर बजाये जाने वाले द्विपार्श्वमुखी (आंकिक समान) मृदङ्ग या पखावज तथा दूसरे ऊर्ध्वमुखी (ऊर्ध्वक और आंलिग्य के समान) तबला जैसे वाद्य।

मृदङ्ग, मुरज तथा मर्दल

भरत ने अपने ग्रन्थ में मृदङ्ग का अलग वर्णन न करके त्रिपुष्कर के रूप में वर्णन किया है। भरतकालीन आंकिक वाद्य (मृदङ्ग), शार्ङ्गदेव कालीन मृदङ्ग तथा वर्तमान मृदङ्गम् या पखावज के समान ही था। अतः भरतकालीन आंकिक के वर्णन को मृदङ्ग का वर्णन समझा जा सकता है।[6]

शार्ङ्गदेव ने अपने ग्रन्थ 'सङ्गीत रत्नाकर' के वाद्याध्याय (6ठा अध्याय) के श्लोक सं॰ 1026 में मर्दल को ही मृदङ्ग तथा मुरज कहा है। 'रत्नाकर' में 'मर्दल' का विवेचन (6/1019 से 1029 में) विस्तृत रूप में किया गया है। इसकी लकड़ी बीज के वृक्ष की होती थी। यह ठीक से पकी तथा निर्दोष होती थी। लम्बाई 21 अंगुल होकर मर्दल का अंग (खोड़) बीच में से खोखला होता था। दो मुख होकर मुख पर लकड़ी की मोटाई 1/2 अंगुल की होती थी। दाहिने मुख का व्यास 13 अंगुल तथा बायें मुख का व्यास 14 अंगुल होता था। खोड़ के बीच के भाग का व्यास मुखों की अपेक्षा थोड़ा बड़ा रहता था। दोनों मुखों पर उनकी व्यास की अपेक्षा 1अंगुल बड़ी चमड़ी जो पकी तथा निर्दोष होती थी, मुखों को ढंकने के काम लाई जाती थी। इन चमड़ियों के किनारों पर 1-1 अंगुल की दूरी पर 40 छेद किये जाकर, दोनों चमड़ियों को इन छेदों में से डाले गये बद्धियों से आपस में कसकर अंग के दोनों मुखों पर बाँध दिया जाता था (वर्तमान पखावज के समान)। राख को भात में मिलाकर चिकनी लुग्दी तैयार की जाती थी। इस लुग्दी का 2/3 भाग लेकर उसका पूड़ी के आकार में बायें मुख (चमड़ी) के बीचों-बीच (वर्तमान स्याही के समान) विलेपन किया जाता था तथा शेष 1/3 लुग्दी का विलेपन इसी प्रकार दायें मुख पर किया जाता था।[7]

डॉ॰ लालमणि मिश्र अपने ग्रन्थ 'भारतीय सङ्गीत वाद्य' में लिखते हैं कि ''ऐतिहासिक दृष्टि से मदृङ्ग, मुरज आदि का उल्लेख वैदिक वाङ्मय में प्राप्त नहीं होता। .....रामायण के अध्ययन से ऐसा पता चलता है कि उस समय अवनद्ध वाद्यों में मृदङ्ग का सर्वाधिक प्रचार था। रामायण में मुरज तथा मृदङ्ग का अलग-अलग नाम दिया गया है। जिससे यह समझना चाहिए कि इन वाद्यों के रूप में कुछ अन्तर अवश्य था। महाभारत में भी मृदङ्ग तथा मुरज के अलग-अलग नाम उपलब्ध होते हैं। कालिदास के साहित्य में मर्दल, मुरज तथा मृदङ्ग इन तीनों का उल्लेख स्थान-स्थान पर हुआ है। महर्षि भरत के समय तक मृदङ्ग तथा मुरज का उल्लेख तो प्राप्त होता है किन्तु मर्दल का उल्लेख कहीं नहीं प्राप्त होता जबकि कालिदास ने मर्दल का भी उल्लेख किया है। शार्ङ्गदेव ने मुरज तथा मर्दल को मृदङ्ग का पर्याय माना है। अभिनवगुप्ताचार्य ने भी मुरज को मृदङ्ग का पर्याय बताया है। स्वयं महर्षि भरत ने चौतीसवें अध्याय में एक स्थान पर कहा है कि सुख प्रदान करने वाली-मांगलिक होने के कारण इसे मृदङ्ग कहते है, मुलायम मिट्टी से बनी

हुई होने के कारण इसे मुरज कहते है, भ्रमण करने वाली होने के कारण इसे माण्ड कहते हैं तथा पीटकर बजायी जाने के कारण इसे आतोद्य कहते हैं। इस प्रकार यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि मुरज मृदङ्ग का ही पर्याय है।''[8]

आगे डॉ॰ लालमणि मिश्र मर्दल की चर्चा इस प्रकार से करते हैं- ''अब प्रश्न मर्दल का है। शार्ङ्गदेव ने इसे ही मृदङ्ग का पर्याय माना है। महर्षि भरत ने मर्दल का कहीं नामोल्लेख नहीं किया है। यह नाम कालिदास के साहित्य में अवश्य प्राप्त होता है। अभिनव गुप्त ने भी मर्दल का नामोल्लेख किया है। सम्भव है मृदङ्ग का यह नाम प्राकृत भाषा की देन हो जो अपभ्रंशयुग तक प्रचार में रहा तथा मध्ययुग में भाषा का सम्बन्ध पुनः संस्कृत से जुड़ जाने के कारण मर्दल के स्थान पर मृदङ्ग शब्द की पुनः प्रतिष्ठा हो गयी। नाम परिवर्तन के इस चक्कर में मृदङ्ग का वह रूप, जो प्राचीन काल से महर्षि भरत के समय तक प्रचार में रहा, कब लुप्त हो गया, इसका ठीक-ठाक पता लगाना कठिन हो गया है। जिस वाद्य को आज हम उत्तर भारतीय मृदङ्ग अथवा पखावज के नाम से जानते हैं, दक्षिण भारतीय जिसे अपना मृदङ्गम् कहते हैं, वह भरतकालीन मृदङ्ग का केवल एक भाग है। मृदङ्ग में यह परिवर्तन लगभग सातवीं शताब्दी से ही होने लगा था, जो शार्ङ्गदेव के समय तक पूरी तरह बदल गया। यद्यपि शार्ङ्गदेव ने मर्दल को मृदङ्ग का पर्याय बताया है किन्तु यह भी कह दिया है कि इस समय भरतकालीन मृदङ्ग का प्रचार नहीं है। इसलिए मैं मर्दल का ही वर्णन करता हूँ।''[9]

अपने इसी ग्रन्थ में आगे डॉ॰ लालमणि जी लिखते हैं कि- ''वास्तव में महर्षि भरत ने मृदङ्ग का जिस प्रकार से वर्णन किया है वह सामान्यतः भ्रामक प्रतीत होता है। क्योंकि एक ओर तो उन्होंने मृदङ्ग के तीन रूप बताये हैं- हरीतकी, यवाकृति तथा गोपुच्छा। जिससे ये तीनों मृदङ्ग के ही रूप-भेद प्रतीत होते हैं, किन्तु उसके बाद ही उन्होंने यह भी कहा है कि आंकिक का हरीतकी के समान, ऊर्ध्वक का यवा के समान तथा आलिंग्य का गोपुच्छा के समान रूप होता है। उक्त वर्णन से ऐसा भ्रम होता है कि मृदङ्ग, आंकिक, ऊर्ध्वक, आलिंग्य आदि भिन्न-भिन्न वाद्य हैं, किन्तु यह सत्य नहीं है। जिस प्रकार आज तबला शब्द का व्यवहार होता है अर्थात् तबला कहने से उसके दायें तथा बायें इन दोनों भागों का बोध होता है और तबला कहने पर केवल दायाँ का अर्थ भी समझा जाता है, उसी प्रकार प्राचीन काल में उक्त तीनों को मिलाकर ही मृदङ्ग समझा जाता था तथा यदि तीनों हिस्सों का अलग-अलग नाम लेना होता था तब उन्हें आंकिक, ऊर्ध्वक तथा आलिंग्य कहकर पुकारते थे।''[10]

पणव

मृदङ्ग के समान पणव भी भारत का अति प्राचीन अवनद्ध वाद्य है। महर्षि भरत ने मृदङ्ग के बाद अवनद्ध वाद्यों में पणव को ही सबसे अधिक महत्व प्रदान किया है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में पणव का उल्लेख पर्याप्त मात्रा में हुआ दिखाई पड़ता है, लेकिन पणव का वर्णन सङ्गीत रत्नाकर में नहीं है। महर्षि भरत ने अपने ग्रन्थ नाट्यशास्त्र के अध्याय 33 श्लोक 247-249 में पणव की रचना (बनावट) का विवेचन किया है।[11] इसके अनुसार सोलह अंगुल लम्बा, मध्य भाग भीतर की ओर दबा, जिसका विस्तार आठ अंगुल तथा जिसके दोनों मुख पाँच अंगुल हों वह पणव है। आधे अँगूठा के समान मोटा उसका काठ होता है और भीतर का खोखला भाग चार अंगुल के व्यास का होता है। पणव के दोनों मुख चमड़े से मढ़े जाते थे जिन्हें सुतली से कस दिया जाता था। सुतलियों का यह कसाव कुछ ढीला रखा जाता था जिसे वादन के समय बायें हाथ से मध्य भाग को दबाकर तथा ढीला कर आवश्यकतानुसार ऊँची-नीची ध्वनि निकाली जाती थी।[12]

महर्षि भरत के द्वारा बताये गये पणव के रूप को यदि ध्यान से देखा जाये तो मालूम होगा कि यह आधुनिक हुडुक ही है (**'पणवाऽन्तस्तन्त्रीको हुडुक्कारः'**, अभिनवगुप्ताचार्य), जिसे मध्यकाल में आवज तथा स्कन्धावज के नाम से जाना जाता था। इस प्रकार प्राचीन कालीन पणव पूर्व मध्य काल में हुडुक, मध्य युग में आवज तथा आधुनिक युग में पुनः हुडुक कहा जाने लगा है। इस नाम-परिवर्तन के साथ-साथ उसके आकार को छोटा अवश्य किया गया है, किन्तु उसकी बनावट, पकड़ तथा वादन क्रिया वैसी ही बनी रही।[13]

युग परिवर्तन के साथ-साथ वाद्यों की महत्ता में भी परिवर्तन होता रहता है। भरत के समय पणव मृदङ्ग के पश्चात् अपना जो विशेष स्थान रखता था वह शार्ङ्गदेव के समय तक पटह (ढोलक) ने ले लिया। यद्यपि शार्ङ्गदेव ने हुडुक और इसी जाति के अनेक वाद्यों का वर्णन किया है किन्तु जो विस्तार पटह को प्रदान किया है वह और किसी अवनद्ध वाद्य को प्रदान नहीं किया। मध्य युग में पणव का आवज रूप फिर कुछ प्रगति पथ पर दिखाई पड़ता है, किन्तु कृष्ण-भक्त कवियों के ब्रज-साहित्य के साथ-साथ आवज पुनः संकुचित होता गया और आज वह कहार तथा अहीर जाति का वाद्य बनकर रह गया है। दक्षिण भारत में आज भी कहीं-कहीं मन्दिरों में इनका प्रयोग देखने को मिलता है किन्तु उत्तर भारतीय शिव-मन्दिरों के समान उसे डमरू का बड़ा रूप ही मानना चाहिए।[14]

पटह

हिन्दी शब्द सागर में पटह का अर्थ नगाड़ा और दुन्दुभि दिया गया है, परन्तु पटह न तो नगाड़ा है और न दुन्दुभि। 'संङ्गीत-पारिजात' के मतानुसार पटह का अर्थ ढोलक है। उसमें स्पष्ट लिखा है, **''पटह ढोलक इति भाषायाम्''** और फिर स्पष्ट व्याख्या दी है कि पटह भेरि जाति का वाद्य है, जो डेढ़ हाथ लम्बा होता है। सङ्गीतसार के अनुसार भी मध्यकालीन ढोलक को ही प्राचीन युग में पटह कहा जाता था। महर्षि भरत ने पटह को प्रत्यंग वाद्यों के अन्तर्गत माना है। ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर पटह भारत के प्राचीनतम अवनद्ध वाद्यों में प्रतीत होता है।[15]

सङ्गीत रत्नाकर में पटह को मृदङ्ग-मर्दल के समान मान्यता दी है तथा उसका विस्तृत वर्णन किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि भरतकाल (प्राचीनकाल) से धीरे-धीरे पटह सङ्गीत में अपना स्थान प्राप्त कर शार्ङ्गदेव के काल में यह सङ्गीत के प्रमुख अवनद्ध वाद्य के रूप में उभरकर सामने आया। शार्ङ्गदेव के काल (13वीं सदी) के बाद, उसी तरह धीरे-धीरे इस वाद्य का सङ्गीत क्षेत्र में महत्व कम होता चला गया। शार्ङ्गदेव ने अपने ग्रन्थ 'रत्नाकर' में पटह का विस्तृत विवेचन किया है। शार्ङ्गदेव ने इसे मार्गी एवं देशी दोनों प्रकार के सङ्गीत में उपयोगिता की दृष्टि से मार्गी पटह एवं देशी पटह के रूप में प्रस्तुत किया है और मार्गी तथा देशी पटह दोनों की रचना, वादन आदि का अलग-अलग वर्णन किया है।

(क) मार्गी पटह

मार्गी पटह की लम्बाई $2\frac{1}{2}$ हाथ होती थी। यह लकड़ी का बना होकर मध्य भाग में खोखला होता था। इसके खोड़ की परिधि 60 अंगुल की होती थी। इसके दो मुख होते थे। मुखों की अपेक्षा अंग (खोड़) बीच में से उठा हुआ होता था। दायाँ मुख 11½ अंगुल तथा बायाँ मुख 10½ अंगुल व्यास का होता था। दायें मुख पर लोहे का कड़ा व बायें मुख पर बेली (बारीकवादी) से बना गोल कड़ा (गजरा) बिठाते थे। दायें मुख पर 6 माह के मरे बछड़े की खाल तथा बायें मुख पर मृत पशु की मोटी खाल को तैयार कर चमड़ा चढ़ाने में उपयोग किया जाता था। बायें मुख तथा दायें मुख के कड़ों में 7-7 छेद करके दोनों मुखों को डोरी (वादी) द्वारा कसा जाता था। इन डोरियों में 4 अंगुल प्रमाण के धातु के 7 छल्ले डाले जाते थे। इन छल्लों का उपयोग स्वर को ऊँचा-नीचा करने में किया जाता था। बायें मुख के कड़े में एक सूत की गूँथी हुई नरम तथा मोटी डोरी कच्छा के रूप में बाँधी जाती थी, जिसका उपयोग कमर में बाँधने के लिए किया जाता था।[16]

(ख) देशी पटह

देशी पटह की रचना मार्गी पटह के अनुसार ही बतायी है, तथापि इसकी लम्बाई $1\frac{1}{2}$ हाथ, दायाँ मुख 7 अंगुल, बायाँ मुख $6\frac{1}{2}$ अंगुल व्यास का होता था। दायें मुख पर मार्गी पटह के अनुसार किन्तु बायें मुख पर जानवर के जंघा के निचले चमड़े का उपयोग होता था।[17]

दोनों पटह (मार्गी तथा देशी) में खेर (खैर) की लकड़ी का प्रयोग किया जाता था। शार्ङ्गदेव के अनुसार देशी पटह जो प्रयोग में आते थे तथा जिन्हें अन्य गुणीजन 3 प्रकार के उत्तम, मध्यम तथा अधम बताते थे आकार में अलग-अलग होते थे। शार्ङ्गदेव द्वारा वर्णित पटह उत्तम प्रकार का, उससे 1 : 12 अंश से कम वाला मध्यम तथा 1 : 6 अंश कम आकार वाला अधम कहलाता था।[18]

शास्त्रों में पटह के वर्ण (पाटाक्षर), संयुक्त बोल, पाट, पाटों के देवता, हस्तपाट, पाट-हस्तक, पाटविन्यास आदि का वर्णन मिलता है।

दर्दर अथवा दर्दुर

महर्षि भरत ने दर्दुर को अवनद्ध वाद्यों में अंग वाद्य मानकर इसे पर्याप्त महत्व दिया है, किन्तु भरत के परवर्ती आचार्यों ने इस वाद्य की महत्ता स्वीकार नहीं की थी। महर्षि भरत के अनुसार यह घट के आकार का होता था। घट का व्यास 16 अंगुल प्रमाण का तथा इसका मुख नौ अंगुल का होता था, जिसके ऊपर चमड़े की पूड़ी का विस्तार बारह अंगुल का होता था। यह चमड़े की पूड़ी सुतलियों से पणव के समान ही कसी रहती थी। इसमें विलेपन (स्याही) होने का प्रमाण नहीं मिलता है। चमड़ा अन्य वाद्यों के समान ही नया, दोष रहित, चिकना, कमाया हुआ, स्वच्छ, सफेद, चमकदार बताया है। दोनों हाथों से इसका वादन होता था। भरत काल के बाद इसका महत्व कम हो गया तथा बाद में सङ्गीत आचार्यों ने घट के रूप में इसका उल्लेख किया है। 'सङ्गीत-रत्नाकर' में उल्लिखित घट चर्म रहित वाद्य है। वर्तमान दक्षिण भारतीय सङ्गीत का घटम् वाद्य भी चर्म रहित है।[19]

भूमिदुन्दुभि तथा दुन्दुभि

'दुन्दुभि' शब्द ध्वन्यनुकारी जान पड़ता है। श्री भानुजी दीक्षित ने अमरकोष की व्याख्या सुधा में इसकी इस प्रकार व्युत्पत्ति बतलाई है- **'दुन्दु इति शब्देन भाति, इति दुन्दुभिः'** (निर्णयसागर संस्करण, पृ॰ 73)। अर्थात् 'दुन्दु' ध्वनि से जो प्रकट हो, वह 'दुन्दुभि' है। एक दूसरी व्युत्पत्ति भी बतलाई है- **द्यामुभति** (शब्देन)। **'उभूपरणे'**। जो आकाश को शब्द से भर दे, वह है 'दुन्दुभि'। अमरकोष ने इसे भेरीवर्ग में गिनाया है- **'भेर्यामानकदुन्दुभी'**। अतः इसमें सन्देह नहीं कि यह अवनद्ध वाद्य नहीं था। यह वाद्य अति प्राचीन काल से प्रचलित है।[20]

जिस प्रकार वैदिक साहित्य में वीणा का प्रचुर वर्णन प्राप्त होता है, उसी प्रकार अवनद्ध वाद्यों में दुन्दुभि का उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, वाजसनेयी संहिता, उपनिषद्, रामायण, महाभारत आदि में भूमिदुन्दुभि का उल्लेख है। भूमिदुन्दुभि के निर्माण के बारे में कहा गया है कि जमीन में बड़ा गड्ढा खोदकर उसके ऊपर गड्ढे के आकार से बड़ा चमड़ा रख दिया जाता था। फिर उस चमड़े को ऊपर में खूँटियाँ गाड़कर उनके द्वारा ताना जाता था। तनाव के बाद लकड़ी की डंडियों अथवा गाय के पूँछ से पीट-पीटकर उसे बजाया जाता था। इससे अधिक जानकारी भूमि-दुन्दुभि के सन्दर्भ में प्राप्त नहीं होती। चमड़ा बड़ा होने के कारण वह किसी बड़े जानवर का होगा। भूमि-दुन्दुभि का उपयोग लोगों को एकत्रित करने, खतरे का संकेत देने आदि के लिए किया जाता था।[21] भूमि-दुन्दुभि, दुन्दुभि का ही एक प्रकार था।

दुन्दुभि का उल्लेख भरतकृत 'नाट्यशास्त्र' के 33वें अध्याय के श्लोक 11 में इस प्रकार मिलता है **'देवानां दुन्दुभिः.....'** अर्थात् भरत के मतानुसार दुन्दुभि देवगणों का वाद्य था, इसका विस्तृत वर्णन नाट्यशास्त्र में नहीं है।

शार्ङ्गदेव के ग्रन्थ सङ्गीत-रत्नाकर में दुन्दुभि वाद्य को अवनद्ध वाद्यों में रखा गया है। इस वाद्य का विस्तृत वर्णन (6/1146-1148 में) शार्ङ्गदेव ने किया है। शार्ङ्गदेव के विवेचनानुसार दुन्दुभि वाद्य एक अंगी होकर इसका आकार बड़ा होता था (आकार निश्चित नहीं बताया है)। यह आम की लकड़ी से अधिकतर तैयार किया जाता था। यह एकमुखी वाद्य था। इसको अन्दर से खोखला कर इसके मुख के व्यास से बड़े चमड़े को उसके किनारों पर छिद्र करके उन छिद्रों में से बद्धियाँ (वादियाँ) डालकर कस दिया जाता था। बड़े आकार के कारण इसकी ध्वनि बड़ी होती थी तथा इसका वादन कोणदार चर्म अथवा डांडी से किया जाता था। इसकी ध्वनि मेघगर्जना समान धुंकार स्वरूप की होती थी। इसका वादन मङ्गल कार्यों में, विजयपर्व पर तथा मन्दिरों में किया जाता था। ऐसा कहा जाता है कि मध्यकाल के उत्तर भाग में उल्लिखित नक्कारा, नगाड़ा, धौंसा आदि वाद्य दुन्दुभि के ही समान थे।[22]

सङ्गीत रत्नाकर में वर्णित दुन्दुभि में एक ही नग होता है और वह बड़ा होता है। प्राचीन दुन्दुभि तथा भूमि-दुन्दुभि एक ही नग का बड़ा नगाड़ा जैसा होता था। किन्तु जबसे उसका सम्बन्ध शहनाई आदि से हुआ तबसे उसमें भी भीषण तथा ज़ोरदार ध्वनि उत्पादन के अतिरिक्त मृदङ्ग ऐसे पाटाक्षर निकालने की भी आवश्यकता हुई। इसीलिए उस बड़े आकार के साथ एक छोटे आकार की झील का भी समावेश हो गया। इसके कारण दुन्दुभि में मृदङ्ग आदि के पाटाक्षर आसानी से निकलने लगे। भक्त कवियों तथा सङ्गीतसारादि ग्रन्थों को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि सङ्गीत रत्नाकर के बाद दुन्दुभि को ही नगाड़ा भी कहा जाने लगा था, जिसमें दो नग होते थे।[23]

सन्दर्भ

1. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 83
2. नाट्यशास्त्र, भाग-IV, व्याख्याकार श्री बाबू लाल शुक्ल, पृ॰ 349
3. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 83-84
4. त्रयत्रिंशोऽध्यायः - वाद्याध्यायः श्लोक- 37-39
5. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 84
6. वही, पृ॰ 84
7. वही, पृ॰ 84-85
8. भारतीय संगीत वाद्य, पृ॰ 189-190
9. वही, पृ॰ 190
10. वही, पृ॰ 191
11. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 85
12. भारतीय संगीत वाद्य पृ॰ 172 एवं ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 85
13. भारतीय संगीत वाद्य, पृ॰ 172-173
14. वही, पृ॰ 173
15. वही, पृ॰ 173
16. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 89-90
17. वही, पृ॰ 90
18. वही, पृ॰ 90
19. भारतीय संगीत वाद्य, पृ॰-164 एवं ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 87
20. भारतीय संगीत का इतिहास, ठाकुर जयदेव सिंह, पृ॰ 30
21. ताल-वाद्य-शास्त्र, पृ॰ 87
22. वही, पृ॰ 88
23. भारतीय संगीत वाद्य, पृ॰ 167

●

अलङ्कारात्मवादे साहित्यशास्त्रे क्रान्तिपञ्चकम्

प्रो.सदाशिवकुमारो द्विवेदी[*]

साम्प्रतिकस्य संस्कृतकाव्यशास्त्रस्य काव्यं नाट्यञ्चेति द्विविधेऽपि क्षेत्रे विद्यतेतरां महत्त्वपूर्णमविस्मरणीयञ्चावदानम् **आचार्याणां सनातनकवीनां रेवाप्रसादद्विवेदिनाम्** । सनातनकविभि: **काव्यालङ्कारकारिका, नाट्यानुशासनम्, अलं ब्रह्म, साहित्यशारीरकम् साहित्यालङ्कार:**[1] चेत्येतेषु ग्रन्थरत्नेषु साहित्यशास्त्रस्य अभिनवं समीक्षणमुपस्थापितमस्ति । एतेषु ग्रन्थेषु काव्यनाट्योभयशास्त्रस्य पूर्वाचार्यै: प्रतिपादितां महतीं परम्परां समनुवीक्ष्य मीमासाशास्त्रं चाश्रित्य आचार्यवर्यै: संस्थापिता: सन्त्यनेके नवीना: सिद्धान्ता: । सिद्धान्तग्रन्थानेतानधिकृत्य जायन्ते शोधकार्याणि शिक्षासंस्थानेषु सम्पूर्णेऽपि राष्ट्रे । शोधपत्रेऽस्मिन् **साहित्यालङ्कारे** प्रतिपादिता अभिनवा: सिद्धान्ता: प्रस्तूयन्ते ।

सद्य एव 2016 ख्रीष्टाब्दे प्रकाशिते **साहित्यालङ्कार (सा.)** इत्यस्मिन् ग्रन्थे आचार्यरेवाप्रसादद्विवेदिनां, सम्पूर्णस्य अभिनवसिद्धान्तप्रवर्तकस्य साहित्यशास्त्रोपज्ञस्य सारतत्त्वं सविस्तरं 639 कारिकासु उपस्थितमस्तीति महते प्रमोदाय साहित्यतत्त्वान्वेषणतत्पराणां सहृदयकवीनां समेषाम्। द्वाविंशतिकारिकात्मकेन 'आसनबन्ध:' इत्यनेन संस्कृतभूमिकाभागेनोपनिबद्धेऽस्मिन् ग्रन्थरत्ने महर्षे: भरतमुने: प्रारभ्य इदानीं यावत् प्रवर्तमाना साहित्यशास्त्रस्य **पञ्चक्रान्तय:** विस्तरेण निरूपिता: सन्ति । ग्रन्थस्यास्य सुविस्तृता भूमिका आंग्लभाषायाम् आचार्यै: राधावल्लभत्रिपाठिमहाभागै: विलिखिताऽस्ति यत्र सोपपत्तिकं ध्वनिसिद्धान्तस्य समीक्षणं विधाय बौद्धदर्शनानुप्राणितता चैतस्य प्रमाणीकृतास्ति आचार्यवर्यै: । बौद्धानां क्षणभङ्गवादवदेवानुप्राणितोऽस्ति ज्ञानात्मके काव्ये अनिश्चयार्थप्रवर्तक: प्रधानभूतस्य चमत्कारैकमूलस्य व्यङ्ग्यार्थस्य काव्यात्मत्वेन प्रतिष्ठापक: ध्वनिसिद्धान्त: । अनेन सनातनकवीनां ध्वनिप्रत्याख्यानतर्क: समर्थनं लभते ।

साहित्यालङ्कारस्य आदौ सनातनकवि: **चत्वारि धामानि**, **पञ्च कल्पा:, साहित्यागम** इत्येतेषां विषयाणां समुल्लेखं विदधाति। आचार्योऽसौ भारतं वर्ष नमस्करोति । कथयति च आदावेव ग्रन्थस्य यदत्र भारते वर्षे चत्वारि धामानि यथा प्रतिष्ठितानि सन्ति तथा साहित्यशास्त्रेऽपि काञ्ची-शारदा-महाकाल-काशीरूपेण -

वन्देऽहं भारतं वर्षं चतुर्धामप्रतिष्ठितम् ।

वन्दे साहित्यशास्त्रं च चतुर्धामप्रतिष्ठितम् ।।सा.1।।

प्रथमं धाम वर्तते काञ्चीधाम यत्र बभूवतु: नाट्यशास्त्रस्य प्रवर्तको भरतमुनि: काव्यादर्शनाम्ना प्रसिद्धस्य काव्यलक्षणनाम्न: ग्रन्थरत्नस्य रचयिता आचार्यो दण्डी च । आसीदसौ वैदिक: साहित्यागमस्य समर्थक: शब्दकाव्यतावादी –

धामसु प्रथमं काञ्ची यत्र दण्डी बभूव वै ।

तत्रैव क्वचनासीद् वै भरतोऽपि महामुनि: ।।सा.2।।

